टिप्पणी—रथजवात्—रथस्य जवः, (ष० त०) तस्मात् । आलोके—आ+लोक्+घञ् (भावे) । आलोकौ दर्शनद्योतौ'—इत्यमरः । विपुलताम्—विपुल+तल्, ताम् । विच्छिन्नाम्—वि+छिद्+क्त । 'रदाभ्यां निष्ठातो नः पूर्वस्य च दः' से त को न । कृतसन्धानम्—कृतं सन्धानं यस्य तत् (बहु०) । कृत—√कृ+क्त । सन्धानम्—सम्+√धा+ल्युट् (भावे) । प्रकृत्या—'प्रकृत्यादिभ्यः उपसंख्यानम्' से तृतीया हुई । समरेखम्—समा रेखा यस्य तत् (बहु०) । मे—'दूरान्तिकार्थैः षष्ठ्यन्तरस्याम्' से षष्ठी । (क) १. यहाँ रथ की द्रुतगति का स्वाभाविक वर्णन होने से स्वभावोक्ति अलङ्कार है । २. सूक्ष्म वस्तु का विशाल हो जाना और टेढ़ी वस्तु सीधी दिखने लगना आदि में विरोध का आभास होने से विरोधाभास अलङ्कार है । लक्षण है—'विरोधः सोऽविरोधेऽपि विरुद्धत्वेन यद्वचः' । ३. 'कृतसन्धानामिव' में उत्प्रेक्षालङ्कार है । 'तदपि समरेखम्' में गम्योत्प्रेक्षा और 'रथजवात्' में हेतु अलङ्कार है । (ख) शिखरिणी छन्द है । लक्षण है—'रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभला गः शिखरिणी ।'

संस्कृत टीका—व्यापाद्यम्=वध्यम्, एनं=हरिणम्, शरसन्धानम्=चापे शरारोपम्, हरिणवधायेति भावः । नाटयति=नाट्येन दर्शयति ।

भो इति । नेपथ्ये—यवनिका मध्ये । आश्रममृगः=आश्रमस्य कण्वाश्रमस्य हन्तव्यः=मृगः, नसम्भ्रमे द्विरुक्तिः । आकर्ण्य=नेपथ्योत्थवाक्यमिति शेषः । अवलोक्य=शब्दाभिमुखमिति भावः ।

आयुष्मन्निति । ते=तव, बाणपातपथवर्तिनः=बाणस्य=शरस्य यः पातः पतनं तस्य यः पन्थाः मार्गः तस्मिन् वर्त्तते इति बाणपातपथवर्ती, तस्य अतिनिकट-

---

सूत—देखिये, इस शिकार योग्य हरिण को (जो एकदम पास है) ।

(ऐसा कहकर राजा बाण चढ़ाने का अभिनय करते हैं) ।

(नेपथ्य में)

हे राजन् ! यह आश्रम का मृग है, इसे मारना नहीं चाहिए, नहीं मारना चाहिये ।

सूत—(सुनकर और देखकर) आयुष्मन् ! बाण के लक्ष्यभूत इस कृष्णसार-

पथवर्त्तिनः कृष्णसारस्यान्तरायौ तपस्विनौ संवृत्तौ ।

राजा—(ससम्भ्रमम्) **प्रगृह्यन्तामभीषवः ।**

सूतः—**यथाज्ञापयत्यायुष्मान्** (इति तथा करोति) ।

(ततः प्रविशति सशिष्यो वैखानसः)

वैखानसः—(हस्तमुद्यम्य) **राजन् ! आश्रममृगोऽयं न हन्तव्यो न हन्तव्यः**—

र्तिन इत्यर्थ । कृष्णसारस्य = मृगस्य, तपस्विनौ = तापसौ, अन्तरायौ = मृग-रक्षणाय बाणपातनिवारकत्वेन विघ्नभूतौ, संवृत्तौ = उपस्थितौ ।

ससंभ्रमेति । ससम्भ्रमं = सत्वरम्, प्रगृह्यन्ताम् = समाकृष्यन्ताम्, अभीषवः = वाजिरज्जवः । रथः स्थाप्यमिति भावः ।

यथेति । यथाज्ञापयति = उपदिशति, तथा करोमीति शेषः । तथा करोति = अभीषून्, प्रगृह्य रथं स्थापयतीत्यर्थः । वैखानसः = कश्चित्तापसः, प्रविशति = रङ्ग-मञ्चमागच्छति । हस्तमुद्यम्य = मृगमारणवारणाय करमुन्नमय्येत्यर्थः ।

टिप्पणी—व्यापाद्यम्—वि + √पद् + णिच् + शानच् । शरसन्धानम्—शरस्य सन्धानम् (ष० त०) । नेपथ्य—'स्वप्नो दूतश्च लेखश्च नेपथ्योक्तिस्तथैव च । आकाशवचनं चेति ज्ञेया ह्यन्तरसन्धयः'—मातृगुप्ताचार्य के अनुसार यहाँ प्रासङ्गिक वस्तु की सूचना देने के कारण अन्तरसन्धि है (राघवभट्ट) । बाणपातपथ-र्तिनः—बाणस्य पातः तस्य पन्थाः (ष० त०), 'ऋक्पूरब्धू०' सूत्र से समासान्त अ प्रत्यय । बाणपातपथे वर्त्तते इति बाणपातपथ √वृत् + णिनि (कर्तरि), तस्य । तपस्विनौ—तपस् + विनि । अन्तरायौ—'विघ्नोऽन्तरायः प्रत्यूहः'—इत्यमरः । अन्तरं व्यवधानम् एति इति अन्तर √इ + अच् । प्रगृह्यन्ताम्—प्र + ग्रह + लोट्—अन्ताम् (कर्मणि) । वैखानसः—विखनस + अण् । 'वानप्रस्थश्च तापसः'—इति वैजयन्ती । उद्यम्य—उद् + यम् + क्त्वा (ल्यप्) । राजन्—आचार्य भरत के अनुसार तपस्वी राजा को राजन् कहकर सम्बोधित करे—'राजन्नित्यृषिभि-र्वाच्यः ।'

मृग के और आपके मध्य तपस्वी आ गये हैं ।

राजा—(घबड़ाहट के साथ) तो लगाम खींचो ।

सूत—आयुष्मान् की जैसी आज्ञा । (ऐसा कहकर लगाम खींचता है)

(तदनन्तर अपने शिष्य के साथ तपस्वी का प्रवेश)

वैखानस—(हाथ उठाकर) हे राजन् ! यह आश्रम का मृग है । इसे मारना नहीं चाहिए, मारना नहीं चाहिए—

न खलु न खलु बाणः सन्निपात्योऽयमस्मिन्
मृदुनि मृगशरीरे तूलराशाविवाग्निः ।
क्व बत हरिणकानां जीवितं चातिलोलं
क्व च निशितनिपाता वज्रसाराः शरास्ते ॥ १० ॥

अन्वयः—अस्मिन् शरीरे तूलराशौ अग्निः इव अयं बाणः न खलु न खलु सन्निपात्यः । बत हरिणकानाम् अतिलोलं जीवितं च क्व ? निशित-निपाताः वज्र-साराः ते शराः च क्व ? ॥ १० ॥

शब्दार्थ—अस्मिन् = इस, मृदुनि = सुकुमार या कोमल, मृगशरीरे = हरिण के शरीर पर, तूलराशौ = रूई के ढेर में, अग्निरिव = अग्नि के समान, अयं = यह बाणः = बाण, न खलु न खलु सन्निपात्यः = न चलाइये, न चलाइये, बत = खेद है कि, हरिणकानाम् = वेचारे हरिणों का, अतिलोलं = अत्यन्त चञ्चल, जीवितं = यह जीवन, च क्व = कहाँ ? निशितनिपाताः = तीक्ष्ण प्रहार करने वाले, वज्र-साराः = वज्र के समान कठोर, ते शराश्च क्व = और कहाँ आपके ऐसे बाण ॥ १० ॥

संस्कृत टीका—अस्मिन् = एतस्मिन्, मृदुनि = सुकुमारे, मृगशरीरे = हरिण-शरीरे, तूलराशौ = कार्पासपुञ्जे, अग्निरिव = वह्निरिव, अयं बाणः = एष शरः, न खलु न खलु सन्निपात्यः = नैव, नैव निक्षेप्यः, बत = खेदे, अनुकम्पायां वा, हरिणकानाम् = अनुकम्पनीयानां मृगाणाम्, अतिलोलं = अत्यन्तचञ्चलम्, जीवितं = जीवनम्, क्व च = कुत्र च, निशितनिपाताः = तीक्ष्णप्रहाराः, वज्र-साराः = वज्रसदृशकठोराः, ते = तव, शराः = बाणाः, च क्व = कुत्र, सन्तीति भावः ? ॥ १० ॥

भावार्थ—अस्मिन् सुकुमारे हरिणशरीरे कार्पासपुञ्जे वह्निरिव अयं शरः न खलु न खलु निक्षेप्यः । हन्त ! अनुकम्पनीयानां क्षुद्रहरिणकानां चाञ्चल्ययुक्तं जीवनं क्व ? तीक्ष्णप्रहाराः वज्रसदृशकठोराः तव बाणाश्च क्व ? ॥ १० ॥

टिप्पणी—सन्निपात्यः—सम् + नि + √पत् + णिच् + यत् (कर्मणि) । क्व क्व—दो क्व का प्रयोग दो वस्तुओं के बीच महान् अन्तर को सूचित करते हैं; जैसे—'क्व सूर्यप्रभवो वंश क्व चाल्पविषया मतिः' (रघु०) । हरिणकानाम्—अनुकम्प-

'इस सुकुमार मृग के शरीर पर रूई के ढेर पर अग्नि के समान यह बाण न न चलाइए । ओह ! कहाँ दयनीय हरिण का अति चञ्चल जीवन और कहाँ तीक्ष्ण प्रहार करने वाले वज्र के समान कठोर आपके बाण ?' ॥ १० ॥

तदाशु कृतसन्धानं प्रतिसंहर सायकम्।
आर्त्तत्राणाय वः शस्त्रं न प्रहर्त्तुमनागसि ॥ ११ ॥

नीयाः हरिणाः इति हरिणकाः, तेषाम्। अनुकम्पा में क प्रत्यय। तूलराशौ—तूलस्य राशौ (ष० त०)। अग्निः—अङ्गति इति। 'अगि गतौ' धातु से 'अङ्गेर्नलोपश्च' से नि और न का लोप। निशितनिपाताः—निशिताः निपाताः येषां ते (बहु०)। निशित—नि + √शो + क्त (कर्मणि)। निपतन्ति एभिः इति निपाताः, नि + √पत् + अण् (करणे)। वज्रसाराः—वज्रस्य सारः इव सारः स्थिरांशः येषां ते (बहु०)। (क) १. अन्तिम दो चरणों द्वारा प्रथम दो चरणों के विशेष अर्थ के समर्थित होने से अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है। २. 'तूलराशाविव' में उपमा है। ३. 'वज्रसाराः' में लुप्तोपमा है। ४. दो 'क्व' के प्रयोग द्वारा अतिविरुद्ध कार्यों के संघटन के कारण विषम अलङ्कार है। (ख) मालिनी छन्द है। लक्षण है—'ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः' ॥ १० ॥

अन्वयः—तत् साधुकृ सन्धानं सायकं प्रतिसंहर। वः शस्त्रम् आर्तत्राणाय [वर्तते] अनागसि प्रहर्तुं न ॥ ११ ॥

शब्दार्थ—तत्=इसलिए, साधुकृतसन्धानं=अच्छी तरह धनुष पर चढ़ाये गये, सायकं=बाण को, प्रतिसंहर=उतार लीजिए, (क्योंकि), वः=आपके शस्त्रम्=शस्त्र, आर्तत्राणाय (वर्तते)=पीड़ितों की रक्षा के लिये हैं। अनागसि=निरपराधों पर, प्रहर्तुं=प्रहार के लिए, न=नहीं ॥ ११ ॥

संस्कृत टीका—तत्=तस्मात् कारणात्, साधुकृतसन्धानम्=साधु सम्यक्तया, कृतम् विहितं, सन्धानं धनुष्यारोपणं यस्य तम्, सायकं=बाणम्, प्रतिसंहर=प्रत्यावर्तय, तूणीरं प्रापयेत्यर्थः। वः=युष्माकम्, पुरुवंशिनां राज्ञाम्, शस्त्रम्=शरादिकम्, आर्तत्राणाय=आर्तानां विपन्नानां, पीडितानामिति यावत्, त्राणाय=रक्षणाय भवति इति शेषः, अनागसि=निरपराधे, प्रहर्तुम्=प्रहारं कर्तुम्, न=न हि भवति ॥ ११ ॥

भावार्थ—वैखानसोऽत्र कथयति यत् तस्मात् कारणात् सम्यक् कृतसन्धानं बाणं प्रतिसंहर, यतो हि—युष्माकं शस्त्राणि पीडितरक्षणाय भवन्ति निरपराधे प्रहर्तुं नहि प्रभवन्ति ॥ ११ ॥

इसलिए धनुष पर चढ़ाए हुए बाण को शीघ्र उतार लीजिए। क्योंकि आपके शस्त्र आर्त जनों की रक्षा के लिए है, निरपराध पर प्रहार करने के लिए नहीं ॥ ११ ॥

राजा—(सप्रणामम्) **एष प्रतिसंहृत एव** (इति यथोक्तं करोति)।
वैखानसः—(सहर्षम्) **सदृशमेवैतत् पुरुवंशप्रदीपस्य भवतः।**

टिप्पणी — साधुकृतसन्धानम् — साधु कृतं सन्धानं यस्य तम् (बहु०), सन्धानम्—सम+धा+ल्युट्। अच्छी प्रकार से धनुष पर रखे हुए। किन्तु यहाँ साधु को पृथक् करके क्रिया विशेषण मानने पर अर्थ होगा—बाण को अच्छी प्रकार से उतार लीजिए। प्रतिसंहर — प्रति+सम्+हृ+लोट् (म० पु०, एक-वचन), 'उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते। प्रहाराहारसंहारविहारपरिहार-वत्।' हटा लीजिए। सायकम् — स्यति इति √सो+ण्वुल् तथा युगागम। 'शरे खड्गे च सायकः' इत्यमरः। आर्तत्राणाय—आर्तानां त्राणाय (ष० तत्पु०), तस्मै। आर्त—आ+ऋ+क्त। त्राण—त्रै+ल्युट्। अत्र तुमुनर्थे चतुर्थी। शस्त्रम्—√शस्+ष्ट्रन (त्र) + विभक्तिकार्यम्। वः—यहाँ पर पुरुवंशी राजाओं की ओर संकेत करने के लिए बहुवचन (वः—युष्माकम्) का प्रयोग है। अनागसि—न विद्यते आगः=अपराधः यस्मिन्नसौ अनागाः निरपराधस्तस्मिन् (बहु०)। 'आगोऽपराधो मन्तुश्च'—इत्यमरः। प्रहर्तुम्—प्र+हृ+तुमुन्। (क) इस श्लोक में उत्तरार्ध पूर्वार्ध का कारण है अर्थात् पूर्वार्ध वाक्य के प्रति उत्तरार्ध वाक्य अन्वय व्यतिरेक रूप के कारण रूप में प्रयुक्त है अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। समर्थ्य-समर्थक भाव के कारण अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है। (ख) अनुष्टुप् छन्द है॥ ११॥

संस्कृत टीका—एषः=बाणः, प्रतिसंहृतः=निर्वर्तितः, इति=एवमुक्त्वा, यथोक्तं करोति=बाणं तूणीरे प्रतिसंहरतीति भावः।

सदृशमेवेति। एतत्=अस्मत् कथनमात्रेण बाणप्रतिसंहरणम्, पुरुवंश-प्रदीपस्य=ययाति कनिष्ठपुत्रकुलप्रकाशकस्य, भवतः=दुष्यन्तस्य, सदृशमेव=सङ्गतं खलु।

टिप्पणी—प्रतिसंहृतः—प्रति+सम्+√हृ+क्त। पुरुवंशप्रदीपस्य—पुरोः वंशः, तस्य प्रदीपः (ष० त०), तस्य। प्रदीप्यते इति प्रदीपः, प्र+√दीप्+घञ्। (क) राजा ययाति के छोटे पुत्र का नाम पुरु था। पुरु के वंश में तंशु, अनिल, दुष्यन्त और भरत प्रसिद्ध राजा हुए।

राजा—(प्रणाम करके) यह उतरा ही है। (यह कहकर वैसा ही करता है।)

वैखानस—(हर्षपूर्वक) पुरुवंश के दीपक आप जैसे श्रेष्ठ राजा के लिए यह उचित ही है। फिर,—

जन्म यस्य पुरोर्वंशे युक्तरूपमिदं तव ।
पुत्रमेवंगुणोपेतं चक्रवर्त्तिनमाप्नुहि ॥ १२ ॥

(इतरोऽपि—हस्तमुद्यम्य) **सर्वथा चक्रवर्त्तिनं पुत्रमाप्नुहि ।**

अन्वयः—यस्य पुरोः वंशे जन्म, तव इदं युक्तरूपम् एवंगुणोपेतं चक्रवर्तिनं पुत्रम् आप्नुहि ॥ १२ ॥

शब्दार्थ—यस्य=जिसका, **पुरोः**=पुरु के, **वंशे**=वंश में, **जन्म**=जन्म (हुआ है), तव=[ऐसे] आपके लिये, **इदम्**=यह, **युक्तरूपम्**=अत्यन्त उचित है, **एवंगुणोपेतं**=इस प्रकार के गुणों से युक्त, **चक्रवर्तिनम्**=चक्रवर्ती, **पुत्रम्**=पुत्र **आप्नुहि**=प्राप्त करो ॥ १२ ॥

संस्कृत टीका—**यस्य**=यस्य श्रीमतः, **पुरोः**=एतदाख्यस्य ययातिनन्दनस्य राज्ञः, **वंशे**=कुले, **जन्म**=उत्पत्तिः, तस्य, **तव**=भवतः, **इदम्**=एतत्, वैखानस-वाक्यपालनम्, **युक्तरूपम्**=अतिशयेन युक्तम्, **एवंगुणोपेतं**=एतादृश विनयादिगुणै-रित्यर्थः उपेतम्—सम्पन्नम्, **चक्रवर्तिनम्**=सार्वभौमराजाधिराजं, **पुत्रम्**=सुतम्, **आप्नुहि**=प्राप्नुहि ॥ १२ ॥

भावार्थ—यस्य भवतः पुरुनृपस्य कुले उत्पत्तिः, तस्य तव इदं मुनिवचनपालनम् अतिशयेन योग्यमस्ति । अतः स्वसदृशं गुणगणोपेतं चक्रवर्तिनं सुतं प्राप्नुहि ॥ १२ ॥

टिप्पणी—**युक्तरूपम्**—अतिशयेन युक्तम् इति युक्तरूपम्, युक्त+रूपप् ['प्रशंसायां रूपप्'] । **पुत्रम्**—पुन्नाम्नो नरकात् त्रायते इति पुत्√त्रै+क=पुत्रः, तम् । **एवंगुणोपेतम्**—एवं गुणाः [सहसुपा०] तैः उपेतः [तृ० त०] तम् । **चक्र-वर्तिनम्**—चक्रे भूचक्रे वर्तितुं शीलमस्य, तम् । चक्र+√वृत्+णिनि [कर्तरि, ताच्छील्ये], अथवा, चक्रं भूचक्रं वर्तयति इति चक्रवर्ती, तम् । **आप्नुहि**—√आप्+लोट्, म० एक० । [क] प्रथम चरण द्वितीय चरण का हेतु होने से काव्यलिङ्ग अलङ्कार है । यहाँ राजा को चक्रवर्ती पुत्र भरत की प्राप्ति रूप फल का बीज सन्निहित है । [ख] अनुष्टुप् छन्द है ॥ १२ ॥

संस्कृत टीका—इतर इति । **इतरः**=सहागतः शिष्यः । **उद्यम्य**=उत्थाप्य, आशिषं प्रयच्छतीति शेषः । **सर्वथा**=बाढम् ।

जिसका जन्म पुरुवंश में हुआ है उस [वंश] के अनुरूप ही यह कार्य है । आप ऐसे ही गुणों से सम्पन्न चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त करें ॥ १२ ॥

[दूसरा तपस्वी भी हाथ उठाकर] निश्चित ही चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त करें ।

राजा—(सप्रणामम्) प्रतिगृहीतं ब्राह्मणवचः ।

वैखानसः—राजन् ! समिदाहरणाय प्रस्थिता वयम् । एष चास्मद्गुरोः कण्वस्य कुलपतेः साधिदैवत एव शकुन्तलया अनुमालिनीतीरमाश्रमो दृश्यते । न चेदन्यकार्यातिपातस्तदत्र प्रविश्य प्रतिगृह्यतामतिथिसत्कारः । अपि च—

धर्म्यास्तपोधनानां प्रतिहतविघ्नाः क्रियाः समवलोक्य ।
ज्ञास्यसि 'कियद्भुजो मे रक्षति मौर्वीकिणाङ्क' इति ॥ १३ ॥

ब्राह्मणवचः=आशीर्वचनमित्यर्थः । प्रतिगृहीतं=अङ्गीकृतम् ।

राजन्निति । समिदाहरणाय=यज्ञोपकरणकाष्ठसंग्रहाय, प्रस्थिताः= चलिताः । अनुमालिनीतीरम्=मालिनीनदीतीरे, शकुन्तलया=शकुन्तलाख्या- याऽधिष्ठात्र्या देव्या, साधिदैवत एव=साधिष्ठातृजनः, शकुन्तलाधिष्ठित इत्यर्थः । अस्मद् गुरोः=अस्माकमुपाध्यायस्य, कुलपतेः=अयुत (दशसहस्र) शिष्यपोषक- स्य, कण्वस्य=तदाख्यमुनेः, आश्रमः=मठः, दृश्यते=अवलोक्यते, चेत्= यदि, अन्यस्य कार्यस्य, अतिपातः=अव्ययः, न स्यात्, तत्=तदा, अत्र= आश्रमे, प्रविश्य, अतिथिसत्कारः=आतिथ्यम्, प्रतिगृह्यताम्=स्वीक्रियताम् ।

टिप्पणी—समिदाहरणाय—समिध्यते आभिः इति सम्+√इन्ध्+क्विप् (करणे)=समिधः, समिधात् आहरणात् (ष०त०), तस्मै । प्रस्थिताः—प्र+√ स्था+क्त (कर्तरि) । कुलपतेः—'मुनीनां दशसाहस्रं योऽन्नपानादिपोषणात् । अध्यापयति विप्रर्षिः स वै कुलपतिः स्मृतः ।' साधिदैवतः=अधिदेवतया सहितः । अनुमालिनीतीरम्—मालिन्याः तीरम् (ष० त०), मालिनीतीरस्य अनु इति (अ०स०) । आश्रम—'ब्रह्मचर्यादि चातुष्के मठादौ चाश्रमोऽस्त्रियाम्' इति रुद्रः । अन्यकार्यातिपातः—अन्यत् कार्यम् (कर्म०), तस्य अतिपातः (ष०त०) । अतिथि- सत्कारः—अविद्यमाना तिथिर्यस्य स अतिथिः (नञ् बहु०) ।

अन्वयः—तपोधनानां प्रतिहतविघ्नाः धर्म्याः क्रियाः समवलोक्य मौर्वीकिणाङ्कः मे भुजः कियत् रक्षति इति ज्ञास्यसि ॥ १३ ॥

राजा—(प्रणाम करके) आप ब्राह्मणों का आशीर्वाद स्वीकार है ।

वैखानस—हे राजन् ! हम लोगों ने समिधा लेने के लिए प्रस्थान किया है । यह हमारे गुरु कुलपति कण्व का आश्रम मालिनी नदी के तट पर दिखाई पड़ रहा है, जहाँ शकुन्तला इस समय उपस्थित है । यदि आपके अन्य कार्य में कोई व्यवधान न पड़े तो वहाँ चलकर आतिथ्यसत्कार ग्रहण करें । और भी—

तपस्वियों की निर्विघ्न एवं रम्य [यज्ञ] क्रियाओं को देखकर आप यह जान लेंगे कि सदैव धनुष की डोरी चढ़ाने से घट्ठे पड़े चिह्नों से सुशोभित आपके हाथ प्रजाजन की रक्षा में कितने समर्थ हैं ? ॥ १३ ॥

राजा—अपि सन्निहितोऽत्र कुलपतिः ?

वैखानसः—इदानीमेव दुहितरं शकुन्तलामतिथिसत्कारायादिश्य दैवमस्याः

शब्दार्थ—तपोधनानां=तपस्वियों के, प्रतिहतविघ्नाः=विघ्नों से रहित (और), धर्म्याः=धार्मिक, क्रियाः=(यज्ञादिक) क्रियाओं को, समवलोक्य=देखकर, मौर्वीकिणाङ्कः=प्रत्यञ्चा के चिह्नित घट्ठों से सुशोभित, मे=मेरी, भुजः=भुजा, कियत्=(प्रजा की) कितनी, रक्षति=रक्षा करती है ? इति ज्ञास्यसि=यह जान लेंगे ॥ १३ ॥

संस्कृत टीका—तपोधनानां=तपस्विनां, प्रतिहतविघ्नाः=(भवद् बाहुबलेन) अपसारितान्तरायाः, धर्म्याः=धर्मयुक्ताः, क्रियाः=यज्ञादिकर्माणि, समवलोक्य=सम्यक् अवेक्ष्य, मौर्वीकिणाङ्कः=ज्याघातरूढव्रणभूषितः, मे=मम, दुष्यन्तस्य, भुजः=बाहुः, कियत्=किं परिमाणकं, रक्षति=पालयति, इति=एवं, ज्ञास्यसि=अनुभविष्यसि ॥ १३ ॥

भावार्थ—तपस्विनां विघ्नरहिताः धर्मयुक्ताः यज्ञादिक्रिया सम्वीक्ष्य, ज्ञास्यसि यद् ज्याचिह्नविभूषितः मदीयः करः प्रजाजनान् कियत् परिपालयति ॥ १३ ॥

टिप्पणी—तपोधनानाम्=तप एव धनं येषां तेषां (बहु०)। प्रतिहतविघ्नाः-प्रतिहताः विघ्नाः यासां ताः (बहु०), प्रति+हन्+क्त, वि हन्यते एभिः इति विघ्नाः, वि+√हन्+क (करणे, घञर्थे), धर्म्याः—धर्मात् अनपेताः धर्म्याः, धर्म+यत्, ताः। क्रियाः—√कृ+श, रिङ्, इयङ् तथा टाप्। समवलोक्य—सम्+अव+लोक्+क्त्वा (ल्यप्)। मौर्वीकिणाङ्कः—मौर्व्याः किणः अङ्कः यस्य सः (बहु०), मूर्वायाः विकारः—मूर्वा+अण्+ङीप्=मौर्वी। (क) १, किण तथा अङ्क इन दो शब्दों का अर्थ एक जैसा होने से पुनरुक्तवदाभास अलङ्कार है। २. धर्म्याः और प्रतिहतविघ्नाः आदि सार्थक विशेषण होने से परिकर अलङ्कार है। ३. राजा के प्रताप का अनुमान होने से ज्ञप्ति नामक नाट्य लक्षण है। (ख) आर्या छन्द है ॥ १३ ॥

संस्कृत टीका—अपि=किं, अत्र=आश्रमे, कुलपतिः=कण्वः, सन्निहितः=स्थितः ? इदानीमेव=सम्प्रति हि, दुहितरं=पुत्रीं शकुन्तलाम्, अतिथिसत्काराय=अतिथिपूजार्थं, आदिश्य=आज्ञाप्य, अस्याः=शकुन्तलायाः,

---

राजा—क्या कुलपति यहाँ (आश्रम में) विद्यमान हैं ?

वैखानस—अभी ही अपनी कन्या शकुन्तला को अतिथिसत्कार के लिए आदेश देकर, इस (शकुन्तला) के प्रतिकूल भाग्य की शान्ति के लिए सोमतीर्थ चले गये हैं।

प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः ।

राजा—भवतु । तामेव द्रक्ष्यामि । सा खलु विदितभक्तिर्मां महर्षये निवेदयिष्यति ।

वैखानसः—साधयामस्तावत् । [इति सशिष्यो निष्क्रान्तः ।]

राजा—सूत ! नोदय अश्वान्, पुण्याश्रमदर्शनेनात्मानं पुनीमहे ।

सूतः—यदाज्ञापयत्यायुष्मान् [इति भूयो रथवेगं निरूपयति] ।

राजा—[समन्तादवलोक्य] **सूत ! अकथितोऽपि ज्ञायत एवायमाभोगस्तपोवनस्य ।**

सूतः—कथमिव !

राजा—किं न पश्यति भवान् इह हि—

प्रतिकूलं=विघ्नरूपं, दैवं=भागधेयं, शमयितुं=शान्तिमानेतुमनुष्ठानादिति भावः । सोमतीर्थं=तन्नामकसिद्धपीठं, गतः=कुलपतिरिति शेषः । विदितभक्तिः=अवगता भक्तिः कण्वेऽनुरागो यया सा, मां=भक्तिमन्तं दुष्यन्तम्, महर्षये=कण्वाय, निवेदयिष्यति=कथयिष्यति ।

साधयामः=गच्छामः, तावत्=इति वाक्यालङ्कारे । नोदय=प्रेरय, पुण्याश्रमदर्शनेन=पुण्यः पवित्रः य आश्रमस्तस्य दर्शनेन, आत्मानं=स्वं,पुनीमहे=पवित्रीकुर्महे। निरूपयति=नाटयति। समन्तात्=सर्वतः,आभोगः=परिसरप्रदेशः, अकथितोऽपि=कैश्चिदनुक्तोऽपि, ज्ञायत एव=अनुमीयते खलु । न पश्यति=तपोवनस्याभोगानिति शेषः ।

राजा—अच्छा, तो मैं उसीके दर्शन करूँगा। वह मेरी भक्ति से अवगत होकर महर्षि को निवेदित कर देगी ।

वैखानस—अच्छा, तो हम लोग चलते हैं। (यह कहकर शिष्य के साथ चला जाता है ।)

राजा—सारथि ! घोड़ों को हाँको। पवित्र आश्रम के दर्शन से हम अपने आपको पवित्र करें।

सूत—आयुष्मान् की जो आज्ञा ! (यह कहकर पुनः रथ के वेग का अभिनय करता है)

राजा—(चारों ओर देखकर) सारथि! बिना बताए ही ज्ञात हो जाता है कि यह तपोवन की ही सीमा है ।

सूत—कैसे ?

राजा—क्या आप नहीं देख रहे हैं ? क्योंकि यहाँ—

नीवाराः शुक-कोटरार्भक-मुख-भ्रष्टास्तरूणामधः
प्रस्निग्धाः क्वचिदिङ्गुदीफलभिदः सूच्यन्त एवोपलाः।
विश्वासोपगमादभिन्नगतयः शब्दं सहन्ते मृगा-
स्तोयाधारपथाश्च वल्कलशिखानिःष्यन्दरेखाङ्किताः ॥ १४ ॥

टिप्पणी—सन्निहितः—सम् + नि + √धा + क्त। दुहितरम्—दोग्धि पितुः धनादिकम् इति दुहिता + √दुह् + तृच्, ताम्। शमयितुम्—√शम् + णिच् + तुमुन्। सोमतीर्थः—प्रभासतीर्थः, विदितभक्तिः—विदितं भक्तिः यया सा (बहु०)। साधयामः—तदुक्तं साहित्यदर्पणे 'प्रायेण ण्यन्तकः साधिर्गमेः स्थाने प्रयुज्यते।' जैसे रघुवंश में—'साधयाम्यहमविघ्नमस्तु ते।' साध् + णिच् + लट्। नोदय—नुद् + णिच् + लोट्। आभोगः—आभुज्यते इति आभोगः, आ + √भुज् + घञ्।

अन्वयः— (क्वचित्) तरूणाम् अधः शुक-कोटरार्भक-मुख-भ्रष्टाः नीवाराः (दृश्यन्ते)। क्वचित् इङ्गुदीफलभिदः प्रस्निग्धा एव उपलाः सूच्यन्ते, (क्वचित्) विश्वासोपगमात् अभिन्नगतयः मृगाः शब्दं सहन्ते, च (क्वचित्) तोयाधारपथाः वल्कलशिखानिष्यन्दरेखाङ्किताः (दृश्यन्ते) ॥ १४ ॥

शब्दार्थ—(क्वचित्) तरूणाम् अधः=कहीं पर वृक्षों के नीचे, **शुककोटरार्भकमुखभ्रष्टाः**=कोटर में बैठे हुए तोतों के बच्चों के मुख से गिरे हुए, **नीवाराः**=नीवार, तिन्नी के चावल के टुकड़े (दृश्यन्ते=दिखाई पड़ते हैं।) **क्वचित्**=कहीं पर, इङ्गुदीफलभिदः=इङ्गुदी (हिंगोट) के फलों के तोड़ने वाले, प्रस्निग्धाः=चिकने, उपलाः=पत्थर, एव=ही, **सूच्यन्ते**=दिखाई पड़ रहे हैं। (क्वचित्) विश्वासोपगमात्=कहीं पर विश्वास उत्पन्न हो जाने के कारण, अभिन्नगतयः=(निशङ्क होने से) एक जैसी स्वाभाविक गति वाले, मृगाः शब्दं सहन्ते=हरिण (रथ) के शब्द को सहन कर रहे हैं। च=और, (क्वचित्) तोयाधारपथाः=(कहीं पर) जलाशयों की ओर जाने वाले मार्ग,

---

कहीं घोसलों (कोटर) में बैठे हुए तोतों के बच्चों के मुख से गिरे हुए वृक्षों के नीचे नीवार (तिन्नी के चावल) के टुकड़े (दिखाई पड़ रहे हैं)। कहीं इङ्गुदी के फलों को फोड़ने वाले (अतः) चिकने पत्थर दिखाई दे रहे हैं। (कहीं पर) विश्वास प्राप्त होने के कारण निःशङ्क गति से चलने वाले मृग (रथ के) शब्द को सहन कर रहें हैं और (कहीं पर) सरोवरों को जानें वाले मार्ग (मुनिजनों के) वल्कलों के अग्रभाग से टपकने वाले जल की रेखाओं से चिह्नित दिखाई देरहे हैं ॥ १४ ॥

वल्कलशिखानिःष्यन्दरेखाङ्किताः (दृश्यन्ते)=तपस्वियों के वल्कलवस्त्रों के अग्रभाग से टपकती हुई जल की रेखाओं से चिह्नित (दिखाई पड़ रहें हैं) ॥ १४ ॥

संस्कृत टीका—(क्वचित्) तरूणाम् अधः=(क्वचित् प्रदेशे) वृक्षाणां तलप्रदेशे; शुककोटरार्भकमुखभ्रष्टाः=शुकानां कीराणां ये कोटरार्भकाः तरु विवरस्थशावकाः, तेषां मुखेभ्यः—चञ्चुपुटेभ्यो भ्रष्टाः विगलिताः, नीवाराः= तृणधान्यानि, (दृष्यन्ते)। क्वचित्=कस्मिन्नपि भागे, इङ्गुदीनां=तापसतरूणां फलानि भिन्दन्ति–स्नेहनिःसारणाय विदारयन्ति पिषन्तीति इङ्गुदीफलभिदः, अत एव, प्रस्निग्धाः=प्रकर्षेण चिक्कणाः, एव, उपलाः सूच्यन्ते=प्रस्तराः प्रकाश्यन्ते। (क्वचित्) विश्वासोपगमात्=(मुनीनां वात्सल्येन) विश्वासलाभात् अभिन्नगतयः=अभिन्ना अविकृता गतिः गमनं येषां तथाविधाः, मृगाः=हरिणाः, शब्दं=(रथ) शब्दं, सहन्ते=निर्भयं समाकर्णयन्ति। (क्वचित्) तोयाधारपथाः= जलाशयमार्गाः, वल्कलशिखानिःष्यन्दरेखाङ्किताः=वल्कलानां तरुत्वङ्निर्मितमुनिवाससां शिखाभ्यः अग्रभागेभ्यः य निष्यन्दाः जलधाराः तेषां रेखाभिः अङ्किताः चिह्निताः, दृश्यन्ते ॥ १४ ॥

भावार्थ—कस्मिंश्चित् प्रदेशे वृक्षाणामधः तरुविवरस्थशुकशावकमुखच्युताः तृणधान्यकणाः दृश्यन्ते, क्वचित् तापसवृक्षफलविदारकाः प्रकर्षेण चिक्कणाः तैलाभ्यञ्जिता एव पाषाणाः प्रकाश्यन्ते। क्वचिद् मुनीनां विश्वासलाभात् अविकृतगतयः हरिणाः निर्भयं रथोत्थध्वनिं सधैर्यं श्रृण्वन्ति, क्वचिच्च उटजाज्जलाशयगमनमार्गाः वल्कलशिखानिःष्यन्दरेखाभि. चिह्निताः दृश्यन्ते। एभिश्चिह्नैर्ज्ञायतेऽयमाश्रमाभोग इति भावः ॥ १४ ॥

टिप्पणी—नीवाराः—निव्रियन्ते—'वृञ् वरणे', 'नौ वृ धान्ये'। से घञ् और 'उपसर्गस्य घञि०' से नि को दीर्घ। शुककोटरा०—कोटरस्थिताः अर्भकाः (मध्यपद०), शुकानां कोटरार्भकाः (ष०त०) तेषां मुखानि (ष०त०), तेभ्यः भ्रष्टाः (सहसुपा०) भ्रष्टः—भ्रश्+क्त। इङ्गुदी०—इङ्गुदीनां फलानि भिन्दन्ति इति, इङ्गुदी+फल+√भिद्+क्विप्। 'इङ्गुदी तापसतरुः'—इत्यमरः। तपस्वी इङ्गुदी के तेल से अभ्यंग करते हैं। विश्वासोपगमात्—विश्वासस्य उपगमः (ष०त०), तस्मात्। वि+√श्वस्+घञ् [भावे], उप+√गम्+अप् [भावे]। अभिन्नगतयः—अभिन्ना गतिः येषां ते [बहु०], गम्+क्तिन्=गतिः। तोयाधारपथाः—तोयानाम् आधाराः, तेषां पन्थानः [ष०त०]। पथिन् शब्द को पथ आदेश और समासान्त अ प्रत्यय [ऋक्पूरब्धू०]। आध्रियन्ते एषु इति आधाराः आ+√धृ+घञ्। वल्कलशिखा०—नि+√स्यन्द+घञ्, अनुविपर्यभि-

अपि च—

कुल्याम्भोभिः पवनचपलैः शाखिनो धौतमूला
भिन्नो रागः किसलयरुचामाज्यधूमोद्गमेन ।
एते चार्वागुपवनभुवि छिन्नदर्भाङ्कुरायां
नष्टाशङ्का हरिणशिशवो मन्दमन्दं चरन्ति ।। १५ ।।

निभ्यः' सूत्र से वैकल्पिक ष् का आदेश। [क] १. यहाँ आश्रम का स्वाभाविक वर्णन होने से स्वभावोक्ति अलङ्कार है। २. अन्त में 'च' से तीन चरणों के तीन वाक्यों का समुच्चय होने से समुच्चयालङ्कार है। ३. आश्रम का अनुमान किया गया है अतः अनुमानालङ्कार है। ४. काव्यलिङ्ग अलङ्कार भी है। [ख] शार्दूल-विक्रीडित छन्द है ।। १४ ।।

अन्वयः—पवनचपलैः कुल्याम्भोभिः शाखिनः धौतमूलाः [सन्ति], आज्य-धूमोद्गमेन किसलयरुचां रागः भिन्नः [दृश्यते]। एते च नष्टाशङ्काः हरिणशिशवः छिन्नदर्भाङ्कुरायाम् उपवनभुवि अर्वाक् मन्दमन्दं चरन्ति ।। १५ ।।

शब्दार्थ—पवनचपलैः = वायु के द्वारा, चंचल, कुल्याम्भोभिः = नहर के जल से, शाखिनः = वृक्षों की, धौतमूलाः [सन्ति] = जड़ धो गई है। आज्य-धूमोद्गमेन = हवन में प्रयुक्त घी के धुएँ के उठने से, किसलयरुचां = कोमल किसलय [कोपलों] की कान्ति की, रागः = ललिमा, भिन्नः [दृश्यते] = नष्ट हो गई है। एते च = और ये, नष्टाशङ्काः = भयरहित, हरिणशिशवः = मृगों के छौने, छिन्न-दर्भाङ्कुरायां = कटे हुए कुशों के अङ्कुरों वाली, उपवनभुवि = उद्यानभूमि पर, अर्वाक् = समीप में ही, मन्दमन्दं = धीरे-धीरे, चरन्ति = विचरण कर रहे हैं ।। १५ ।।

संस्कृत टीका—पवनचपलैः = पवनेन वायुना, चपलैः चञ्चलैः, कुल्याम्भोभिः = कृत्रिमक्षुद्रसरिज्जलैः, शाखिनः = पादपाः, धौतमूलाः = प्रक्षालित-मूलाः [सन्ति], आज्यधूमोद्गमेन = आज्यस्य घृतस्य अग्नौ हुतहविषः धूमोद्गमेन-धूमसम्पर्केण, किशलयरुचां = पल्लवकान्तीनाम्, रागः = रक्तिमा, भिन्नः = विनष्टः, विकृतः परिवर्तितः दृश्यते इति शेषः। एते च नष्टाशङ्काः = मम पुरतो

और भी,

वायु के द्वारा चञ्चल, नहर के जल से वृक्षों की जड़ें धुल सी गई है। हवन में प्रयुक्त घी के धुएँ के उठने से कोमल किसलयों के कान्ति की ललिमा बदल सी गई है और ये निशःङ्क मृगछौने उखाड़े गये कुशों के अङ्कुरों वाली उद्यान-भूमि में पास ही धीरे-धीरे चर रहे हैं ।। १५ ।।

सूतः—सर्वमुपपन्नम् ।

राजा—[स्तोकमन्तरं गत्वा] **आश्रमोपरोधो माभूत् तदिहैव रथं स्थापय, यावदवतरामि ।**

दृश्यमानाः निर्भयाः, हरिणशिशवः=मृगशावकाः, छिन्नदर्भाङ्कुरायां=छिन्नाः चर्विताः, दर्भाणां-कुशानाम् अङ्कुराः यस्यां तथाविधायाम्, उपवनभुवि=उद्यान-भूमौ, अर्वाक्=समीपे, मन्दमन्दं=स्वैरं स्वैरम्, चरन्ति=विचरणं कुर्वन्ति ॥ १५ ॥

भावार्थ—वायुना चञ्चलैः कुल्यासलिलैः पादपाः प्रक्षालितमूलाः सन्ति, यज्ञीयधूमस्योर्ध्वगमनेन नवीनोद्गतपल्लवरुचां लोहित्यं परिवर्तितः दृश्यते। एते च निःशङ्काः मृगशावकाः विच्छिन्नदर्भाङ्कुरायाम् उद्यानभूमौ निकट एव मन्दं मन्दं विचरन्ति ॥ १५ ॥

टिप्पणी—कुल्या०-कुल्यानाम् अम्भांसि [ष०त०], तैः। 'कुल्याल्पा कृत्रिमा सरित्' इत्यमरः। 'अम्भोऽर्णस्तोयपानीयनीरक्षीराम्बुशंबरम्' इत्यमरः। पवन-चपलैः—पवनेन चपलैः [तृ०त०]। शाखिनः—शाखा+इनि । धौतमूलाः—धौतानि मूलानि येषां ते [बहु०] । भिन्नः—भिद्+क्त । रागः—रञ्ज्+घञ् । किसलय०—किसलयानां रुचा [त०] । आज्य०—आज्यस्य धूमः, तस्य उद्गमः [ष०त०] तेन। नष्टाशङ्काः=नष्टा आशङ्का येषां ते [बहु०]। छिन्नदर्भा०—दर्भाणाम् अङ्कुराः [ष०त०], छिन्नाः दर्भाङ्कुराः यस्यां सा [बहु०], तस्याम्। √छिद्+क्त। अर्वाक्—अवरे काले देशे वा अञ्चति इति, अव+√अञ्च=क्विन्, पृषो० अर्वादेशः। उपवनभुवि—उपवनस्य भुवि [ष०त०]। हरिणशिशवः—हरिणानां शिशवः [त०] । मन्दमन्दम्—वीप्सा अर्थ से द्विरुक्ति। पूर्वपद की विभक्ति का लोप। 'कर्मधारयवदुत्तरेषु' सूत्र से समस्त पद है। [क] इस श्लोक में काव्यलिङ्ग, क्रियासमुच्चय, और स्वभावोक्ति तथा अनुमान अलङ्कार है। [ख] मन्दाक्रान्ता छन्द है ॥ १५ ॥

संस्कृत टीका— सर्वं=यद् भवतोक्तं तत्कृत्स्नम्, उपपन्नं=युक्तम् । स्तोकं=किञ्चित्, अन्तरम्=तपोवनाभ्यन्तरं, गत्वा। आश्रमोपरोधः=रथप्रवेशेन आश्रमस्य पीड़ा, माभूत्=न भवतु। स्थापय=स्थिरीकुरु, यावदवतरामि=रथादवतरणपर्यन्तमिति भावः।

सूत—(आपका कथन) सब कुछ यथार्थ है।

राजा—(कुछ आगे जाकर) आश्रम में (रहने वालों को) कोई कष्ट न हो, इसलिए यहीं रथ रोक दो, तब तक मैं उतरता हू ।

सूतः—धृताः प्रग्रहाः, अवतरत्वायुष्मान् ।

राजा-[अवतीर्य्य आत्मानमवलोक्य च] **सूत ! विनीतवेशेन प्रवेष्टव्यानि तपोवनानि, तदिमानि तावद् गृह्यन्तामाभरणानि धनुश्च ।** [इति सूतस्यार्पयति] ।

सूतः—[गृह्णाति] ।

राजा—यावदाश्रमवासिनः प्रत्यवेक्ष्य निर्वर्त्तिष्ये, तावदार्द्रपृष्ठाः क्रियन्तां वाजिनः ।

सूतः—यथाज्ञापयत्यायुष्मान् [इति निष्क्रान्तः] ।

राजा—[परिक्रम्यावलोक्य च] **इदमाश्रमपदं तावत् प्रविशामि।** [प्रविश्य प्रवेष्टकेन निमित्तं सूचयित्वा] **अये !**

धृताः=गृहीताः, प्रग्रहाः=अश्वरज्जवः, भवतामवतरणायेति भावः ।

विनीतवेशेन=अनुद्धताभरणेन, विनीतः शान्तः यो वेषः=वस्त्रालङ्कारादिभिः कृतं रूपं तेन, प्रवेष्टव्यानि=गम्यानि । तपस्विनां समीपे सर्वतोभावेन विनयालम्बनं समुचितमिति भावः । तत्=तस्मात् कारणात्, आभरणानि=किरीटकुण्डलादीनि, धनुः=कार्मुकश्च, गृह्यन्ताम्=रक्ष्यन्ताम् ।

आश्रमवासिनः=तापसान्, प्रत्यवेक्ष्य=दृष्ट्वा, योगक्षेमपर्यालोचनपूर्वकमवेक्षणं कृत्वा, निर्वर्त्तिष्ये=प्रत्यागमिष्यामि । तावत्=यावत्कालपर्यन्तं, वाजिनः=अश्वाः, आर्द्रपृष्ठाः=आर्द्राणि पृष्ठानि येषां ते, पृष्ठप्रक्षालनं हि वाजिनां विशेषतः श्रमहरं भवति । आश्रमपदम्=आश्रम एव पदं-स्थानम् । प्रवेष्टकेन=बाहुना दक्षिणेति भावः, निमित्तं=स्पन्दनरूपं मङ्गललक्षणम्, शकुनं, सूचयित्वा=नाटयित्वा । अये=इति सम्भ्रमोक्तिः ।

सूत—लगाम खींच ली है, अतः आयुष्मान् उतर जायँ ।

राजा—(उतरकर और अपने आपको देखकर) सूत ! तपोवन में सीधे-सादे वेश में ही प्रवेश करना चाहिए । अतः तबतक ये आभूषण और धनुष तुम्हीं ले लो । (यह कहकर सूत का वह सब अर्पित कर देता है ।)

सूत—(ले लेता है ।)

राजा—जब तक मैं आश्रमवासियों का दर्शन कर लौटूँ, तबतक आप घोड़ों को ठण्डा कर लें ।

सूत—आयुष्मान् की जो आज्ञा । (यह कहकर चला गया) ।

राजा—(घूमकर और देखकर) यही आश्रम है, तो चलूँ [प्रवेश कर दाहिनी भुजा के (फड़कने से) शकुन का अभिनय करके] अहो !

शान्तमिदमाश्रमपदं स्फुरति च बाहुः कुतः फलमिहास्य।
अथवा भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र ॥ १६ ॥

टिप्पणी—उपपन्नम्—उप + √पद् + क्त। उपरोध—उप + रुध् + घञ्। मा भूत्—'माङि लुङ्' सूत्र से लुङ् लकार, 'न माङ् योगे' से अडागमनिषेध। प्रग्रहाः = प्रगृह्यते अनेन इति, प्र + √ग्रह + अप्। अवतीर्य—अव + तॄ + क्त्वा [ल्यप्]। विनीतवेषेण—विनीतश्चासौ वेषः, तेन [कर्म०]। प्रत्यवेक्ष्य = प्रति + अव + ईक्ष् + क्त्वा [ल्यप्]। आर्द्रपृष्ठाः—आर्द्राणि पृष्ठानि येषां ते [बहु०]।

अन्वयः—इदम् आश्रमपदं शान्तम् (अस्ति), बाहुः च स्फुरति, इह अस्य फलं कुतः? अथवा भवितव्यानां सर्वत्र द्वाराणि भवन्ति ॥ १६ ॥

शब्दार्थ— इदम् = यह, आश्रमपदम् = आश्रमस्थान, शान्तम् = शान्त, [अस्ति = है], बाहुः च = और (मेरी दाहिनी), भुजा, स्फुरति = फड़क रही है, इह = यहाँ पर, अस्य = इसका, फलम् = फल, कुतः = कहाँ? अथवा भवितव्यानां = अथवा भावी घटनाओं के, सर्वत्र = सभी स्थानों पर, द्वाराणि = द्वार या मार्ग, भवन्ति = होते हैं ॥ १६ ॥

संस्कृत टीका—इदम् = एतत्, आश्रमपदम् = आश्रमस्थानं, शान्तं = शमप्रधानमस्ति, बाहुः च = भुजश्च, स्फुरति = स्पन्दते, इह = अस्मिन् आश्रमे, अस्य = दक्षिणबाहुस्फुरणस्य, फलं = लाभः, कुतः = कथं सम्भवति? अथवा = किं वा, भवितव्यानां = अवश्यम्भाविनामर्थानाम्, द्वाराणि = उपायाः, सर्वत्र = सर्वेषु स्थानेषु, भवन्ति = जायन्ते ॥ १६ ॥

भावार्थ—एतद् आश्रमस्थानं शान्तमस्ति। मम दक्षिणश्च भुजः स्फुरति—अस्य लाभः कुतः? अथवा अवश्यम्भाविनामर्थानां द्वाराणि सर्वत्रैव भवन्ति ॥ १६ ॥

टिप्पणी—आश्रमपदं—आश्राम्यति अस्मिन् इति आश्रमः। आ + √श्रम् + घञ् (अधिकरणे)। आश्रम एव पदम् आश्रमपदम् (मयूर० त०)। शान्तम्—√शम् + क्त। स्फुरति—√स्फुर् + लट् + प्र० पु० ए०। 'वामेतरभुजस्पन्दो वरस्त्रीलाभसूचकः'—अर्थात् दाहिनी भुजा का फड़कना सुन्दर स्त्री की प्राप्ति का सूचक है। भवितव्यानाम्—भू + तव्यत्; 'बुद्धिरुत्पद्यते तादृग्यादृक् कर्मफलोदयः। सहायास्तादृशा एव यादृशी भवितव्यता।' (शुक्र०)। (क) १. यहाँ उत्तरार्द्ध के सामान्य से पूर्वार्द्ध के विशेष का समर्थन होने से अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है।

यह आश्रमस्थल शान्त है और (मेरी दाहिनी) भुजा फड़क रही। यहाँ पर इस (भुजा के फड़कने) का (स्त्री प्राप्ति रूप) फल कहाँ सम्भव है? अथवा होने वाली बातों के द्वार सब कहीं होते हैं ॥ १६ ॥

[नेपथ्ये] **इत इतः प्रियसख्यौ !** (इदो-इदो पिअसहीओ !)

राजा—[कर्णं दत्वा] **अये ! दक्षिणेन वृक्षवाटिकामालाप इव श्रूयते, यावदत्र गच्छामि।** [परिक्रम्यावलोक्य च] **अये ! एतास्तपस्विकन्यकाः स्वप्रमाणानुरूपैः सेचनघटैर्बालपादपेभ्यः पयो दातुमित एवाभिवर्त्तन्ते** [निरूप्य] **अहो ! मधुरमासां दर्शनम्**—

---

२. 'अथवा' के द्वारा प्रथम बात का निषेध कर दिए जाने से आक्षेपालङ्कार है। (ख) आर्या छन्द है ॥ १६ ॥

संस्कृत टीका—प्रियसख्यौ = अनुसूयाप्रियंवदे, शकुन्तलाया उक्तिरियं नेपथ्ये, इतः इतः = अस्यामस्यां दिशि, आगच्छतमिति शेषः। **कर्णं दत्वा** = तदालापं श्रोतुं कर्णं नियोज्य, **अये** = इति सम्भ्रमे, **वृक्षवाटिकाम्** = उपवनम्, **आलाप इव** = परस्परसम्भाषणमिव, **श्रूयते। अये** = इति विस्मये **तपस्विकन्यकाः** = तपस्विनां कन्यकाः कुमार्यः, **स्वप्रमाणानुरूपैः** = निजनिज शरीरप्रमाणयोग्यैः, **सेचनघटैः** = जलप्रदानसाधनकलशैः, **बालपादपेभ्यः** = क्षुद्रवृक्षेभ्यः, **पयः** = जलं, **दातुम्, इत एव** = अस्यां दिश्येव, **अभिवर्तन्ते** = अभिमुखमागच्छन्ति। **अहो** = इत्याश्चर्ये, **आसां** = तपस्विकन्यकानाम्, **मधुरम्** = प्रियं, चित्ताह्लादकरं, **दर्शनम्** = रूपम्।

टिप्पणी—दक्षिणेन वृक्षवाटिकाम्—दक्षिण + एनप् (सप्तम्यर्थे) इदमव्ययम्। 'एनपा द्वितीया'—सूत्र से द्वितीया। आलापः—आ + √लप् + घञ्। तपस्विकन्यकाः—तपस्विनां कन्यकाः (ष० त०), तपः एषामस्तीति तपस्विनः, तपस् + विनि, कन्या + कन् (स्वार्थे)। स्वप्रमाणानुरूपैः—स्वस्य प्रमाणं, तस्य अनुरूपाः, (ष० त०), तैः। अनुगतं रूपमेषाम् इति अनुरूपाः (बहु०), सेचनघटैः—सेचनार्थाः वा सेचनस्य घटाः (मध्य०) (ष० त०) तैः। बालपादपेभ्यः—बालाश्च ते पादपाः (कर्म०), तेभ्यः। दर्शनम्—दृश्यते यत् तत् दर्शनम्,—√दृश् + ल्युट् (कर्मणि)। मधुरं—'मधुरं रसवत्स्वादुप्रियेषु'—इति विश्वः। मधु राति ददाति इति मधुरः, मधु + रा + कः।

[नेपथ्य में] प्रियसखियों ! इधर आओ, इधर।

राजा—(सुनकर) अरे ! वृक्षों की वाटिका के दाहिनी ओर बातचीत जैसी सुनाई पड़ रही है। तो उधर ही जाऊँ। (घूमकर और देखकर) अहा ! ये तपस्वियों की कन्याएँ अपने-अपने शरीर के अनुरूप सींचने के घड़े से छोटे-छोटे वृक्षों को जल देने के लिए इधर ही आ रही है। (ध्यान से देखकर) अहो इनका रूप तो बड़ा ही सुन्दर है।

शुद्धान्तदुर्लभमिदं वपुराश्रमवासिनो यदि जनस्य।
दूरीकृताः खलु गुणैरुद्यानलता वनलताभिः ॥ १७ ॥

अन्वयः—यदि शुद्धान्तदुर्लभम् इदं वपुः आश्रमवासिनः जनस्य (अस्ति, तदा) खलु उद्यानलताः वनलताभिः गुणैः दूरीकृताः ॥ १७ ॥

शब्दार्थ—यदिशुद्धान्तदुर्लभम् = यदि अन्तःपुर में स्थित स्त्रियों के लिये दुर्लभ, इदं = यह, वपुः = शरीर या लावण्य, आश्रमवासिनः जनस्य = आश्रम में निवास करने वाले व्यक्ति का (अस्ति = है, तदा = तब तो) खलु = अवश्य ही, उद्यान-लताः = उद्यान की लताओं को, वनलताभिः = वन की लताओं के द्वारा, गुणैः = (अपने सौन्दर्य एवं सुगन्ध आदि) गुणों के द्वारा, दूरीकृताः = तिरस्कृत कर दिया है ॥ १७ ॥

संस्कृत टीका—यदि शुद्धान्तदुर्लभम् = चेत् अन्तःपुरस्थितकामिनिजनदुर्लभम्, इदं वपुः = एतत् शरीरं लावण्यं वा, आश्रमवासिनः जनस्य = तपोवनवासिनः, सामान्यबालिकालोकस्य, (अस्ति,तदा = तर्हि), खलु = निश्चयेन, उद्यानलताभिः = उपवनवीरुधः, वनलताभिः = विपिनवल्लीभिः, गुणैः = सौन्दर्यकोमलत्वादि गुणैः, दूरीकृताः = तिरस्कृताः ॥ १७ ॥

भावार्थ—अन्तःपुरेऽपि दुष्प्रापम् एतादृशं कमनीयं शरीरं यदि तपोवनवासिनः जनस्य वर्तते, तदा तु नूनमेव काननवल्लीभिः उपवनलताः तिरस्कृताः ॥ १७ ॥

टिप्पणी—शुद्धान्त०—शुद्धः अन्तः यस्य स शुद्धान्तः (बहु०), शुद्धान्ते दुर्लभम् (स० त०)। दुर् + लभ् + खल्। 'शुद्धान्तश्चावरोधश्च'—इत्यमरः। आश्रम०—आश्रमे वस्तुशीलम् अस्य तस्य, आश्रम + वस् + णिनि (ताच्छील्ये)। उद्यान०—उद्यानस्य लताः (ष० त०)। वन०—वनस्य लताभिः (ष० त०)। दूरीकृताः—दूर + च्वि + कृ + क्त। (क) १. यहाँ पूर्वार्द्ध में विशेष के प्रस्तुत होने पर भी सामान्य के कथन के कारण अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार है। २. पूर्वार्ध और उत्तरार्ध से कोई साक्षात् सम्बन्ध नहीं है, किन्तु दोनों की परिसमाप्ति उपमा में होती है। अतः निदर्शना अलङ्कार है। लक्षण है—'अभवन् वस्तुसम्बन्ध उपमा-परिकल्पकः' [काव्यप्रकाश]। (ख) आर्या छन्द है ॥ १७ ॥

यदि अन्तःपुर में स्थित स्त्रियों के लिए दुर्लभ यह स्वरूप आश्रम में निवास करने वाले जन का है तो निश्चय ही उद्यान की लताओं को वन की लताओं द्वारा अपने (सौंदर्य आदि) गुणों के द्वारा परास्त कर दिया गया है ॥ १७ ॥

यावदेनाश्छायामिमामाश्रित्य प्रतिपालयामि । [इति विलोकयन् स्थितः]

[ततः प्रविशति यथोक्तव्यापारा सह सखीभ्यां शकुन्तला]

एका—हला शकुन्तले ! त्वत्तोऽपि तातकण्वस्य आश्रमवृक्षाः प्रियतरा इति तर्कयामि;, येन नवमालिकाकुसुमपरिपेलवापि त्वम् एतेषामालवालपरिपूरणे नियुक्ता । [हला सउन्तले ! तत्तो वि तादकण्णस्य अस्समरुक्खआ पिअदरा त्ति तक्केमि; जेण णोमालिआकुसुमपरिपेलवावि तुमं एदाणं आलबालपरिऊरणे णिउत्ता ।]

शकुन्तला—हला अनसूये ! न केवलं तातस्य नियोगः, ममापि एतेषु सहोदरस्नेहः । (हला अणसूए ! ण केवलं तादस्स णिओओ, मम वि एदेसु सहोअरसिणेहो ।) [इति वृक्षसेचनं नाटयति]

संस्कृत टीका—यावदिति । इमां=तारवीम्, छायामाश्रित्य=अनातपम् आस्थाय, प्रतिपालयामि=प्रतीक्षे । ततः=तदनन्तरम्, राजनि अन्तरिते, यथोक्तव्यापारा=वृक्षसेचनाय घटं वहन्ती, सखीभ्यां=अनसूयाप्रियंवदाभ्याम् ।

हलेति । हला=अयि, सख्याः सम्बोधने, त्वत्तोऽपि=त्वामपेक्ष्यापि, प्रियतराः=अति प्रिया इति, तर्कयामि=संभावयामि । येन=हेतुना, नवमालिका०=नवमालिकायाः कुसुमवत् कोमला अपि, एतेषां=वृक्षाणाम् । आलवालानां=जलग्रहणाय वृक्षमूलस्थित क्षुद्रखातानाम्, परिपूरणे=तोयैः पूरणकर्मणि, नियुक्ता=नियोजिता ।

हलेति । नियोगः=आदेशः, तातकण्वस्य नियोगमात्रमालवालपूरणे न कारणमित्यर्थः । एतेषु=पादपेषु, सहोदरवत्=भ्रातृवत्स्नेहः ।

टिप्पणी—यथोक्तव्यापारा=उक्तस्य अनतिक्रमः यथोक्तम् (अ०स०) यथोक्तः कथितानुरूपः व्यापारः चेष्टा यस्याः सा (बहु०) । **आलवाल०=आ समन्तात्**

तो कुछ देर तक इस छाया में खड़े होकर इनकी प्रतिक्षा करूँ । (देखता हुआ खड़ा हो जाता है ।)

[इसके पूर्वोक्त कार्य (सींचन) में संलग्न सखियों के साथ शकुन्तला का प्रवेश]

एक सखी—सखी शकुन्तला ! मैं समझती हूँ कि पिता कण्व को ये आश्रम के वृक्ष तुमसे भी अधिक प्रिय हैं, इसीलिए तो नवमलिका के फूलों से भी कोमल तुमको इन थालों को सींचने के लिए कार्य में नियुक्त किया है ।

शकुन्तला—सखि अनुसूये ! केवल तात की आज्ञा ही नहीं है । मेरा भी इन वृक्षों के प्रति सहोदर भाई के समान स्नेह है । (ऐसा कहते हुए वृक्षसिंचन का अभिनय करती है ।)

द्वितीया–सखि शकुन्तले ! उदकं लम्भिता एते ग्रीष्मकालकुसुमदायिनः आश्रमवृक्षाः। इदानीम् अतिक्रान्तकुसुमसमयानपि वृक्षान् सिञ्चामः, तेन अनभिसन्धिगुरुको धर्मो भविष्यति। (सहि सउन्तले ! उदअं लम्भिदा एदे गिह्मआलकुसुमदाइणो अस्समरुक्खआ। दाणिं अदिक्कन्तकुसुमसमए वि रुक्खके सिञ्चह्म, तेण अणहिसन्धिगुरुओ धम्मो भविस्सदि।)

शकुन्तला—**हला प्रियंवदे ! रमणीयं मन्त्रयसि।** (हला पिअंवदे ! रमणिज्जं मंतेसि !) [इति भूयो वृक्षसेचनं नाटयति।]

राजा—(निर्वर्ण्य आत्मगतम्) **कथमियं सा कण्वदुहिता शकुन्तला !** (सविस्मयम्) **अहो ! असाधुदर्शी खलु भगवान् कण्वः, य इमामाश्रमधर्मे नियुङ्क्ते।**

लवं जललवम् आलाति गृह्णाति इति, आ+लव+आ+√ला+क (कर्तरि)। सहोदर०—सह उदरम् एषाम् इति सोदराः वा सहोदराः (बहु०) सहोदरेषु स्नेहः (स०त०)। 'वोपसर्जनस्य' सूत्र से विकल्प से सह का सादेश।

संस्कृत टीका— उदकं=अस्माभिः सिक्तं जलम्, लम्भिताः=प्रापिताः, अतिक्रान्तकुसुमसमयान्=अतिक्रान्तः अतिवाहितः कुसुमानां=पुष्पाणां समयः उत्पादनकालो यैस्तान्, व्यतीतपुष्पोत्पादनकालानित्यर्थः। अनभिसन्धिगुरुकः= नास्ति अभिसन्धिः—फलाशा यस्मिन् तथाविधः, अत एव, गुरुरेव गुरुकः=महान्, धर्मः=कल्याणम्।

हलेति। रमणीयं=न्याय्यत्वात् शोभनं यथा स्यात् तथा, मन्त्रयसि= कथयसि।

निर्वर्ण्येति। निर्वर्ण्य=(सुललितरूपलावण्यशालिनीं यथोक्तव्यापारवतीञ्च शकुन्तलां) निरीक्ष्य, कथम्=इति सम्भावनायाम्, अहो=इत्याश्चर्ये, असाधु-

---

द्वितीय सखी—सखि शकुन्तले ! ग्रीष्म ऋतु में फूल देने वाले इन आश्रम वृक्षों को सींच चुकी। अब उन वृक्षों को भी चलो सींचें, जिनके फूलने का समय बीत चुका है और इससे निष्काम कर्म का महान् फल प्राप्त होगा।

शकुन्तला—सखि प्रियंवदे ! तुम ठीक मन्त्रणा दे रही हो (ऐसा कहते हुए पुनः वृक्षों के सींचने का नाट्य करती है।)

राजा—(ध्यान से देखकर, मन ही मन) क्या यही वह कण्व की पुत्री शकुन्तला है ? (आश्चर्य के साथ) ओह निश्चय ही भगवान् कण्व अविवेकी हैं जो इसे आश्रम के कार्य में लगाये हुए हैं।

इदं किलाव्याजमनोहरं वपु-
स्तपःक्षमं साधयितुं य इच्छति ।
ध्रुवं स नीलोत्पलपत्रधारया
शमीलतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति ॥ १८ ॥

दर्शी=असम्यग् द्रष्टा, अविवेकी इति भावः । यः, **इमां**=शकुन्तलां, **आश्रम-धर्मे**=तापसव्रते, वृक्षसेचनातिथिसपर्यादिकर्मणि वा, **नियुङ्क्ते**=व्यापारयति ।

टिप्पणी—लम्भिता—√लभ्+णिच्+क्त (कर्मणि), नुम् । **अतिक्रान्त०-** कुसुमानां समयः (ष०त०), अतिक्रान्तः कुसुमसमयः यैः ते अतिक्रान्तकुसुमसमयाः (बहु०), अनभिसन्धिगुरुकः—नास्ति अभिसन्धिः फलाशा यस्मिन् सः (बहु०), अनभिसन्धिश्चासौ गुरुकः (कर्म०) गुरुरेव गुरुकः, गुरु+कन् । **निर्वर्ण्य**—'निर्वर्णनं तु निध्यानम् दर्शनालोकनेक्षणम्'—इत्यमरः । **असाधुदर्शी**—न साधु असाधु (नञ् त०), असाधु पश्यति इति, असाधु+√दृश्+णिनि (कर्तरि ताच्छील्ये) ।

अन्वयः—यः ऋषिः अव्याजमनोहरम् इदं वपुः किल तपःक्षमं साधयितुम् इच्छति, स ध्रुवं नीलोत्पलपत्रधारया शमीलतां छेत्तुं व्यवस्यति ॥ १८ ॥

शब्दार्थ—यः ऋषिः=जो ऋषि (कण्व), **अव्याजमनोहरम्**=स्वभाव से ही सुन्दर, इदं वपुः=इस शरीर को, किल=दुःख है कि, **तपःक्षमं**=तपस्या के योग्य, साधयितुम् इच्छति=बनाना चाहता है, सः=वह, **ध्रुवं**=निश्चय ही, नीलोत्पलपत्रधारया=नीलकमल के पत्ते की धार से, **शमीलतां**=शमीलता को, छेत्तुं=काटने का, व्यवस्यति=प्रयत्न कर रहा है ॥ १८ ॥

संस्कृत टीका—यः, ऋषिः=कण्वः, **अव्याजमनोहरम्**=अव्याजं कृत्रिम-शोभारहितं च मनोहरं मधुरं च, स्वभावसुन्दरमित्यर्थः, इदं=पुरो दृश्यमानं, शकुन्तलायाः, वपुः=शरीरं, किल=इति अनुकम्पायामसहने वा, **तपःक्षमं**= तपसो योग्यं, तपःक्लममिति (पाठान्तरे)=तपस्याजन्यक्लेशनिरतमित्यर्थः । **साध-यितुम्**=सम्पादयितुम्, इच्छति=वाञ्छति, सः=ऋषिः (कण्वः), **ध्रुवं**= निश्चितम्, नीलोत्पलपत्रधारया=इन्दीवरदलस्य, धारया=पार्श्वदेशेन प्रान्त-भागेन, निशितमुखेनेत्यर्थः, **शमीलतां**=शमीशाखां, **छेत्तुं**=कर्तितुं खण्डितुं वा, व्यवस्यति=प्रयतते ॥ १८ ॥

'जो ऋषि (कण्व) स्वभाव से ही सुन्दर इस (शकुन्तला) के शरीर को तपस्या करने के योग्य बनाना चाहता है वह निश्चय ही नीलकमल के पत्ते की धारा से शमीलता को काटने का प्रयत्न कर रहा है ॥ १८ ॥

भवतु, पादपान्तरित एव विश्वस्तां तावदेनां पश्यामि। [इति तथा करोति।]

शकुन्तला—हला अनसूये ! अतिपिनद्धेन वल्कलेन प्रियंवदया दृढं पीडितास्मि, तत् शिथिलय तावेदनम्। (हला अणसूए ! अदिपिणद्धेण वक्कलेण पिअंवदाए दिढं पीडिदा ह्मि, ता सिढिलेहि दावं णं।)

भावार्थ—महर्षिः कण्वः निसर्गादिव सुन्दरं शकुन्तलायाः शरीरं यत् तपोयोग्यं कर्तुमिच्छन्ति, स खलु नीलकमलदलधारया शमीशाखां कर्तितुं प्रयतते ॥ १८ ॥

टिप्पणी—अव्याजमनोहरं=अव्याजेन मनोहरम् (तृ०त०), व्याज–वि+अज्+घञ्। मनोहर—मनस्+हृ+अच्। तपःक्षमं=तपसः क्षमम् (त०), नीलो०—नीलोत्पलस्य पत्रधारया (ष०त०) नीलं च तत् उत्पलं (कर्म०), तस्य पत्रम् (ष०त०), तस्य धारा (ष०त०), तया। साधयितुम्—√साध्+णिच्+तुमुन्। छेत्तुम्—छिद्+तुमुन्। व्यवस्यति—वि+अव+सो+लट् प्र०पु०ए०। दिवादि सो का लट् में स्यति बनता है। इसी धातु के रूप अवसान, अवसीयते, अवसित आदि हैं। शमीलता—शम्याः लताम् (ष०त०)। शमी वृक्ष की शाखा अत्यन्त कठोर होती है और कमल की पंखुड़ियाँ अत्यन्त कोमल। अतः कमल की पंखुड़ी से जैसे शमी को काटना अविवेकपूर्ण है वैसे ही शकुन्तला से आश्रम का कठोर काम लेना ऋषि का अविवेक है। इस प्रकार जहाँ पर असम्भव कार्य की कल्पना हो वहाँ अभिप्राय नामक नाटक लक्षण होता है। अतः साहित्यदर्पण में इसे अभिप्राय का उदाहरण माना गया है। (क) १. यहाँ पर विश्वनाथ ने अनेकवाक्या निदर्शना अलङ्कार माना है। २. ध्रुव के कारण उत्प्रेक्षालङ्कार है। ३. श्लोक के प्रथम दो चरणों में विरूप कार्यों के संघटन के कारण 'विषम' अलङ्कार है। ४. 'अव्याजमनोहरम्' में विभावना अलङ्कार है (ख) वंशस्थ छन्द है ॥ १८ ॥

संस्कृत टीका—पादपान्तरित एव=तरुव्यवहितावयव एव (न तु प्रत्यक्षीभूतः सन्), विश्वस्तां= अनुद्विग्नचित्तां, निःशङ्कां, एनां= शकुन्तलाम्, पश्यामि=दर्शनेन आत्मानं कृतार्थं करोमि। अति पिनद्धेन=दृढबद्धेन, वल्कलेन=वृक्षत्वग्वाससा; दृढं=भृशं, पीडितास्मि=पीडां गमितास्मि। तत्=तस्मात्, एनं=वल्कलं, शिथिलय=शिथिलं कुरु।

अच्छा तो वृक्ष की ओट में रहकर निश्चिन्ततापूर्वक इस (शकुन्तला) को देखता हूँ। [इस प्रकार सोचकर वैसा ही करते हैं।]

शकुन्तला—सखी अनसूया ! प्रियंवदा के द्वारा बहुत कसकर बाँधे हुए वल्कल से मैं बहुत पीड़ित हो रही हूँ। इसलिए इसे ढीला कर दो।

अनसूया—तथा । (तह) [इति शिथिलयति] ।

प्रियंवदा–[सहासम्] **अत्र तावत् पयोधरविस्तारहेतुकम् आत्मनो यौवनारम्भम् उपालभस्व, मां किमुपालभसे ?** (एत्थ दाव पओहरवित्थारहेदुअं अत्तणो जोब्बणारंभं उवालह, मं किं उवालहसि ?

राजा—सम्यगियमाह—

इदमुपहितसूक्ष्मग्रन्थिना स्कन्धदेशे
स्तनयुगपरिणाहाच्छादिना वल्कलेन ।
वपुरभिनवमस्याः पुष्यति स्वां न शोभां
कुसुममिव पिनद्धं पाण्डुपत्रोदरेण ॥ १९ ॥

अत्रेति । अत्र=अस्मिन् पीडाविषये, पयोधरविस्तारहेतुकम्=पयोधरयोः कुचयोः, विस्तारस्य औन्नत्यस्य, हेतुकं=कारणाभूतम्, आत्मनः=स्वस्य, यौवनारम्भं=यौवनोद्भेदम्, उपालभस्व= तिरस्कुरु । मां किमुपालभसे=स्वयौवनारम्भमज्ञात्वा निरपराधां मां कथं तिरस्करोषीत्यर्थः । इयं=सहचरी, सम्यगाह=तथ्यं वदति ।

टिप्पणी—पिनद्धम्—अपि+नह्+क्त । भागुरि के मत से अपि के अ का ऐच्छिक लोप होता है । पिधानम्, पिधेहि, पिदधाति रूप होते हैं । शिथिलय—शिथिल+णिच्+लोट्, 'तत्करोति' वार्तिक से णिच् । पयोधर०—पयसः धरः पयोधरः (ष०त०), पयोधरस्य विस्तारः, तस्य हेतुकः (ष०त०), तम् । विस्तारः—वि+√स्तृ+घञ् । उपालभस्व—उप+आ+लभ्+लोट् ।

अन्वयः—स्कन्धदेशे उपहितसूक्ष्मग्रन्थिना स्तनयुगपरिणाहाच्छादिना वल्कलेन अस्याः इदम् अभिनवं वपुः पाण्डुपत्रोदरेण पिनद्धं कुसुमम् इव स्वां शोभां न पुष्यति ॥ १९ ॥

शब्दार्थ—स्कन्धदेशे=कन्धे पर, उपहितसूक्ष्मग्रन्थिना=बँधे हुए महीन गाँठ वाले तथा, स्तनयुगपरिणाहाच्छादिना=दोनों स्तनों के विस्तार को आच्छादित करने वाले, वल्कलेन=वल्कल [वस्त्र] से, अस्याः इदं अभिनवं=

अनसूया—अच्छा । (यह कहकर ढीला कर देती है ।)

प्रियंवदा—(परिहासपूर्वक) इस विषय में स्तनों का विस्तार करने वाले अपने यौवन को उलाहना दो । मुझे क्यों उलाहना दे रही हो ?

राजा—यह ठीक कह रही ।

'कन्धे पर लगायी गयी गाँठ वाले तथा दोनों स्तनों के विस्तार को आच्छादित करने वाले वल्कल से इसका यह नूतन यौवन-सम्पन्न शरीर पीले पत्तों के मध्य भाग से ढके हुए फूल की भाँति अपनी शोभा नहीं धारण कर रहा है ॥ १९ ॥

अथवा काममननुरूपमस्या वपुषा वल्कलं न पुनरलङ्कारश्रियं न पुष्यति। कुतः ?

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं
मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति।

इसका यह नूतन [यौवन सम्पन्न], वपुः=शरीरं, पाण्डुपत्रोदरेण=पीले पत्तों के मध्य भाग से, पिनद्धं=ढके हुए, कुसुममिव=फूल की भाँति, स्वां शोभां=अपनी शोभा को, न पुष्यति=नहीं धारण कर रहा है ॥ १९ ॥

संस्कृत टीका—स्कन्धदेशे=अंसप्रदेशे, उपहितसूक्ष्मग्रन्थिना=उपहितः दत्तः सूक्ष्मः तनुतरः ग्रन्थिः बन्धनं यस्य तादृशेन, स्तनयुगपरिणाहाच्छादिना=स्तनयुगस्य कुचद्वयस्य, यः, परिणाहः-विशालतः, तमाच्छादयतीति तथाभूतेन, वल्कलेन=वल्कलवस्त्रेण, अस्याः=शकुन्तलायाः, इदं=एतत्, अभिनवं वपुः=नवीन यौवनोपेतं शरीरं, पाण्डुपत्रोदरेण=परिणततया पाण्डुवर्णाना दलानाम्, उदरेण [गर्भेण] मध्यभागेन, पिनद्धम्=आच्छादितं, कुसुममिव=पुष्पम् इव, स्वां शोभां=स्वकीयां शान्ति, न पुष्यति=न बिभर्ति ॥ १९ ॥

भावार्थ—स्कन्धप्रदेशे दत्तक्षुद्रग्रन्थिना कुचद्वयविस्ताराच्छादिना वल्कलेन शकुन्तलायाः तारुण्योपेतम् एतत् शरीरं पाण्डुपत्रोदरेण आवृतं पुष्पमिव स्वकीयां शोभां न बिभर्ति, तथा हि—वल्कलावृतदेहतया स्तनपीवरत्वादेरप्रत्यक्षत्वाद् यौवनाविर्भावः प्राग् अप्रतीत आसीदिति भावः ॥ १९ ॥

टिप्पणी—उपहित०—उपहितः सूक्ष्मः ग्रन्थिः यस्य तेन [बहु०]। उप+√धा+हि आदेश। 'ग्रथि कौटिल्ये' से 'सर्वधातुभ्य इन्' सूत्र से इन् प्रत्यय। 'ग्रन्थिर्ना पर्वपरुषी' इत्यमरः। स्कन्ध०—स्कन्धस्य देशे (ष० त०)। स्तन०—स्तनयुगस्य परिणाहम्, आच्छादयतीति, ताच्छील्ये णिनि, परिणाह—परि+नह्+घञ्। पाण्डु०—पाण्डूनां पत्राणाम् उदरेण (त०)। [क] यहाँ पर उपमालङ्कार है। [ख] मालिनी छन्द है ॥ १९ ॥

अन्वयः—शैवलेन अनुविद्धम् अपि सरसिजं रम्यं (भवति), मलिनम् अपि लक्ष्म हिमांशोः लक्ष्मीं तनोति, वल्कलेन अपि इयं तन्वी अधिकमनोज्ञा (अस्ति),

---

अथवा भले ही यह वल्कल इस (शकुन्तला) के शरीर के योग्य नहीं है, तथापि (इसके लिए) यह अलङ्कार की शोभा नहीं कर रहा है—ऐसी बात नहीं है (अपितु अलङ्कारजन्य शोभा कर ही रहा है) क्योंकि—

शैवाल से आच्छादित कमल मनोहर ही होता है, मलिन भी कलङ्क चन्द्रमा की शोभा को बढ़ाता ही है। इसी प्रकार वल्कल वस्त्र से भी यह कृशाङ्गी अधिक

इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी
किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम् ॥ २० ॥

हि मधुराणाम् आकृतीनां किमिव मण्डनं न (भवति) ॥ २० ॥

शब्दार्थ— शैवलेन = सिवाल से, **अनुविद्धमपि** = आच्छादित भी, सरसिजं = कमल, रम्यं = मनोहर (भवति = होता है), **मलिनमपि** = मलिन भी, लक्ष्म = कलङ्क, हिमांशोः = चन्द्रमा की, **लक्ष्मीं** = शोभा को, **तनोति** = बढ़ाता है, वल्कलेन = वल्कल से, अपि = भी, इयं = यह, तन्वी = कृशाङ्गी (शकुन्तला), अधिकमनोज्ञा = अत्यन्त सुन्दर (अस्ति = लग रही है), हि = क्योंकि, मधुराणां = सुन्दर, आकृतीनां = आकृतियों के लिए, किमिव = कौन सी वस्तु, मण्डनम् = अलङ्कार, न = नहीं, (भवति = होती है) ॥ २० ॥

संस्कृत टीका— शैवलेन = जलनील्या, **अनुविद्धमपि** = आवृतमपि, सरसिजं = कमलं, **रम्यं** = मनोहरं (भवति), **मलिनमपि** = कृष्णवर्णं, अपि लक्ष्म = कलङ्कः, चिन्हमिति यावत्, **हिमांशोः** = चन्द्रस्य, **लक्ष्मीं** = शोभां, तनोति = विस्तारयति, वल्कलेनापि = साधारणतरुत्वचापि, इयं = एषा, तन्वी = कृशाङ्गी, शकुन्तला, अधिकमनोज्ञा = अतिमनोहरा, (अस्ति), हि = यतः, **मधुराणां** = मनोहराणां, स्वभावतः सुन्दराणां, **आकृतीनां** = वपुषाम्, किमिव = वस्तु, **मण्डनं** = भूषणम्, न = नहि, (भवति) अपितु सर्वमेव मण्डनं भवतीति विवेकः ॥ २० ॥

भावार्थ—शैवलेन आवृतमपि कमलं कमनीयं भवति, मलिनमपि कलङ्कः चन्द्रस्य शोभां तनोति, वल्कलवस्त्रेणापि एषा कृशांगी शकुन्तला अतिमनोहरा दृश्यते, यतो हि सुन्दराणां आकृतीनां किमिव भूषणं न भवति ? अपितु यावद्-वस्तुमात्रमपि मण्डनं भवतीति भावः ॥ २० ॥

टिप्पणी—शैवलेन—'जलनीली तु शैवालं शैवलम्' इत्यमरः। जले शेते तिष्ठति इति, उणादि सूत्र 'शीङ्ोधुक्लुक्वलञ्वालनः' से सिद्ध होता है। सर-सिजम्—सरसि जातम् इति सरसिजम्, सरसि + √जन् + ड, 'तत्पुरुषे कृति बहुलम्' सूत्र से सप्तमी का अलुक्। लोप होने पर 'सरोजम्'। **अनुविद्धम्**—अनु + √व्यध् + क्त। **रम्यम्**—रम्यतेऽत्र–रम् + यत्। **हिमांशो**—हिमा अंशवो यस्य सः, तस्य। लक्ष्म—लक्षयति—लक्ष् + मनिन, 'कलङ्काङ्कौ लाञ्छनं च चिह्नं

मनोहर प्रतीत हो रही है। भला, सुन्दर आकृतियों के लिए, कौन-सी वस्तु अलङ्कार नहीं बनती ? अर्थात् सभी वस्तु अलङ्कार हो जाती है ॥ २० ॥

अपि च—

कठिनमपि मृगाक्ष्या वल्कलं कान्तरूपं
न मनसि रुचिभङ्गं स्वल्पमप्यादधाति ।
विकचसरसिजायाः स्तोकनिर्मुक्तकण्ठं
निजमिव कमलिन्याः कर्कशं वृन्तजालम् ।। २१ ।।

लक्ष्म च लक्षणम्'—इत्यमरः। **अधिकमनोज्ञा**—अधिकं मनोज्ञा (सुप्सुपा), मनसा जानाति इति मनोज्ञा, मनस्+√ज्ञा+क (कर्तरि), 'सुन्दरम् रुचिरं चारु सुषमं साधु शोभनम्। कान्तं मनोरमं रुच्यं मनोज्ञं मञ्जु मञ्जुलम्'—इत्यमरः। **मधुराणाम्**—मधु माधुर्यं राति अथवा मधु अस्त्यत्र, मधु+रा+क अथवा मधु+र। **मण्डनम्**—मण्ड+ल्युट्। **किमिव**—वाक्यालङ्कारार्थ प्रयुक्त है। 'इवेति ईषदर्थोपमोत्प्रेक्षावाक्यालङ्कारेषु' इति वर्धमानः। (क) १. यहाँ एक ही सामान्य धर्म का तीन चरणों में रम्य, लक्ष्मीविस्तार तथा मनोज्ञ शब्दों द्वारा कथन होने से प्रतिवस्तूपमालङ्कार है। जैसा कि कहा है—'प्रतिवस्तूपमा सा स्याद् वाक्ययोर्गम्यसाम्ययोः। एकोऽपि धर्मः सामान्यो यत्र निर्दिश्यते पृथक्।' (सा०द०)। २. सामान्य द्वारा विशेष का समर्थन होने से 'किमिव हि मधुराणाम्' आदि चतुर्थ चरण में अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है। (ख) मालिनी छन्द है ।। २० ।।

अन्वयः—मृगाक्ष्याः कठिनमपि वल्कलं कान्तरूपं (सत्) विकचसरसिजायाः कमलिन्याः स्तोकनिर्मुक्तकण्ठं कर्कशं निजं वृन्तजालम् इव मनसि स्वल्पमपि रुचिभङ्गं न आदधाति ।। २१ ।।

शब्दार्थ— मृगाक्ष्याः=इस मृगनयनी का, **कठिनमपि**=कठोर भी, वल्कलं=(यह) वल्कलवस्त्र (इसके अंग के साहचर्य से) **कान्तरूपं** (सत्)= कमनीय रूप धारण करता हुआ, **विकचसरसिजायाः**=खिले हुए पद्म-पुष्प वाली, **कमलिन्याः**=कमलिनी के, **स्तोकनिर्मुक्तकण्ठं**=(जल से) थोड़ा बाहर निकले हुए कण्ठ भाग (तक निमग्न) वाले, **कर्कशं निजं वृन्तजालं**=(विकसित कमलिनी का) अपना ही कठोर वृन्तसमूह, **इव**=की तरह, **मनसि**=मन में, **स्वल्पमपि**=थोड़ा भी, **रुचिभङ्गं**=सौन्दर्यभंग, **न आदधाति**=नहीं कर रहा है ।। २१ ।।

और भी—

(इस) मृगनयनी का कठोर भी (यह) वल्कल वस्त्र सुन्दर ही मालूम पड़ता है और यह मन की रुचि में कुछ भी विकार उसी प्रकार उत्पन्न नहीं कर रहा है जैसे जल से कुछ बाहर निकला हुआ एवं खिला हुआ कमलिनी का अपना कर्कश वृन्त-जाल खराब नहीं लगता ।। २१ ।।

शकुन्तला—[अग्रतोऽवलोक्य] **सख्या ! एष वातेरितपल्लवाङ्गुलीभिः किमपि व्याहरतीव मां चूतवृक्षः । तद् यावदेनं सम्भावयामि ।** [सहीओ ! एस वादेरिदपल्लवाङ्गुलीहिं किंपि वाहरेदि विअ मं चुअरुक्खओ । ता जाव णं संभावेमि ।] (इति तथा करोति) ।

प्रियंवदा—हला शकुन्तले ! इहैव मुहूर्त्तकं तिष्ठ । [हला सउन्तले ! इधज्जेव मुहुत्तअं चिट्ठ ।]

संस्कृत टीका— मृगाक्ष्याः=हरिणनयनायाः, शकुन्तलायाः, कठिनमपि=कठोरमपि वल्कलं=तरुत्वग्वस्त्रं, **कान्तरूपं**=रुचिराङ्गसम्पर्केण रमणीयाकारं सत्, **विकचसरसिजायाः**=विकचं=प्रफुल्लं सरसिजं=पद्मपुष्पं यस्यास्तस्याः, **कमलिन्याः**=कमललतायाः, **स्तोकनिर्मुक्तकण्ठं**=स्तोकम्=ईषद् यथा स्यात्तथा, निर्मुक्त=जलसम्पर्कं त्यक्त्वोपर्युत्थितः कण्ठः निजाधोदेशः यस्य तादृशं, **कर्कशं**=कठोरं, **निजं**=स्वकीयं, **वृन्तजालं**=वृन्तसमूह, इव **मनसि**=चेतसि, **स्वल्पमपि**=किञ्चिदपि, **रुचिभङ्गम्**=रुचेः कान्तेः भङ्गं विच्छेदं, **न आदधाति**=न जनयति ॥ २१ ॥

भावार्थ—मृगाक्ष्याः शकुन्तलायाः कठोरमपि वल्कलवस्त्रं रुचिरांग संपर्केण रमणीय एव यथा प्रफुल्लसरसिजायाः कमलिन्याः कण्ठः ईषद् जलसम्पर्कं त्यक्त्वोपर्युत्थितः, स्वकं कठिनमपि वृन्तसमूह चेतसि किञ्चिदपि अनुरागच्युतिं न जनयति ॥ २१ ॥

टिप्पणी—मृगाक्ष्याः—मृगस्य अक्षिणीव अक्षिणी यस्या सा मृगाक्षी (बहु०), समासान्त षच् प्रत्यय, ङीष; **स्तोक०**—निर्मुक्तस्त्यक्तसंपर्के मुक्तकञ्चुकभोगिनीति मेदिनी । (क) यह श्लोक प्रक्षिप्त है । यहाँ श्रौती उपमा है । (ख) मालिनी छन्द है ॥ २१ ॥

संस्कृत टीका—अग्रतः=पुरः, अवलोक्य, आहेति शेषः । **एष, चूतवृक्षः**=आम्रवृक्षः, **वातेन** = वायुना, **ईरिताः** = सञ्चालिताः, **याः पल्लवरूपाः** अङ्गुल्यः=ताभिः, **मां किमपि**=पयोदानायेति भावः, **व्याहरतीव**=कथयतीव । पल्लवांगुलीचालनरूपसंकेतेन पयोदानाय मां स्पष्टमाह्वयतीवेत्यर्थः । **तत्**=तस्मात्, **यावत्**=इत्यवधारणे, **एनं**=चूतवृक्षं, **सम्भावयामि**=पयो दानेन अभिनन्दामि ।

शकुन्तला—(सम्मुख देखकर) सखियो ! यह आम का वृक्ष वायु से हिलती पल्लवरूपी अँगुलियों से जैसे मुझसे कुछ कह-सा रहा है । चलो, तबतक (जलसिञ्चन द्वारा) इसका सत्कार करूँ । (यह कहकर वैसा ही करती है) ।

प्रियंवदा—सखि शकुन्तले ! थोड़ी देर यहाँ ही ठहरो ।

शकुन्तला—किं निमित्तम् ? [कि णिमित्तम् ?]

प्रियंवदा—त्वया समीपस्थितया लतासनाथ इव अयं चूतवृक्ष प्रतिभाति। [तए समीवट्ठिदाए लदासणाधो विअ अअं चूअरुक्खओ पडिहादि।]

शकुन्तला—अत एव त्वं प्रियंवदेति भण्यसे। [अदो ज्जेव तुमं पिअंवद त्ति भणीअसि]।

राजा—अवितथमाह प्रियंवदा। तथाह्यस्याः—

अधरः किसलयरागः कोमलविटपानुकारिणौ बाहू।
कुसुममिव लोभनीयं यौवनमङ्गेषु सन्नद्धम् ॥ २२ ॥

मुहूर्तकं=किञ्चित् कालं, समीपस्थितया=निकटे अवस्थितया, त्वया, अयं चूतवृक्षः, लतासनाथ इव=लतासहचर इव, प्रतिभाति = लक्ष्यते। अत एव=एवमेव, प्रियवचनकथनादेव, प्रियंवदा=प्रियभाषिणी, भण्यसे= गीयसे।

अवितथं = सत्यं, शकुन्तलायां यल्लतासादृश्यं प्रियंवदयाऽऽरोपितं तदव्यभिचारीत्यर्थः। अस्याः=शकुन्तलायाः।

टिप्पणी—वातेरित०—वातेन ईरिताः (तृ०त०), वातेरिताः पल्लवाङ्गुल्यः (पल्लवा एव अङ्गुल्यः) (कर्म०), ताभिः। वाति इति—वा+√तन्, 'नभस्वद्वातपवनपवमानप्रभञ्जनाः' इत्यमरः। ईरिता—ईर+क्त। यहाँ रूपक अलङ्कार है। अथवा रूपकानुप्राणित समासोक्ति और उत्प्रेक्षा की संसृष्टि है। व्याहरति—व्याहार उक्तिरित्यमरः। चूतवृक्षः—आम्रश्चूतो रसालोऽसौ सहकारोऽति सौरभः' इत्यमरः। सम्+√भू+णिच्+लट्—मिप्। लतासनाथः= लतया सनाथः (तृ०त०), 'वल्ली तु व्रततिर्लता' इत्यमरः। प्रियंवदा—प्रियं वदतीति प्रियंवदा, प्रिय+√वद्+खच् (कर्तरि), 'प्रियवशे वदः खच्' सूत्र से खच् प्रत्यय। मुमागम, स्त्रियां टाप्।

अन्वय—अधरः किसलयरागः (अस्ति), बाहू कोमलविटपानुकारिणौ (स्तः), अङ्गेषु कुसुमम् इव लोभनीयं यौवनं संनद्धम् (अस्ति) ॥ २२ ॥

शकुन्तला—किसलिए ?

प्रियंवदा—तुम्हारे पास रहने से यह आम्रवृक्ष लतासनाथ-सा दिखता है।

शकुन्तला—इसीलिए तुम प्रियंवदा (प्रिय बोलने वाली) कही जाती हो।

राजा—प्रियंवदा सच कहती है, क्योंकि इसका—

अधरोष्ठ नवपल्लव के समान लाल है, दोनों बाहें कोमल शाखाओं के सदृश हैं और अङ्गों में फूल के समान लुभावना यौवन व्याप्त है ॥ २२ ॥

अनसूया—हला शकुन्तले ! इयं स्वयंवरवधूः सहकारस्य त्वया कृतनामधेया वनतोषिणीति नवमालिका; एनां विस्मृतासि ? [हला सउन्तुले !

शब्दार्थ—अधरः=अधरोष्ठ, किसलयरागः=पल्लव के समान लाल, (अस्ति=है), बाहू=भुजाएँ, कोमलविटपानुकारिणौ=कोमल शाखाओं के सदृश, (स्तः=हैं), अङ्गेषु=अङ्गों में, कुसुममिव=फूल की तरह, लोभनीयं=चित्ताकर्षक, यौवनं=यौवन, संनद्धम्=व्याप्त, (अस्ति=है) ॥ २२ ॥

संस्कृत टीका—अधरः=अधरोष्ठः, किसलयरागः=पल्लव ताम्रः, बाहू=भुजौ, कोमलविटपानुकारिणौ=मृदुलशाखानुकारिणौ, अङ्गेषु=शरीरावयवेषु, कुसुममिव=पुष्पम् इव, लोभनीयं=चित्ताकर्षकम्, यौवनं=तारुण्यम्, सन्नद्धं=अभिव्याप्तं, स्वात्मना प्रकटीभूतमित्यर्थः, अस्तीति शेषः ॥ २२ ॥

भावार्थ—अस्याः खलु शकुन्तलायाः अधरोष्ठः पल्लवताम्रोऽस्ति, भुजौ मृदुलशाखासदृशौ, शरीरावयवेषु पुष्पमिव चित्ताकर्षकं तारुण्यमभिव्याप्तमस्ति ॥ २२ ॥

टिप्पणी—किसलयरागः—किसलयस्य रागः किसलयरागः (ष० त०), किसलयरागः इव रागो यस्य सः (बहु०)। किसलय—किञ्चित् सलति इति, किम्+√षल् (गतौ)+कयन्। 'पल्लवोऽस्त्री किसलयम्'—इत्यमरः। रागः—रञ्ज्+घञ्। कोमलविटपानुकारिणौ—कोमलयोः-मृदुलयोः विटपयोः स्कन्धोर्ध्वशाखयोः अनुकारिणौ—तत्सदृशौ (ष० त०); साधु अनुकुरुतः इति अनु+√कृ+णिनि साधुकारिणि कर्तरि अनुकारिणौ। यहाँ अनुकरण शब्द सादृश्यवाचक है—'तस्य चानुकरोतीति शब्दाः सादृश्यसूचकाः'—इति दण्डी। लोभनीयम्—√लुभ् [विमोहने]+णिच्+अनीयर् (कर्तरि बाहुलकात्) सन्नद्धम्—सम्+√नह्+क्त (कर्तरि)। (क) १. शकुन्तला की तुलना लता से होने के कारण उपमालङ्कार है। २. 'अधरः किसलयरागः' में समासगावाचक लुप्तोपमा है। (ख) यहाँ पदोच्चय नामक नाटकीय लक्षण है—'संचयोऽर्थानुरूपो यः स पदानां पदोच्चयः' (सा०द० ६.१८०)। (ग) आर्या छन्द है ॥ २२ ॥

संस्कृत टीका—हलेति। इयं, सहकारस्य=आम्रवृक्षस्य, स्वयंवरवधू=स्वयंवर-प्राप्ता स्त्री, वनतोषिणी=आश्रमोद्यानं तोषयति-सौरभ्येणानन्दयतीति, इति=इत्थम्, त्वया=शकुन्तलया, कृतनामधेया=कृतं विहित नामधेयं नाम यस्याः सा, नवमालिका=लताप्रभेदः। एनां=नवमालिकां, विस्मृतवती।

अनसूया—सखि शकुन्तले ! यह नवमालिका, जिसका नाम तुमने 'वनतोषिणी' रक्खा था, इस आम्रवृक्ष की स्वयंवर (अपने आप वर पसन्द करने वाली) वधू है। क्या तुमने इसे भूल गयी ?

इअं सअंबरवहु सहआरस्स तुए किदणामहेआ वनदोसिणी त्ति णोमालिआ णं विसुमरिदासि ?]

शकुन्तला—**तत आत्मनामपि विस्मरिष्यामि।** (लतामुपेत्य अवलोक्य च) **हला ! रमणीयः खलु कालः अस्य पादपमिथुनस्य रतिकरः संवृत्तः। येन नवकुसुमयौवना नवमालिका, अयमपि बहुफलतया उपभोगक्षमः सहकारः।** [तदो अत्ताणंपि विसुमरिस्सं। हला ! रमणीओ क्खु कालो इमस्स पादकमिहुणस्स रदिअरो संवुत्तो। जेण णवकुसुमजोव्वणा णोमालिआ अअं पि बहुफलदाए उअभोअक्खमो सहआरो।] (इति पश्यन्ती तिष्ठति)।

ततः=तर्हि, मया नवमालिकाविस्मरणे कृते सतीत्यर्थः। आत्मनं=स्वस्वरूपमपि, विस्मरिष्यामि।

लतां=(पूर्वोक्तां) नवमालिकां, **उपेत्य**=प्राप्य, **अवलोक्य**=दृष्ट्वा, अस्य, पादपमिथुनस्य=नवमालिकासहकारयोः, पादपशब्दस्य तरुलतासाधारण्यात्, रमणीयः=मनोहरः, कालः=समयः, रतिकरः=प्रेमवर्धकः, सुरतयोग्यश्च, संवृत्तः=संजातः।

येनेति। येन=यतः, नवमालिका=वनतोषिणी, **नवकुसुमयौवना**=नवं कुसुमं पुष्पं स्त्रीपक्षे रजश्च यस्मिन् तथाभूतं यौवनं तारुण्यं यस्याः सा तादृशी, अयं सहकारः अपि, बहुफलतया=बहूनि फलानि आम्राणि, पुरुषपक्षे रेतांसि यस्य तस्य भावस्तया, उपभोगक्षमः=लोकै सेव्यः, पुरुषपक्षे संभोगसमर्थः। **पश्यन्ती**=साभिलाषमवलोकयन्ती, तिष्ठति।

टिप्पणी—स्वयंवरवधू—स्वयं वृणोतीति स्वयंवरा, स चासौ वधूः (कर्म०)। १. स्वयं-आत्मना व्रियते इति, स्वयं+√वृ+घ, अधिकरणे संज्ञायाम्, 'पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण'=स्वयंवरः, तत्र पधू, अथवा, २. स्वयं वृणीते इति, स्वयं+√वृ+खच् (कर्तरि)+टाप्। सहकारस्य–सहकारयति मेलयति द्वन्द्वम्–सह+√कृ+णिच्+अण्=सहकारः, तस्य। प्रियजनों को मिलाने के कारण इसे सहकार कहते हैं। कृतनामधेया—कृतं नामधेयं यस्या सा (बहु०); नाम एव इति नामधेयम्, नामन्+धेय (स्वार्थे)। विस्मृता—वि+√स्मृ+क्त (कर्तरि)+टाप्। रम-

---

शकुन्तला—तब तो मैं अपने आप को भी भूल जाऊँगी। (लता के समीप जाकर और उसे देखकर) सखि ! इन दोनों वृक्षों के जोड़े का अनुराग बढ़ाने वाला यह सुहावना समय आ गया है क्योंकि नवमालिका नवीनकुसुमरूपी यौवन से सम्पन्न है और यह सहकार भी बहुत फलों से लदे रहने के कारण उपभोग के योग्य है (इस प्रकार कहकर देखती हुई खड़ी रह जाती है)।

प्रियंवदा—(सस्मितम्) **अनसूये ! जानासि किं निमित्तं शकुन्तला वनतोषिणीमतिमात्रं प्रेक्षत इति ।** [अणसूए ! जाणासि किं णिमित्तं सउन्तला वणदोसिणीं अदिमेत्तं पेक्खदि त्ति ।]

अनसूया—न खलु विभावयामि, तत् कथय मे । [ण क्खु विभावेमि, ता कधेहि मे ।]

प्रियंवदा—यथा वनतोषिणी अनुरूपेण पादपेन सङ्गता, तथा अहमपि आत्मनः अनुरूपं वरं लभेय इति । [जह वणदोसिणी अणुरूवेण पादवेण सङ्गदा, तह अहंपि अत्तणो अणुरूवं वरं लहेअं त्ति ।]

णीयः—रमयति इति √रम्+अनीयर् (कर्तरि, बाहुलकात्) । **पादपमिथुनस्य**—पादपयोः वृक्षयोः मिथुनं द्वन्द्वम् (ष० त०), तस्य । **नवकुसुमयौवना**—नवं कुसुमम् (कर्म०), तदेव तद्रूपं वा यौवनं यस्याः सा (बहु०), 'कुसुमं स्त्रीरजः पुष्पम्' इति त्रिकाण्डशेष । **बहुफलतया**—बहूनि फलानि यस्य सः (बहु०) तस्य भावः तत्ता, तया । 'लाभनिष्पत्तिभोगेषु फले बीजे धने फलम्'—इति यादवः । **उपभोगक्षमः**—उप+भुज्+घञ् (भावे)=उपभोगः, तस्य क्षमः (ष० त०) । (क) यहाँ लता एवं वृक्ष में नायक-मायिका के व्यवहार का समारोप होने से समासोक्ति अलङ्कार है । (ख) श्लिष्ट लक्षण चरितार्थ होने से शोभा नामक नाटकीय लक्षण है—'सिद्धैरर्थैः समं यत्राप्रसिद्धोऽर्थः प्रकाशते । श्लिष्टलक्षणचित्रार्था सा शोभेत्यभिधीयते' (सा०द०) । **पश्यन्ती**—यह शकुन्तला का प्रथम चित्तविकाररूप भाव है—'निर्विकारात्मके चित्ते भावः प्रथमविक्रिया' (सा०द०) ।

संस्कृत टीका— अतिमात्रम्=मुहुर्मुहुः अत्यर्थम्, प्रेक्षाते=पश्यति ।

न खल्वेति । न खलु=न नूनं, विभावयामि=अवधारयामि, तन्निमित्तमिति भावः ।

यथेति । यथा=यद्वत्, वनतोषिणी, **अनुरूपेण**=आत्मसदृशेन, रूपादिगुणैः सदृशेन, पादपेन=वृक्षेण सहकारेण, **सङ्गता**=सम्मिलिता, तथा, अहमपि आत्मनः अनुरूपं=रूपादिगुणैः सदृशम्, **वरं**=भर्तारं, **लभेय**=लब्धुं शक्नुयाम । इति=अस्मात् कारणात्, अतिमात्रं प्रेक्षते—इति विवेकः ।

प्रियंवदा—(मुस्कुराती हुई) अनसूया ! तुम जानती हो कि शकुन्तला वनतोषिणी को अत्यधिक क्यों देख रही है ?

अनसूया—मैं निश्चित ही नहीं जानती हूँ । इसलिए मुझे बताओ ।

प्रियंवदा—जैसे वनतोषिणी अपने अनुरूप वृक्ष से सङ्गमित हो गयी है उसी तरह मैं भी अपने अनुरूप वर को पाऊँ, इसीलिए ।

शकुन्तला—एष ते आत्मनश्चित्तगतो मनोरथः। [एस दे अत्तणो चित्तगदो मणोरहो]। (इति कलशमावर्जयति)।

अनसूया—हला शकुन्तले! इयं तात कण्वेन त्वमिव स्वहस्तेन संवर्द्धिता माधवीलता, तत् कथमिमां विस्मृतासि? [हला सउन्तले! इअं तादकण्णेण तुमं विअ सहत्थेण संवड्ढिदा माहवीलदा, ता कधं इमं विसुमरिदासि?]

शकुन्तला—तत आत्मानमपि विस्मरिष्यामि। (लतामुपेत्यावलोक्य च सहर्षम्) आश्चर्यमाश्चर्यम्! प्रियंवदे! प्रियं ते निवेदयामि। [तदो अत्ताणंपि विसुमरिस्सं। अच्चरीअं अच्चरीअं, पिअंवदे! पिअं दे णिवेदेमि।]

प्रियंवदा—सखि! किं मे प्रियम्? [सहि! किं मे पिअं?]

एष इति। चित्तगतः=मनसि स्थितः, मनोरथः=अभिलाषः, न तु ममेति भावः। कलशं=सेचनघटं, आवर्जयति=जलदानाय किञ्चित् अधोमुखं करोति, सिञ्चतीत्यर्थः।

टिप्पणी—अतिमात्रम्—अतिक्रान्ता मात्रा यस्मिन् तत् [प्रा० बहु०] विभावयामि=वि+√भू+णिच्+लट्+मिप्। अनुरूपेण—रूपस्य योग्यम् अनुरूपम् (अव्य०)। चित्तगतः—चित्तं गतः चित्तगतः। आवर्जयति—आ+√वृज्+णिच्+लट्+तिप्।

संस्कृत टीका—हलेति। माधवीलता=वासन्तीलता, इमाम्=लतां विस्मृतासि=जलं दातुमिति भावः।

ततेति। आत्मानमपि विस्मरिष्यामि=यथा मम आत्मा हिताहितविषये सततम् अविस्मरणीयः तथेयमपि अविस्मरणीयेति भावः। मे=मम, प्रियम्=

शकुन्तला—यह तो तुम्हारे अपने मन का मनोरथ है (ऐसा कहते हुए घड़े से पानी डालती है]।

अनसूया—सखि शकुन्तले! इस माधवीलता को पिता कण्व ने तुम्हारी तरह अपने हाथ से (सींच कर) बढ़ाया है तो तुम इसे कैसे भूल गयी?

शकुन्तला—तब तो मैं अपने को भी भूल जाऊँगी (लता के पास जाकर और उसे देखकर हर्ष के साथ) आश्चर्य है, आश्चर्य। प्रियंवदा! मैं तुम्हें प्रिय लगने वाली बात कहती हूँ।

प्रियंवदा—सखि! मुझे प्रिय लगने वाली कौन-सी बात है?

शकुन्तला—असमये खल्वेषा आमूलात् मुकुलिता माधवीलता। [असमए क्खु एसा आमूलादो मुउलिदा माहवीलदा।]

उभे—(सत्वरमुपगम्य) **सखि ! सत्यं सत्यम् ?** [सहि ! सच्चं सच्चं ?]

शकुन्तला—सत्यं किं न प्रेक्षेथे। [सच्चं किं ण पेक्खध।]

प्रियंवदा—(सहर्षं निरूप्य) **सखि ! तेन हि प्रतिप्रियं निवेदयामि।** [सहि ! तेण हि पडिप्पिअं दे णिवेदेमि।]

शकुन्तला—किं मे प्रतिप्रियम् ? [किं मे पडिप्पिअं ?]

प्रियंवदा—आसन्नपाणिग्रहणासि त्वम्। [आसण्णपाणिग्गहणासि तुमं।]

शकुन्तला—(सासूयमिव) **एष ते आत्मनश्चित्तगतो मनोरथः, तन्न ते वचनं श्रोष्यामि।** [एस दे अत्तणो चित्तगदो मणोरहो, ता ण दे वअणं सुणिस्सं।]

प्रियकरं, यत्त्वं निवेदयसीति शेषः।

असमये=पुष्पोद्गमायोग्ये काले, ग्रीष्मर्तौ इति शेषः। मुकुलिता=जातमुकुलोद्भेदा। सत्वरं=शीघ्रं, न प्रेक्षेथे=न पश्यथः।

आसन्नपाणिग्रहणासि=आसन्नं—सन्निहितं पाणिग्रहणं — विवाहो यस्याः तादृशी असि त्वमिति शेषः। सासूयमिव=असूयया सहितं यथा स्यात् यथा, भ्रुकुट्यादिना बहीरोषं सूचयित्वेवेत्यर्थः। आत्मनः=स्वस्यैव, एषः=पाणिग्रहणरूपः, मनोरथः =अभिलाषः, न तु ममेति भावः। तत्=तस्मात्, न ते=तव, वचनं श्रोष्यामि। सखीति। परिहासेन=लीलाकरणच्छलेनेत्यर्थः, न भणामि= न कथयामि।

शकुन्तला—यह माधवीलता असमय में ही मूल भाग से लेकर अन्त तक मुकुलित हो गयी।

दोनों—(शीघ्र समीप जाकर) सखि ! सच है सच ?

शकुन्तला—सच क्या कहूँ, देखती नहीं हो ?

प्रियंवदा—(सहर्ष देखकर) सखि ! तो मैं भी तुम्हें प्रिय लगने वाली बात कहती हूँ।

शकुन्तला—मेरे लिए कौन-सी प्रिय बात है।

प्रियंवदा—शीघ्र ही तुम्हारा विवाह होने वाला है।

शकुन्तला—(असूया सहित) यह तुम्हरे अपने मन का मनोरथ है। तब मैं तुम्हारी बात न सुनूँगी।

प्रियंवदा—**सखि ! न खलु ते परिहासेन भणामि, श्रुतं मया तातकण्वस्य मुखात् तव कल्याणसूचकम् एतन्निमित्तमिति।** [सहि ! ण क्खु परिहासेण भणामि, सुदं मए तादकण्णस्स मुहादो तुहकल्लाणसूअअं एदं णिमित्तं त्ति।]

अनसूया—**हला प्रियंवदे ! अत एव सस्नेहा शकुन्तला माधवीलतां सिञ्चति।** [हला पिअंवदे ! अदो ससिणेहा सउन्तला माहवीलदां सिञ्चदि।]

शकुन्तला—**यतो भगिनि मे भवति, ततः किमिति न सिञ्चामि।** [जदो बहिणी मे भोदि, तदो किं त्ति ण सिञ्चेमि।] (इति कलशमावर्जयति)।

राजा—**अपि नाम कुलपतेरियमसवर्णक्षेत्रसम्भवा भवेत् ? अथवा**

तातकण्वस्य = पितुः कण्वस्य मुखात् श्रुतम्, कल्याणसूचकम् = कल्याणस्य—शुभस्य त्वत्पाणिग्रहणात्मकस्य सूचकं—परिचायकम् पाणिग्रहणरूप-शुभनिवेदकमित्यर्थः, एतत् = असामयिकमाधवीलतामुकुलरूपं, निमित्तं= लक्षणम्।

हलेति। अत एव=असमये मुकुलोद्गमेन तस्याः पाणिग्रहणरूपमङ्गलज्ञापका-देवेत्यर्थः। यतः=यस्मात् कारणात्, भगिनी=एककण्वपरिवर्द्धितत्वाद् भगिनीरूपेत्यर्थः, माधवीलतेति शेषः। आवर्जयति=जलसिञ्चनायाधोमुखं करो-तीत्यर्थः।

अपि नाम=किमिदं सम्भावितम्, यत् इयम्=एषा शकुन्तला, कुलपतेः= अयुतशिष्यपोषकस्य कण्वस्य, असवर्णम्=असमानं क्षत्रियादि, क्षेत्रं—कलत्रं, तत्र सम्भवः जन्म यस्याः सा तथोक्ता, भवेत्=स्यात्। पूर्वोक्तं आक्षिपति—अथवेति।

प्रियंवदा—सखि ! यह मैं परिहास नहीं कर रही हूँ। मैंने तात कण्व के मुख से सुना था कि यह [माधवीलता का मुकुलित होना रूप शकुन] तुम्हारे कल्याण का सूचक है।

अनुसूया—सखि प्रियंवदे ! इसीलिए शकुन्तला माधवी लता को स्नेह के साथ सींचती है।

शकुन्तला—जब यह मेरी बहन होती है तो मैं इसे क्यों न सींचू ? (यह कहकर घड़ा उडेलती है)।

राजा—क्या यह सम्भव है कि यह [शकुन्तला] कुलपति कण्व की असवर्ण [ब्राह्मणेतर] पत्नी से उत्पन्न हुई हो ? अथवा सन्देह करने की आवश्यकता नहीं

कृतं सन्देहेन—

> असंशयं क्षत्रपरिग्रहक्षमा यदार्यमस्यामभिलाषि मे मनः।
> सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः॥ २३॥

सन्देहेन=आशङ्कया, कृतम्=अलम्, सन्देहो न कार्य इत्यर्थः।

टिप्पणी—संवर्धिता—सम्+√वृध्+णिच्+क्त=टाप्। आमूलात्—'मूलं बुघ्नोऽङ्घ्रिनामकः' इत्यमरः। 'पञ्चम्यपाङ्परिभिः' सूत्र से पञ्चमी हुई है। मुकुलिता—मुकुलानि सञ्जातानि अस्याः इति, मुकुल+इतच् (तारकादित्वादितच्)। आसन्नपाणिग्रहणा—आसन्नं पाणिग्रहणं यस्याः सा (बहु०)। सस्नेहा—स्नेहेन प्रेम्णा सहिता इति सस्नेहा (बहु०) सह का सादेश। अपि नाम—यह सम्भावनार्थक अव्यय है—'गर्हासमुच्चयप्रश्नशङ्कासम्भावनास्वपि'—इत्यमरः। असवर्णक्षेत्रसम्भवा—समानो वर्णो यस्य तत् सवर्णम् (बहु०) ('ज्योतिर्जनपद०' सूत्र से समान का सादेश), न सवर्णम् असवर्णम् (नञ्० त०), असवर्णं क्षेत्रम् (कर्म०), असवर्णक्षेत्रात् सम्भवो यस्याः सा (बहु०)। सम्+√भू+अप्=सम्भवः। 'क्षेत्रं पत्नीशरीरयोः' इत्यमरः। प्राचीन काल में ब्राह्मण को सभी वर्णों की कन्या से और क्षत्रिय को ब्राह्मणेतर कन्या से विवाह का अधिकार था—'शूद्रस्य भार्या शूद्रैव सा च स्वा च विशः स्मृते। ते च स्वा च क्षत्रियस्य ताश्च स्वा चाग्रजन्मनः' [मनु० ३।१३]। अतः मुनि कण्व की यदि ब्राह्मणेतर स्त्री से यदि शकुन्तला उत्पन्न होगी तभी दुष्यन्त का विवाह हो सकता है। यही राजा सोंच रहे हैं। कृतं सन्देहेन—यहाँ 'गम्यमानापि क्रिया कारकविभक्तौ प्रयोजिका' से तृतीया हुई है।

अन्वय—असंशयम् [इयम्] क्षत्रपरिग्रहक्षमा [अस्ति], यत् मे आर्यं मनः अस्याम् अभिलाषि [अस्ति]। हि सन्देहपदेषु वस्तुषु सताम् अन्तःकरणप्रवृत्तयः प्रमाणम्॥ २३॥

शब्दार्थ—असंशयम्=निःसन्देह, [इयं=यह शकुन्तला], क्षत्रपरिग्रहक्षमा=क्षत्रिय के द्वारा [पत्नी के रूप में] स्वीकार करने योग्य, [अस्ति=है], यत्=क्योंकि, मे=मेरा, आर्यं=श्रेष्ठ, मनः=मन, अस्यां=इस [शकुन्तला]

है, क्योंकि—

निःसन्देह (यह) क्षत्रिय के द्वारा भार्या के रूप में स्वीकार करने योग्य है, क्योंकि मेरा श्रेष्ठ मन इस (शकुन्तला) में अभिलाष से युक्त है, अर्थात् चाहता है, क्योंकि सन्देहास्पद वस्तुओं के विषय में सज्जनों के अन्तःकरण की प्रवृत्तियाँ ही प्रमाण होती है॥ २३॥

में, अभिलाषि=अभिलाषा से युक्त, [अस्ति=है], हि=क्योंकि, सन्देहपदेषु=संदेहास्पद, वस्तुषु=वस्तुओं में, सतां=सज्जनों की, अन्तःकरणप्रवृत्तयः=अन्तकरण की प्रवृत्तियाँ (ही), प्रमाणम्=प्रमाण होती हैं ॥ २३ ॥

संस्कृत टीका—असंशयम्=निःसन्देहम्, इयम्, क्षत्रपरिग्रहक्षमा=क्षत्रस्य क्षत्रियस्य परिग्रहस्य पत्नीत्वेन ग्रहणस्य क्षमा योग्या, अस्ति, यत्=यस्मात्, मे=मम, कुलीनस्य, आर्यं=श्रेष्ठम्, मनः=चित्तम्, अस्यां=शकुन्तलायां, अभिलाषि=सस्पृहम्, साभिलाषं [अस्ति] हि=यतो हि, सन्देहपदेषु=सन्देहस्य संशयस्य पदेषु–स्थानेषु, वस्तुषु=विषयेषु, सतां=पवित्रात्मनाम्, सज्जनानाम्, अन्तःकरणप्रवृत्तयः=अन्तःकरणस्य-मनसः प्रकृष्टाः वृत्तयः—प्रवर्तनानि, प्रवर्तननिवर्तनलक्षणा व्यापाराः, प्रमाणम्=निर्णायकम्, निर्णयहेतुः ॥ २३ ॥

भावार्थ—राजा कथयति—निःसन्देहम् इयं शकुन्तला क्षत्रियग्रहणयोग्या। यस्मात् मम कुलीनस्य पवित्रं चित्तं अस्यां शकुन्तलायां साभिलाषम् अस्ति। यतो हि संशयास्पदेषु विषयेषु सज्जनानाम् अन्तःकरणप्रवृत्तयः निर्णायकं भवति ॥ २३ ॥

टिप्पणी—असंशयम्—अविद्यमानः संशयः यस्मिन् तत् यथा स्यात् तथा (नञ् बहु०), सम्+√शी+अच् [भावे]=संशयः। क्षत्रपरि०—क्षत्रस्य परिग्रहः, तस्य क्षमा [त०]। 'क्षत्रं क्षत्रियराजन्यौ'—इति नाममाला, 'परिग्रहः परिजने पत्न्यां स्वीकारमूलयोः' इति विश्वः। परि+√ग्रह्+घञ्=परिग्रह। अभिलाषि—अभि+√लष्+णिनि [इन्] 'सुप्यजातौ णिनिः०' सूत्र से ताच्छील्य अर्थ में णिनि। सताम्—अस्+शतृ+षष्ठी बहु०। सन्देहपदेषु—सन्देहस्य पदेषु [ष० त०], सम्+दिह्+घञ्=सन्देह। अन्तःकरण—अन्तःकरणस्य प्रवृत्तयः [ष० त०], क्रियते अनेन इति करणम्—√कृ+ल्युट् [करणे]। करणम्—इन्द्रियम्। अन्तस्थं करणम् इति अन्तःकरणम् [मध्यपद०], तस्य प्रवृत्तयः [ष० त०]। सन्देहास्पद विषयों में मन की वृत्तियाँ ही प्रमाण होती हैं जैसा कि मनु ने कहा है—'वेदोऽखिलोधर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्। आचारश्चैव साधूनामात्मनातुष्टिरेव च।' (मनु० २.६)। प्रमाणम्—प्र+मा+ल्युट् (अन) यह शब्द नपु० लिङ्ग एक० ही रहता है अतः बहु० के साथ भी एक० प्रयुक्त है। [क] १. इस श्लोक में 'सन्देहपदेषु वस्तुषु' में पुनरुक्तवदाभास अलङ्कार है। २. उत्तरार्ध सामान्य के द्वारा पूर्वार्ध विशेष का समर्थन होने से अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है। ३. द्वितीय चरण प्रथम का कारण है अतः काव्यलिङ्ग है। ४. मेरे परिग्रह के योग्य है यह न कहकर 'क्षत्रपरिग्रहक्षमा' यह सामान्य कथन होने से अप्रस्तुतप्रशंसा है। [ख] १. इस श्लोक में 'परिन्यास' नामक मुखसन्धि का अङ्ग

तथापि तत्त्वत एवैनामुपलप्स्ये ।

शकुन्तला—(ससम्भ्रमम्) **अम्मो ! सलिलसेकसम्भ्रमोद्गतो नवमालिकामुज्झित्वा बदनं मे मधुकरोऽभिवर्तते ।** [अम्मो ! सलिअसेअसम्भवुग्गदो णोमालिअं उज्झिअ वअणं मे महुअरो अहिवट्टदि ।] (इति भ्रमरबाधां नाटयति) ।

है—'तन्निष्पत्ति परिन्यासः' [सा० द० ६.८४] । २. दशरूपक में इसे अभिलाष के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है । (ग) वंशस्थ वृत्त है ॥ २३ ॥

संस्कृत टीका—**तथापि**=अन्तःकरणप्रवृत्तिप्रमाणेन निश्चितेऽपि, **तत्त्वतः**=यथार्थतः, **एनां**=शकुन्तलाम्, **उपलप्स्ये**=ज्ञास्यामि । सखीनां मुखादस्या यथावस्थितिमवगमिष्यामीत्यर्थः ।

ससंभ्रमं=सोद्वेगं, **अम्मो**=इति विस्मये, **सलिलसेकसम्भ्रमोद्गतः**=जलसेचनेन यः त्वरा, तेन उद्गतः उड्डीनः, **मधुकरः**=भ्रमरः, नवमालिकाम्, **उज्झित्वा**=त्यक्त्वा, **मे**=मम, **वदनम्**=मुखम्, **अभिवर्तते**=लक्षीकृत्यागच्छतीत्यर्थः । भ्रमरस्य, **बाधां**=निराकरणम्, **नाटयति**=अभिनयति ।

टिप्पणी—**अम्मो !**—'विस्मये दुःसहे अम्मो नित्यं स्त्रीभिः प्रयुज्यते' [भरत] । सलिलसेक०—सलिलस्य सेकः [ष० त०], तस्मात् सम्भ्रमः (सहसुपा०), तस्मात् उद्गतः + सिच् + घञ् = सेक । उत् + √गम् + क्त = उद्गतः । मधुकरः—मधु करोति तच्छीलः, मधु + कृ + ट । 'मधुव्रतो मधुकरो मधुलिण्मधुपालिनः । द्विरेफपुष्पलिड्भृङ्गषट्पदभ्रमरालयः'—इत्यमरः । **अभिवर्तते**—'अभिरभागे' सूत्र से अभि के कर्मप्रवचनीय होने से वदनम् में द्वितीया हुई है । [क] मुख को कमल समझकर भ्रमर का उसकी ओर उड़ना पद्मिनी नायिका का सूचक है—'भवति कमलनेत्रा नासिका क्षुद्ररन्ध्रा, अविरलकुचयुग्मा दीर्घकेशी, कृशाङ्गी । मृदुवचनसुशीला नृत्यगीतानुरक्ता, सकलतनुसुवेशा पद्मिनी पद्मगन्धा' (रतिमञ्जरी) । भ्रमरबाधां—भ्रमरस्य बाधा, ताम् । भ्रमतीति भ्रमरः—भ्रम + करन्, 'भ्रमरः कामुके भृङ्गे' इति मेदिनी । 'पीडा बाधा व्यथा दुःखमामनस्यं प्रसूतिजम्'—इत्यमरः ।

फिर भी यथार्थ रूप से इस (शकुन्तला) का पता लगाऊँगा ।

शकुन्तला—(घबराहट के साथ) ओह, जल के सींचने से उत्पन्न भय से ऊपर को उड़ता हुआ (यह) भौंरा नवमालिका को छोड़कर मेरे मुख की ओर आ रहा है ।

(ऐसा कहकर भौंरे से पीड़ित का सा अभिनय करती है ।)

राजा—(सस्पृहं विलोक्य) साधु बाधनमपि रमणीयमस्याः ।

यतो यतः षट्चरणोऽभिवर्त्तते ततस्ततः प्रेरितवामलोचना ।
विवर्त्तितभ्रूरियमद्य शिक्षते भयादकामापि हि दृष्टिविभ्रमम् ॥ २४ ॥

सस्पृहम्—स्पृहया सहितम् (अव्य०), स्पृह् + अङ् + टाप् = स्पृहा । 'इच्छा काङ्क्षा स्पृहेहा तृड्वाञ्छा लिप्सा मनोरथः'—इत्यमरः ।

अन्वय—हि यतः यतः षट्चरणः अभिवर्तते, ततः ततः प्रेरितवामलोचना विवर्तितभ्रूः इयं भयात् अकामा अपि अद्य दृष्टिविभ्रमं शिक्षते ॥ २४ ॥

शब्दार्थ— हि = क्योंकि, यतः यतः = जिधर-जिधर, षट्चरणः = भौंरा, अभिवर्तते = जाता है, ततः ततः = उधर-उधर, प्रेरितवामलोचना = सुन्दर नेत्रों को घुमाने वाली, विवर्तितभ्रूः = भौंहों को तानने वाली, इयं = यह (शकुन्तला), भयात् = भय के कारण, अकामा अपि = काम-भावना के बिना भी, अद्य = आज, दृष्टिविभ्रमं = कटाक्षपात को, शिक्षते = सीख रही है ॥ २४ ॥

संस्कृत टीका—हि = यस्मात्, यतः यतः = यस्यां यस्यां दिशि, षट्चरणः = भ्रमरः, अभिवर्तते = अनुधावति, (अस्या मुखं लक्षीकृत्य भ्रमतीत्यर्थः), ततः ततः = तस्यां तस्यां दिशि, प्रेरितवामलोचना = प्रेरिते—चलिते वामे सुन्दरे, लोचने–नयने यया सा तथोक्ता, विवर्तितभ्रूः = विवर्तिते—प्रतिक्षणं परिवर्तिते भ्रुवौ दृग्भ्याम् ऊर्ध्वभागौ यया तादृशी, इयं = शकुन्तला, भयात् = भीत्या, अकामा अपि = कामभावशून्याऽपि अद्य = अधुना, दृष्टिविभ्रमं = कटाक्ष निक्षेपम् दृग्विलासं, शिक्षते = अभ्यस्यति ॥ २४ ॥

भावार्थ—यस्मात् भ्रमरः यस्यां यस्यां दिशि अनुधावति, तस्यां तस्यां दिशि चालितसुन्दरनयना, परिवर्तितभ्रूः एषा शकुन्तला भीत्या कामभावशून्याऽपि अद्य दृग्विलासम् अभ्यसितुं प्रवर्तते इवेत्यर्थः ॥ २४ ॥

टिप्पणी—यतो यतः—यहाँ 'इतराभ्योऽपि दृश्यते [५.३.१४] सूत्र से सप्तमी के अर्थ में तसिल् (तः) है । षट्चरणः—षट् चरणा यस्य सः (बहु०) । प्रेरितवाम०—वामे लोचने (कर्म०), प्रेरिते वामलोचने यया सा (बहु०) । अकामा—नास्ति कामः यस्याः विवर्तितभ्रूः—विवर्तिता भ्रूः यया सा (बहु०) ।

राजा—(स्पृहा (लालसा) के साथ देखकर) वाह ! [भ्रमर] को हटाने की चेष्टा भी कितनी सुन्दर है ।

क्योंकि जिधर-जिधर (यह) भ्रमर जाता है, उधर-उधर सुन्दर नेत्रों को घुमाने वाली और भौंहों को तानने वाली यह (शकुन्तला) भय के कारण काम-भावना के बिना भी, आज कटाक्षपात सीख रही है ॥ २४ ॥

अपि च—[सासूयमिव]—

चलापाङ्गां दृष्टिं स्पृशसि बहुशो वेपथुमतीं
रहस्याख्यायीव स्वनसि मृदुकर्णान्तिकचरः ।
करं व्याधुन्वत्याः पिबसि रतिसर्वस्वमधरं
वयं तत्त्वान्वेषान्मधुकर ! हतास्त्वं खलु कृती ॥ २५ ॥

सा [नञ् बहु०] दृष्टि०—दृष्टेः विभ्रमम् [त०], √दृश्+क्तिन्=दृष्टि [क] विभावना अलङ्कार है क्योंकि 'कटाक्ष के सीखने' में कारण के बिना भी कार्य हो रहा है। [ख] वंशस्थ छन्द है ॥ २४ ॥

अन्वयः—(हे) मधुकर, (त्वं) चलापाङ्गां वेपथुमतीं दृष्टिं बहुशः स्पृशसि, रहस्याख्यायी इव कर्णान्तिकचरः (सन्) मृदु स्वनसि, करौ व्याधुन्वत्याः रतिसर्वस्वम् अधरं पिबसि, वयं तत्त्वान्वेषात् हताः, त्वं खलु कृती ॥ २५ ॥

शब्दार्थ—(हे) **मधुकर**=हे भ्रमर, (त्वं=तुम), **चलापाङ्गां**=चञ्चल प्रान्त भाग वाले, **वेपथुमतीं**=कांपते हुए, **दृष्टिं**=नेत्रों का, **बहुशः**=बार-बार, **स्पृशसि**=स्पर्श कर रहे हो, **रहस्याख्यायी इव**=रहस्य की बातों को कहने वाले के समान, **कर्णान्तिकचरः** [सन्]=कान के पास विचरण करते हुए, **मृदु**=मधुर, **स्वनसि**=गुञ्जार कर रहे हो, **करौ**=हाथों को, **व्याधुन्वत्याः**=हिलाती हुई शकुन्तला के, **रतिसर्वस्वम्**=प्रेम के सर्वस्वभूत, **अधरं**=अधर का, **पिबसि**=पान कर रहे हो, **वयं**=हम, **तत्त्वान्वेषात्**=तत्त्व के खोजने के कारण, **हताः**=मारे गये, **त्वं**=तुम, **खलु**=वस्तुतः, **कृती**=कृतकृत्य हो गये ॥ २५ ॥

संस्कृत टीका—हे **मधुकर**=हे मधुप, त्वं **चलापाङ्गां**=चलौ चपलौ अपाङ्गौ नेत्रान्तभागौ यस्याः ताम्, **वेपथुमतीं**=कम्पमानाम्, **दृष्टिं**=नेत्रम्, **बहुशः**=बहुवारम्, **स्पृशसि**=स्पर्शं करोषि चुम्बसीत्याशयः। **रहस्याख्यायी इव**=रहस्यं गोप्यम् आख्यातुं वक्तुं शीलमस्य स इव, **कर्णान्तिकचरः**=श्रवण-समीपगः सन्, **मृदु**=मधुरम्, **स्वनसि**=गुञ्जसि। **करौ**=हस्तौ, **व्याधुन्व-**

और भी, [असूया के साथ]—

हे भ्रमर ! [तुम] चञ्चल प्रान्त भाग वाले काँपते हुए नेत्रों का पुनः पुनः स्पर्श (चुम्बन) कर रहे हो, गुप्त बात को कहने वाले के समान कान के समीप विचरण करते हुए मधुर गुञ्जार कर रहे हो, (अपने) हाथों को हिलाती हुई (शकुन्तला) के प्रेम के सर्वस्वभूत अधर का पान कर रहे हो, हम (तो) तत्त्व (तथ्य) के खोजने के कारण मारे गये, तुम वस्तुतः कृतकृत्य हो गये ॥ २५ ॥

अपि च—

त्याः=विशेषेण चालयन्त्याः, रतिसर्वस्वं=कामसाररूपम्, अधरम्=अधरोष्ठम् पिबसि=आस्वादयसि, चुम्बसीत्यर्थः । वयम्=अहम्, तत्त्वान्वेषात्=तथ्य-जिज्ञासयैव, हताः=भग्नमनोरथाः जाताः, त्वं खलु=त्वं निश्चयेन, कृती=सफलमनोरथः ॥ २५ ॥

भावार्थः—हे भ्रमर ! त्वं चञ्चलापाङ्गां कम्पमानां दृष्टिं भूरिशः स्पृशसि रहस्याख्यायीव कर्णसमीपचरः सन् मधुरं स्वनसि, करौ कम्पयन्त्याः कायसर्वस्वभूत-मधरं पिबसि, वयं तु तत्त्वजिज्ञासया हताः त्वं पुनः कृती खलु ॥ २५ ॥

टिप्पणी—सासूयम्–असूयया सहितम् (अव्य०) चलापाङ्गां=चलौ अपाङ्गौ यस्या सा, ताम् (बहु०) वेपथु०--वेपथुः अस्ति अस्याः ताम्; अस्त्यर्थ में मतुप् । वेपथुः–वेप्+अथुच् (अथु) 'ट्वितोऽथुच्' (३.३.८९) रहस्य०—रहस्यम् आख्यातुं शीलमस्य सः । रहस्य+आ+चक्ष्+णिनि । रहस्यम्—रहसि भवमिति-रहस्+यत् । कर्णान्तिकचरः--कर्णयोः अन्तिकम् (त०), तत्र चरतीति—कर्णान्तिक+चर्+ट (अ) 'चरेष्टः' (३.२.१६)। व्याधुन्वत्याः—वि+आ+√धु+शतृ+ङीप् । पाँच गणों में आई हुई 'धू' धातु के प्रयोग कविरहस्य में इस प्रकार बताए गए हैं—'धूनोति चम्पकवनानि धुनोत्यशोकं चूतं धुनाति धुवति स्फुटतातिमुक्तम् । वायुर्विधूनयति चम्पकपुष्परेणून् यत्कानेन धवति चन्दनमञ्जरीश्च ॥' रतिसर्वस्वं—रत्याः सर्वस्वम् (त०) प्रेयसी के अधरमधु का पान भाग्यवान् ही करते हैं जैसा कि भारवि ने भी कहा है—'अधरमधु वधूनां भाग्यवन्तः पिबन्ति (किरात०)। तत्त्वान्वेषात्—तत्त्वस्य अन्वेषात् (त०), हेत्वर्थ में पञ्चमी । अनु+इष्+घञ्=अन्वेष । वयम्—अहं के अर्थ में वयं का प्रयोग 'अस्मदो द्वयोश्च' (१.२.५९) से है। कृती—कृतम् अस्यास्तीति । मत्वर्थ में 'अत इनठिनौ' (५.२.११५) से इनि । कृत+इन् । मल्लिनाथ ने 'इष्टादिभ्यश्च' (५.२.८८) सूत्र से 'इनि' माना है। किन्तु इष्टादिगण में कृत शब्द नहीं है। अतः उसे आकृतिगण मानने पर ही ऐसा सम्भव है। (क) १. भ्रमर में नायक का आरोप होने से समासोक्ति अलङ्कार है। २. 'रहस्याख्यायीव' में उत्प्रेक्षा है। ३. 'वयं हताः त्वं कृती' में उपमान राजा की अपेक्षा उपमेय भ्रमर की विशेषता होने से व्यतिरेकालङ्कार है। ४. 'त्वं कृती' के लिए पहले तीन चरण कारण हैं अतः काव्यलिङ्ग है। ५. शकुन्तला के नेत्रों का स्पर्श नीलकमल के भ्रम से भ्रमर द्वारा किए जाने से भ्रान्तिमान् अलङ्कार है। (ख) शिखरिणी छन्द है ॥ २५ ॥

और भी—

लोलां दृष्टिमितस्ततो वितनुते सभ्रूलताविभ्रमा-
माभुग्नेन विवर्तिता वलिमता मध्येन कम्रस्तनी ।
हस्ताग्रं विधुनोति पल्लवनिभं शीत्कारभिन्नाधरा
जातेयं भ्रमराभिलङ्घनभिया वाद्यैर्विना नर्त्तकी ॥ २६ ॥

अन्वयः—कम्रस्तनी इयं सभ्रूलताविभ्रमां लोलां दृष्टिम् इतस्ततः वितनुते, आभुग्नेन वलिमता मध्येन विवर्तिता, शीत्कारभिन्नाधरा पल्लवनिभं हस्ताग्रं विधुनोति, भ्रमराभिलङ्घनभिया वाद्यैः विना नर्तकी जाता ॥ २६ ॥

शब्दार्थ—कम्रस्तनी = सुन्दर स्तनों वाली, इयं = यह (शकुन्तला), सभ्रूलताविभ्रमां = भ्रूलता के विलास से युक्त, लोलां = चंचल, दृष्टिं = दृष्टि को, इतस्ततः = इधर-उधर, वितनुते = डाल रही है, आभुग्नेन = कुछ तिरछे, वलिमता = त्रिवलि से युक्त, मध्येन = शरीर के मध्यभाग से, विवर्तिता = मुड़ी हुई है, शीत्कारभिन्नाधरा = शीत्कार के कारण खुले हुए अधरों वाली, पल्लवनिभं = किसलय के समान (कोमल), हस्ताग्रं = हथेली को, विधुनोति = हिला रही है, भ्रमराभिलङ्घनभिया = भ्रमर के काटने के भय से, वाद्यैः विना = बाजों के बिना ही, नर्तकी जाता = नर्तकी बन गई है ॥ २६ ॥

संस्कृत टीका—कम्रस्तनी = कम्रौ मनोहरौ स्तनौ कुचौ यस्याः तादृशी, इयं = शकुन्तला, सभ्रूलताविभ्रमां = भ्रुवौ लते इव तयोः विभ्रमेण विलासेन सह वर्तमानां, दृष्टिं = नयनम्, इतस्ततः = सर्वासु दिक्षु, वितनुते = विक्षिपति, आभुग्नेन = ईषत्कुटिलेन, वलिमता = त्रिवलिशालिना, मध्येन = शरीरमध्यभागेन, विवर्तिता = परिवर्तिता आत्मनं भ्रमरदंशनात् त्रातुमिति भावः । शीत्कारभिन्नाधरा = शीत्कारेण (भ्रमरभयोत्पादितेन) शीच्छीदिति शब्देन भिन्नौ-विश्लिष्टौ अधरौ-ओष्ठयुगलौ यस्याः तादृशी (सती) पल्लवनिभं = किसलयोपमं, हस्ताग्रं = हस्तस्य अग्रभागं, विधुनोति = भ्रमरनिराकरणाय कम्पयति, (अतएव) भ्रमराभिलङ्घनभिया = भ्रमरेण यदभिलङ्घनम्—तस्मात् या भीः—भयं तया, वाद्यैः = मृदङ्गादिभिः, विना = अन्तरेण (अपि), नर्तकी = नर्तनशीला, जाता = अभूत् ॥२६॥

भावार्थः–एषा सुन्दरस्तनी शकुन्तला भ्रूविलासयुक्तां लोलां दृष्टिं सर्वत्र निक्षिपति, ईषद्वक्रेण त्रिवलियुक्तेन शरीरमध्यभागेन परावर्तिता, शीत्कारविश्लिष्टाधरा

सुन्दर स्तनों वाली यह शकुन्तला भ्रूलता के विलास से युक्त चञ्चल दृष्टि को इधर-उधर डाल रही है, कुछ तिरछे और त्रिवलियुक्त मध्यभाग को मोड़कर और शीत्कार के कारण खुले हुए अधरों वाली (यह शकुन्तला) किसलय के समान (कोमल) हथेली को हिला रही है। (अतएव) भौंरे के डसने के भय से (यह) बिना बाजों के ही नर्तकी बन गई है ॥ २६ ॥

शकुन्तला—हला ! परित्रायेथां परित्रायेथां मामनेन दुष्टमधुकरेणाभिभूयमानाम् (हला ! परित्ताअध परित्ताअध मं इमिणा दुठ्ठमहुअरेण अहिहूअमाणं ।)

उभे—[सस्मितम्] **के आवां परित्राणे ? अत्र तावत् दुष्यन्तमाक्रन्द, यतो राजरक्षितानि तपोवनानि ।** (का अम्हो परित्ताणे ? एत्थ दाव दुस्सन्दं अक्कन्द, जदा राअरक्खिदाइं तवोवणाइं ।)

किसलयतुल्यं कराग्रं कम्पयति मधुकरबाधाभिया एषा नृत्योचितवाद्याभावेऽपि नर्तकी प्राया जाता ॥ २६ ॥

टिप्पणी—कम्रस्तनी=क्रमौ स्तनौ यस्याः सा (बहु०), ङीष्, √कम्+र=कम्र । सभ्रूलताविभ्रमाम्=भ्रवौ लते इव इति भ्रूलते (उप० स०) तयोः विभ्रमः (ष०त०) तेन सह वर्तते इति सभ्रूलताविभ्रमा (तेन सहेति बहु०) सहस्य सादेशः, ताम् । आभुग्नेन=आ+√भुज्+क्त, तस्य नः । वलिमता—वलि+मतुप्=वलिमत्, तेन । शीत्कारभिन्नाधरा—शीत्+√कृ+घञ्=शीत्कारः, तेन भिन्नौ अधरौ यस्याः सा (बहु०) । भ्रमराभिलङ्घनभिया—भ्रमरेण यदभिलङ्घनं तस्मात्, या भीः, तया । अभि+लङ्घ+ल्युट् । विधुनोति—वि+धु+लट् । नर्तकी—√नृत+ण्वुल्—अक+ङीष् । (क) १. यहाँ पर भ्रमर को नायक के व्यवहार से युक्त दिखलाया जाने से समासोक्ति अलङ्कार है । २. शकुन्तला में नर्तकी के धर्मों की समानता होने से तुल्ययोगिता अलङ्कार है । ३. 'भ्रूलता' तथा 'पल्लवनिभम्' में उपमा है ४. नर्तकी में प्रतीयमानोत्प्रेक्षा है । ५. वाक्यार्थहेतुक होने से काव्यलिङ्ग है । ६. अलङ्कारों की स्थिति परस्पर निरपेक्ष होने से संसृष्टि अलङ्कार है । (ख) शार्दूलविक्रीडित छन्द है ॥ २६ ॥

संस्कृत टीका—हलेति । परित्रायेथां=मुग्धात्वेन कातरोक्तिः, युवामिति भावः । अभिभूयमानां=व्याकुलीक्रियमाणाम् ।

सस्मितम्=सेषद्धासमित्यर्थः । परित्राणे=भ्रमराक्रमणाद् रक्षणे, आवाम्=अनसूयाप्रियंवदे, के=अक्षमे इत्यर्थः; त्वद्वत् स्त्रीस्वभावादिति भावः, दुष्यन्तम्=तपोवनाधिपतिं राजानम्, आक्रन्द=आह्वय ।

टिप्पणी—दुर्विनीतेन=दुष्टं विनीतः (सुप्सुपा), दुष्टं विनीतं यस्य सः (बहु०)

शकुन्तला—सखियो ! इस दुष्ट भ्रमर से सताई हुई मुझे बचाओ, बचाओ ।

दोनों—(मुस्कुराती हुई) हम दोनों (तुम्हें) बचाने वाली कौन होती हैं ? इसके लिए राजा दुष्यन्त को पुकारो; क्योंकि तपोवन तो राजा के द्वारा रक्षणीय होते हैं ।

राजा—अवसरः खल्वयमस्माकमात्मानं दर्शयितुम् । न भेतव्यं न भेतव्यम् । [इत्यर्द्धोक्ते स्वगतम्] **एवं हि राजाहमस्मीति परिज्ञानं भविष्यति । भवतु अतिथिसमाचारमेवावलम्बिष्ये ।**

शकुन्तला—नैष दुर्विनीतो विरमति, तदन्यतो गमिष्यामि । [पदान्तरे सदृष्टिक्षेपम् ।] **हा धिक् ! हा धिक् ! कथमितोऽपि मामनुसरति । तत् परित्रायेथां माम् ।** (ण एसो दुब्विणीदो विरमदि, ता अण्णदो गमिस्सं । हद्दी ! हद्दी ! कधं इदो वि मं अणुसरदि, ता परित्ताअध मं ।)

राजा—[सत्वरमुपगम्य] **आ !**

अभिभूयमानाम्=अभि+भू+यक्+शानच् । आक्रन्द='आक्रन्दः क्रन्दनाह्वाने' इति विश्वः ॥

अवसरः=समयः, तद्विषयकचर्चोत्थापनादित्याशयः । न भेतव्यम्=भयं मा कुरु । अर्धोक्ते=वाक्यस्यार्द्धोचारणं कृत्वेत्यर्थः, एवं हि=आत्मप्रकाशे कृते, अहं राजा=दुष्यन्तः, परिज्ञानं=परिचयः । भवतु=अस्तु अतिथेः=आगन्तुकस्य, समाचारं=व्यवहारं, अवलम्बिष्ये=आश्रयिष्ये उदासीनवदाचरामीत्यर्थः ।

नैष इति । दुर्विनीतः=धृष्टः, दुर्णयकारी, एषः=मधुकरः, न विरमति=विरतिं न लभते, बाधनादिति शेषः । अन्यतः=अन्यस्मिन्स्थाने । हा धिक्=इति विषादे, इतोऽपि=अस्मिन् स्थानेऽपि । पदान्तरे=स्थानान्तरे गत्वेति शेषः, सदृष्टिक्षेपम्=भ्रमराधिष्ठितस्थाने दृष्टिदानम्, तेन सह वर्तत इति ।

सत्वरम्=त्वरितम्, उपगम्य=समीपं गत्वा, आहेति शेषः ।

टिप्पणी—पदान्तरे—अन्यत् पदं पदान्तरम् (त० स०) (मयूर०), तस्मिन्, सदृष्टिक्षेपम्—दृष्ट्याः क्षेपः (ष० त०) तेन सह वर्तते इति सदृष्टिक्षेपम् । उपगम्य=उप+गम्+क्त्वा (ल्यप्) ।

राजा—अपने आप को प्रकट करने का यह उचित अवसर है । मत डरो, मत डरो (इतनी आधी ही बात कहकर, मन में) ऐसा कहने से 'मैं राजा हूँ'—यह पहचान हो जायेगी । अच्छा, अतिथि के व्यवहार का ही अवलम्बन करूँगा ।

शकुन्तला—यह ढीठ भौंरा नहीं मान रहा है । अतः दूसरी जगह चली जाती हूँ । (अन्य स्थान पर जाकर दृष्टिपात करते हुए) हाय धिक्कार है, हाय धिक्कार है यह तो यहाँ भी पीछा नहीं छोड़ता । अतः तुम दोनों मुझे बचाओ ।

राजा—(शीघ्र पास जाकर) ओह !

क पौरवे वसुमतीं शासति शासितरि दुर्विनीतानाम् ।
अयमाचरत्यविनयं मुग्धासु तपस्विकन्यासु ॥ २७ ॥

[सर्वा राजानं दृष्ट्वा किञ्चिदिव सम्भ्रान्ताः ।]

अन्वयः—दुर्विनीतानां शासितरि पौरवे वसुमतीं शासति (सति) कः अयं मुग्धासु तपस्विकन्यासु अविनयम् आचरति ॥ २७ ॥

शब्दार्थ—**दुर्विनीतानां**=दुष्टों के, **शासितरि**=शासक, **पौरवे**=पुरुवंशोत्पन्न (राजा दुष्यन्त) के, **वसुमतीं**=पृथ्वी का, **शासति**=शासन करने पर, **कः**=कौन, **अयं**=हि, **मुग्धासु**=भोलीभाली, **तपस्विकन्यासु**=तपस्विकन्याओं के साथ, **अविनयं**=अशिष्टता का, **आचरति**=व्यवहार कर रहा है ॥ २७ ॥

संस्कृत टीका—**दुर्विनीतानां**=अविनीतानां, दुष्टानाम्, **शासितरि**=(दण्डादिना) शासनकर्त्तरि, **पौरुवे**=पुरुवंशप्रसूते राजनि, **वसुमतीं**=वसुन्धराम्, **शासति** (सति)=परिपालयति सति, **कोऽयं**=कोऽसौ दुर्विनीतः, **मुग्धासु**=स्वभावसरलासु, **तपस्विकन्यासु**=तपस्विनां मुनीनां कन्यासु कुमारीषु, **अविनयं**=धाष्टर्यम्, **आचरति**=व्यवहरति ॥ २७ ॥

भावार्थ—दुष्टजनानां शासितरि पुरुवंशप्रसूते नृपे पृथ्वीं पालयति सति कोऽयं दुर्विनीतः मुग्धासु तपस्विकन्यासु धाष्ट्र्यं समाचरति ॥ २७ ॥

टिप्पणी—**पौरवे**=पुरोः गोत्रापत्यं पुमान्, पौरवः पुरु+अण्, 'पुरोरण् वक्तव्यः' इति वार्तिकेन । **वसुमतीं**=वसु+मतुप्+ङीप्, ताम् । **शासितरि**—√शास्+ +तृच्=शासिता, तस्मिन् । **शासति**—√शास्+लट्—शतृ=शासन्, तस्मिन् । **मुग्धासु**='प्रथमावतीर्णयौवनमदविकारा रतौ वामा । कथिता मृदुश्च माने समधिकलज्जावती मुग्धा ॥ (सा० द० ३.५८) । (क) यहाँ प्रस्तुत दुष्यन्त एवं शकुन्तला को, अप्रस्तुत पौरव तथा तपस्वि कन्या के रूप में वर्णित किए जाने से **अप्रस्तुतप्रशंसालङ्कार** है । (ख) यहाँ दण्ड नामक मुख सन्धि का अङ्ग है । तदुक्तं रसार्णवसुधाकरे—'दण्डस्त्वविनयादीनां दृष्ट्या श्रुत्या च तर्जनम् ।' (ग) आर्या छन्द है ॥ २७ ॥

संस्कृत टीका—**सर्वा** इति । **सर्वाः**=ता कन्याः, **सम्भ्रान्ताः**=चकिताः,

---

कौन यह दुष्टों पर शासन करने वाले पुरुवंशी (राजा) के पृथ्वी पर शासन करते हुए भोली-भाली मुनि कुमारियों से अशिष्टता का व्यवहार कर रहा है? ॥ २७ ॥

(सभी राजा को देखकर कुछ घबड़ा जाती हैं)

सख्यौ—आर्य ! न किमपि अत्याहितम्, किन्तु खलु इयं प्रियसखी दुष्टमधुकरेण आकुलीक्रियमाणा कातरीभूता। (अज्ज ! ण किंपि अच्चाहिदं किण्णु क्खु इअं पिअसहि दुट्ठमहुअरेण आउलीक्रिअमाणा कादरीभूदा ।) [इति शकुन्तलां दर्शयतः ।]

राजा—[शकुन्तलामुपेत्य] **अयि ! तपो वर्द्धते ?**

शकुन्तला—[ससाध्वसावनतमुखी तिष्ठति ।]

अनसूया—इदानीम् अतिथिविशेषलाभेन (दाणि अदिधिविसेसलाहेण) ।

प्रियंवदा—स्वागतमार्यस्य । हला शकुन्तले ! गच्छ, उटजात् फलमिश्र-

---

अत्याहितम्=महद्भयं प्राप्तम् । दुष्टमधुकरेण=दुर्विनीतेन भ्रमरेण, आकुलीक्रियमाणा=बाध्यमाना, कातरीभूता=त्रस्ता ।

शकुन्तलेति । अयि=इति कोमलामन्त्रणे, तपो वर्धते=धर्मानुष्ठानं वृक्षसेचनादिकं च निर्विघ्न भवति ?

साध्वसेन=भयेन लज्जया वा सह वर्त्तते इति । अवनतमुखी=नम्रमुखी ।

इदानीमेति । अतिथिविशेषलाभेन=उत्तमातिथिप्राप्त्या, तपो वर्धते इति शेषः ।

टिप्पणी—अत्याहितम्-अतीव आधीयते स्म मनसि, अति+आ+धा+क्त । 'दधातेर्हि' सूत्र से धा को हि आदेश । अत्याहितं महाभीतिः कर्म जीवानपेक्षी च'-इत्यमरः । कातरीभूता=अकातरा कातरा सम्पद्यमानाभूता इति, कातरा+च्वि+√भू+क्त+टाप् । साध्वसा=साधु सम्यक् अस्यति क्षिपति हृदयं यत् तत् । अतिथि०=अतिथीनां विशेषः, तस्य लाभः, तेन (ष० त०) विशेष—वि+शिष्+घञ् ।

संस्कृत टीका—स्वागतम्=शुभागमनम्, आर्यस्य=साधोः, भवतः,

दोनों सखियाँ—आर्य ! कोई भारी संकट नहीं है । किन्तु दुष्ट भ्रमर के द्वारा तङ्ग की जाती हुई यह हमारी प्रियसखी घबड़ा उठी है (ऐसा कहकर दोनों शकुन्तला को दिखाती हैं ।)

राजा—(शकुन्तला के पास जाकर) अयि महाभागे ! तुम्हारी तपस्या तो बढ़ रही है न ?

शकुन्तला —(लज्जावश अधोमुखी होकर खड़ी रहती है)

अनसूया—इस समय आप जैसे विशेष अतिथि के आ जाने पर (तपस्या बढ़ रही है) ।

प्रियंवदा—आप महानुभाव का स्वागत है । सखि शकुन्तले ! जाओ और कुटी

मर्घ्यभाजनमुपहर, इदमपि पादोदकं भविष्यति। (साअदं अज्जस्स। हला सउन्तले! गच्छ, उडआदो फलमिस्सं अग्घभाअणं उवहर, इदंपि पाओदअं भविस्सदि) [इति घटं दर्शयति।]

राजा—भवतीनां सूनृतयैव वाचा कृतमातिथ्यम्।

अनसूया—अस्यां तावत् प्रच्छायशीतलायां सप्तपर्णवेदिकायामुपविश्य आर्यः परिश्रममपनयतु। (इमस्सिं दाव पच्छाअसीदलाए सत्तवण्णवेदि आए उवविसिअ अज्जो परिस्समं अवणेदु।)

राजा—नूनं यूयमप्यनेन धर्मकर्मणा परिश्रान्ताः, तन्मुहूर्तमुपविशत।

उटजात्=पर्णशालायाः, फलमिश्रं=फलेन युक्तम्, अर्घ्यभाजनम्=अर्घ्यपात्रम्, उपहर=आनय। इदमपि=वृक्षसेचनार्थमानीतं जलमपि, पादोदकं=पादप्रक्षालनजलम्, भविष्यति। प्रथमम् अतिथये पाद्यं देयमिति भावः।

सूनृतया=सत्यया प्रियया च, वाचा=वाक्येनैव, आतिथ्यम्=अतिथिसत्कारः, कृतं=विहितम्।

प्रच्छायशीतलायां=प्रकृष्टच्छायाशालिन्यम् अत एव शीतलायां, सप्तपर्णवेदिकायां=विषमच्छदवृक्षस्य मूलस्थ चतुरस्रभूमौ, उपविश्य, आर्यः=मान्यो भवान्, परिश्रमं=मार्गक्लान्तिम्. अपनयतु=दूरीकरोतु।

अनेन=परिदृश्यमानेन, धर्मकर्मणा=जलसेचनादिरूपधर्मकार्येण, नूनं=निश्चितमेव, यूयं=भवत्यः, परिश्रान्ताः=क्लान्ताः।

टिप्पणी—उटजात्—उटेभ्यः तृणपत्रादिभ्यः जायते इति, उट+√जन्+ड। 'मुनीनां तु पर्णशालोटजोऽस्त्रियाम्' इत्यमरः। अर्घ्य०—'आप क्षीरं कुशाग्रं च दधि सर्पिः सतण्डुलम्। यवः सिद्धार्थकश्चैव अष्टाङ्गोर्घः प्रकीर्तितः॥' पादोदकम्=पादाय उदकम् (सहसुपा०)।

सूनृतया—सुष्ठु नृत्यन्ति अनेन जना इति, अथवा सुष्ठु ऊनयति प्रीणयतीति।

से फलयुक्त अर्घ्य पात्र ले आओ। (यह घड़े का जल) पैर धोने के लिए (पादोदक) हो जाएगा। (ऐसा कहकर घड़ा दिखाती है)

राजा—आप लोगों की सत्य और प्रिय वाणी से ही अतिथि सत्कार हो गया।

अनसूया—तब तक आप इस घनी छाया से शीतल सप्तपर्ण वृक्ष (के नीचे बनी हुई) वेदी (=चबूतरे) पर थोड़ी देर बैठकर अपनी थकान दूर कर लें।

राजा—आप भी इस (वृक्षसेचन रूप) धर्म कार्य से थक गई होंगी; इसलिए थोड़ी देर के लिए बैठ जाइए।

अज्जस्स महुरालावजणिदो विस्सम्भोमं आलावेदि। कदरो राएसिवंसो अलङ्करीअदि अज्जेण ? कदमो वा देसो विरहपज्जुस्सुओ करीअदि ? किं णिमित्तं वा अज्जेण सुउमारेण तवोवणगमणपरिस्समे अप्पा उवणोदोत्ति।)

शकुन्तला—[आत्मगतम्] **हृदय ! मा उत्ताम्य, यत् त्वया चिन्तितं तदनसूया मन्त्रयति।** (हिअअ ! मा उत्तम्म, जं तुए चिन्तिदं तं अणसूआ मन्तेदि)

राजा—[स्वगतम्] **कथमिदानीमात्मानं निवेदयामि, कथं वात्मनः परिहारं करोमि। भवतु, एवं तावत्।** [प्रकाशम्] **भवति ! वेदविदास्मि राज्ञः पौरवस्य नगरधर्माधिकारे नियुक्तः पुण्याश्रमदर्शनप्रसङ्गेन धर्मारण्यमिदमायातः।**

आकृतिः यस्य सः (बहु०)। मधुरा० = मधुरः आलापः (कर्म०), तेन जनितः (तृ० त०)। विश्रम्भः = वि + √श्रम्भ् + घञ् [भावे]। आलापयति—आ + √लप् + णिच् + लट्। विरहपर्युत्सुकः = विरहेण पर्युत्सुकाः (जनाः) यस्मिन् सः [बहु०]। तु० नैषध—अनायि देशः कतमस्त्वयाद्य वसन्तमुक्तस्य दशां वनस्य। त्वदाप्तसङ्केततया कृतार्था श्रव्यापि नानेन जनेन संज्ञा ॥' आत्मा—'आत्मा देहे धृतौ जीवे' इति विश्वः।

संस्कृत टीका—मा उत्ताम्य = अधीरं मा भूः। चिन्तितं = प्रष्टव्यत्वेन निश्चितम्, मन्त्रयति = पृच्छति। आत्मानं निवेदयामि = राजा दुष्यन्तोऽहमिति स्वात्मपरिचयं ददामीत्यर्थः। आत्मनः = स्वस्य, परिहारं = अन्यरूपेणाभिधाय गोपनं करोमि ? वा शब्दः समुच्चये। एवं = इत्थं तावत् कथनीयमिति शेषः। वेदवित् = वेदज्ञः, पौरवस्य = पुरुवंशोद्भवस्य, नगरधर्माधिकारे = राजधानीस्थधर्मकार्यविक्षणे, नियुक्तः = स्थापितः। पुण्याश्रमदर्शनप्रसङ्गेन = पवित्राश्रमदर्शनार्थम्, इदं, धर्मारण्यं = तपोवनम्, आयातः = आगतः।

टिप्पणी—मा उत्ताम्य = मा निषेधार्थक है, 'मा स्म माल च वारणे' इत्यमरः। 'माङ्' का प्रयोग नहीं है, अतः लुङ् नहीं होगा। उद् √तम् (दिवादि)

शकुन्तला—(मन ही मन) हृदय ! अधीर मत होओ। तुमने जो सोचा था वही अनसूया पूँछ रही है।

राजा—(मन ही मन) अब किस तरह अपने आपको प्रकट करूँ ?; अथवा कैसे अपने को छिपाऊँ ? अच्छा, इस प्रकार कहता हूँ (प्रकट) भद्रे ! मैं वेदविद् पण्डित हूँ ; तथा पुरुवंशी राजा ने मुझे नगर के धर्माधिकारी (प्रधान न्यायाधीश) के पद पर नियुक्त किया है ; पवित्र आश्रमों के दर्शनार्थ मैं इस तपोवन में भी आ पहुँचा हूँ।

अनसूया—अद्य सनाथा धर्मचारिणः। (अज्ज सणाधा धम्मआरिणो ।)

शकुन्तला—[शृङ्गारलज्जां नाटयति ।]

सख्यौ—[उभयोराकारं विदित्वा] **हला शकुन्तले ! यदि अद्य तात इह सन्निहितो भवेत...।** हला सउन्तले ! जह अज्ज तादो इध सण्णिहिदो भवे··।

+लोट् । मन्त्रयति आदि वाक्य 'हाव' सूचक है–'भावादीषत्प्रकाशो यः स हाव इति कथ्यते ।' परिहारस्=परि√हृ+घञ् । अपने को प्रकट न करना मनु (४.२५५) के अनुसार अधर्म है । किन्तु महाभारत के अनुसार ऐसे अवसर पर बोला गया असत्य पाप नहीं है—'न नर्मयुक्तं वचनं हिनस्ति न स्त्रीषु राजन् न विवाहकाले । प्राणात्यये सर्वधनापहारे पञ्चानृतान्याहुरपातकानि ॥ (द्रोण० ६९-३३) भवति—'परपत्नी तु या स्त्री स्यादसम्बन्धा च योनितः । तां ब्रूयाद् भवतीति ।' (मनु० २ १२९) स्त्रीमात्र के लिए सम्बोधन है । **धर्मारण्यं**—रणे साधु रण्यम्, रण+यत्, न रण्यम अरण्यम् (नञ् त०) धर्मार्थं धर्मसाधनं वा अरण्यं धर्मारण्यम् (मध्य० स०), धर्मप्रधानम् अरण्यम् [शाक०] । यहाँ राजा द्वारा द्वयर्थक वचन कहा गया है ? पुरुवंशी राजा दुष्यन्त ने मुझे धर्माधिकारी नियुक्त किया है ? पुरुवंशी राजा [मेरे पितरों ने मुझे धर्माधिकारी अर्थात् न्याय के स्थान [सिंहासन] पर नियुक्त किया है । यह पताकास्थानक है—द्वयर्थो वचनविन्यासः सुश्लिष्टः काव्ययोजितः । प्रधानार्थान्तरापेक्षी पताकास्थानकं परम् ।। [सा० द०]

संस्कृत टीका—धर्मचारिणः=धर्माचरणतत्पराः, तापसा इति यावत्, सनाथाः=नाथवन्तो जाताः । शृङ्गारलज्जां=मदजनितलज्जासूचकबहिर्विकारम्, नाटयति=[क्रियया] अभिनयति, कन्याजनसुलभा व्रीडा नाटयतीति भावः ।

उभयोरिति । उभयोः=राज्ञः शकुन्तलायाश्च, आकारं=चेष्टां, शरीरभावं, कम्प-रोमाञ्चादिविकारमिति यावत्, विदित्वा=परस्परानुरागकृतत्वेनावगम्य । तातः=पिता (कण्वः), इह=आश्रमे, सन्निहितः=उपस्थितो भवेत् । ततः=तदा, तातसन्निधाने किं भवेत् ?

टिप्पणी—धर्मचारिणः—धर्मं चरन्तीति धर्मचारिणः, धर्म+√चर्+णिनि (कर्तरि) । सनाथाः=नाथेन सह वर्तमाना इति (बहु०) नाथ्यते पत्न्या इति नाथः । शृङ्गारलज्जाम्—शृङ्गारः प्रकृष्टा रतिः तेन या लज्जा, ताम् । लज्जा—'धाष्टर्याभावो व्रीडा वदनानमनादिकृद्दुराचारात् ।' शृङ्गार का लक्षण—'पराङ्मुखी-

---

अनसूया—धर्माचरण करने वाले (तपोवन के लोग) आज सनाथ हो गए ।

शकुन्तला—(कामजनित लज्जा का अभिनय करती है)

दोनों सखियाँ—(दोनों राजा एवं शकुन्तला की आकार जन्य चेष्टा को जानकर) सखि शकुन्तले ! यदि आज यहाँ पिता जी उपस्थित होते ····

शकुन्तला—ततः किं भवेत् (तुदो किं भवे ।)

सख्यौ—ततो जीवितसर्वस्वेनापि इमम् अतिथिविशेषं कृतार्थं करोति। (तदो जीविदसव्वस्सेण वि इमं अदिधिविसेसं कदत्थं करेदि ।)

शकुन्तला—[सकृतककोपम्] अपेतम्, युवां किमपि हृदये कृत्वा मन्त्रयथः, न वां वचनं श्रोष्यामि । (अवेध, तुम्हे किंपि हिअए कदुअ मन्तेध, ण वो वअणं सणिस्सं ।)

राजा—वयमपि भवत्योः सखीगतं किञ्चित् पृच्छामः ।

कृतं शीर्षं परावृत्तमुदीरितम् । तत्कार्यं कोपलज्जादिकृते वक्त्रापसारणे ॥' प्रेमभाव के कारण लज्जा का लक्षण—'प्रमोदात्मा रतिः सैव यूनोरन्योन्यासक्तयः । प्रकृष्यमाणशृङ्गार... ॥' 'दुराचारादिभिर्व्रीडाधाष्ट्र्याभावस्तमुन्नयेत् । साचीकृताङ्गावरण वैवर्ण्याधोमुखादिभिः ॥' यहाँ हाव नामक नायिका का अलंकार है—'भ्रूनेत्रादिविकारैस्तु सम्भोगेच्छाप्रकाशकः । भाव एवाल्पसंलक्ष्यविकारो हाव उच्यते ॥ (सा० द०) । सन्निहितः—सम् + नि + धा + क्त ।

संस्कृत टीका—ततः = तदा,**जीवितसर्वस्वेनापि** = जीवनस्य यत् सर्वस्वं दारापत्यादिरूपं धनं तेनापि तदपि दत्त्वा, प्राणाधिकया शकुन्तलया इत्यर्थः । **इमं** = दृश्यमानं, **अतिथिविशेषं** = साधारणविलक्षणमतिथिं, **कृतार्थं** = कृतप्रयोजनं, सफल मनोरथमिति भावः । **करोति** = करिष्यति ।

सकृतककोपम् = कृत्रिमरोषेण सह इति सकृतककोपं, तद् यथा स्यात् तथा अपेतम् = दूरमपसरतम् । **किमपि** = मत्परिणयविषयमिति भावः । **हृदये कृत्वा** = मनसि निधाय, **मन्त्रयथः** = कथयथः । **वां** = युवयो वचनं न श्रोष्यामि, असंबद्धप्रलापित्वादिति भावः ।

वयमपि = अहमपीत्यर्थः, **सखीगतम्** = शकुन्तलासम्बद्धम्, **पृच्छामः** = ज्ञातुमिच्छामः । अनुग्रहेऽपि, **अभ्यर्थना** = प्रार्थना क्रियत इति शेषः ।

टिप्पणी—जीवितसर्वस्वेन—जीवितस्य सर्वस्वं, तेन (ष० त०) सर्वं स्वं सर्वस्वं (कर्म०) । कृतार्थम्—कृतः (सम्पादितः) अर्थः (प्रयोजनं शकुन्तलालाभरूपं) यस्य स (बहु०) अतिथिविशेषम्—अतिथीनां अतिथिषु वा विशेषः, तम् । सकृतक-

---

शकुन्तला—तो क्या होता ?

दोनों सखियाँ—तो वे अपने जीवन का सर्वस्व (तुझे) देकर भी इस विशिष्ट अतिथि को कृतार्थ करते ।

शकुन्तला—(कृत्रिम क्रोध के साथ) तुम दोनों हटो, कुछ मन में रखकर तुम दोनों [ऐसा] कह रही हो, मैं तुम दोनों की बात नहीं सुनूँगी ।

राजा—मैं भी आप दोनों की सखी के विषय में कुछ पूँछना चाहता हूँ ।

सख्यौ—आर्य ! अनुग्रहेऽपि अभ्यर्थना ! (अज्ज ! अणुग्गहे वि अब्भत्थणा ।)

राजा—तत्रभवान् कण्वः शाश्वते ब्रह्मणि वर्त्तते, इयञ्च वः सखी तस्यात्मजा, कथमेतत् ?

अनसूया—शृणोतु आर्यः। अस्ति कोऽपि कौशिक इति गोत्रनामधेयो महाप्रभावो राजर्षिः। (सुणादु अज्जो। अत्थि को वि कोसिओ त्ति गोत्त-णामहेओ महाप्पहावो राएसी।)

राजा—स खलु भगवान् कौशिकः।

अनसूया—त सख्याः प्रभवमवगच्छ। उज्झितायाः शरीरसंवर्द्धनादिभिः

कोपम्—कृतकः कोपः (कर्म०), 'कृतककोपेन सहितम् (बहु०), कृतकः स्यात् पुमान् कृष्णखर्परे चाप्यसम्भवे। पुत्रभेदे कृत्रिमे च त्रिषु' इति शब्दार्णवः। अपेतम्—अप् + √इ + लोट्।

संस्कृत टीका—तत्रभवान्=पूज्यः, कण्वः, शाश्वते=नित्ये, ब्रह्मणि= ब्रह्मचर्यव्रते वर्त्तते। इयं च, वः=युष्माकम्, सखी=शकुन्तला, तस्य=महर्षेः कण्वस्य, आत्मजा=औरसजाता कन्या, कथमेतत्=केन प्रकारेण सम्भवतीत्यर्थः ? 'कौशिक' इति गोत्र नामधेयः=कौशिक इति गोत्रनामधेयं गोत्रनाम यस्य तादृशः गोत्रनाम्ना कौशिक इति ख्यातः, महाप्रभावः=महातेजाः, राजर्षिः=क्षत्रियतपस्वी, विश्वामित्र इति यावत्। भगवान्=लोकातीतमहात्म्ययुक्तः, यः खलु क्षत्रियोऽपि स्वमाहात्म्येन विप्रत्वमापेत्याशयः।

टिप्पणी—ब्रह्मणि—'ब्रह्म तत्त्वतपो वेदे तु द्वयोः पुंसि वेधसि' इति मेदिनी। आत्मजा—आत्मनः जायते इति आत्मजा, आत्मन् √जन् + ड + टाप्। कौशिकः कुशिकस्य गोत्रापत्यं पुमान् कौशिकः, कुशिक + अण्। महाप्रभावः—महान् प्रभावो यस्य सः (बहु०) राजर्षिः—राजायम् ऋषिरिव इति राजर्षिः [उप० स०]।

संस्कृत टीका—तं=कौशिकम्, सख्याः=शकुन्तलायाः, प्रभवं=जन्मकारणम्

दोनों सखियाँ—श्रीमान् ! अनुग्रह के स्थान पर प्रार्थना ?

राजा—पूज्य महर्षि कण्व तो शाश्वत (नैष्ठिक) ब्रह्मचारी हैं और यह आपकी सखी उनकी पुत्री हैं, यह कैसे ?

अनसूया—श्रीमान् ! सुनें—'कोई 'कौशिक' इस गोत्र-नाम के अत्यन्त प्रभाव-शाली राजर्षि हैं।

राजा—हाँ, वे भगवान् कौशिक हैं।

अनसूया—उन्हीं को हमारी सखी का पिता समझें। जब यह [माता-पिता

पुनस्तातकण्वोऽपि एतस्याः पिता । (तं सहीए पहवं अवगच्छ । उज्झिदाए सरीरसम्बड्ढणादिहिं उण तादकण्णो वि एदाए पिदा ।)

राजा—उज्झितशब्देन जनितं नः कुतूहलम् । तदामूलाच्छ्रोतुमिच्छामः ।

अनसूया—श्रृणोतु आर्यः । पुरा किल तस्य राजर्षेरुग्रे तपसि वर्त्तमानस्य कथमपि जातशङ्कैः देवैः मेनका नाम अप्सराः नियमविघ्नकारिणी प्रेषिता । (सुणादु अज्जो । पुरा किल तस्स राएसिणो उग्गे तवसि वत्तमाणस्स कधंपि जादसङ्केहिं देवेहिं मेणआ णाम अच्छरा णिअमविग्धआरिणि पेसिदा ।)

राजा—अस्त्येवान्यसमाधिभीरुत्वं देवानाम् । ततस्ततः ?

अनसूया—ततो वसन्तावताररमणीये समये उन्मादहेतुक तस्या रूपं प्रेक्ष्य··· । तदो वसन्तावदाररमणीए समाए उम्मादहेदुअं ताए रूवं पेक्खिअ

जनकमिति यावत्, अवगच्छ=जानीहि, उज्झितायाः=त्यक्तायाः, अस्या इति शेषः । शरीरसंवर्द्धनादिभिः=शरीरस्य देहस्य संवर्धनादिभिः परिपोषणादिभिः । उज्झितशब्देन=परित्यक्तेति कथनेन, नः=अस्माकं, कुतूहलं=कौतुकम्, जनितम्=उत्पादितम्, तत्=तस्मात्, आमूलात्=आदित आरभ्य । उग्रे=कठोरे, तपसि=तपस्यायां, वर्तमानस्य=तदाचरत इत्यर्थः, राजर्षेः, जातशङ्कैः देवैः=शङ्काकुलैः, अमरैः, नियमविघ्नकारिणी=तपोभङ्गकारिणी, अप्सराः=देवाङ्गना, प्रेषिता=प्रेरिता । देवानाम्=इन्द्रादीनाम्, अन्यसमाधिभीरुत्वम्=अन्येषां यः समाधिः तपोनियमः तस्माद् भीरुत्वं भयशीलत्वम्, वसन्तावताररमणीये=वसन्तस्य तदाख्यस्य ऋतोः अवतारेण प्रवृत्त्या रमणीयः मनोहरः, तस्मिन् समये, उन्मादहेतुकं=चित्तविभ्रमहेतुभूतं, कामविकारोद्दीपकमिति यावत् । तस्याः=मेनकायाः, रूपं=सौन्दर्यम्, प्रेक्ष्य=दृष्ट्वा, तया सह रन्तुं प्रवृत्तो राजर्षिर्गर्भमजनयत्–इति वाक्य-

---

के द्वारा छोड़] दी गई तो पिता कण्व ने इसे पाल-पोस कर बढाया, इसलिए वे भी इसके पिता हैं ।

राजा—'छोड़ दी गई' इस शब्द ने मेरे हृदय में कुतूहल पैदा कर दिया है, इसलिए आदि से मैं इस (वृत्तान्त) को सुनना चाहता हूँ ।

अनसूया—श्रीमान् ! सुनें । पूर्वकाल में घोर तपस्या में संलग्न उन राजर्षि कौशिक के पास किसी कारण वश सशंकित होकर देवताओं ने तपस्या में विघ्न करने वाली मेनका नाम की अप्सरा को भेजा ।

राजा—दूसरे की समाधि से भयभीत होना देवताओं में होता ही है । तब क्या हुआ ?

अनसूया—तब वसन्त ऋतु के आगमन से रमणीय समय में उन्मादित करने

...। [इत्यर्धोक्ते लज्जां नाटयति ।]

राजा—पुरस्तादवगम्यत एव सर्वथा अप्सरःसम्भवैषा ।

अनसूया—अथ किम् । (अधइं) !

राजा—उपपद्यते ।

मानुषीभ्यः कथं नु स्यादस्य रूपस्य सम्भवः ।
न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात ॥ २८ ॥

शेषः । लज्जां नाटयति=अधोमुखादिनेति विवेकः । पुरस्तात्=अग्रतः, इतः परमिति यावत्, अवगम्यते=ज्ञायते, एषा=शकुन्तला, अप्सरःसम्भवा= अप्सरोगर्भसम्भूता । उपपद्यते=युज्यते, अस्या अप्सरःसम्भवत्वमिति भावः ।

टिप्पणी—प्रभवम्—प्रभवति अस्मात् इति प्रभवः, प्र+√भू+अप्, अपादाने, तम् । उज्झितायाः—√उज्झ+क्त=उज्झिता, तस्याः, शरीर०=शरीरस्य संवर्धनम् (ष० त०) तत् आदिः येषां तैः (बहु०) । उज्झितशब्देन=उज्झितः शब्दः इति उज्झितशब्दः (कर्म०) । जनितम्—√जन्+णिच्+क्त । नियम०-नियम्यते अनेन इति नियमः, नि+√यम्+अप् करणे, तस्य विघ्नः (ष० त०) नियमविघ्नं साधु करोति—इति नियमविघ्न+√कृ+णिनि साधुकारिणी, कर्तरि स्त्रियाम् । अन्यसमाधि०—अन्येषां समाधिः, तस्मात् भीरुः, तस्य भावः अन्यसमाधिभीरु+त्वल् । सम्+आङ्+धा+कि=समाधिः । वसन्ता०—वसन्तस्य अवतारः (ष० त०) तेन रमणीयः [तृ० त०], तस्मिन् । उन्मादहेतुकम्—'मासे मधौ मधुरकोकिल भृङ्गनादैर्नार्यो हरन्ति हृदयं प्रसभं नराणाम्' (ऋतुसंहार) । प्रेक्ष्य—प्र+ईक्ष्+क्त्वा+ल्यप् । अप्सरःसम्भवा=अप्सराः सम्भवः यस्या सा [बहु०] । अप्सराः अद्भ्यः सरन्तीति—अप्+सृ+असुन् । 'स्त्रियां बहुष्वप्सरसः स्वर्वेश्या उर्वशीमुखाः' इत्यमरः । 'अप्सु निर्मथनादेव रसात्तस्माद्वरस्त्रियः । उत्पेतुर्मनुजश्रेष्ठ तस्मादप्सरसोऽभवत् ।' प्रायः बहुवचन में ही प्रयोग होता है किन्तु एकवचन में भी होता है–'स्त्रियां बहुष्वप्सरसः स्यादेकत्वेऽप्सरा अपि' इति शब्दार्णवः ।

अन्वयः—मानुषीभ्यः अस्य रूपस्य संभवः कथं न स्यात् ? प्रभातरलं ज्योतिः

वाले उसके रूप (एवं यौवन) को देखकर......(इस प्रकार आधी ही बात कहकर लज्जा का अभिनय करती है)

राजा—आगे का समाचार तो ज्ञात हो जाता है कि यह सर्वथा अप्सरा से उत्पन्न हुई है ।

अनसूया—और क्या ?

राजा—ठीक है । क्योंकि—

शकुन्तला—[सव्रीडाऽधोमुखी तिष्ठति ।]

राजा—[आत्मगतम्] **हन्त ! लब्धावकाशो मे मनोरथः ।**

वसुधातलात् न उदेति ॥ २८ ॥

शब्दार्थ—मानुषीभ्यः = मनुष्य लोक की स्त्रियों से, **अस्य** = इस, **रूपस्य** = सौन्दर्य की, **सम्भवः** = उत्पत्ति, **कथं वा स्यात्** = कैसे हो सकती है ? **प्रभातरलं** = कान्ति से उज्ज्वल, **ज्योतिः** = तेज (प्रकाश, विद्युदादि) **वसुधातलात्** = भूतल से, **न उदेति** = उत्पन्न नहीं होती है ॥ २८ ॥

संस्कृत टीका—मानुषीभ्यः = मानवीभ्यः, **अस्य** = दृश्यमानस्य, **रूपस्य** = आकृतेः, **सम्भवः** = उत्पत्तिः, **कथं नु स्यात्** = कथं भवेत् ? **प्रभातरलं** = प्रभया त्विषा, तरलं भास्वरं, **ज्योतिः** = तेजः, **वसुधातलात्** = भूतलात्, वसुधायाः पृथिव्या तलात् पृष्ठात्, **न उदेति** = न उद्गच्छति ॥ २८ ॥

भावार्थ—मानवलोकस्त्रिषु अस्य लावण्यस्य समुत्पत्तिः कथं नु स्यात् । दीप्ति भास्वरं ज्योतिः भूतलात् नोदयं लभते । यथा विद्युत् भूतलान्नोत्पद्यते तथेयं मानुष्या न सम्भवतीति भावः ॥ २८ ॥

टिप्पणी—'मानुषीषु' पाठभेद है—मनोरपत्यं पुमान्-मानुषः, मनु + अञ्, षुकागम, ङीष् । रूप—रोपयति विमोहयति, 'रुप् विमोहने' + अच्, दीर्घ । **संभवः**—सम् + भू + अप् । प्रभातरलम्—प्रभया तरलम् (सुप्सुपा०) । (क) १. इस श्लोक में शकुन्तला के रूपविशेष का सामान्यरूप से वर्णन होने से 'अप्रस्तुतप्रशंसालङ्कार है । २. कुछ टीकाकार यहाँ दृष्टान्तालंकार भी मानते हैं ३. यहाँ 'उत्पत्ति' क्रिया का 'सम्भवः' तथा 'उदेति' पदों से पृथक् पृथक् निर्देश है अतः प्रतिवस्तूपमालङ्कार है । (ख) यहाँ 'निदर्शन' नामक नाट्यालङ्कार है—'पदार्थानां प्रसिद्धानां क्रियते परिकीर्तनम् । परपक्षव्युदासार्थं तन्निदर्शनमुच्यते ॥ (सा० द०) (ग) यहाँ 'विलोभन' नामक मुखसन्धि का अंग है । (घ) यहाँ 'पथ्यावक्त्र' छन्द है—युजोश्चतुर्थतो जेन पथ्यावक्त्रं प्रकीर्तितम् ॥ २८ ॥

संस्कृत टीका—सव्रीडा = सलज्जा, **हन्त** = इति हर्षे, **लब्धावकाश** = लब्धः प्राप्तः अवकाशः अवसरः येन सः तथोक्तः, **मे** = मम, **मनोरथः** = अभिलाषः ।

मनुष्य जाति की स्त्री से ऐसे रूप की उत्पत्ति ही कैसे हो सकती है ? कान्ति से समुज्ज्वल तेज [प्रकाश या विद्युदादि] की उत्पत्ति भूतल से नहीं होती ॥ २८ ॥

शकुन्तला—[लज्जा से नीचे मुँह किए बैठी रहती है]

राजा—[मन ही मन] आह ! मेरे मनोरथ को (पूर्ण होने का) अवसर प्राप्त हो गया है ।

प्रियंवदा—[सस्मितं शकुन्तलां विलोक्य] **पुनरपि वक्तुकाम इव आर्यो लक्ष्यते ।** (पुणो वि वत्तुकामो विअ अज्जो लक्खीआद ।)

शकुन्तला—[सखीमङ्गुल्या तर्जयति ।]

राजा—सम्यगुपलक्षितं भवत्या । अस्ति नः सच्चरितश्रवणलोभादन्यदपि प्रष्टव्यम् ।

प्रियंवदा—तेन हि अलं विचारितेन, अनियन्त्रणानुयोगः खलु तपस्विजनः (तेण हि अलं विआरिदेण, अणिज्जन्तणाणुजोओ क्खु तवस्सिजणो ।)

राजा—एतत् पृच्छामि—

सस्मितं=समन्दहासम् । पुनरपि=अन्यदपि, वक्तुकामः=कथनेच्छुरिव, लक्ष्यते=प्रतीयते । सखीं=प्रियंवदाम्, अङ्गुल्या=तर्जन्या संकेतेन, तर्जयति=भर्त्सयति । सम्यक्=यथार्थम् उपलक्षितम्=ज्ञातम् । सच्चरितश्रवणलोभात्=सच्चरितस्य सदाचारस्य श्रवणलोभात् श्रवणौत्सुक्यात्; नः=अस्माकं, ममेत्यर्थः । अन्यदपि=अपरं च, प्रष्टव्यं=जिज्ञास्यमस्ति ।

तेनेति । तेन हि=प्रष्टव्यान्तरसद्भावेनैव हेतुना, विचारितेन=प्रष्टव्यं न वेति विचारेण, अलं=न प्रयोजनमित्यर्थः । तपस्विजनः=मुनिजनः, अनियन्त्रणानुयोगः=अनियन्त्रणः निर्बाधः अनुयोगः प्रश्नः यस्मिन् तथाभूतः, मुनिजनस्य सर्वथा विकाररहितत्वात् तथाभूतानामस्माकं सन्निधाननियमे नैव सर्वंप्रष्टुमर्हसीत्याशयः ।

एतत्=वक्ष्यमाणम्, पृच्छामि=ज्ञातुमिच्छामि—

टिप्पणी—लब्धा०—शकुन्तला के क्षत्रिय कन्या होने का पता लग जाने से राजा को विवाह की आशा होती है अतः यहाँ 'युक्ति' नामक मुखसन्धि का अङ्ग है। 'संप्रधारणमर्थानां युक्तिः ।' (सा०द०)वक्तुकामः–वक्तुं कामो यस्य सः (बहु०)। वक्तुं के मकार का लोप 'लुम्पेदवश्यमः कृत्ये तुङ्काममनसोरपि ।' तर्जयति—तर्ज् धातु आत्मनेपदी है। किन्तु 'अनुदात्तेत्वलक्षणमात्मनेपदमनित्यम्' परिभाषा से कभी

प्रियंवदा—[मुस्कुराहट के साथ शकुन्तला को देखकर] लगता है कि अभी आप और कुछ कहना चाहते हैं ।

शकुन्तला—[सखी प्रियंवदा को अँगुली से झिड़कती है]

राजा—आपने ठीक ही अनुमान किया । आप सब का सुन्दर वृत्तान्त सुनने के लोभ से हमें (कुछ) और भी जानना है ।

प्रियंवदा—यदि ऐसा है तो अधिक सोंच-विचार न करें, क्योंकि तपस्विजनों से पूँछने के लिए कोई विशेष प्रतिबन्ध नहीं है अर्थात् निःसंकोच पूछें ।

राजा—मैं (तुम्हारी सखी के विषय में) यह जानना चाहता हूँ कि—

वैखानसं किमनया व्रतमाप्रदानाद्
व्यापाररोधि मदनस्य निषेवितव्यम् ।
अत्यन्तमेव सदृशेक्षणवल्लभाभि-
राहो निवत्स्यति समं हरिणाङ्गनाभिः ॥ २९ ॥

आत्मनेपद नहीं भी होगा। सच्चरित०-सत् चरितम् (कर्म०) तस्य श्रवणम् (ष० त०) तस्मिन् लोभः [सुप्सुपा०) तस्मात्। अनियन्त्रणा० = अविद्यमानं नियन्त्रणं यस्मिन् स अनियन्त्रणः [नञ् बहु०] अनियन्त्रणः अनुयोगः, यस्मिन् स [बहु०] अनुयोगः—अनुयोजनमिति, अनु + युज् + घञ्। 'प्रश्नोऽनुयोगः पृच्छा च' इत्यमरः।

अन्वयः—किम् अनया मदनस्य व्यापाररोधि वैखानसं व्रतम् आ प्रदानात् निषेवितव्यम्? आहो सदृशेक्षणवल्लभाभिः हरिणाङ्गनाभिः समम् अत्यन्तम् एव निवत्स्यति ॥ २९ ॥

शब्दार्थः—किम् = क्या, अनया = यह, मदनस्य = कामदेव के, व्यापाररोधि = व्यापारों को रोकने वाले, वैखानसं व्रतम् = ब्रह्मचर्य व्रत को, आप्रदानात् = (किसी पुरुष को विवाह में) दिये जाने तक ही, निषेवितव्यम् = सेवन करेगी, आहो = अथवा सदृशेक्षणवल्लभाभिः = समान नेत्रों के कारण प्रिय, हरिणाङ्गनाभिः = हरिणियों के, समम् = साथ, अत्यन्तमेव = जीवनपर्यन्त, निवत्स्यति = निवास करेगी या रहेगी ॥ २९ ॥

संस्कृत टीका—किम् = इति प्रश्ने, अनया = शकुन्तलया, मदनस्य = कामस्य, व्यापाररोधि = व्यापारं सुरतभोगादिकं रोद्धुं निषेद्धुं शीलं यस्य तत्, प्रसारनिरोधकमिति यावत्, वैखानसं = वैखानसस्य सन्यासिनः, तपस्विजनोचितम्, व्रतम् = नियमः, ब्रह्मचर्यव्रतमित्यर्थः, आप्रदानात् = संप्रदानपर्यन्तं, विवाहपर्यन्तमित्यर्थः, निषेवितव्यम् = अनुष्ठातव्यम्? आहो = अथवा, सदृशेक्षणवल्लभाभिः = सदृशे तुल्ये ईक्षणे नेत्रे यासां ताः, अत एव वल्लभाः प्रियाः ताभिः, हरिणाङ्गनाभिः = मृगीभिः, समम् = साकम्, अत्यन्तमेव = चिरमेव, निवत्स्यति = स्थास्यति ॥ २९ ॥

भावार्थः—किं शकुन्तलया कामव्यापाररोधि तापसं व्रतं परिणयपर्यन्तं अनुष्ठातव्यम्; आहोस्वित् सदृशेक्षणप्रियाभिः मृगीभिः सह यावज्जीवनमेव तपोवनमध्ये स्थास्यति ॥ २९ ॥

क्या यह कामदेव के व्यापारों को रोकने वाले ब्रह्मचर्य व्रत का [किसी पुरुष को विवाह में] संप्रदान किए जाने तक ही सेवन करेगी? अथवा, समान नेत्र होने से प्रिय हरिणियों के साथ ही जीवन पर्यन्त रहेगी? ॥ २९ ॥

प्रियंवदा—आर्य ! धर्माचरणपरवश एषः जनः, गुरोः पुनरस्या अनुरूपवरप्रदाने सङ्कल्पः । (अज्ज ! धम्माअरणपरवसो एस जणो, गुरुणो उण से अणुरूअवरप्पदाणे संकप्पो ।)

राजा—[सहर्षमात्मगतम्]—

भव हृदय ! साभिलाषं सम्प्रति सन्देहनिर्णयो जातः ।
आशङ्कसे यदग्निं तदिदं स्पर्शक्षमं रत्नम् ॥ ३० ॥

टिप्पणी—राघवभट्टमते अयमाशयः—'यदि राज्ञे देया तदा विवाहपर्यन्तमेव तपोवने स्थितिः । तदनन्तरमविरोधी कामोपभोगः । यदि कस्मैचित्तपस्विने देया तदा मृग मिथुनवत् कामोपभोगरहिता वन एव स्थास्यतीति । अस्यैवोत्तरमनुरूपवरप्रदान इत्यादि ।' **व्यापाररोधि**—वि+आ√पृ+घञ् भावे=व्यापारः । तं रोद्धुं शीलमस्य इति, व्यापार+√रुध्+णिनि (कर्तरि ताच्छील्ये । **निषेवितव्यम्**—नि+√सेव्+तव्य, 'परिनिविभ्यः सेवसित' सूत्र से षत्व । (क) इस श्लोक में विशेषण के साभिप्राय होने के कारण परिकरालङ्कार है । (ख) वसन्ततिलका छन्द है ॥ २९ ॥

एकः=उभयोर्मुनिकुमारयोर्मध्येऽन्यतरः, तयोरेक इत्यर्थः। अथ राज्ञि दुष्यन्ते मुनिसाधारणीमाकृतिमवेक्ष्य विस्मयमान आह—अहो!=अहो इत्याश्चर्ये। अस्य= राज्ञो दुष्यन्तस्य, दीप्तिमतोऽपि=अन्येषामनभिभवनीयताप्रतीतिहेतुकान्तिविशेषो दीप्तिस्तद्वतोऽपि—महातेजशालिनोऽपीत्यर्थः, वपुषः=देहस्य, विश्वसनीयतां= प्रसन्नत्वं सद्व्यवहारकारित्वेनेति भावः। अथवा=नेदमद्भुतमित्यर्थः। एतत्= दीप्तिमतोऽपि विश्वसनीयत्वम्, उपपन्नं=युक्तम्। ऋषिकल्पे=मुनिसदृशे।

टिप्पणी—सिद्धार्थौ—सिद्धः अर्थः प्रयोजनं ययोः तौ (बहु०), **प्रतिहारभूमिं**—प्रतिह्रियन्ते राजसकाशं नीयन्ते जना अस्मात् इति, प्रति+√हृ+घञ्, अपादाने प्रतिहारः, तस्य भूमिः, ताम्; 'स्त्री द्वार्द्वारं प्रतीहारः' इत्यमरः। घञि वैकल्पिकदीर्घः, पक्षे प्रतिहारः, तद्वत् निहारः, पक्षे नीहार इति सिध्यति। ऋषि-

---

दौवारिक—जय हो, महाराज की जय हो। द्वार पर दो तापसकुमार खड़े हैं।

राजा—उन्हें शीघ्र यहाँ लाओ।

दौवारिक—जो महाराज की आज्ञा। (यह कहकर निकल जाता है और पुनः दो ऋषिकुमारों के साथ प्रवेश करके) इधर से, आप लोग इधर से आइए।

दोनों—(राजा को देखते हैं)

एक—ओह! तेजस्वी होते हुए भी इसके शरीर में विश्वास की योग्यता विद्यमान है। अथवा, ऋषि-कल्प इस राजा के विषय में उचित ही है। क्योंकि—

अध्याक्रान्ता वसतिरमुनाऽप्याश्रमे सर्वभोग्ये
रक्षायोगादयमपि तपः प्रत्यहं सञ्चिनोति ।
अस्यापि द्यां स्पृशति वशिनश्चारणद्वन्द्वगीतः
पुण्यः शब्दो मुनिरिति मुहुः केवलं राजपूर्वः ॥ १५ ॥

कल्पे—ऋषेः ईषद् न्यूनः इति ऋषिकल्पः, 'ईषदसमाप्तौ कल्पब्देश्यदेशीयरः' सूत्र से कल्पप् प्रत्यय, ऋषि + कल्पप् ।

अन्वयः—अमुना अपि सर्वभोग्ये आश्रमे वसतिः अध्याक्रान्ता । रक्षायोगात् अयम् अपि प्रत्यहं तपः संचिनोति । वशिनः अस्य अपि केवलं राजपूर्वः पुण्यः मुनिः इति शब्दः चारणद्वन्दगीतः (सन्) मुहुः द्यां स्पृशति ॥ १५ ॥

शब्दार्थ—**अमुना**=यह, **अपि**=भी, **सर्वभोग्ये**=सभी के द्वारा आश्रय लेने के योग्य, **आश्रमे**=आश्रम (गृहस्थ-आश्रम) में, **वसतिः**=निवास, **अध्याक्रान्ता**=करता है । **रक्षायोगात्**=रक्षा के सम्बन्ध से, **अयम्**=यह, **अपि**=भी, **प्रत्यहं**=प्रतिदिन, **तपः**=तप का, **संचिनोति**=संचय करता है । **वशिनः अस्य**=इस जितेन्द्रिय का, **अपि**=भी, **केवलं**=केवल, **राजपूर्वः**=राजशब्दपूर्वक, **पुण्यः**=पवित्र, **मुनिः**=मुनि, **इति**=इस प्रकार, **शब्दः**=शब्द (राजर्षि शब्द), **चारणद्वन्द्वगीतः**=चारणयुगल के द्वारा गाया हुआ, **मुहुः**=बार-बार, **द्यां**=स्वर्ग को, **स्पृशति**=स्पर्श करता है ॥ १५ ॥

संस्कृत टीका—**अमुना अपि**=अनेन दुष्यन्तेनापि, **सर्वभोग्ये**=सर्वैः आश्रयणीये, **आश्रमे**=गृहस्थाश्रमे, **वसतिः**=निवासः, **अध्याक्रान्ता**=अधिकृता । **रक्षायोगात्**=प्रजारक्षणरूपयोगानुष्ठानात्, **अयमपि**=नृपोऽपि, **प्रत्यहं**=प्रतिदिनम्, **तपः**=सुकृतम्, **संचिनोति**=अर्जयति । **वशिनः**=जितेन्द्रियस्य, **अस्यापि**=नृपस्यापि, **केवलं राजपूर्वः**=केवलं राजशब्दविशिष्टः, **पुण्यः**=पवित्रः, **मुनिरिति शब्दः**=मुनिरित्येष शब्दः, राजर्षिशब्द इत्यर्थः, **चारणद्वन्द्वगीतः**=बन्दियुगलगीतः, **मुहुः**=भूयो भूयः, **द्यां**=स्वर्गम्, **स्पृशति**=आरोहति ॥ १५ ॥

भावार्थ—ऋषिपक्षे—ऋषिः सर्वैः छात्रैः आश्रयणीये तपोवने निवसति धर्म-

---

यह [राजा] भी सभी के द्वारा आश्रय पाने योग्य [गृहस्थ] आश्रम में रहते हैं। प्रजापालन रूपी अनुष्ठान के द्वारा यह भी प्रतिदिन तप संचित करते हैं। इस जितेन्द्रिय का भी 'मुनि' यह पुनीत नाम केवल 'राज' पूर्वक शब्द (अर्थात् 'राजर्षि' शब्द) अभी भी चारणयुगल से गाया जाकर बार-बार स्वर्ग का स्पर्श करता है ॥ १५ ॥

द्वितीयः—सखे ! अयं स बलभित्सखो दुष्यन्तः ?

प्रथमः—अथकिम् ?

रक्षार्थं योगानुष्ठानात् प्रतिदिनं पुण्यसंचयं करोति। जितेन्द्रियस्य तस्य पावनः मुनिशब्दः स्वर्गं स्पृशति।

राजपक्षे—राज्ञादुष्यन्तेनापि सर्ववस्तुभोगास्पदे गृहस्थाश्रमे, निवसतिरधिक्रता। प्रजारक्षणरूपयोगानुष्ठानादयमपि प्रतिदिनं तपः संचिनोति। जितेन्द्रियस्य अस्यापि चारण-युगलगीतः केवलं राजपूर्वः पवित्रः मुनिरिति शब्दः भूयो भूयः स्वर्गं स्पृशति ॥ १५ ॥

टिप्पणी—अध्याक्रान्ता–अधि + आ + √क्रम् + क्त + टाप्। वसतिः√वस् + अति। **सर्वभोग्ये**—'यथा वायु समाश्रित्य वर्त्तन्ते सर्वजन्तवः। तथा गृहस्थमाश्रित्य वर्तन्ते सर्वं आश्रमाः ॥ (मनु०)। भोग्य—भुज + ण्यत्। **रक्षायोगात्**—रक्षायाः योगः (त०), तस्मात्। योगः-युज् + घञ्। राजपक्षे—प्रजापालनेन, ऋषिपक्षे—धर्मरक्षार्थं योगसमाधिद्वारा। **द्यां**='सुरलोको द्यो—दिवौ द्वे स्त्रियां क्लीबे त्रिविष्टपम्'—इत्यमरः। **चारणद्वन्द्वगीतः**=चारणानां द्वन्द्वैः गीतः (त०)। 'किंकिणीवाद्यवेदी च वृतो विकटनर्तकैः। मर्मज्ञः सर्वरागेषु चतुरश्चारणो मतः। **मुनिः**—ज्ञानार्थक मनु धातु से 'मनेरुच्च' सूत्र से इन् प्रत्यय, उत्व। 'वाचंयमो मुनिः'—इत्यमरः 'दुखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः। वीतरागभयक्रोधः स्थिरधीर्मुनिरुच्यते।' (गीता)। (क) इस श्लोक के दो अर्थ हैं—१. राजा के पक्ष में—यह सभी के द्वारा आश्रयणीय गृहस्थाश्रम में निवास करता है। प्रजा के रक्षारूपी योग से तप (सुकृत) को सञ्चित करता है। इस जितेन्द्रिय का पवित्र राजपूर्वक मुनि शब्द (राजर्षि) स्वर्ग तक पहुँचता है। २. मुनि पक्ष में—मुनि सभी शिष्यों के द्वारा आश्रयणीय तपोवन में निवास करता है। धर्म की रक्षा के निमित्त प्रतिदिन अष्टाङ्गयोग द्वारा तप का सञ्चय करता है। जितेन्द्रिय मुनि का पवित्र मुनि शब्द स्वर्ग का स्पर्श करता है। (ख) १. श्लोक के पद द्वयर्थक हैं अतः श्लेषालङ्कार है। २. 'केवलं राजपूर्वः' से उपमान ऋषि की अपेक्षा उपमेय राजर्षि का आधिक्य प्रकट होने से व्यतिरेकालङ्कार है। (ग) मन्दाक्रान्ता छन्द है ॥ १५ ॥

संस्कृत टीका—द्वितीयः=पूर्ववक्तृभिन्नो मुनिकुमारः। पूर्वोक्तवचनमाकर्ण्य। सः=प्रसिद्धः, बलभित्सखः=बलं—तन्नामासुरं भिनत्ति—विदारयति बलभिद्—इन्द्रः, तस्य सखा-मित्रमिति बलभित्सखः, अथ किं=किमन्यत्, यदुक्तं तदेवेत्यर्थः।

द्वितीय—मित्र ! यह क्या इन्द्र के मित्र दुष्यन्त हैं ?

प्रथम—और क्या ?

द्वितीयः—तेन हि—

नैतच्चित्रं, यदयमुदधिश्यामसीमां धरित्री-
मेकः कृत्स्नां नगरपरिघप्रांशुबाहुर्भुनक्ति ।
आशंसन्ते समितिषु सुराः सक्तवैरा हि दैत्यै-
रस्याधिज्ये धनुषि विजयं पौरुहूते च वज्रे ॥ १६ ॥

तेन हि=तेनैव हेतुना, दुष्यन्तत्वेनैवेत्यर्थः ।

अन्वयः—यत् नगरपरिघप्रांशुबाहुः अयम् एकः उदधिश्यामसीमां कृत्स्नां धरित्रीं भुनक्ति, एतत् न चित्रम् । हि दैत्यैः सक्तवैराः सुराः समितिषु अस्य अधिज्ये धनुषि पौरुहूते वज्रे च विजयम् आशंसन्ते ॥ १६ ॥

शब्दार्थ—यद्=जोकि, नगरपरिघप्रांशुबाहुः=नगर द्वार की अर्गला के समान विशाल भुजाओं वाला, अयम्=यह, एकः=अकेले ही, उदधिश्यामसीमां= समुद्र से श्यामवर्ण की सीमा वाली, कृत्स्नां=समस्त; धरित्रीं=पृथ्वी का, भुनक्ति=पालन करता है, एतत्=यह, चित्रं न=कोई आश्चर्य की बात नहीं है, हि=क्योंकि, दैत्यैः=दैत्यों के साथ, सक्तवैराः=जिनका वैर ठना हुआ है, सुराः=ऐसे देवता, समितिषु=युद्ध में, अस्य=इस (राजा) के, अधिज्य= प्रत्यञ्चा चढ़े हुए, धनुषि=धनुष पर, पौरुहूते वज्रे च=और इन्द्र के वज्र पर, विजयं=विजय की, आशंसन्ते=आशा रखते हैं ॥ १६ ॥

संस्कृत टीका—यद् नगरपरिघप्रांशुबाहुः=नगरस्य नगरद्वारस्य यः परिघः—अर्गलाः तद्वद् प्रांशू विशालौ बाहू भुजौ यस्य सः, अयं=एषः दुष्यन्तः, एकः= एकाकी एव, उदधिश्यामसीमाम्=उदधेः समुद्रस्य श्यामः नीलिमा सीमा प्रान्त-भागः यस्याः ताम्, कृत्स्नां=समग्राम्, धरित्रीं=पृथ्वीम्, भुनक्ति=परिपालयति; एतत्=इदं, न चित्रम्=न आश्चर्यजनकम्; हि=यतो हि; दैत्यैः=असुरैः (सह), सक्तवैराः=सक्तं सभृतं वैरं विद्वेषो येषां ते तथाभूताः, सुराः=देवाः, समितिषु= युद्धेषु, अस्य=दुष्यन्तस्य, अधिज्ये=मौर्वीयुक्ते, धनुषि=कार्मुके, पौरुहूते= ऐन्द्रे, वज्रे=कुलिशे च, विजयम्=जयलाभम्, आशंसन्ते=आकाङ्-क्षन्ति ॥ १६ ॥

द्वितीय—इसीसे तो—

नगर (द्वार) की अर्गला के समान (लम्बी) भुजाओं वाले ये अकेले ही समुद्र रूपी नीली सीमा से युक्त सम्पूर्ण पृथिवी का पालन करते हैं—इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं हैं ; क्योंकि राक्षसों से वैरभावयुक्त देवता युद्ध में इनके प्रत्यञ्चा चढ़े हुए धनुष एवं इन्द्र के वज्र पर (ही) विजय की आशा रखते हैं ॥ १६ ॥

उभौ—[उपगम्य] **विजयस्व राजन् !**

राजा—[आसनादुत्थाय] **अभिवादये भवन्तौ ।**

उभौ—**स्वस्ति भवते** (इति फलान्युपहरतः) ।

राजा—[सप्रणामं परिगृह्य] **आगमनप्रयोजनं श्रोतुमिच्छामि ।**

भावार्थ—यन्नगरद्वारपरिघविशालबाहुः दुष्यन्तः एकाकी एव सागरश्यामसीमां समस्तां वसुन्धरां परिपालयति, एतदाश्चर्यं न खलु । यतो हि असुरैः नद्धवैराः देवाः युद्धेषु राज्ञः मौर्वीयुक्ते धनुषि च ऐन्द्रे वज्रे एव विजयम् आशंसन्ते ॥ १६ ॥

टिप्पणी—**नगर०**—नगरस्य परिघः (ष० त०), स इव प्रांशू (उप०) । तादृशौ बाहू यस्य सः (बहु०) । परिघः-परिहन्यते अनेन इति परिघः परि+√हन्+अप् (करणे), 'परिघो योगभेदेऽस्त्रे मुद्गरेऽर्गलघातयोः'—इति विश्वः । एकः—'एकाकी त्वेक एककः'—इत्यमरः । **उदधिश्यामसीमां**—उदधिः श्यामा सीमा यस्याः ताम् (बहु०), उदधिः—उदकानि धीयन्तेऽत्रेति, उदक+√धा+कि ('कर्मण्यधिकरणे च') 'उदन्वानुदधिः सिन्धु सरस्वान् सागरोऽर्णवः'—इत्यमरः । **धरित्रीम्**—'धराः धरित्री धरणी क्षोणी ज्या काश्यपी क्षितिः'—इत्यमरः । **सक्तवैराः**—सक्तं वैरं येषां ते (बहु०) । **समितिषु**—सम्भूय यन्ति आसु इति समितयः, सम्+√ई+क्तिन् (अधिकरणे) । **पौरुहूते**—पुरुभिः बहुभिः हूतः यज्ञेषु आहूतः इति पुरुहूतः इन्द्रः, अथवा पुरूणि हूतानि नामानि अस्य, पुरुहूतस्य इदम् पौरुहूतम् ; पुरुहूत+अण्, तस्मिन् । (क) १. 'नगरपरिघप्रांशुबाहुः' में लुप्तोपमा अलङ्कार है । २. श्लोक का उत्तरभाग 'नैतच्चित्रम्' का कारण होने से काव्यलिङ्ग है । ३. प्रस्तुत दुष्यन्त के धनुष और अप्रस्तुत इन्द्र के वज्र-दोनों का सम्बन्ध एक विजयरूपी क्रिया के साथ वर्णित होने से दीपकालङ्कार है-'अप्रस्तुतप्रस्तुतयोर्दीपकं तु निगद्यते' । ४. शत्रुओं को बाहुबल से जीता—इस कारण के स्थान पर 'सम्पूर्ण पृथ्वीपालन' रूप कार्य के वर्णन होने से पर्यायोक्त अलङ्कार है । ५. इन्द्र के वज्र की अपेक्षा धनुष में अधिक विशेषता वर्णित होने के कारण व्यतिरेक अलङ्कार है । (ख) मन्दाक्रान्ता छन्द है ॥ १६ ॥

संस्कृत टीका—अभिवादये=प्रणतोऽस्मि । स्वस्ति=मङ्गलम्, शुभमस्तु-

दोनों—(समीप जाकर) राजन् ! आप विजयी हों ।

राजा—(आसन से उठकर) मैं आप दोनों को प्रणाम करता हूँ ।

दोनों—आपका कल्याण हो (यह कहते हुए फल भेंट करते हैं) ।

राजा—(प्रणाम करते हुए स्वीकार करके) मैं आपके आगमन का कारण जानना चाहता हूँ ।

उभौ—विदितो भवानिहस्थस्तपस्विनाम् । ते च भवन्तमभ्यर्थयन्ते ।

राजा—किमाज्ञापयन्ति ?

उभौ—तत्रभवतः कण्वस्य कुलपतेरसान्निध्यात् रक्षांसि नः इष्टिविघ्नमुत्पादयन्ति तत् कतिपयदिवसमात्रं सारथिद्वितीयेन भवता सनाथीक्रियतामाश्रम इति ।

राजा—अनुगृहीतोऽस्मि ।

विदूषकः—[अपवार्य] एष इदानीं भवतः अनुकूलः गलहस्तः । (एस दाणिं भअदो अणुऊलो गलहत्थो)

राजा—[स्मितं कृत्वा] रैवतक ! मद्वचनादुच्यतां सारथिः, सबाणकार्मुकं रथमुपस्थापयेति ।

दौवारिकः—यत् देव आज्ञापयति । (जं देवो आणवेदि ।) [इति निष्क्रान्तः]

उभौ—[सहर्षम्]

त्यर्थः । उपहरतः=अर्पयतः । इहस्थः=अस्मिन् तपोवने एव स्थितः, तपस्विनां=तापसानां, अभ्यर्थयन्ते=प्रार्थयन्ते । तत्रभवतः=पूज्यस्य, कण्वस्य, असान्निध्यात्=अनुपस्थित्या । इष्टिविघ्नं=यज्ञविघ्नम् । उत्पादयन्ति=जनयन्ति । सारथिद्वितीयेन=सारथिसहायेन, भवता, आश्रमः, सनाथीक्रियताम्=परिपाल्यताम् । अनुकूलः=अभीष्टः, गलहस्तः=ग्रीवायां हस्तं दत्त्वाऽभिमतकार्ये योजनं बलान्नियोग इति यावत् । सबाणकार्मुकं=धनुर्बाणसनाथम् ।

दोनों—यहाँ रहते हुए आपको तपस्वी जान गए हैं । अतः वे आपसे प्रार्थना करते हैं ।

राजा—उनकी क्या आज्ञा हैं ?

दोनों—पूज्य कुलपति कण्व के यहाँ न होने से राक्षस हमारे यज्ञ में विघ्न डालते है । इसलिए कुछ दिन सारथि के साथ इस आश्रम को सनाथ करें ।

राजा—मैं अनुगृहीत हूँ ।

विदूषक—(एक ओर होकर) इस समय यह गलहस्त (गले में डाला गया हाथ) आपके अनुकूल ही है ।

राजा—(मुस्कुराकर) रैवतक ! हमारे आदेशानुसार जाकर सारथि से कहो कि धनुषबाण के साथ रथ को यहाँ लावे ।

दौवारिक—जो महाराज की आज्ञा । (यह कहकर चला जाता है)

दोनों—(हर्ष के साथ)—

अनुकारिणि पूर्वेषां युक्तरूपमिदं त्वयि।
आपन्नाभयसत्रेषु दीक्षिताः खलु पौरवाः ॥ १७ ॥

टिप्पणी—अभिवादये—अभि + √वद् + णिच् + लट्, 'णिचश्च' सूत्र से कर्त्रभिप्राय क्रियाफल मे आत्मनेपद है। **असान्निध्यात्**—सम् + नि + √धा + कि (भावे)—सन्निधिः, सन्निधिरेव इति सन्निधि + ष्यञ् (स्वार्थे) = सान्निध्यम्। न सान्निध्यम् असान्निध्यम् (न० त०)।

अन्वयः-पूर्वेषाम् अनुकारिणि त्वयि इदं युक्तरूपम्। पौरवाः आपन्नाभयसत्रेषु दीक्षिताः खलुः ॥ १७ ॥

शब्दार्थ-**पूर्वेषां**=अपने पूर्वजों का, **अनुकारिणि**=अनुकरण करने वाले, **त्वयि**=आपके लिए, **इदं**=यह, **युक्तरूपं**=अत्यन्त उचित है। **पौरवाः**= पुरुवंशी राजा लोग, **आपन्नाभयसत्रेषु**=विपत्तिग्रस्तों को अभयदानरूपी यज्ञ में, **दीक्षिताः खलु**=दीक्षित है ॥ १७ ॥

संस्कृत टीका—**पूर्वेषां**=पूर्वजानाम्, **अनुकारिणि**=अनुवर्तिनि, **त्वयि**= राज्ञि, **इदं युक्तरूपम्**=एतत् उचितमस्ति, **खलु**=निश्चयेन, **पौरवाः**=पुरुवंशि-नृपाः, **आपन्नाभयसत्रेषु**=आपन्नानां विपन्नानां भीतानामिति यावत् यत् अभयं भयाभावः तदेव सत्राणि यागाः तेषु, आपत्तिग्रस्ताभयदानयज्ञेषु, **दीक्षिताः**= गृहीतव्रताः सन्ति ॥ १७ ॥

भावार्थ—पूर्वजानाम् अनुकारिणि भवति एतत् सर्वथोचितमस्ति। पौरवाः खलु आपत्तिग्रस्ताभयदानयज्ञेषु धृतव्रताः सन्ति ॥ १७ ॥

टिप्पणी — **अनुकारिणि** — अनुकर्तुं शीलमस्येति, अनु + कृ + णिनि (ताच्छील्ये)। **युक्तरूपम्**—अतिशयेन युक्तम् इति युक्तरूपम्, युक्त + रूपप् (प्रशंसायां रूपप्)। **आपन्नाभयसत्रेषु**—आपन्नानाम् अभयमेव सत्रमिति—आपन्नाभयसत्रम्, तेषु। आपन्न—अ + पद् + क्त (कर्तरि)। 'आपन्न आपत्प्राप्तः स्यात्' इत्यमरः, 'सत्रमाच्छादने यज्ञे' इत्यमरः। **दीक्षिताः**—दीक्षा संजाता एषाम् इति दीक्षिताः, दीक्षा—इतच् तारकादित्वात्। (क) १. यहाँ उत्तरार्ध भाग पूर्वार्ध का कारण होने से काव्यलिङ्ग है। २. 'आपन्नाभयसत्रेषु' में रूपक है। ३. उत्तरार्ध में स्थित कारण के द्वारा पूर्वार्द्ध के कार्य का समर्थन होने से 'अर्थान्तरन्यास' है। (ख) अनुष्टुप् छन्द है ॥ १७ ॥

अपने पूर्वजों का अनुकरण करने वाले आपके लिए यह अत्यन्त उचित है; (क्योंकि) पुरुवंशी राजा विपत्ति-ग्रस्त लोगों को अभय देने वाले यज्ञ में सदैव से दीक्षित रहते आए हैं ॥ १७ ॥

राजा—[सप्रणामम्] गच्छतां भवन्तौ; अहमनुपदमागत एव।

उभौ—विजयस्व। [इति निष्क्रान्तौ]

राजा—माधव्य! अप्यस्ति ते कुतूहलं शकुन्तलादर्शनं प्रति?

विदूषकः—प्रथममपरिबाधमासीत्; साम्प्रतं राक्षसवृत्तान्तेन सपरिबाधम्। (पढमं अपरिबाधं आसी; साम्पदं रक्खसवुत्तन्तेण सपरिबाधं।)

राजा—मा भैषीः, ननु मत्समीप एव वर्त्तिष्यसे।

विदूषकः—एष तव रथचक्ररक्षीभूतोऽस्मि, यदि न कोऽपि आगत्य विघ्नं करोति। (एस तुह रधचक्क-रक्खीभूदोह्मि, जइ ण कोबि आअच्छिअ विग्घं करेदि।)

दौवारिकः—[प्रविश्य] जयतु जयतु भर्त्ता। सज्जो रथः भर्त्तुर्विजयप्रयाणमपेक्षते। एष पुनर्नगराद् देवीनामाज्ञप्तिहरः करभक आगतः। (जअदु

संस्कृत टीका—गच्छताम्=यज्ञोपक्रमाय, मुनिजननिवेदनायेति भावः। अनुपदं=पदस्य पश्चाद् अनुपदं, भवतः पृष्ठत इत्यर्थः।

प्रथमं=राक्षसोपद्रववार्त्ताश्रवणात् प्राक्, अपरिबाधं—बाधाविरहितम्, साम्प्रतम्=अस्मिन् क्षणे, सपरिबाधं=बाधसहितमेव कुतूहलं वर्त्तत इति शेषः।

मा भैषीः=भयं मा कुरु, वर्त्तिष्यसे=स्थास्यसि। रथचक्ररक्षीभूता=रथस्य चक्रं रक्षतीति तद्भूतः—रथचक्ररक्षकः, अस्मि=भवामि, विघ्नं=रथरक्षासम्बन्धे उपद्रवम्।

सज्जः=सन्नद्धः, भर्त्तुः=स्वामिनो महाराजस्य भवतः, विजयप्रयाणं=विजययात्राम्, अपेक्षते=प्रतीक्षते, नगरात्=राजधानीतः, देवीनां=राजमातॄणाम्, आज्ञप्तिम्=आदेशं हरतीति तच्छीलः—समाचारवाहक इत्यर्थः। करभकः=

राजा—(प्रणामपूर्वक) आप दोनों चलें। मैं पीछे-पीछे आ ही रहा हूँ।

दोनों—आपकी विजय हो (यह कहकर दोनों चले जाते हैं)।

राजा—माधव्य! क्या शकुन्तला को देखने की तुम्हारी इच्छा है?

विदूषक—पहले तो कोई बाधा न थी। लेकिन अब राक्षसों का वृत्तान्त सुनकर (वहाँ जाना) बाधा युक्त हो गया है।

राजा—डरो मत, तुम मेरे पास ही तो रहोगे।

विदूषक—अच्छा, मैं आपके रथ के पहिए की रखवाली करता रहूँगा। लेकिन जब तक कोई विघ्न न आ पड़े।

दौवारिक—(प्रवेश करके) महाराज की जय हो, जय हो। रथ तैयार है और महाराज की विजय-यात्रा की प्रतीक्षा कर रहा है। किन्तु नगर से राजमाता का समाचार लाने वाला यह करभक भी आया है।

जअदु भट्टा ! सज्जो रधो भत्तुणो विजअप्पआणं अवेक्खदि। एस उण णअरादो देवीणं अणत्तिहरो करभओ आअदो ।)

राजा–[सादरम्] **किमम्बाभिः प्रेषितः ?**

दौवारिकः—अथ किम् ? (अध इं ?)

राजा—तेन हि प्रवेश्यताम् ।

दौवारिकः—तथा । [इति निष्क्रम्य पुनः करभकेण सह प्रविश्य] **करभक ! एष भर्त्ता, उपसर्पतु भवान् ।** (तह । करभअ ! एसो भट्टा उवसप्पदु भवं ।)

करभकः—[उपसृत्य प्रणम्य च] **जयतु जयतु भर्त्ता । देव्य आज्ञापयन्ति ।** (जअदु जअदु भट्टा । देवीओ आणवेन्ति ।)

राजा—किमाज्ञापयन्ति ?

करभकः—आगामिनि चतुर्थदिवसे पुत्रपिण्डपालनो नाम उपवासो भविष्यति, तस्मिन् दीर्घायुषाऽवश्यं वयं सम्भावयितव्या इति । (आआमिणि

तन्नामा दूतः । सादरम् = आदरपूर्वकम् ।

अथ किम् = एवमेतत् । तेन हि = अम्बाभिः प्रेषितत्वेनैव हेतुना, प्रवेश्यतां = समागम्यताम् । देव्यः = अम्बाः । आज्ञापयन्ति = आदिशन्ति । पुत्रपिण्डपालनः = पुत्रपिण्डानां पुत्रेण दास्यमानानां पिण्डानां, पालनं—रक्षणं सम्भावनमिति यावत्, यस्मात् स तथाभूतः । उपवासो—व्रतविशेषः ।

टिप्पणी—रथ०—रथस्य चक्रे रक्षतीति तद्भूतः । **सज्जः**—सज्जति सज्जते वा इति √सज्ज् + अच् (कर्तरि) । **आज्ञप्तिहरः**—आ + √ज्ञप् + क्तिन् (भावे)—आज्ञप्तिः, तां हरति इति आज्ञप्ति√हृ + अच् (कर्तरि) 'हरतेरनुद्यमनेऽच्' ।

संस्कृत टीका--दीर्घायुषा = अतिशयेनायुष्मता त्वया पुत्रेणेत्याशयः ।

राजा—(आदर के साथ) क्या माता जी ने भेजा है ?

दौवारिक—जी हाँ ।

राजा—तो उसे बुला लाओ ।

दौवारिक—जो आज्ञा ! [यह कहकर बाहर निकलकर और करभक के साथ प्रविष्ट होकर] करभक ! महाराज यहाँ हैं, आप उनके पास जाइये ।

करभक— (पास जाकर एवं प्रणाम करके) महाराज की जय हो, जय हो । राजमाता ने आज्ञा दी है ।

राजा—क्या आज्ञा दी है ?

करभक—आगामी चौथे दिन 'पुत्रपिण्डपालन' नाम का उपवास होगा। उस दिन आयुष्मान् पुत्र अवश्यमेव उपस्थित होकर मुझे आनन्दित करे ।

चउट्ठदिअहे पुत्तपिण्डपालो णाम उववासो भविस्सदि, तहिं दीहाउणा अवस्सं अह्मे सम्भावइदव्वा त्ति।)

राजा—इतस्तपस्विनां कार्यम्, इतो गुरुजनाज्ञा, उभयमप्यनतिक्रमणीयम्, तत् किमत्र प्रतिविधेयम् ?

विदूषकः—भोः ! त्रिशङ्कुरिव अन्तरा तिष्ठ। (भो ! तिसङ्कु विअ अन्तरा चिट्ठ।)

राजा—सत्यमाकुलीभूतोऽस्मि—

कृत्ययोर्भिन्नदेशत्वाद् द्वैधीभवति मे मनः।
पुरः प्रतिहतं शैलैः स्रोतः स्रोतोवहां यथा॥ १८॥

सम्भावयितव्याः=आगमनेन परितोषणीयाः।

टिप्पणी—"प्रवृत्तपारणो मे उपवासो भविष्यति" इति पाठः क्वचिद् दृश्यते। तत्रोपवासान्ते पारणा—व्रताङ्गभोजनं भविष्यतीत्यर्थः। पूर्वमुपवासवचनश्रवणं विशेषतो मातुरुपवासवाक्यश्रवणं दुःखदं भविष्यतीति 'प्रवृत्तपारण' इति प्रथममुपन्यस्तम्।

संस्कृत टीका—इतः=अस्मिन् तपोवने, तपस्विनां,=तापसानां, कार्यम्=राक्षसोपद्रवनिराकरणम्, इतः=अन्यत्र, नगरे इत्यर्थः, गुरुजनानां=मातृणामाज्ञा—नगरगमनायाऽऽदेशः। अनतिक्रमणीयम्=अनुल्लंघनीयम्। किम्=अनयोः कार्ययोः कतरत्, प्रतिविधेयम्=अनुष्ठातव्यम्। यद्वा, कः, प्रतिकारः करणीयः। त्रिशङ्कुः=त्रिशङ्कुर्नाम सूर्यवंशीयः कश्चिन्नृपः। अन्तरा=मध्ये। सत्यं=यथार्थमेव, आकुलीभूतः=व्यग्रीभूतः, अहमित्यर्थः।

टिप्पणी—त्रिशङ्कुः—त्रयः शङ्कवः अपराधाः यस्य स त्रिशङ्कुः (बहु०)। (क) विश्वामित्र ने किसी राजा को अपने तपोबल से स्वर्ग से ढकेले जाने पर मार्ग में ही रोक दिया। तबसे त्रिशङ्कु आकाश में ही उलटे लटके हैं।

अन्वयः—कृत्ययोः भिन्नदेशत्वात् मे मनः पुरः शैलैः प्रतिहतं स्रोतोवहां स्रोतः यथा द्वैधीभवति॥ १८॥

राजा—इधर तपस्वियों का कार्य है और उधर गुरुजनों की आज्ञा है। दोनों ही अलङ्घनीय है। अतएव धर्मसंकट के समय क्या करना चाहिए।

विदूषक—बस, त्रिशङ्कु की तरह बीच में लटके रहिए।

राजा—सचमुच मै व्याकुल हो रहा हूँ—

दोनों कार्यों के भिन्न भिन्न स्थान पर होने से मेरा मन सामने पहाड़ से रुक कर दो भागो में विभक्त होकर बहने वाले नदी के प्रवाह के समान दुविधा में पड़ गया है॥ १८॥

[विचिन्त्य] सखे ! माधव्य ! त्वमप्यम्बाभिः पुत्र इव गृहीतः स भवान् इतः प्रतिनिवृत्य तपस्विकार्यव्यग्रतामस्माकमावेद्य तत्रभवतीनां पुत्रकार्यमनुष्ठातुमर्हति ।

विदूषकः—भो ! मा राक्षसभीरुकं माम् अवगच्छ । (भो ! मा रक्खसभीरुअं मं अवगच्छ ।)

राजा—[स्मितं कृत्वा] भो महाब्राह्मण ! कथमिदं त्वयि सम्भाव्यते ?

विदूषकः—तेन हि राजानुज इव गन्तुमिच्छामि । (तेण हि राआणुअ विअ गच्छिदुं इच्छामि ।)

शब्दार्थ—कृत्ययोः=दो कार्यों के, भिन्नदेशत्वात्=भिन्न-भिन्न स्थानों पर होने से, मे=मेरा, मनः=मन, पुरः=सामने, शैलैः=पर्वतों से, प्रतिहतं=अवरुद्ध हुए, स्रोतोवहां=नदी के, स्रोतः=प्रवाह के, यथा=समान, द्वैधीभवति=दुविधा में पड़ गया है ॥ १८ ॥

संस्कृत टीका—कृत्ययोः=आश्रमपालन-मातृसम्भावनरूपयोः उभयोः कार्ययोः, भिन्नदेशत्वात्=नानादेशस्थत्वात्, मे मनः=मम हृदयम्, पुरः=अग्रे, शैलैः=शिलासंघातैः, प्रतिहतं=प्रतिरुद्धम्, स्रोतोवहां=सरिताम्, स्रोतो यथा=प्रवाह इव, द्वैधीभवति=संशयाकुलं भवति ॥ १८ ॥

भावार्थ—उभयोरपि कार्ययोः विभिन्नदेशस्थत्वात् मम अन्तकरणम् अग्रतः शिलासंघातैः अवरुद्धं सरितां प्रवाह इव द्वैधीभवति ॥ १८ ॥

टिप्पणी—कृत्ययोः—√कृ+क्यप् 'विभाषा कृवृषोः' सूत्र से । भिन्नदेशत्वात्—भिन्नो देशो ययोः ते (बहु०), तयोः भावः भिन्नदेश+त्व=भिन्नदेशत्वम्, तस्मात् । स्रोतोवहाम्—स्रोतस्+√वह्+क्विप्, ताः स्रोतोवहः, तासाम् । स्रोतः प्रवाहं वहति या सा स्रोतोवह । द्वैधीभवति—द्वयोः स्थानयोः स्थितिः—द्वि+धमुञ्=द्वैधम् । (क) १. यहाँ उपमालङ्कार है । २. निरवयव अन्तःकरण के द्वैधीभाव रूप में कथन होने से यहाँ सम्बन्ध न होने पर भी सम्बन्ध का प्रतिपादन होने से अतिशयोक्ति अलङ्कार है । ३. 'स्रोतः स्रोतोवहां' में लाटानुप्रास है । (ख) अनुष्टुप् छन्द है ॥ १८ ॥

(सोंचकर) मित्र ! माधव्य ! मेरी माता तुमको पुत्रवत् मानती है । अतः तुम यहाँ से लौटकर, मुझे तपस्वियों के कार्य में व्यग्र चित्त बताकर आदरणीया माता जी के लिए पुत्र के कार्य सम्पन्न करना ।

विदूषक—ओह जी ! मुझे राक्षसों से भयभीत न समझिए ।

राजा—(मुस्कुराकर) हे महाब्राह्मण ? तुम में यह कैसे सम्भव हो सकता है ?

विदूषक—तो फिर मैं राजा के छोटे भाई की तरह जाना चाहता हूँ ।

राजा—ननु तपोवनोपरोधः परिहरणीय इति सर्वानेवानुयात्रिकांस्त्वयैव सह प्रेषयिष्यामि ।

विदूषकः—[सगर्वम्] युवराजोऽस्मि इदानीं संवृत्तः । (जुअराओह्मि दाणिं संवुत्तो ।)

राजा—[आत्मगतम्] चपलोऽयं ब्राह्मणबटुः कदाचिदिमामस्मत्प्रार्थनामन्तःपुरिकाभ्यो निवेदयेत । भवत्वेवं तावद्वक्ष्यामि । [विदूषकस्य हस्तं गृहीत्वा प्रकाशम्] सखे ! माधव्य ! ऋषिगौरवादाश्रमपदं प्रविशामि, न खलु सत्यमेव तापसकन्यायामभिलाषो मे । पश्य—

क्व वयं, क्व परोक्षमन्मथो
मृगशावैः सह वर्द्धितो जनः ।

संस्कृत टीका—ननु=इति–अनुज्ञाने, तपोवनोपरोधः=लतापादपादित्रोटनभञ्जनादिनाऽश्रमपीडा, परिहरणीयः=निवारणीयः; इति=हेतोः, अनुयात्रिकान्=अनुगतान् सैनिकान् । युवराजः=राजकुमारः, संवृत्तोऽस्मि=भवामि । चपलः=चञ्चलः, इमां=शकुन्तलाविषयिकाम्, अस्मत् प्रार्थना=मम लिप्साम्, अन्तःपुरिकाभ्यः=अन्तःपुरसुन्दरीभ्यः, निवेदयेत्=(अस्मद् वृत्तान्तप्रसङ्गेन) कथयेत् । ऋषिगौरवात्=ऋषीणां सम्मानार्हत्वेन तदनुरोधस्य सर्वतो रक्षणीयत्वादित्यर्थः ।

टिप्पणी—राक्षसभीरुकम्–राक्षसेभ्यो भीरुः (पं० त०), कुत्सितः राक्षसभीरुः राक्षसभीरुकः कुत्सिते कन् प्रत्ययः, तम् । महाब्राह्मण—'शंखे तैले तथा मांसे वैद्ये ज्योतिषिके द्विजे । यात्रायां पथि निद्रायां महच्छब्दो न दीयते ।' तपोवनोपरोधः—तपोवनस्य उपरोधः (ष० त०), उपरोध—उप+रुध्+घञ् । परिहरणीयः—परि+हृ+अनीयर् । अनुयात्रिकान्—अनुयात्रा पश्चादागमनेन संवृत्ता इति अनुयात्रिकाः, अनुयात्रा+ठक्+इक्, तान् । ऋषिगौरवात्—ऋषिषु गौरवम् (स० त०), तस्मात् ।

अन्वय—सखे, वयं क्व ? मृगशावैः सह वर्धितः परोक्षमन्मथः जनः क्व, ?

राजा—तपोवन में कोई विघ्न न पड़े, इसलिए सभी अनुचरों को तुम्हारे साथ ही भेज दूँगा ।

विदूषक—(गर्व के साथ) अब मैं युवराज हो गया हूँ ।

राजा—(मन ही मन) यह ब्राह्मण बालक चञ्चल है । कदाचित् हमारी यह (शकुन्तलाविषयक) प्रार्थना अन्तःपुर की स्त्रियों से न कह दे । अच्छा, तो मैं (इससे) ऐसा कहूँगा । (विदूषक का हाथ पकड़कर प्रकट रूप से) मित्र ! माधव्य ! ऋषियों के गौरव का ख्याल करके ही मैं आश्रम में प्रवेश कर रहा हूँ । वह तपस्विकन्या-सम्बन्धी अभिलाषा की बात यथार्थ नहीं है । देखो—

परिहासविजल्पितं सखे !
परमार्थेन न गृह्यतां वचः ।। १९ ।।

विदूषकः—एवमेतत् । (एवण्णेदं ।)

परिहासविजल्पितं वचः परमार्थेन न गृह्यताम् ।। १९ ।।

शब्दार्थ—सखे=मित्र, वयं=हम लोग, क्व=कहाँ, मृगशावैः=मृग के बच्चों के, सह=साथ, वर्धितः=वृद्धि को प्राप्त, परोक्षमन्मथः=कामभाव से सर्वथा अपरिचित, जनः=व्यक्ति (शकुन्तला), क्व=कहाँ ? परिहासविजल्पितं=हास एवं विनोद में कही हुई, वचः=मेरी बातों को, परमार्थेन न गृह्यताम्=सत्य न समझ लेना ।। १९ ।।

संस्कृत टीका—सखे=मित्र, वयं=सकल कलाकोविदा नागरिकाः जनाः, क्व=कुत्र ? मृगशावैः=हरिणशिशुभिः सह, वर्धितः=प्रतिपालितः, अत एव, परोक्षमन्मथः=कामभावानभिज्ञः, जनः=लोकः, क्व=कुत्र ? परिहासविजल्पितं=परिहासेन-कौतुकेन विजल्पितं कथितं, वचः=वचनं, परमार्थेन=यथार्थरूपेण, न गृह्यताम्=न ज्ञायताम् ।। १९ ।।

भावार्थ—हे सखे ? वयं सकलकलाकोविदाः नागरिकाः जनाः क्वं ? हरिणशिशुभिः सह वर्धितः, अतएव कामभावानभिज्ञः शकुन्तलारूपजनः क्व ? अतः परमार्थमिति मा मंस्था। वस्तुगत्या उपहासभणितं वचनं यथार्थरूपेण नावधार्यताम् ।। १९ ।।

टिप्पणी—परोक्षमन्मथः—परोक्षः मन्मथः यस्य सः (बहु०) मतो मथः मन्मथः, मननम् इति √मन+क्विप् (भावे)=मत् (चेतना), मथतीति मथः √मथ्+अच् (कर्तरि) । मृगशावैः—मृगाणां शावैः (त०) परिहासविजल्पितम्—परिहासेन विजल्पितं (तृ० त०) परिहसनम् इति परिहासः, परि+√हस्+घञ् परमार्थेन—परमः अर्थः (कर्म०) तेन । वचः—'व्याहार उक्तिर्लपितं भाषितं वचनं वचः' इत्यमरः । (क) 'क्व वयं' और 'क्व परोक्षमन्मथः जनः' इन दो विरुद्ध धर्मों वाले पदार्थों का एक साथ वर्णन होने से यहाँ विषमालङ्कार है । २. श्लोक का पूर्वार्द्ध उत्तरार्द्ध का हेतु है अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है । ३. कुछ आचार्य यहाँ परिकर अलङ्कार भी मानते हैं—(ख) यहाँ वियोगिनी छन्द है—'विषमे ससजा गुरुः समे सभरालोऽथ गुरुर्वियोगिनी' ।। १९ ।।

संस्कृत टीका—एतत्=पूर्वोक्तम्, एवं=परिहासविजल्पितमेवेति विवेकः ।

मित्र ! कहाँ हम और कामभाव से शून्य वह (शकुन्तला) जो हरिणों के बच्चों के साथ पली हुई है ? अतः हँसी में कही हुई बात को सत्य न समझ लेना ।। १९ ।।

विदूषक—ठीक है ।

राजा—माधव्य ! त्वमपि स्वनियोगमनुतिष्ठ, अहमपि तपोवनरक्षार्थं तत्रैव गच्छामि ।

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे]

॥ इति द्वितीयोऽङ्कः ॥

—*—

स्वनियोगं=स्वस्य नियोगं कार्यं राजधानीगमनलक्षणम्, अनुतिष्ठ=परिरक्ष । तत्रैव=आश्रमपदे एव, गच्छामि ।

टिप्पणी—इति–एति, अयति वा, इ (इण्)+क्तिन् (ति) । 'इति प्रकरणे हेतौ प्रकाशादिसमाप्तिषु । निदर्शने प्रकारे स्यादनुकर्षे च सम्मतम् ।' इति विश्वः । (क) राजा-[स्वगतम्] से लेकर अन्त तक 'संवृति' नामक सन्ध्यङ्ग है। लक्षण है—'संवृतिः स्वयमुक्तस्य स्वयं प्रच्छादनं भवेत् ।' (ख) यहाँ विदूषक शकुन्तला को विना देखे ही चला जाता है । इसीलिए पाँचवें अङ्क में वह राजा को याद भी नहीं कराता है ।

॥ इति महाकवि पं० रामकुबेरमालवीयात्मजसुधाकरमालवीयकृतायामभिज्ञानशाकुन्तलव्याख्यायां ज्योत्स्नायां द्वितीयोऽङ्कः ॥ २ ॥

—*—

राजा—माधव्य ! तुम भी अपना कर्तव्य पालन करो और मैं तपोवन की रक्षा के लिए वहाँ ही जाता हूँ ।

(सब चले जाते हैं)

॥ द्वितीय अङ्क समाप्त ॥

——*——

अथ तृतीयोऽङ्कः

[ततः प्रविशति कुशानादाय यजमानशिष्यः]

शिष्यः—[विचिन्त्य सविस्मयम्] **अहो ! महाप्रभवो राजा दुष्यन्तः, येन प्रविष्टमात्र एवाश्रमं तत्रभवति सारथिद्वितीये राजनि निरुपप्लवानि नः कर्माणि संवृत्तानि ।**

---

* **ज्योत्स्ना** *

ब्रह्मादिजयसंरूढ - दर्प - कन्दर्प-दर्पहा ।
जयति श्रीपतिर्गोपीरासमण्डलमण्डनः ॥

अथास्मिन् तृतीयेऽङ्के दुष्यन्तस्याश्रमाभ्यन्तरागमनं कृततपस्विकार्यत्वेन निराकुलत्वं संभूतसूचनं शकुन्तलाया आतपलङ्घनव्याजेन विरहावस्थाकथनं गौतम्याश्च प्रवेशं कथयितुं महाकविः कालिदासः वस्तुवृत्तसंघटनाय 'विष्कम्भक'–नामकमर्थोपक्षेपकमाचरन् सकुशहस्तमुनिशिष्यप्रवेशमाह—तत इति ।

ततः=द्वितीयाङ्कावसानानन्तरम्; **कुशान्**=यागार्थं दर्भान्, आदाय=गृहीत्वा, यजमानशिष्यः=यागं कर्तुं प्रवृत्तः शिष्य इत्यर्थः, यद्वा, यजमानस्य-यज्ञिकस्य मुनेः कण्वस्य शिष्यः ।

विचिन्त्य=राजप्रभावमिति शेषः । अहो !=इति आश्चर्ये, महाप्रभावः=महातेजाः, येन=हेतुना, प्रविष्टमात्र एव=प्रविष्टे सत्येव; यद्वा, प्रवेशकाल एवेत्यर्थः । तत्रभवति=मान्ये, सारथिद्वितीये=सारथिर्द्वितीयो यस्य तस्मिन्-बहुसहायरहिते इत्यर्थः; राजनि, नः=अस्माकं, कर्माणि=यज्ञकार्याणि, निरुपप्लवानि=निरूपद्रवाणि, संवृत्तानि=निष्पन्नानि ।

टिप्पणी—यजमानशिष्यः—यजमानस्य शिष्यः (ष० त०) । यजते इति यजमानः, √यज्+लट्—शानच् । शिष्यते असाधुशब्देभ्यः प्रविभज्य बोध्यते इति शिष्यः, √शास्+क्यप् (एतिस्तुशास्वृदृजुषः क्यप्); 'शास इदङ्हलोः' सूत्र से इत्व । महाप्रभावः—महान् प्रभावो यस्य सः (बहु०) । प्र+√भू+घञ् (भावे) ।

(इसके बाद कुश लेकर यजमान कण्व के शिष्य का प्रवेश)

शिष्य—(सोंचकर विस्मय के साथ) ओह ! राजा दुष्यन्त बड़े प्रभावशाली हैं ; क्योंकि केवल सारथी को साथ लेकर माननीय राजा के आश्रम में प्रवेश करते ही हमलोगों के कार्य बिना किसी उपद्रव के सम्पन्न हो गये—

का कथा बाणसन्धाने ज्यशब्देनैव दूरतः ।
हुङ्कारेणेव धनुषः स हि विघ्नान् व्यापोहति ॥ १ ॥

यावदेतान वेदिसंस्तरणार्थं दर्भान् ऋत्विग्भ्य उपाहरामि । [परिक्रम्यावलोक्य च, आकाशे ।] **प्रियंवदे ! कस्येदमुशीरानुलेपनं मृणालवन्ति च**

अन्वयः—बाणसन्धाने का कथा, हि सः दूरतः ज्याशब्देन एव धनुषः हुङ्कारेण इव विघ्नान् व्यपोहति ॥ १ ॥

शब्दार्थ—बाणसन्धाने=बाण चढ़ाने की, का कथा=तो बात ही क्या है, हि=क्योंकि, सः=वह, दूरतः=दूर से, ज्याशब्देन=प्रत्यञ्चा के शब्द द्वारा, एव=ही, धनुषः हुङ्कारेण इव=मानो धनुष की हुङ्कार से, विघ्नान्=विघ्नों को, व्यपोहति=दूर कर देते हैं ॥ १ ॥

संस्कृत टीका—बाणसन्धाने=धनुषि शरारोपणे, का कथा=का वार्ता, हि=यतः, सः=राजा, दूरतः=दूरात्, ज्याशब्देनैव=प्रत्यञ्चायाः शब्देनैव, धनुषः हुङ्कारेणेव=कोदण्डस्य हुँ शब्देनेव, विघ्नान्=अन्तरायान्, व्यपोहति=दूरीकरोति ॥ २ ॥

भावार्थ—शिष्यः राजप्रभावं वर्णयति—धनुषि शरायोजने का वार्ता ? यतो हि स राजा दुष्यन्तः मौर्वीध्वनिनैव कोदण्डस्य हुमिति शब्देनेव विघ्नान् दूरीकरोति ॥ १ ॥

टिप्पणी—कथा—कथ् + अङ् + टाप् । बाणसन्धाने—बाणस्य सन्धानम्, तस्मिन् (ष० त०) । सन्धानम्—सम् + धा + ल्युट् । 'बाणा वलिसुते शरे'—इत्यमरः । ज्याशब्देन—ज्यायाः शब्देन (त०) 'मौर्वी ज्या शिञ्जिनी गुणः'—इत्यमरः । हुङ्कारेण—हुङ्करणमिति हुम् + कृ + घञ् । विघ्नान्—विहननमिति—वि + हन् + क (घञर्थे कः) विघ्नः । व्यपोहति—वि + अप् + √ऊह् + लट्-तिप् । (क) यहाँ उत्प्रेक्षालङ्कार है । (ख) अनुष्टुप् छन्द है ॥ १ ॥

संस्कृत टीका—वेदिसंस्तरणार्थं=वेद्यां यागार्थविरचितपरिष्कृतभूमौ संस्तरणायंप्रातनार्थम्, दर्भान्=कुशान्, ऋत्विग्भ्यः=याजकेभ्यः, उपाहरामि=समर्पयामि, परिक्रम्य=गमनार्थमीषत्पादप्रक्षेपं कृत्वा, अवलोक्य=प्रियंवदाकर्तृकं नलिनीपत्रानयनं विलोक्य । आकाशे=निरालम्बे, रङ्गभूमौ प्रियंवदाभावेऽपीत्यर्थः ।

वाण के सन्धान की तो बात ही क्या है ? क्योंकि वह (राजा दुष्यन्त) दूर से प्रत्यञ्चा के शब्द के द्वारा ही मानो धनुष की हुँकार मात्र से ही विघ्नों को दूर कर देते हैं ॥ १ ॥

तब तक वेदी पर बिछाने के लिये ये कुश ऋत्विजों को दे आऊँ । (घूमकर और आकाश की ओर देखकर) प्रियंवदे ! खस का यह लेप और कमल-नाल के

नलिनीदलानि नीयन्ते ? [श्रुतिमभिनीय] किं कथयसि 'आतपलङ्घनाद् बलवदसुस्थशरीरा शकुन्तला तस्याः शरीरनिर्वापणाय' इति ? प्रियंवदे ! यत्नादुपचर्य्यताम्, सा हि तत्रभवतः कुलपतेर्द्वितीयमुच्छ्वसितम्। अहमपि तावद्वैतानिकं शान्त्युदकमस्या एव गौतमीहस्ते विसर्जयामि।

[इति निष्क्रान्तः।]

॥ विष्कम्भकः ॥

टिप्पणी—आकाशे—'किं ब्रवीष्येवमित्यादि विना पात्रं ब्रवीति यत्।
श्रुत्वेवानुक्तमप्येकस्तत् स्यादाकाशभाषितम् ॥'

संस्कृत टीका—कस्य = इति' सामान्ये नपुंसकं वा, **उशीरानुलेपनं**—पिष्ट वीरणमूलम्, शरीरनिर्वापणायेत्यपकृष्यत इति केचित्। **मृणालवन्ति** = मृणालसनाथानि, **नलिनीदलानि** = अरविन्दपलाशानि, **नीयन्ते** = प्राप्यन्ते, त्वयेति शेषः। **श्रुतिमभिनीय** = श्रवणं रूपयित्वा, **आतपलङ्घनात्** = आतपो ग्रीष्मस्तस्य लङ्घनात्-प्राप्तेः, यद्वा, आतपः-सूर्यप्रकाशस्तत्र लङ्घनात्-सञ्चारात्, बलवत् = अत्यर्थम् असुस्थं-तपनविलन्नतयाऽप्रकृतिस्थं शरीरं यस्याः सा। **तस्याः** = शकुन्तलायाः, **शरीरनिर्वापणाय** = शरीरस्य सन्तापोपशमनाय।

हि = यतः, **सा** = शकुन्तला, **तत्रभवतः** = पूज्यस्य, **कुलपतेः** = अयुतशिष्यपोषकस्य कण्वस्य, **द्वितीयम्** = अपरम्, **उच्छ्वसितं** = जीवनम्, बहिश्चरप्राणभूतेत्यर्थः। **वैतानिकं** = यागसम्भवम्, **शान्त्युदकं** = शान्त्यर्थमुदकम्; तापशान्तिकरं यागीयजलशेषं तीर्थजलमित्यर्थः, **अस्यै** = शकुन्तलायै एव; शकुन्तलार्थमेव, **गौतमीहस्ते** = गौतम्याः-तदाख्यायाः कण्वस्य धर्मभगिन्याः शकुन्तलामातृस्थानीयायाश्च कस्याश्चित् तापस्याः, हस्ते, **विसर्जयामि** = प्रेरयामि, केनचिदृत्विजेनेति शेषः।

टिप्पणी—**वेदिसंस्तरणार्थम्** = वेद्याः संस्तरणम् (ष० त०), तस्मै यथा तथा। समन्तात् स्तरणम् इति संस्तरणम्, सम् √स्तृ + ल्युट् (भावे) **शरीरनिर्वापणाय**—शरीरस्य निर्वापणम्, तस्मै। निर् + √वा + णिच् पुक् + ल्युट् (भावे)।

सहित कमल के पत्ते किसके लिए ले जाये जा रहे हैं ? (सुनने का अभिनय करके) क्या कहती हो ? 'लू' लग जाने से शकुन्तला का शरीर अस्वस्थ हो गया है, उसके शरीर को शान्ति प्रदान करने के लिए (यह ले जा रही हूँ) ? प्रियंवदे ! तो उसका उपचार बड़े यत्नपूर्वक करना। वह तो पूज्य कुलपति (कण्व) का दूसरा प्राण ही है। मैं भी तबतक उसी शकुन्तला के लिये यज्ञिय शान्तिजल गौतमी के हाथ भेजता हूँ।

(इतना कहकर चला जाता है)

॥ विष्कम्भक ॥

[ततः प्रविशति समदनावस्थो राजा ।]

राजा—[सचिन्तं निःश्वस्य ।]

जाने तपसो वीर्यं सा बाला परवतीति मे विदितम् ।
न च निम्नादिव सलिलं निवर्त्तते मे ततो हृदयम् ।। २ ।।

वैतानिकं—विताने भवं वैतानिकम्, वितन्यते इति वितानः-यज्ञः, वि + √तन् + घञ् (कर्मणि) । विष्कम्भकम्—सूच्य कथावस्तु की सूचना देने के लिए पाँच प्रकार के अर्थोपक्षेपकों में से एक विष्कम्भक होता है । यह शुद्ध और मिश्र भेद से दो प्रकार का होता है—

वृत्तवर्त्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः ।
संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः ।।
एकानेककृतः शुद्धः सङ्कीर्णो नीचमध्यमैः । (दश० १५९-६०)

भूत और भविष्य की कथावस्तु की सूचना देने वाला, और अङ्क के प्रारम्भ में कथावस्तु को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करने वाला 'विष्कम्भक' होता है । एक अथवा अनेक मध्यम श्रेणी के पात्रों द्वारा प्रयुक्त होने वाला 'शुद्ध' और नीच एवं मध्यम श्रेणी के पात्रों द्वारा प्रयुक्त विष्कम्भक 'मिश्र' होता है ।

संस्कृत टीका—समदनावस्थः=उत्कण्ठादिस्मरदशाक्रान्तः । सचिन्तं=चिन्तया शकुन्तलानुस्मृत्या सह वर्त्तते इति सचिन्तम् । निःश्वस्य=दीर्घनिःश्वासमुत्सृज्येत्यर्थः ।

अन्वयः—तपसः वीर्यं जाने, सा बाला परवती इति मे विदितम्, च निम्नाद सलिलम् इव ततः मे हृदयं न निवर्तते ।। २ ।।

शब्दार्थ—तपसः=तपस्या के, वीर्यं=सामर्थ्य (शक्ति) को, जाने=जानता हूँ । सा बाला=वह बाला, (शकुन्तला)परवती=पराधीन है; इति=ऐसा; मे=मुझे, विदितम्=ज्ञात है । च=और, निम्नात्=नीचे की ओर जाने वाले, सलिलम् इव=पानी के (प्रवाह) के समान, ततः=उससे, मे हृदयं=मेरा मन, न निवर्तते=लौटता नहीं है ।। २ ।।

संस्कृत टीका–तपसः=तपस्यायाः, वीर्यं=सामर्थ्यं, जाने=अहमवगच्छामि, सा बाला=शकुन्तला, परवती=पराधीना, गुर्वायत्ता इति यावत, इति=इत्यपि.

(तदनन्तर काम पीड़ित अवस्था में राजा का प्रवेश)

राजा—(चिन्तितभाव से लम्बी साँस लेकर)

मैं तपस्या की शक्ति को जानता हूँ, 'वह बाला (शकुन्तला) पराधीन है'—यह भी मुझे विदित है । फिर भी किसी नीची जगह से जल ऊपर को नहीं लौटता उसी तरह मेरा मन उसकी ओर से विमुख नहीं होता ।। २ ।।

भगवन् ! मन्मथ ! कुतस्ते कुसुमायुधस्य सतस्तैक्ष्ण्यमेतत् । [स्मृत्वा] **आं ज्ञातम्—**

अद्यापि नूनं हरकोपवह्निस्त्वयि ज्वलत्यौर्व इवाम्बुराशौ ।
त्वमन्यथा मन्मथ ! मद्विधानां भस्मावशेषः कथमेवमुष्णः ॥ ३ ॥

मे=मम, विदितं=ज्ञातम्, निम्नात्=नीचैर्भूतलभागात्, सलिलं=जलमिव, ततः=शकुन्तलातः, मे=मम, हृदयं=चेतः, न निवर्तते=नोत्थातुमर्हति, न पराङ्मुखं भवतीत्यर्थः ॥ २ ॥

भावार्थ—तपस्यायाः शक्ति जानामि । सा बाला शकुन्तला परायत्ता इत्यपि मे ज्ञातमस्ति । नीचप्रदेशात् सलिलमिव शकुन्तलायाः मे हृदयं न च निवर्त्तते । नाहं तस्या मनो निवर्त्तयितुं शक्नोमि इति-भावः ॥ २ ॥

टिप्पणी—वीर्यं–वीर+यत् । परवती–पर+मतुप, म को व तथा ङीप् । विदितम्–विद्+क्त । (क) 'अलमस्मि ततो हृदयं तथापि नेदं निवर्तयितुम्' इति क्वचित् पाठः । ततः—शकुन्तलायाः सकाशात्–हृदयं—चेतः, निवर्त्तयितुं—प्रत्यावर्तयितुम्; नालमस्मि न समर्थो भवामीत्यर्थः ! 'तो भी मैं (अपने) इस मन को उससे लौटाने में असमर्थ हूँ ।' (ख) तपस्या की शक्ति जानना रूपी कारण से शकुन्तला से मन का न हटा सकना रूपी अप्रस्तुत कार्य के कारण यहाँ अप्रस्तुतप्रशंसालङ्कार है । (ग) आर्या छन्दः ॥ २ ॥

संस्कृत टीका—हे भगवन् !=माहात्म्यशालिन् ! हे मन्मथ !=काम ! यद्वा मां मथतीति मन्मथ-मम सन्तापक ! कुसुमायुधस्य=कुसुमं-पुष्पमात्रम् आयुधम्-अस्त्रं यस्य तथाभूतस्य पुष्पशरस्येत्यर्थः, सतः=विद्यमानस्य, एतत्=ईदृशं तैक्ष्ण्यम्=उग्रता । कुतः ? आम्=इति स्मृतौ ।

टिप्पणी—कुसुमायुधस्य—कुसुमम् आयुधं यस्य सः (बहु०) । आम्–'आ ज्ञाने निश्चयस्मृत्योः' इति मेदिनी ।

अन्वयः—अम्बुराशौ और्व इव त्वयि हरकोपवह्निः अद्यापि नूनं ज्वलति । अन्यथा मन्मथ ! भस्मावशेषः मद्विधानाम् एवम् उष्णः कथम् (भवसि) ? ॥ ३ ॥

शब्दार्थ—अम्बुराशौ=समुद्र में, और्वं इव=वडवानल की तरह, त्वयि=

भगवन् ! मन्मथ ! तुम तो कुसुमायुध हो, फिर तुम में ऐसी तीक्ष्णता कहाँ से आयी ? (स्मरण करके) ओह ! समझ गया—

आज भी तुम्हारे अन्दर निश्चित ही भगवान् शिव की क्रोधरूपी अग्नि उसी प्रकार जल रही है, जिस प्रकार समुद्र में वडवाग्नि जलती है । नहीं तो, हे कामदेव ! भस्मरूप में अवशिष्ट तुम मुझ जैसों के लिए इस प्रकार उष्ण (सन्तापकारी) कैसे होते ? ॥ ३ ॥

तुम में, हरकोपवह्निः=भगवान् शङ्कर के क्रोध से उत्पन्न अग्नि, अद्यापि=आज भी, नूनं=ज्वलति निश्चत रूप से जल रही है, अन्यथा मन्मथ=अन्यथा हे कामदेव; भस्मावशेषः=भस्ममात्र अवशिष्ट रहते हुए, मद्विधानाम्=तुम मुझ जैसे के लिए, एवम् उष्णं कथम् (भवसि)=ऐसे सन्तापकारी कैसे होते ?

संस्कृत टोका—हे मन्मथ !=काम !, अम्बुराशौ=समुद्रे, औंर्वः=वाडवाग्निरिव, हरस्य=त्र्यम्बकस्य रुद्रस्य, कोपवह्निः=क्रोधोद्भूतकपाललोचनाग्निः, अद्यापि=इदानीमपि, बहुतिथे काले गतेऽपीत्यर्थः, त्वयि=मन्मथे, ज्वलति=दीप्यते, न निर्वाणतां गत इत्यर्थः, इति नूनं=ध्रुवम् । अन्यथा=नो चेत्, निर्वाणतां गतश्चेत्तदेत्यर्थः, भस्मावशेषः=भस्मैव अवशेषः=चरमदशा यस्य तथाभूतो भस्ममात्रावशिष्ट इत्यर्थः । त्वं=मन्मथः, मद्विधानां=मादृशानां विरहविधुराणां कृते, कथम्=केन वा हेतुना, एवं=अनेन प्रकारेण, उष्णः=सन्तापको भवसीति शेषः ॥ ३ ॥

भावार्थ–समुद्रे वडवाग्निरिव त्वयि शिवस्य क्रोधोद्भूतलोचनाग्निः इदानीमपि ध्रुवं दीप्यते, न निर्वाणतां गत इत्यर्थः । नो चेत्, हे कदर्प भस्ममात्रावशिष्टः मादृशानां विरहविधुराणां कृते अनेन प्रकारेण केन हेतुना सन्तापकः भवसि ? ॥ ३ ॥

टिप्पणी—अम्बुराशौ–वारिराशिरब्धाविति शब्दार्णवः । औंर्वः–उर्वस्यापत्यं पुमान् औंर्वः; उर्व+अण्; 'औंर्वस्तु वाडवो वडवानलः' इत्यमरः । (क) पुरा किल ऊरुजः भार्गवः स्वीयकोपजं वह्नि समुद्रे निचिक्षेप, तस्य च सलिलमेव दाह्यम्, अतोऽस्य औंर्वो नाम । यदाह—भारते–'ततस्तं क्रोधजं तात ! औंर्वोऽग्निं वरुणालये । उत्ससर्ज स चैवाप उपयुङ्क्ते महोदधौ ॥'–इति । एक वार उर्व नामक मुनि अग्नि में अपना उरु डालकर कुश से उसका मन्थन करने लगे । इससे उनके उरु से अग्नि उत्पन्न हुए जो संसार को जलाने लगे । ब्रह्मा ने यह देख मुनि को शान्त किया और उस अग्नि को समुद्र गर्भ में स्थित वडवा अर्थात् घोड़ी के मुँह में स्थापित कर दिया और उसके भक्ष्य के लिए समुद्र का जल निर्दिष्ट कर दिया (मत्स्यपुराणम्) । भस्मावशेषः–(क) पुरा तारकासुरवीर्यविधूता देवा ब्रह्मणः सकाशमाजग्मुः; तेन च 'कार्त्तिकेयजननार्थं हरयोगभङ्गः कर्त्तव्यः' इति समादिष्टाः काममेव तस्मिन् कर्मणि व्यापरयामासुः । स च कामः योगभङ्गाय कृतशरनिक्षेपः भगवता क्रुद्धेन भालवह्निना निर्दग्ध इति शिवपुराणादिककथाऽत्रानुसन्धातव्या । (ख) पूर्वकाल में तारकासुर के बध के लिए देवताओं ने भगवान् शङ्कर से कार्त्तिकेय के जन्म के लिए उनकी समाधिभङ्ग करने के लिए कामदेव से बाण चलवाया । समाधि टूटते ही क्रुद्ध रुद्र के क्रोधानल ने कामदेव को भस्मसात् कर दिया । मद्विधानाम्—मम इव विधा प्रकारो येषां ते मद्विधाः (बहु०), तेषाम् । (क) १. इस श्लोक में पूर्वार्ध के

अपि च—त्वया चन्द्रमसा च अतिविश्वसनीयाभ्यामभिसन्धीयते कामिसार्थः । कुतः—

तव कुसुमशरत्वं शीतरश्मित्वमिन्दो-
र्द्वयमिदमयथार्थं दृश्यते मद्विधेषु ।
विसृजति हिमगर्भैरग्निमिन्दुर्मयूखै-
स्त्वमपि कुसुमबाणान् वज्रसारीकरोषि ॥ ४ ॥

अथवा—

प्रति उत्तरार्ध कारण होने से काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। (ख) उपजाति छन्द है ॥ ३ ॥

संस्कृत टीका—त्वया = मन्मथेन, चन्द्रमसा = चन्द्रेण च, युवाभ्यामित्यर्थः, अतिविश्वसनीयाभ्यां = मृदुत्वेनातिविश्वस्ताभ्यां सद्भ्यामित्यर्थः, कमिसार्थः = कामुकगोष्ठी, अभिसन्धीयते = तीव्रताप्रकाशनात् प्रतार्य्यते ।

टिप्पणी—अभिसन्धीयते—प्रतीर्यते, 'वञ्चनं चाभिसन्धानम्' इति हैमः। अभि + सम् √धा + लट्—ते (कर्मणि) ।

अन्वयः—तव कुसुमशरत्वम् इन्दोः शीतरश्मित्वम् इदं द्वयं मद्विधेषु अयथार्थं दृश्यते, इन्दुः हिमगर्भैः मयूखैः अग्नि विसृजति, त्वम् अपि कुसुमबाणान् वज्रसारीकरोषि ॥ ४ ॥

शब्दार्थ—तव = तुम्हारा, कुसुमशरत्वम् = पुष्प-बाण वाला होना, इन्दोः = चन्द्रमा का, शीतरश्मित्वम् = शीतल किरण वाला (शीतांशु) होना, इदं = यह, द्वयं = दोनों (बातें), मद्विधेषु = मुझ जैसे (कामपीड़ितों) के विषय में, अयथार्थं = असत्य, विपरीत, दृश्यते = दिखलायी देती हैं। इन्दुः = चन्द्रमा, हिमगर्भैः = शीतल हिमगर्भित, मयूखैः = किरणों से, अग्नि = अग्नि को, विसृजति = छोड़ रहा है, त्वम् = तुम, अपि = भी, कुसुमबाणान् = पुष्प के, बाणों को, वज्रसारीकरोषि = वज्र की भाँति कठोर कर रहे हो ॥ ४ ॥

और भी, तुम और चन्द्रमा अत्यन्त विश्वसनीय होकर कामिजनों को ठगा करते हो। क्योंकि—

तुम्हारा कुसुमायुध होना और चन्द्रमा का शीतांशु होना—यह दोनों बातें मुझ जैसे (कामपीड़ितों) के लिए असत्य दिखायी पड़ रहा है। (क्योंकि) चन्द्रमा शीतल किरणों से अग्नि की वर्षा कर रही हैं और तुम भी अपने फूल के बाणों को वज्र के समान कठोर बना रहे हो ॥ ४ ॥

अथवा—

अनिशमपि मकरकेतुर्मनसो रुजमावहन्नभिमतो मे ।
यदि मदिरायतनयनां तामधिकृत्य प्रहरतीति ॥ ५ ॥

संस्कृत टीका—तव = मन्मथस्य, कुसुमशरत्वं = पुष्पबाणत्वम्, इन्दोः = चन्द्रमसः, शीतरश्मित्वं = शीतांशुत्वम्, इदम् = एतत्, द्वयम् = उभयम्, मद्विधेषु = विरहीजनेषु विषये, अयथार्थम् = असत्यम्, दृश्यते, = प्रतीयते; । इन्दुः = चन्द्रमाः, हिमगर्भैः = तुषारपूर्णैः, मयूखैः = किरणैः, अग्निम् = अनलम्, विसृजति = वर्षति, त्वम् अपि = कामोऽपि, कुसुमबाणान् = पुष्पशरान्, वज्रसारीकरोषि = कुलिशकठोरान् करोषि ॥ ४ ॥

भावार्थ—तव पुष्पबाणत्वं चन्द्रस्य शीतरश्मित्वं एतदुभयमपि मत्सदृशेषु असत्यं दृश्यते । चन्द्रः तुषारप्रधानैः किरणैः अग्निं वर्षति । त्वमपि पुष्पशरान् वज्रवत् तीक्ष्णान् कृत्वा निक्षिपसि इति भावः ॥ ४ ॥

टिप्पणी—कुसुमशरत्वम्—कुसुमानि एव शराः यस्य (बहु०) तस्य भावः । शीतरश्मित्वम्—शीताः रश्मयः यस्य (बहु०) तस्य भावः । हिमगर्भैः—हिमं गर्भे येषां तैः (बहु०) । **वज्रसारीकरोषि**—वज्रस्य सारः इव सारः येषां ते वज्रसाराः (बहु०), अवज्रसारान् वज्रसारान् करोषि । यहाँ पर अभूततद्भाव अर्थ में 'च्वि' प्रत्यय है । (क) कामदेव को पुष्पधन्वा (कुसुमायुध) कहा जाता है, क्योंकि पाँच पुष्प ही कामदेव के बाण माने जाते हैं । ये पाँच बाण हैं—'अरविन्दमशोकं च चूतं च नवमल्लिका । नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायकाः'' । (ख) पूर्वार्ध में कुसुमशर के बाद इन्दु है । उत्तरार्ध में इस क्रम के बदल जाने से यहाँ प्रक्रमभङ्ग दोष है । २. दो बार इन्दु शब्द प्रयुक्त है । अतः कथितपदतादोष है किन्तु यह सब कुछ प्रेमोन्माद ही है । ३. पूर्वार्धभाग के प्रति उत्तरार्द्ध कारण होने से काव्यलिङ्ग अलङ्कार है । ४. 'हिमगर्भैः अग्निं विसृजति' में विरोधाभास है । ५. 'कुसुमबाणान्' में पुष्पों पर प्रकृतोपयोगी 'बाणान्' का आरोप (विरह-दुःख का कारण होने से यहाँ पर परिणामालङ्कार है । ६. यहाँ 'मयि' विशेष के स्थान पर 'मद्विधेषु' सामान्य का कथन है। अतः सामान्य द्वारा विशेष की प्रतीति होने से अप्रस्तुत प्रशंसालङ्कार है । (ग) मालिनी छन्द है ॥ ४ ॥

अन्वयः—यदि मदिरायतनयनां ताम् अधिकृत्य प्रहरति इति मकरकेतुः अनिशं मनसो रुजम् आवहन्नपि मे अभिमतः ॥ ५ ॥

शब्दार्थ—यदि = यदि, मदिरायतनयनां = मादक तथा विशाल नयनों वाली, तां = उस (शकुन्तला) को, अधिकृत्य = लक्ष्य करके (मुझ पर), प्रहरति = प्रहार

दिन-रात मेरे मन को पीड़ित करता हुआ कामदेव मुझे प्रिय है, यदि वह उस मतवाले नेत्रों वाली शकुन्तला को लक्ष्य में रखकर मुझे सन्तप्त करता है ॥ ५ ॥

भगवन् ! एवमुपालब्धस्य ते न मां प्रत्यनुक्रोशः ?

करता है, इति=तो, मकरकेतुः=कामदेव, अनिशं=सतत, मनसः=मन को, रुजम् आवहन्नपि=पीड़ा पहुँचाता हुआ भी, मे=मुझे, अभिमतः=प्रिय है ॥ ५ ॥

संस्कृत टीका—मकरकेतुः=मकरध्वजः कामः, मदिरायतनयनां=मदिरे-मत्तखञ्जनपक्षिणाविव आयते—दीर्घे आकर्णविस्तृते इति यावत् नयने—नेत्रे यस्यास्तां तादृशीम्, तां=शकुन्तलाम्, अधिकृत्य=उद्दिश्य, यदि प्रहरति= शरैर्विध्यति, मामिति शेषः, अर्थात्—मामुद्दिश्य तां तामुद्दिश्य च मां प्रहरतीति, इति=एवंविधे सति (कामः), अनिशं=निरन्तरम्, मे=मम, मनसः=चेतसः, रुजं=पीडाम्, आवहन् अपि=दधदपि, उत्पादयन्नपीत्यर्थः, अभिमतः=आनु-कूल्येन हेतुना सम्मतः, स्यादिति शेषः ॥ ५ ॥

भावार्थ—तदुपरि ममानुरागस्य सततं विद्यमानतया यथाऽहं कामेन पीडितः, तथैव मदुपरि अनुरागवशेन सा यदि कामेन पीडिता स्यात्, तदोभयानुरागस्य उभय-पीडायाश्च समानतया अवश्यमुभयोः, सङ्गमनं भविष्यत्येवेति तथाविधपीडा सम्मतै-वेति भावः ॥ ५ ॥

टिप्पणी—मकरकेतुः—मकरः केतुः ध्वजो यस्य स मकरकेतुः (बहु०)। मकरस्य प्रतिकृतिः इति मकर+कन्=मकरः, 'अर्चासु पूजितार्थासु चित्रकर्मध्वजेषु च। इवे प्रतिकृतौ लोपस्तथा देवपथादिषु ॥' इस कारिका से कन् का लोप। अभिमतः=इष्टः। अभि+√मन्+क्त (वर्तमाने)। इसके योग में 'मे' में षष्ठी 'क्तस्य च' वर्तमाने सूत्र से हुई है। (क) १. 'पीड़ित करता हुआ भी मुझे अभीष्ट है'—इस अंश में विरोध का आभास होने से विरोधाभास अलङ्कार है। उस विरोध का परिहार विरहीजन की उक्ति से हो जाता है। (ख) आर्या छन्द है ॥ ५ ॥

संस्कृत टीका—हे भगवन् !=सर्वशक्तिसम्पन्न ! मन्मथ !, एवं=पूर्वोक्त-प्रकारेण, वञ्चकत्वादिनेत्यर्थः, उपालब्धस्य=भर्त्सितस्य दुरुक्तस्येति यावत्, ते= तव, अनुक्रोशः=कृपा, नोत्पद्यत इति शेषः।

टिप्पणी—उपालब्धस्य—दुर्वादः स्यादुपालम्भस्तत्र यः स्तुतिपूर्वकः। सोलुण्ठनं सनिन्दस्तु यस्तत्र परिभाषणम् ॥'—इति जटाधरः।

भगवन् ! इस प्रकार (सन्तप्त हो) मेरे उलाहना देने पर भी तुम्हें मेरे प्रति दया नहीं आती ?

वृथैव सङ्कल्पशतैरजस्रम्, अनङ्ग ! नीतोऽसि मयाऽतिवृद्धिम् ।
आकृष्य चापं श्रवणोपकण्ठे मय्येव युक्तस्तव बाणमोक्षः ॥ ६ ॥

[सखेदं परिक्रम्य] **क्व नु खलु निरस्तविघ्नैस्तपस्विभिरनुज्ञातः खिन्न-**

अन्वयः—अनङ्ग ! मया वृथैव सङ्कल्पशतैः अजस्रम् अतिवृद्धिं नीतोऽसि । श्रवणोपकण्ठे चापम् आकृष्य मय्येव तव बाणमोक्षः युक्तः ? ॥ ६ ॥

शब्दार्थ—अनङ्ग ! = हे कामदेव, मया वृथैव = मैंने व्यर्थ ही, तुम्हें, सङ्कल्पशतैः = सैकड़ो संकल्पों से, अजस्रम् = निरन्तर, अतिवृद्धि नीतोऽसि = बढ़ाया है । श्रवणोपकण्ठे = कान तक, चापम् = धनुष, आकृष्य = खींचकर, मय्येव = मुझ पर ही, तव = तुम्हारा, बाणमोक्षः = बाण छोड़ना, युक्तः = क्या उचित है ॥ ६ ॥

संस्कृत टीका—हे अनङ्ग ! = काम !, मया = दुष्यन्तेन अजस्रम् = अनिशम्, संकल्पशतैः = प्रियतमां शकुन्तलामधिकृत्य बहुभिर्मनोरथैः, वृथैव = निष्फलमेव, अतिवृद्धिम् = अतीव वैपुल्यम्, नीतः = गमितः, असि = त्वमिति भावः । श्रवणोपकण्ठे = कर्णान्तिके, कर्णपर्यन्तमित्यर्थः, चापं = धनुः, आकृष्य = आरोप्य, वर्त्तमानस्येति शेषः, तव = अनङ्गस्य, मय्येव = परिवर्द्धयितर्येव, बाणमोक्षः = शराणां निक्षेपः, युक्तः = किं समुचितः, नैव समुचित इत्यर्थः ॥ ६ ॥

भावार्थ—हे कामदेव ! मया व्यर्थमेव मनःकल्पितैः प्रियासमागमादिभिः निरन्तरम् अतीव वैपुल्यं गमितोऽसि । यो यस्य वृद्धिमादधाति तं स प्रत्युपकारेण प्रीणयति, इत्येष धर्मः, तव तु तद् वैपरीत्यमिति मम त्वद्वर्धनाभिप्रायस्य निरर्थकत्वमिति भावः । आकर्ण धनुः आरोप्य मय्येव ते शराणां निक्षेपः किं समुचितः ? ॥ ६ ॥

टिप्पणी—संकल्पशतैः—'संकल्पः कर्ममानसम्' इत्यमरः । श्रवणोपकण्ठे—'उपकठान्तिकाभ्यर्णाः' इत्यमरः । (क) १. यहाँ इष्ट के विपरीत अर्थ की संप्राप्ति होने से विषादन नामक अलङ्कार है । २. पूर्वार्ध के प्रति उत्तरार्ध हेतु होने से काव्यलिङ्ग है । (ख) उपजाति वृत्त है ॥ ६ ॥

संस्कृत टीका—सखेदं = सपरितापम्, परिक्रम्य = सञ्चारमुपन्यस्य, निरस्तविघ्नैः = निर्विघ्नसमाप्तयागैरित्यर्थ,: तपस्विभिः = मुनिभिः, अनुज्ञातः = पूर्ववद्यथेष्टसञ्चरणादिविषये अनुमोदितः, अहं = दुष्यन्तः, क्व = कस्मिन् देशे, नु खलु = नु शब्दः खलु शब्दश्च वितर्के, यद्वा खल्विति वाक्यालङ्कारे, खिन्नं = परितप्तं

कामदेव ! मैंने व्यर्थ ही तुम्हें सैकड़ों संकल्पों से निरन्तर बढ़ाया है । फिर क्या यह उचित है कि कानों तक धनुष खींचकर तुम मुझ पर ही बाण छोड़ो ॥ ६ ॥

(खेद के सहित घूमकर) विघ्न दूर हो जाने के बाद तपस्वियों द्वारा (यथेष्ट

मात्मानं विनोदयामि । न च प्रियादर्शनादृते शरणमन्यत् यावदेना मन्विष्यामि । [ऊर्ध्वमवलोक्य] इमामुग्रतपां वेलां प्रायेण लतावलयवत्सु मालिनीतीरेषु ससखोजना तत्रभवती शकुन्तला गमयति । भवतु, तत्रैव तावद् गच्छामि । [परिक्रम्यावलोक्य च] अनया बालपादपवीथ्या सुतनुरचिर गतेति तर्कयामि । कुतः —

सम्मीलन्ति न तावद्बन्धनकोषास्तयाऽवचितपुष्पाः ।
क्षीरस्निग्धाश्चामी दृश्यन्ते किसलयच्छेदाः ॥ ७ ॥

आत्मानं = मनः; विनोदयामि = सन्तापापनोदं करोमि । प्रियादर्शनादृते = प्रियायाः शकुन्तलायाः दर्शनादृते-दर्शनमन्तरेण, अन्यत् = उपवनविहरणादिरूपं इतरत् (किमपि वस्तु), शरणं = (सन्तापापनोदकत्वेन) रक्षितृ, न = नास्ति, प्रियादर्शनमेव शरणमिति भावः । यावद् = इत्यवधारणे, एनां = शकुन्तलाम्, अन्विष्यामि = अन्विच्छामि, ऊर्ध्वमवलोक्य = कालपरिज्ञानार्थं सूर्याभिमुखं दृष्ट्वा, उग्रतपाम् = उग्रम्—उत्कटं तपतीत्युग्रतपा तां प्रखरतापवतीम् माध्यन्दिनीमिति यावत्, वेलां = समयञ्च, प्रायेण = सम्भावनार्थकमव्ययम्, लतावलयवत्सु = लता-मण्डपवेष्टितेषु, मालिनीतीरेषु = मालिनीनाम नदी तस्याः तटभूमिषु, गमयति = यापयति, वेलामित्यनेन सम्बन्धः । सुतनुः = शोभनगात्री शकुन्तला, अनया = परिदृश्यमानया, बालपादपवीथ्या = नवीनतरुपङ्क्ति परिसरमार्गेण, अचिरं = अनतिविलम्बम्, तर्कयामि = विभावयामि ।

टिप्पणी— निरस्तविघ्नैः-निरस्ताः विघ्नाः येषां ते (बहु०) तैः । :बालपाद-पवीथ्या—'वीथी वर्त्मनि पङ्क्तौ च' इति हैमः । बालाः पादपाः (कर्म०) बाल-पादपशोभितावीथी (मध्य पद०) ।

अन्वयः—तया अवचितपुष्पाः बन्धनकोषाः न तावत् सम्मीलन्ति । अमी किसलयच्छेदाश्च क्षीरस्निग्धाः दृश्यन्ते ॥ ७ ॥

शब्दार्थ—तया अवचितपुष्पाः = उसके द्वारा तोड़े गए फूलों वाले, बन्धन-

---

विश्राम की) अनुमति पाकर मैं अपने खिन्न मन को कहाँ बहलाऊँ ? प्रिया को देखने के सिवाय और चारा ही क्या है ? तो तबतक, उसी को ढूँढूँ । (ऊपर की ओर देखकर) इस तीव्र गर्मी के समय लतायुक्त मालिनी नदी के तट पर शायद मान्या शकुन्तला अपनी सखियों के साथ समय बिताती होंगी । अच्छा, तो वहीं चलूँ । (घूमकर और देखकर) इन छोटे-छोटे पौधों से युक्त वीथी से वह तन्वङ्गी अभी ही गयी है—ऐसा मैं सोचता हूँ । क्योंकि—

उसके द्वारा फूल तोड़े जाने के कारण वृन्त (डंठल) अभी तक संकुचित नहीं हुए हैं और अभी भी बहुत से पत्ते दूध गिरने के कारण आर्द्र हैं ॥ ७ ॥

[स्पर्शं रूपयित्वा ।] अहो । **प्रवातसुभगोऽयं वनोद्देशः ।**

शक्योऽरविन्दसुरभिः कणवाही मालिनीतरङ्गाणाम् ।
अङ्गैरनङ्गतप्तैर्निर्दयमालिङ्गितुं पवनः ॥ ८ ॥

कोषाः = वृन्तों के ऊर्ध्व भाग, न तावत् सम्मीलन्ति = अभी संकुचित नहीं हुए हैं। अमी किसलयच्छेदाश्च = और पल्लवों के खण्ड भी, क्षीरस्निग्धाः = दूध के गिरने से चिकने, दृश्यन्ते = दिखाई दे रहे हैं ॥ ७ ॥

संस्कृत टीका—तया = (सुतन्वा) शकुन्तलया, अवचितपुष्पाः = अवचितानि-कराभ्यां लूनानि पुष्पाणि-कुसुमानि येषां ते, अमी = परिदृश्यमानाः, वन्धनकोषाः = पुष्पबन्धनाधारभूता वृन्तोर्ध्वभागा इति यावत्, न तावत् = नेदानीमपि, सम्मीलन्ति = सङ्कुचन्ति, सुचिरप्राणे तु बन्धकोषाः सम्मीलयिष्यन्त्येवेति भावः । तथा अमी किसलयच्छेदाश्च = पल्लवखण्डाश्च, क्षीरस्निग्धाः = क्षीरेण प्रसवभङ्ग-प्रवृत्तनिर्यासेन स्निग्धाः-सस्नेहाः, दृश्यन्ते = उपलक्ष्यन्ते ॥ ७ ॥

भावार्थः—तया शकुन्तलया अवचितपुष्पाः वृन्तकोषाः नेदानीमपि संकुचन्ति । अमी पल्लवखण्डाः च दुग्धमसृणाः अवलोक्यन्ते ॥ ७ ॥

टिप्पणी—किसलयच्छेदाः—'छेदः खण्डोऽस्त्रियाम्' इति त्रिकाण्डशेषः । (क) यहाँ स्वभावोक्ति अलङ्कार है । (ख) आर्या छन्द है ॥ ७ ॥

संस्कृत टीका—स्पर्शं = वागस्पर्शम्, रूपयित्वा = अभिनीय, अहो ! = इति हर्षे विस्मये वा । प्रकृष्टः शैत्यसौगन्ध्यमान्द्यगुणत्रयवान् प्रसूतो वा वातः—मारुतो यत्र, अत एव, सुभगः = सुखकर इति, प्रवातसुभगः = प्रवातेन—तादृशगुणशालिना वातेन सुभगः—मनोहरः, अयं = परिदृश्यमानः, वनोद्देशः = वनैकभागः ।

टिप्पणी—प्रवातसुभगः;—प्रकृष्टः वातः प्रवातः (प्रादि) प्रवातेन सुभगः (तृ० त०) । 'सुन्दरेऽधिकभागे च दुर्दिनेतरवासरे । तुरीयांशे श्रीमति च सुभग–' इति शब्दार्णवः ।

अन्वयः—अरविन्दसुरभिः मालिनीतरङ्गाणां कणवाही पवनः अनङ्गतप्तैः अङ्गैः निर्दयं आलिङ्गितुं शक्यः ॥ ८ ॥

शब्दार्थ—अरविन्दसुरभिः = कमलों की सुगन्ध से युक्त, मालिनी-

(स्पर्श का अभिनय करके) अहा ! यह वनस्थली उत्तम वायु के कारण रमणीय है—

काम-सन्तप्त अङ्गों द्वारा, कमलों से युक्त सुगन्धित और मालिनी के तरङ्गों के कणों को वहन करने वाला पवन निर्दयता-पूर्वक (गाढ) आलिंगन के योग्य है ॥ ८ ॥

[विलोक्य] **हन्त ! अस्मिन् वेतसलतामण्डपे सन्निहितया शकुन्तलया भवितव्यम् । तथाहि—**

अभ्युन्नता पुरस्तादवगाढा जघनगौरवात् पश्चात् ।
द्वारेऽस्य पाण्डुसिकते पदपङ्क्तिर्दृश्यतेऽभिनवा ॥ ९ ॥

तरङ्गाणां=मालिनी (नदी) की तरङ्गों के, कणवाही=(जल के) कणों को वहन करने वाला, पवनः=वायु, अनङ्गतप्तैः=कामदेव के द्वारा पीड़ित, काम-सन्तप्त, अङ्गैः=अङ्गों से, आलिङ्गितुं=आलिङ्गन करने के, शक्यः=योग्य है ॥ ८ ॥

संस्कृत टीका—अरविन्दसुरभिः=कमलसुगन्धिः, मालिनीतरङ्गाणां=मालिनीकल्लोलानाम्, कणवाही=जलविन्दुधारी, पवनः=वायुः, अनङ्गतप्तैः=कामपीडितैः, अङ्गैः=शरीरावयवैः, निर्दयं=गाढं यथा भवति तथा, आतृप्तीत्यर्थः, आलिङ्गितुं=परिसेवितुम्, शक्यः=योग्यः, मयेति शेषः ॥ ८ ॥

भावार्थ—अनङ्गतप्तैः अवयवैः अरविन्दसुरभिः मालिन्याः कल्लोलानां जलबिन्दुधारी वायुः मया गाढम् आलिङ्गितुं योग्यः ॥ ८ ॥

टिप्पणी—अरविन्दसुरभिः=अरविन्दैः सुरभिः (तत्पु०)। मालिनीतरङ्गाणां—मालिन्याः तरङ्गाणाम् (तत्पु०)। अनङ्गतप्तैः—अनङ्गेन तप्तैः (तत्पु०) ॥ ८ ॥

अन्वयः—पाण्डुसिकते अस्य द्वारे पुरस्तात् अभ्युन्नता जघनगौरवात् पश्चाद अवगाढा अभिनवा पदपङ्क्तिः दृश्यते ॥ ९ ॥

शब्दार्थ—पाण्डुसिकते=पीले बालू वाले, अस्य=इसके, द्वारे=द्वार पर, पुरस्तात्=सामने की ओर, अभ्युन्नता=उठी हुई, उभरी हुई, जघनगौरवात्=नितम्बों के भार के कारण, पश्चात्=पीछे की ओर, अवगाढा=गहरी, धँसी हुई, अभिनवा=नवीन, पदपङ्क्तिः=चरण-चिह्नों की श्रेणी, दृश्यते=दिखायी पड़ रही है ॥ ९ ॥

संस्कृत टीका—पाण्डुसिकते=पाण्डुरवर्णबालुकाविशिष्टे, अस्य=लतामण्डपस्य, द्वारे=प्रवेशमार्गे, पुरस्तात्=अग्रभागे, अभ्युन्नता=समुन्नता, जघनगौरवात्=नितम्बस्य गुरुत्वाद्, पश्चात्=पृष्ठभागे, अवगाढा=गम्भीरा, अभिनवा=सद्यः पतिता नवीना, पदपङ्क्तिः=चरणचिह्नश्रेणी, दृश्यते=

(देखकर) हाँ, इस बेंत के लतामण्डप में अवश्य ही शकुन्तला विद्यमान होगी, क्योंकि—

(लतामण्डप) के द्वार पर भी, उज्ज्वल बालुका राशि पर आगे की ओर उठी हुई और जघन भाग के बोझ से पीछे की ओर गहरी नवीन पदपङ्क्ति दिखाई पड़ रही है ॥ ९ ॥

यावद्विटपान्तरेणावलोकयामि । [तथा कृत्वा सहर्षम्] **अये ! लब्धं नेत्रनिर्वाणम् । एषा मनोरथप्रिया मे सकुसुमास्तरणं शिलापट्टमधिशयाना सखीभ्यामुपास्यते । भवतु, लताव्यवहितः शृणोमि विश्वस्तकथितान्यासाम् ।** [इति विलोकयन् स्थितः]

विलोक्यते ।। ९ ।।

भावार्थ—पाण्डुसिकतेऽस्य लतामण्डपस्य प्रवेशमार्गे पुरस्तात् समुन्नता, जघन-गौरवात् पश्चात् गम्भीरा नवीना चरणचिह्नश्रेणी दृश्यते ।। ९ ।।

टिप्पणी—अभ्युन्नता —अभि + उत् + नम् + क्त । अवगाढा–अव + √गाह् +क्त+टाप् । जघनगौरवात् —जघनस्य गौरवात् (ष० त०), 'जघनं' स्यात् स्त्रियाः श्रोणिपुरोभागे कटावपि' इदि मेदिनी । पाण्डुसिकते—पाण्डवः सिकताः यत्र, तस्मिन् (बहु०) । (क) १. यहाँ शकुन्तला उपस्थित है । इसका दूसरे प्रकार से उल्लेख होने के कारण पर्यायोक्त अलङ्कार है । २. सदृश से सदृश का ज्ञान होने से उपमान अलङ्कार है । ३. चरणचिह्नों की पंक्ति द्वारा शकुन्तला का अनुमान किए जाने से अनुमान अलङ्कार है । (ख) आर्या छन्द है ।। ९ ।।

संस्कृत टीका—यावदिति । विटपान्तरेण=शाखावकाशेन, अये=इति हर्षे । नेत्रनिर्वाणं=नेत्रयोः—नयनयोर्निर्वाणं—निर्वृतिकरं निर्वृतिवा, **मनोरथप्रिया**= मनोरथेन—मनःसंकल्पेन अभिलाषमात्रेणैवेति यावत्, प्रिया–हृदयवल्लभा, शकुन्तला, सकुसुमास्तरणम्,=कुसुमान्येवास्तरणम्—उत्तरच्छन्दः, काठिन्यपरिहारार्थं रचिता पुष्पशय्येत्यर्थः, तेन सह वर्तते इति तत्, अधिशयाना=अधितिष्ठन्ति, **सखीभ्याम्**= अनसूयाप्रियंवदाभ्याम्, उपास्यते=शुश्रूष्यते । लताव्यवहितः,=लतया-व्यवहितः—गोपितसर्वावयवः, आसाम्=अनसूयाप्रियंवदाभ्यां, सह शकुन्तलाया इत्यर्थः, विश्वस्तकथितानि=रहस्यवार्त्ताः, शृणोमि ।

संस्कृत टीका—एनं = मृणालरूपिनिशाकरम्, प्रेक्षे = न द्रष्टुं शक्नोमि । पवनकम्पितकर्णोत्पलरेणुना = पवनेन-वायुना कम्पितयोः स्पन्दितयोः कर्णोत्पलयोः- कर्णभूषणी-भूतकमलयोः, रेणुना = परागेण, दृष्टिः = लोचनम्, कलुषीकृता = आवलीकृता, अनुमन्यसे = अनुजानासि; तत् = तस्माद्, एनां = रेणुकलुषितां दृष्टिम्, वदनमारुतेन = मुखवायुना फूत्कारेणेति यावद्, विशदां = रेण्वपसारणेन निर्मलाम्, यद्वा विशदां = व्यक्ताम्, करवाणि = प्रार्थनायां लोट् । अनुकम्पिता = अनुगृहीता, करुणां लम्भितेति यावद् त्वयोपकृतत्वादिति भावः । ते = तव, न विश्वसिमि = विशङ्के इत्यर्थः, यदि फूत्कारदानव्याजेन गण्डं मे चुम्बसे इति तात्पर्यार्थः ।

मा मैवं = न खलु न खल्वेवं वदेदित्यर्थः, मयि विश्वासं विधेहीति भावः । हि = यतः, नवः = सद्यो नियुक्तः परिजनः = सेवकः, सेव्यानाम् = उपासनीयानाम्, आदेशात् परम् = आज्ञाव्यतिरिक्तम्, न वर्त्तते = नाचरति, अयमेवात्यादरः = आदरातिशयः, अविश्वासजनकः = त्वयि मे विश्वासं नोत्पादयीत्यर्थः ।

भूत कमल-रज से मेरी दृष्टि कलुषित हो गयी है ।

राजा—(मुस्कुराकर) यदि तुम्हारी अनुमति हो तो मैं इसे मुखवात से (फूँककर ही) साफ कर दूँ ।

शकुन्तला—तब तो मैं आपकी बहुत ही अनुगृहीत होऊँगी । किन्तु मुझे आपका विश्वास नहीं है ।

राजा—नहीं, ऐसा नहीं होगा । एक नया सेवक स्वामी के आदेश के अतिरिक्त कुछ नहीं कर सकता ।

शकुन्तला—यही आदरातिशय ही तो अविश्वास का कारण है ।

राजा—[स्वगतम्] **नाहमेवं रमणीयमात्मनः सेवावसरं शिथिलयिष्ये।** [मुखमुन्नमयितुं प्रवृत्तः]

[शकुन्तला प्रतिषेधं रूपयन्ती विरमति]

राजा—**अयि मदिरेक्षणे ! अलमस्मदविनयाशङ्कया।**

[शकुन्तला किञ्चित् दृष्ट्वा व्रीडावनतमुखी तिष्ठति]

राजा—[अङ्गुलीभ्यां मुखमुन्नमय्य आत्मगतम्]

चारुणा स्फुरितेनायमपरिक्षतकोमलः।
पिपासतो ममानुज्ञां ददातीवप्रियाऽधरः ॥ ३६ ॥

एवं रमणीयं = सुन्दरं, दुर्लभमित्यर्थः, आत्मनः = स्वस्य, सेवावसरम् = उपचार, करणेऽवकाशम्, न शिथिलयिष्ये = सेवा परित्यज्य वृथा न करिष्ये इत्यर्थः। उन्नमयितुम् = उत्तोलयितुम्, प्रवृत्तः = आरब्धवान्। प्रतिषेधं = राजकर्तृकमुखोत्तोलनस्य निषेधम्, रूपयन्ती = नाटयन्ती, विरमति = निवर्त्तते। मदिरेक्षणे = मदिरे-मत्तखञ्जनौ पक्षिणौ ताविव ईक्षणे-नेत्रद्वयं यस्याः सा तत्सम्बुद्धौ हे मादक-लोचने !, अस्मत् = अस्मत्तः, मम सकाशादित्यर्थः, अविनयाशङ्कया = असभ्यता-पादनभयेन, गण्डचुम्बनाशङ्कया, अलं = मा कुरु इत्यर्थः, किञ्चिद् दृष्ट्वा = मुख-विवर्त्तनेन इति शेषः, व्रीडावनतमुखी = लज्जानम्रमुखी। मुखं = वदने शकुन्तलाया इति शेषः, उन्नमय्य = उत्तोल्य।

टिप्पणी—विशदां—'विशदो धवले पुमान्, तद्युक्ते विमले वाच्यवत्' इति शब्दार्णवः। यद्वा, विषदां—व्यक्ताम्, 'विशदः पाण्डरे व्यक्ते' इति मेदिनी। करवाणि—√कृ + प्रार्थनायां लोट्। शिथिलयिष्ये—शिथिलं करिष्ये इति शिथिल + णिच् (नामधातु) + लृट्। उन्नमयितुम्—उद्√नम् + णिच्, उपधावृद्धि 'मितां ह्रस्वः' सूत्र से ह्रस्व हुआ है।

अन्वयः—अपरिक्षतकोमलः अयं प्रियाधरः चारुणा स्फुरितेन पिपासतः मम अनुज्ञां ददाति इव ॥ ३६ ॥

राजा—(मन ही मन) मैं अपनी इस रमणीय सेवा के अवसर को व्यर्थ नहीं जाने दूँगा। (शकुन्तला का मुख ऊपर उठाना चाहता है)

(शकुन्तला उसे रोकने का अभिनय करती हुई विरत हो जाती है)

राजा—हे मादक नेत्रों वाली ! मेरी ओर से अशिष्टता की आशङ्का मत करो।

(शकुन्तला किंचित् देखकर लज्जा से मुँह नीचे कर लेती है)

राजा—(दो अङ्गुलियों से शकुन्तला का मुँह उठाकर मन ही मन)

शब्दार्थ—अपरिक्षतकोमलः=अद्यावधि दन्तक्षत न होने से कोमल, अयं प्रियाधरः=प्रियतमा के ये अधर; चारुणा स्फुरितेन=मनोहर स्पन्दन के द्वारा; पिपासतः=पान की इच्छा वाले, मम=मुझे, अनुज्ञां ददाति इव=मानो अनुमति दे रहे हों ॥ ३६ ॥

संस्कृत टीका—अपरिक्षतकोमलः = अपरिक्षतः अननुभूतचुम्बनत्वात्, कस्यचिदपि दन्तैरदष्टपूर्वः (अतएव) कोमलः सुकुमारः, अयं=दृश्यमानः, प्रियाधरः=प्रियायाः शकुन्तलायाः अधरः दन्तच्छदः, ओष्ठ इति यावत्, चारुणा=मनोहरेण, स्फुरितेन=स्फुरणेन, पिपासतः=पातुमिच्छतः, मम=मत्सम्बन्धे, अनुज्ञाम्=अनुमतिं, ददाति इव=प्रयच्छतीव ॥ ३६ ॥

भावार्थ—अननुभूतचुम्बनत्वात् कस्यचिदपि दन्तैरदष्टपूर्वः सुकुमारः अयं प्रियायाः शकुन्तलायाः अधरः मनोहरेण स्फुरेण पातुमिच्छतः मम पानानुमतिं प्रयच्छतीव ॥ ३६ ॥

टिप्पणी—पिपासतः—√पा+सन्+लट्—शतृ=पिपासन्, तस्य । (क) १. यहाँ पर अधर की कोमलता के विषय में अक्षत पदार्थ के हेतु होने से पदार्थ हेतुक काव्यलिङ्ग अलङ्कार है । २. 'ददाति इव' में दानक्रियामात्र की सम्भावना होने से यहाँ उत्प्रेक्षालङ्कार है । (ख) यहाँ प्रिया शकुन्तला के अधर मनोहर होने के कारण दुष्यन्त की आकाङ्क्षा होने से स्पृहा नामक नाटचालङ्कार है; 'आकाङ्क्षा रमणीयत्वाद् वस्तुनो या स्पृहा तु सा' (सा०द०) । (ग) यहाँ अनुष्टुप् छन्द है ॥ ३६ ॥

कुछ अन्य संस्करणों में इस प्रकार पाठ है—

शकुन्तला—मुञ्च तावन्माम् । भूयोऽपि सखीजनमनुमानयिष्ये ।

राजा—भवतु; मोक्ष्यामि ।

राजा—

अपरक्षितकोमलस्य यावत् कुसुमस्येव नवस्य षट्पदेन ।
अधरस्य पिपासता मया ते सदयं सुन्दरि गृह्यते रसोऽस्य ॥

अन्वयः—सुन्दरि, यावत् षट्पदेन नवस्य कुसुमस्य इव पिपासता मया अपरिक्षतकोमलस्य अस्य ते अधरस्य रसः सदयं गृह्यते ।

शब्दार्थ—सुन्दरि=हे सुन्दरी, यावत्=जब तक, षट्पदेन=भ्रमर (भौंरे) के द्वारा, नवस्य=नवीन, कुसुमस्य इव=पुष्प की भाँति, पिपासता=प्यासे,

---

अक्षत तथा कोमल यह प्रिया का अधर सुन्दर स्पन्दन के द्वारा, पान करने की इच्छा रखने वाले मुझे मानो अनुमति दे रहा हो ॥ ३६ ॥

शकुन्तला—परिज्ञानमन्थर इव आर्य्यपुत्रः । (परिण्णाणमन्थरो विअ अज्जउत्तो ।)

राजा—कर्णोत्पलसन्निकर्षादीक्षणमूढोऽस्मि । [इति मुखमारुतेन चक्षुः सेवते]

शकुन्तला—भवतु, प्रकृतिस्थदर्शनास्मि संवृत्ता । लज्जे पुनरनुपकारिणी प्रियकारिण आर्यपुत्रस्य । (भोदु, पइदित्थदंसणह्मि सम्वुत्ता । लज्जेमि उण

मया = मेरे द्वारा, अपरिक्षतकोमलस्य = अक्षत (न चूमे गए) और कोमल, अस्य = इस, ते = तुम्हारे, अधरस्य = अधर का, निचले ओठ का, रसः = रस, सदयं = दयापूर्वक, गृह्यते = ग्रहण कर लिया जाएगा, तब छोड़ूँगा ।

संस्कृत टीका—सुन्दरि = हे कान्ते ! यावत् = यावत्कालपर्यन्तम्, षट्पदेन = मधुपेन, नवस्य = नवीनस्य, कुसुमस्य इव = पुष्पस्य इव, विपासता = पानार्थमाकुलेन, मया = दुष्यन्तेन, अपरिक्षतकोमलस्य = अस्पृष्टसुकुमारस्य, अस्य = एतस्य, ते = तव, अधरस्य = ओष्ठस्य, रसः = स्वादः, सदयं = दयापूर्वकम्, गृह्यते = आदीयते ।

टिप्पणी—पिपासता—पा + सन् + शतृ, तृ० एक० । अपरिक्षतकोमलस्य—अपरिक्षतः चासौ कोमलश्च अपरिक्षतकोमलः तस्य (कर्म०) । (क) उपमालङ्कार है । (ख) मालभारिणी (= औपछन्दसिक) छन्द है ।

हे सुन्दरी, जब भ्रमर (भौंरे) के द्वारा नवीन पुष्प (के रस) की भाँति, प्यासे मेरे द्वारा अक्षत (न चूमे गये) और तुम्हारे इस अधर (निचले ओठ) का रस दयापूर्वक (सावधानीपूर्वक, धीरे-धीरे) ग्रहण कर लिया (पी लिया) जाएगा (तब छोड़ूँगा) ।]

संस्कृत टीका—परिज्ञानमन्थरः = परिज्ञाने—चक्षुषि प्रविष्टस्य कर्णोत्पलरजसः सम्यगवबोधे मन्थरः,—विमूढः, अक्षम इति यावत् । कर्णोत्पलसन्निकर्षात् = कर्णोत्पलयोः कर्णभूषणीभूतयोः कमलयोः, सन्निकर्षात् हेतोः, ईक्षणमूढः = ईक्षणे—नेत्रपरिज्ञाने मूढः, रेणुभिरन्धीकरणात् दर्शनाक्षमोऽस्मीत्यर्थः । मुखमारुतेन = फूत्कृतिना, सेवते = रेण्वपसारणेन परिष्करोतीत्यर्थः । प्रकृतिस्थदर्शना =

शकुन्तला—आर्यपुत्र तो (मेरी आँखों में पड़े हुए पुष्पपराग को) पहचानने में विमूढ़ जैसे हो गये हैं ।

राजा—इस कर्ण कमल के पास रहने से मैं तुम्हारी आँखें नहीं देख पा रहा हूँ (यह कहकर शकुन्तला के मुँह पर फूँक मारता है) ।

शकुन्तला—बस, मेरी दृष्टि स्वाभाविक हो गयी । किन्तु मेरा प्रिय करने वाले आप आर्यपुत्र का मैंने कोई उपकार नहीं किया, इससे मैं लज्जित हूँ ।

अणुवआरिणी पिअआरिणो अज्जउतस्स ।)

राजा—सुन्दरि ! किमन्यत्—

इदमप्युपकृतिपक्षे सुरभि मुखं ते यदाघ्रातम् ।
ननु कमलस्य मधुकरः सन्तुष्यति गन्धमात्रेण ॥ ३७ ॥

रेण्वपगमात् स्वस्थलोचना, संवृत्तास्मि = जातास्मि । पुनः = किन्तु, प्रिय-कारिणः = उपकारिणः, अनुपकारिणी = किञ्चिदप्यकरणात्, अहं लज्जे = जिह्रेमि । अन्यत् = अपरम्; किम् = उपकर्त्तव्यमस्तीति शेषः ।

टिप्पणी—परिज्ञानमन्थरः—'मन्थरः कोषफलयोर्बाधमन्थानयोः पुमान् । कुसुम्भ्यां न द्वयोर्मन्दे पृथौ वक्रेऽभिधेयवत् ।' इति मेदिनी ।

अन्वयः—ते सुरभि मुखं यत् आघ्रातम् इदमपि उपकृतिपक्षे, ननु मधुकरः कमलस्य गन्धमात्रेण सन्तुष्यति ॥ ३७ ॥

शब्दार्थ—ते सुरभि मुखं = मैने तुम्हारे सुगन्धित मुख को, यत् आघ्रातम् = जो सूँघा है, इदमपि = यह भी, उपकृतिपक्षे = उपकार के पक्ष में (ही) है। ननु = क्योंकि, मधुकरः = भ्रमर, कमलस्य गन्धमात्रेण = कमल के सुगन्धिमात्र से, सन्तुष्यति = सन्तुष्ट हो जाता है ॥ ३७ ॥

संस्कृत टीका—ते = तव, सुरभि = सौरभवत्, मुखं = वदनं, यत्, आघ्रातम् = आघ्रायि, इदमपि = एतदपि, उपकृतिपक्षे = उपकारकोटौ (गण्यताम्), ननु = यतः, मधुकरः = भ्रमरः, कमलस्य = पद्मस्य, गन्धमात्रेण = सौरभमात्रेण, सन्तुष्यति = सन्तुष्टो भवति ॥ ३७ ॥

भावार्थ—यथा मधुलोभी भ्रमरः पद्मस्य मधुनोऽलाभेऽपि तद्गन्धमात्रम् आघ्रायैव परितुष्यति,, तथाऽधरपिपासुरप्यहं तव वदनगन्धमाघ्रायैव परमतोषमाप्नोमीति त्वत्कृत एवाऽयं मम महानुपकारः ॥ ३७ ॥

टिप्पणी—आघ्रातम्—आ + √घ्रा + क्त । (क) यहाँ भाव यह है कि मधुपान का इच्छुक भ्रमर यदि कमल का मधु न पी सके तो उसकी सुगन्धि सूँघकर ही सन्तोष कर लेता है। उसी तरह तुम्हारे अधरपान का अभिलषी मैं तुम्हारी मुख की सुगन्धि को सूँघकर ही परम सन्तोष प्राप्त कर रहा हूँ—यही तुम्हारा महान् उपकार है। (ख) यहाँ दृष्टान्तालङ्कार है। कुछ के मत से यहाँ प्रतिवस्तूपमा है। (ग) उपगीति नामक छन्द है ॥ ३७ ॥

राजा—सुन्दरि ! फिर क्या (उपकार करना) चाहती हो ?

मैंने जो तुम्हारे सुरभियुक्त मुख को सूँघ लिया, यह भी तुम्हारा उपकार ही है, क्योंकि भ्रमर कमल के सुगन्धमात्र से सन्तुष्ट हो जाता है ॥ ३७ ॥

शकुन्तला—[सस्मितम्] असन्तोषे पुनः किं करोति ? (असन्तोसे उण किं करेदि ?)

राजा—**इदम्** [इति व्यवसितः]।

[शकुन्तला वक्त्रं ढौकते]

[नेपथ्ये] **चक्रवाकवधु ! आमन्त्रयस्व सहचरम्, ननु उपस्थिता रजनी।** (चक्कवाअवहु ! आमन्तेहि सहचरं, णं उअत्थिदा रअणी।)

शकुन्तला—[कर्णं दत्त्वा ससम्भ्रमम्] **आर्यपुत्र ! एषा खलु तातकण्वस्य धर्मकनीयसी मम वृत्तान्तोपलम्भननिमित्तम् आर्या गौतमी आगच्छति;** तद्विट-

---

संस्कृत टीका—असन्तोषे=सन्तोषाभावे जाते, किं करोति=किं व्यवस्यति, मधुकर इति शेषः। इति=एवमुक्त्वा, व्यवसितः=चुम्बनाय कृताध्यवसायः, मुखं चुम्बितुं प्रवृत्तः, न तु चुचुम्ब। वक्त्रं=मुखं, ढौकते=हस्ताङ्गुलिना-संवृणोतीत्यर्थः।

टिप्पणी—वक्त्रं ढौकते—इससे कवि ने नायिका का मुग्धात्व दिखलाया है—'प्रथमावतीर्णयौवनमदनविकारा रतौ वामा' [सा० द०]।

संस्कृत टीका—सङ्गोप्य सख्योर्वचनमिदम् इति केचित्। हे चक्रवाकवधु=चक्रवाकभार्ये ! चक्र वाकि ! सहचरं=प्रियम्, आमन्त्रयस्व=सादरमामन्त्र्य विसृज, ननु=यस्मात्, रजनी=युवयोर्वियोगकारिणी रात्रिः, उपस्थिता=समायाता। कर्णं दत्त्वा=नेपथ्योत्थं वचनं श्रुत्वेत्यर्थः। ससम्भ्रमं=सत्वरम्, धर्मकनीयसी=धर्मभगिनी, गौतमी=गौतमस्यापत्यं स्त्री, मम वृत्तान्तस्य=वार्तायाः, उपलम्भननिमित्तं=ज्ञानार्थम्, तत्=तस्मात्, विटपान्तरितः=तरुलताशाखाच्छादितकलेवरः, भव=दूरे मा गच्छेत्यर्थः।

टिप्पणी—वृत्तान्तोपमलम्भननिमित्तम्—वार्ता प्रवृत्तिर्वृत्तान्तः, इत्यमरः। उपलम्भन–ज्ञान, 'प्रज्ञोपलब्धिश्चित्संवित् प्रतिपज्ज्ञप्तिचेतनाः' इत्यमरः। विटपान्तरितः-अन्तरं जातमस्य इति, अन्तर+इतच्=अन्तरितः, विटपैः अन्तरितः (तृ० त०)।

शकुन्तला—(मुस्कुराकर) असन्तुष्ट होने पर फिर क्या करता है ?

राजा—यह (मुख चुम्बन की चेष्टा करता है)

(शकुन्तला हाथ से अपना मुँह ढँकती है)

(नेपथ्य में) अयि चक्रवाकवधु ! अब अपने सहचर को विदा करो; क्योंकि रात हो गयी है।

शकुन्तला—(कान लगाकर घबराहट में) आर्यपुत्र ! ये पिता कण्व की धर्म बहन गौतमी मेरा हाल जानने के लिए आ रही है। अतः आप इस वृक्ष की ओट में

पान्तरितो भव। (अज्जउत्त ! एसा क्खु तादकण्णस्स धम्मकणीअसी मम वुत्तन्तोवलम्भणणिमित्तं अज्जा गोदमी आअच्छदि; ता विडवान्तरिदो होहि।)

राजा—तथा। [इत्येकान्ते स्थितः]

[ततः प्रविशति पात्रहस्ता गौतमी]

गौतमी—जाते! **अत्याहितं श्रुत्वा आगता। एतत् शान्त्युदकम्, इह देवता-सहायिनी तिष्ठसि ?** [दृष्ट्वा समुत्थाप्य च] जादे ! अच्छाहिदं सुणिअ आअदा ; एदं शान्ति उदअं देवदासहाइणे चिट्ठसि ?)

शकुन्तला—**इदानीमेव अनसूयाप्रियंवदे मालिनीमवतीर्णे।** (दाणिं ज्जेव अणसूआपिअम्वदाओ मालिणीं ओदीण्णाओ।)

गौतमी—[शान्त्युदकेन शकुन्तलामभ्युक्ष्य] **जाते ! निराबाधा मे चिरं जीव। अपि लघुसन्तापानि अङ्गानि ?** (जादे ! णिराबाधा मे चिरं जीव। अवि लहुसन्दाबाइं अङ्गाइं ?) [इति स्पृशति]

संस्कृत टीका—तथा = तदेवानुतिष्ठामीत्यर्थः। इति = इत्युक्त्वा, एकान्ते = निर्जने, विटपान्तराले इत्यर्थः। पात्रं = शान्त्युदकभाजनं हस्ते यस्याः सा तथाभूता। जाते = वत्से ! आत्मजातुल्ये इत्यर्थः, अत्याहितं = सन्तापजनिता महाभीतिः, एतत् = इदम्, शान्त्युदकं = सन्तापशान्तिकरं जलम्। देवतासहायिनी = देवतामात्रसहाया, एकाकिनीति यावत्। तिष्ठति = वर्त्तसे, मालिनीं = तदाख्यां नदीम्, अवतीर्णे = स्नानाय जलानयनाय च गते। शान्त्युदकेन = तापशान्त्यर्थ-मानीतेन जलेन, अभ्युक्ष्य = अभिषिच्य। जाते = वत्से, निराबाधा = शान्त्युदक-पातान्नीरोगेत्यर्थः, सतीति शेषः। मे = मत्सम्बन्धिनी त्वमित्यर्थः चिरं = जीवेत्या-

---

छिप जाइये।

राजा—बहुत अच्छा ! (यह कहकर एकान्त में बैठ जाता है)

(इसके बाद हाथ में पात्र लिए गौतमी का प्रवेश)

गौतमी—पुत्री ! तुम्हारी अस्वस्थता सुनकर आयी हूँ। यह शान्ति जल है। (देखकर और उठकर) यहाँ क्या तुम देवता की सहायता से बैठी हो ?

शकुन्तला—अभी अभी अनसूया एवं प्रियंवदा मालिनी नदी में (स्नान करने के लिए) गयी हैं।

गौतमी—(शान्तिजल से शकुन्तला का अभ्युक्षण करके) वत्से ! तुम बिना किसी बाधा के चिरकाल तक जीवित रहो। अब तो तुम्हारे अङ्गों का ताप कुछ कम हुआ ? (यह कहकर शकुन्तला का शरीर स्पर्श करती है)

शकुन्तला—अहो ! अस्ति विशेषः । (अम्मो ! अत्थि विसेसो ।)

गौतमी—परिणतो दिवसः ; तदेहि उटजमेव गच्छावः । (परिणदो दिवसो ता एहि उडअं ज्जेव गच्छाह्म ।)

शकुन्तला—[कथञ्चिदुत्थाय स्वगतम्] **हृदय ! प्रथमं सुखोपनते मनोरथे कालहरणं करोषि, साम्प्रतमनुभव तावद दुःखम् ।** [पदान्तरे प्रतिनिवृत्य प्रकाशम्] **लतागृह ! सन्तापहर ! आमन्त्रयामि त्वां पुनरपि परिभोगार्थम् ।** (हिअअ ! पढमं सुहोवणदे मणोरहे कालहरणं करेसि; सम्पदं अणुभव दाव दुक्खं । [पदान्तरे प्रतिनिवृत्य प्रकाशम] लदाधर ! संदावहर ! आमन्तेमि तुमं पुणो वि परिभोअत्थं ।) [इति निष्क्रान्ते]

शिषं प्रयच्छति । लघुसन्तापानि = लघुः शान्त्युदकाभ्युक्षणात् स्वल्पः सन्तापः—व्यथा येषु तानि तथाभूतानि, शान्ततापानीत्यर्थः, संवृत्तानि किमिति शेषः । विशेषः = पूर्वापेक्षया ईषदुपशम इत्यर्थः । परिणतः = अवसानं गतः, उटजं = पर्णशालाम्, गच्छावः = आवामिति शेषः ।

टिप्पणी—जाते—√जन् + क्त + टाप् = जाता, तत्सम्बोधने । अत्याहितम्—'अत्याहितं महाभीतिः कर्म जीवा नयेक्षि च' इत्यमरः । अवतीर्णे—अव + तृ + क्त । अभ्युक्ष्य—'उत्ताने-नैव हस्तेन प्रोक्षणं समुदाहृतम् । न्यञ्चताभ्युक्षणं प्रोक्तं तिरश्चावोक्षणं स्मृतम् । निराबाधा—निर् + आ √बाध् + अ (भावे) टाप् । उटजम्—पर्णशालोटजोऽस्त्रियाम्' इत्यमरः ।

संस्कृत टीका—कथञ्चित् = कृच्छ्रेण, उत्थाय = शय्यात इति शेषः । प्रथमम् = इतः पूर्वम्, सुखोपनते = सुखेन–अप्रयत्नेन, उपनते समीपागते, मनोरथे = मनोरथविषयीभूते प्रियतमे सतीत्यर्थः, कालहरणं = नानापदेशेन सम्भोगं विना कालक्षेपं, करोषि । साम्प्रतं = सम्प्रति, दुःखं = विरहजनितां मदनव्यथाम्, अनुभव = सहस्व । पदान्तरे = कतिपयं पदसञ्चारं कृत्वेत्यर्थः, प्रतिनिवृत्य—तत्क्षणं निवृत्य, लतागृह = निकुञ्ज ! सन्तापहर ! = सन्ताप-

---

शकुन्तला—ओह ! कुछ कम जरूर है ।

गौतमी—अब तो दिवस का अवसान हो चला है अतः चलो, कुटिया में ही चलें ।

शकुन्तला—(किसी तरह कठिनाई से उठकर मन ही मन) हे मन ! बिना किसी बाधा के सुखपूर्वक (प्रियजन दुष्यन्तरूप) मनोरथ के प्राप्त होने पर भी तुमने व्यर्थ समय विताया । अतः अब फिर दुःख भोगो । (कुछ आगे चलकर, फिर लौटकर, प्रकट) हे मेरे सन्ताप को दूर करने वाले लतागृह ! मैं तुम्हें पुनः भोग करने के लिए आमन्त्रित करती हूँ । (यह कहकर दोनों चली जाती हैं)

राजा—[पूर्वं स्थानमुपेत्य सनिश्वासम्] अहो ! विघ्नवत्यः प्रार्थितानां सिद्धयः । मया हि—

मुहुरङ्गुलिसंवृताधरोष्ठं
　　प्रतिषेधाक्षरविक्लवाभिरामम् ।
मुखमंसविवर्त्ति पक्ष्मलाक्ष्याः
　　कथमप्युन्नमितं, न चुम्बितं तु ॥ ३८ ॥

नाशक !, पुनरपि=भूयोऽपि, परिभोगार्थम्=सुरतसुखसम्भोगार्थम्, त्वां=लता-गृहं, पक्षे प्रियतमं दुष्यन्तम्, आमन्त्रयामि=निवेदयामि । पूर्वं स्थानं=शकुन्तलया समं पूर्वमुपभुक्तं शिलातलम्, सनिश्वासाम्=निश्वासो विषादानुभवः । अहो= इति विषादे । प्रार्थितानाम्=अर्थानां-प्रयोजनानां सिद्धयः निष्पत्तयः, विघ्न-वत्यः=बहुविघ्नाः ।

टिप्पणी—सुखोपनते–सुखेन उपनतः, (तृ० त०) तस्मिन्, सन्तापहर—सन्तापस्य हरः (शेषषष्ठ्या समास) सम्बोधने सन्तापहर इति । सन्तापः—सम्+√तप्+घञ् भावे, हरः—√हृ+अच् (कर्तरि) । प्रार्थितानाम्—प्रकर्षेण अर्थिताः प्रार्थिताः (प्रा० स०), तेषाम् । विघ्नवत्यः—विघ्नाः बाहुल्येन सन्ति आसु इति विघ्नवत्यः, विघ्न+मतुप् ।

अन्वयः—पक्ष्मलाक्ष्याः मुहुः अङ्गुलिसंवृताधरोष्ठं प्रतिषेधाक्षरविक्लवाभि-रामम् अंसविवर्तिमुखं कथमपि उन्नमितं तु न चुम्बितम् ॥ ३८ ॥

शब्दार्थ—पक्ष्मलाक्ष्याः=प्रशस्त बरौनियों से युक्त सुन्दर नेत्रों वाली का, मुहुः=बार-बार, अङ्गुलिसंवृताधरोष्ठं=अङ्गुली से ढके हुए निचले ओठ (अधरोष्ठ) वाला, प्रतिषेधाक्षरविक्लवाभिरामम्=निषेध (मना करने) के अक्षरों के अस्पष्ट उच्चारण (विक्लव) के कारण मनोहर, अंसविवर्ति=कन्धे की ओर मोड़ा गया, मुखं=मुख, कथमपि=किसी प्रकार उन्नमितं=ऊपर किया गया, तु=किन्तु, न चुम्बितं=चूमा नहीं गया ॥ ३८ ॥

संस्कृत टीका—पक्ष्मलाक्ष्याः=पक्ष्मले प्रशस्तलोमयुक्ते अक्षिणी नयने यस्याः

राजा—(अपने पूर्व स्थान पर आकर और लम्बी साँस लेकर) अहो ! अभि-लषित वस्तुओं की प्राप्ति विघ्नों से युक्त होती है; क्योंकि मैंने ही तो—

(शकुन्तला द्वारा) बार-बार अंगुलियों से ढके गए अधर वाले, प्रतिषेध के अक्षरों के अस्पष्ट उच्चारण के कारण मनोहर कन्धे की ओर मुड़े हुए, उस सुन्दर नेत्रों वाली (शकुन्तला) का मुख (मैंने) किसी तरह उठा तो लिया, किन्तु उसका चुम्बन न कर सका ॥ ३८ ॥

क्व नु खलु सम्प्रति गच्छामि। अथवा इहैव प्रियापरिभुक्ते लतामण्डपे मुहूर्त्तं तिष्ठामि। [सर्वतोऽवलोक्य]

तस्याः पुष्पमयी शरीरलुलिता शय्या शिलायामियं
कान्तो मन्मथलेख एष नलिनीपत्त्रे नखैरर्पितः।

तस्याः शकुन्तलायाः, मुहुः=बारं बारम्, अङ्गुलिसंवृताधरोष्ठं=अङ्गुलिभिः संवृतः आच्छादितः अधरोष्ठः निम्नोष्ठः यस्मिन् तत्, प्रतिषेधाक्षरविक्लवाभिरामं=प्रतिषेधाक्षराणां मा मा अलमलमिति चुम्बननिषेधकानां वर्णानां विक्लवेन अस्फुटोच्चारणेन अभिरामं मनोहरम्, अंसविवर्ति=स्कन्धपरावर्तनशीलम्, मुखं=वदनम्, कथमपि=केनापि प्रकारेण, कठिनतया इत्यर्थः, उन्नमितं=चुम्बनायोर्ध्वीकृतम्, तु=किन्तु, न चुम्बितं=चुम्बनं न कृतम् ॥ ३८ ॥

भावार्थ—पक्ष्मलाक्ष्याः शकुन्तलायाः भूयोभूयः अङ्गुलिसंवृताधरोष्ठं निषेधवर्णविक्लवमनोहरं स्कन्धपरिवर्तनशीलं लपनं कथमपि उन्नमितं किन्तु न खलु चुम्बनं कृतम् ॥ ३८ ॥

टिप्पणी—पक्ष्मलाक्ष्याः—पक्ष्मले अक्षिणी यस्यास्तथोक्तायाः (बहु०) 'बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात् षच्' सूत्र से समासान्त षच् प्रत्यय है। अङ्गुलिसंवृताधरोष्ठम्—अङ्गुलिभिः संवृताः अधरोष्ठः (अधरः ओष्ठः अधरोष्ठ-कर्म०) यस्मिन् तत् (बहु०); संवृत-सम्+वृ+क्त। प्रतिषेधाक्षरविक्लवाभिरामम्—प्रतिषेधस्य अक्षराणां विक्लवम्, तेन अभिरामम् (त०)। अंसविवर्ति—अंस+वि+√वृत्+णिनि कर्तरि ('बहुलमाभीक्ष्ण्ये' सूत्र से)। उन्नमितम्—उद्√नम्+णिच्+क्त। ध्वन्यालोककार के अनुसार यहाँ सम्भोग के सर्वस्वभूत चुम्बन के न मिलने के कारण विषाद का आधिक्य द्योतित हो रहा है। १. 'अङ्गुलीसंवृताधरोष्ठम्' में अधर और ओष्ठ दोनों का एक अर्थ होने पर भी अधर का अर्थ 'निम्न' लेने से 'पुनरुक्तवदाभास अलङ्कार है। २. सम्पूर्ण श्लोक में स्वभावोक्ति अलङ्कार है। ३. 'मुख' के तीनों विशेषण कथमपि के कारण होने से काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। (ग) यहाँ औपच्छन्दसिक (=मालभारिणी) छन्द है ॥ ३८ ॥

संस्कृत टीका—सम्प्रति=अधुना, प्रियापरिभुक्ते=प्रियया शकुन्तलया परिभुक्ते व्यवहृते, मुहूर्तं=क्षणमात्रम्।

टिप्पणी—प्रिया—प्रियया परिभुक्तम् (तृ० त०) तस्मिन्। मुहूर्तम्—यहाँ अत्यन्तसंयोग में द्वितीया है।

अन्वयः—शिलायां तस्याः शरीरलुलिता इयं पुष्पमयी शय्या, नलिनीपत्रे नखैः

अब कहाँ जाऊँ ? अथवा प्रिया के द्वारा उपभुक्त इस लतामण्डप में ही कुछ देर बैठूँ। (चारो तरफ देखकर)—

हस्ताद् भ्रष्टमिदं बिसाभरणमित्यासज्यमानेक्षणो
निर्गन्तुं सहसा न वेतसगृहादीशोऽस्मि शून्यादपि ॥ ३९ ॥

अर्पितः एषः कान्तः मन्मथलेखः, (तस्याः) हस्तात् भ्रष्टम् इदं बिसाभरणम्, इति आसज्यमानेक्षणः शून्यात् अपि वेतसगृहात् सहसा निर्गन्तुं न ईशः अस्मि ॥ ३९ ॥

शब्दार्थ—शिलायां=शिला पर, तस्याः=उसके, शरीरलुलिता=शरीर से मसली गयी, इयं=यह, पुष्पमयी=पुष्प-निर्मित, शय्या=शय्या, नलिनीपत्रे=कमलिनी के पत्ते पर, नखैः=नाखूनों के द्वारा, अर्पितः=लिखा गया, एषः=यह, कान्तः=कमनीय, मन्मथलेखः=प्रेम-पत्र, हस्तात्=हाथ से, भ्रष्टम्=गिरा हुआ है, इदं=यह, बिसाभरणम्=कमल-नाल का (बना हुआ) आभूषण (कङ्कण=कङ्गन) है, इति=इस प्रकार, आसज्यमानेक्षणः=आसक्तदृष्टि वाला, शून्यात् अपि=शून्य भी, वेतसगृहात्=बेंत के लता-मण्डप से, सहसा=एकाएक, निर्गन्तुं=निकलने में, ईशः अस्मि=समर्थ नहीं हूँ ॥ ३९ ॥

संस्कृत टीका—शिलायां=प्रस्तरपट्टे, तस्याः=शकुन्तलायाः, शरीरलुलिता=शरीरेण सन्तप्तदेहेन लुलिता मर्दिता, इयम्=एषा, पुष्पमयी शय्या=प्रसूनरचिता शय्या; नलिनीपत्रे=कमलिनीपत्रे, नखैः=कररुहैः, अर्पितः=लिखितः, एषः=अयम्, कान्तः=कमनीयः, मन्मथलेखः=प्रणयपत्रम्; हस्तात्=करात्, भ्रष्टं=पतितम्, इदम्=एतत्, बिसाभरणं=मृणालवलयम्; इति=एतेषु पदार्थेषु, आसज्यमानेक्षणः=संलग्ननेत्रः, शून्यात् अपि=प्रियतमाविरहितात् अपि, वेतसगृहात्=वेतसलतामण्डपात्, सहसा=अकस्मात्, निर्गतुं=बहिर्यातुम्, न ईशः अस्मि=न समर्थोऽस्मि ॥ ३९ ॥

भावार्थ—तस्याः शकुन्तलायाः शरीरमर्दिता पाषाणपट्टे एषा कुसुमरचिता शय्या वर्त्तते । तस्याः नखरैः उल्लिखितः एषः कमनीयः मन्मथलेखोऽस्ति । तस्याः करात् भ्रष्टमेतद् मृणालवलयमस्ति । एवं आसक्तदृष्टिरहं शून्यादपि वेतसगृहात् सहसा निर्गन्तुं न शक्नोमि ॥ ३९ ॥

टिप्पणी—शरीरलुलिता—शरीरेण लुलिता (तृ० त०)। पुष्पमयी=पुष्प+मयट्—ङीप् । मन्मथलेखः—मन्मथस्य लेखः (ष० त०) । आसज्यमानेक्षणः—

इस प्रस्तरखण्ड पर शकुन्तला के शरीर से मसली हुई यह पुष्पों की शय्या है, नाखूनों से कमल के पत्ते पर लिखा गया यह प्रेमपत्र है, (उसके) हाथ से गिरा हुआ यह मृणालवलय (कंगन) भी है । इस प्रकार (इन वस्तुओं में) रमी हुई दृष्टि वाला मैं (प्रिया से) शून्य (होने पर) भी इस वेतसगृह (लतामण्डप) से एकाएक बाहर जाने में समर्थ नहीं हूँ ॥ ३९ ॥

[विचिन्त्य] **अहो धिग् ! असम्यक् चेष्टितं प्रियां समासाद्य कालहरणं कुर्वता मया । तदिदानीम्—**

रहः प्रत्यासत्तिं यदि सुवदना यास्यति पुन-
र्न कालं हास्यामि, प्रकृतिदुरवापा हि विषयाः ।
इति क्लिष्टं विघ्नैर्गणयति च मे मूढहृदयं
प्रियायाः प्रत्यक्षं किमपि च तथा कातरमिव ॥ ४० ॥

आसज्यमाने ईक्षणे यस्य सः (बहु०); आ + √सञ्ज् + लट् (कर्मणि) शानच्= आसज्यमान, ईक्षण—ईक्ष + ल्युट् । (क) १. लतामण्डप में शकुन्तला के होने रूप कारण के न होने पर भी राजा का रुकना रूपी कार्य हो रहा है अतः यहाँ विभावना अलङ्कार है । २. इसी प्रकार शून्यता रूप कारण के उपस्थित होने पर भी राजा का वहाँ से जाना रूप कार्य की उत्पत्ति न होने से विशेषोक्ति अलङ्कार है । ३. पदार्थ हेतुक काव्यलिङ्ग है । (ख) यहाँ पुष्प नामक प्रतिमुखसन्धि का अङ्ग है । (पुष्पं विशेषवचनं मतम्—सा० द०) । (ग) यहाँ शार्दूलविक्रीडित छन्द है ॥ ३९ ॥

अन्वयः—यदि सुवदना पुनः रहः प्रत्यासत्तिं यास्यति (तर्हि) कालं न हास्यामि । हि विषयाः प्रकृति दुरवापाः विघ्नैः क्लिष्टं मे मूढहृदयम् इति गणयति च प्रियायाः प्रत्यक्षं तथा किमपि कातरमिव (आसीत्) ॥ ४० ॥

शब्दार्थ—यदि सुवदना = यदि सुमुखी (शकुन्तला) का, पुनः रहः = फिर एकान्त में; प्रत्यासत्तिं = सान्निध्य, यास्यति = प्राप्त हो जाय तो; कालं न हास्यामि = व्यर्थ समय नहीं जाने दूँगा । हि = क्योंकि, विषयाः = विषयोपभोग, प्रकृतिदुरवापाः = स्वभाव से ही दुर्लभ होते हैं (अर्थात् प्राप्त होते ही इनका भोग कर लेना चाहिए) । विघ्नैः = विघ्नों के कारण, क्लिष्टं = दुःखी, मे मूढहृदयम् = मेरा मूढ़ हृदय, इति गणयति = इस प्रकार सोचता तो है, च = किन्तु, प्रियायाः प्रत्यक्षं = प्रिया के सामने (न जाने क्यों), तथा किमपि = वैसे कुछ,

---

(सोचकर) ओह ! धिक्कार है । प्रिया को पाकर व्यर्थ समय बिताते हुए मैंने अच्छा नहीं किया । अतः, इस समय—

यदि वह सुमुखी शकुन्तला फिर मुझे एकान्त में मिल जाय, तो मैं अब समय व्यर्थ नहीं जाने दूँगा ; क्योंकि विषयभोग स्वभाव से ही दुर्लभ होते हैं (अतः प्राप्त होते ही इनका भोग कर लेना चाहिए) । विघ्नों के कारण दुःखी मेरा मूढ़ मन इस प्रकार सोंचता तो है किन्तु प्रिया के सामने (न जाने क्यों) कातर-सा हो जाता है ॥ ४० ॥

[नेपथ्ये]

भो भो राजन् !

कातरमिव (आसीत्)=कातर जैसा हो गया था ॥ ४० ॥

संस्कृत टीका—यदि=चेत्, सुवदना=सुमुखी [शकुन्तला], पुनः=भूयः, रहः=विविक्ते स्थाने, प्रत्यासत्तिं=सान्निध्यं, यास्यति=प्राप्स्यती, [तदा] कालं=समयं, न हास्यामि=न परिहरिष्यामि । हि=यतः, विषयाः=इन्द्रियार्थाः भोगपदार्था इति यावत्, प्रकृतिदुरवापाः=स्वभावदुर्लभाः, विघ्नैः=अन्तरायैः, गौतम्या आगमनरूपैः प्रत्यूहैरित्यर्थः, क्लिष्टं=विक्लवं, मे=मम, मूढहृदयं=कर्त्तव्यताज्ञानशून्यं चेतः, इति=इत्थं, गणयति=विचारयति, च=किन्तु, प्रियायाः=शकुन्तलायाः, प्रत्यक्षं=समक्षं, तथा=तादृशं, किमपि=अनिर्वचनीयम्, कातरमिव=कर्त्तव्यविक्लवमिव (आसीत्) ॥ ४० ॥

भावार्थ—सुमुखी शकुन्तला यदि विविक्ते स्थाने मम सान्निध्यं प्राप्स्यति, अर्थात् पुनरपि यदि मे प्रियतमया सह रहसि साक्षात्कारो भवेत्; तदा कालं न परिहरिष्यामि, अर्थात् विना रमणं कालक्षेपं न करिष्यामि । यस्मात् भोगपदार्थाः स्वभावेन दुर्लभाः । तथा च ते प्राप्तिमात्रेण भोक्तव्या इति तात्पर्यार्थः । दुर्दैवैः लिप्सितार्थालाभेन व्याहतं मे मूढहृदयम्, इदानीं इत्थं विचारयति, परन्तु प्रियायाः समक्षम् अनिर्वचनीयं किमपि कर्त्तव्यविक्लवमिव [आसीत्] ॥ ४० ॥

टिप्पणी—सुवदना—सुष्ठु वदनं यस्याः सा [बहु०] । रहः—'विविक्तविजनच्छन्ननिःशलाकास्तथा रहः' इत्यमरः । प्रकृतिदुरवापाः—प्रकृत्या दुरवापाः [तृ० त०] । [क] यहाँ पर राजा का प्रमत्त हो जाना नहीं मानना चाहिए; क्योंकि शास्त्र के अनुसार यही गान्धर्व विवाह का काल है । जैसा कि रत्नमाला में कहा है—

> प्राजापत्यब्राह्मदवार्षसंज्ञाः कालेषूक्तेष्वेव कार्या विवाहाः ।
> गान्धर्वाख्यो राक्षसश्चासुरश्च पैशाचो वा सर्वकाले विधेया ॥

[ख] १. पूर्वार्ध में सामान्य से विशेष का समर्थन होने से यहाँ अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है, २. कातरमिव में उत्प्रेक्षा है । [ग] शिखरिणी छन्द है ॥ ४० ॥

संस्कृत टीका—नेपथ्ये=अङ्कोपसंहाराय रसान्तरप्रवेशम् अवतारयति । भो भो राजन्=तपस्विनामुक्तिरियम्, सम्भ्रमे द्विरुक्तिः ।

(नेपथ्य में)

हे, हे महाराज !

सायन्तने सवनकर्मणि सम्प्रवृत्ते
वेदिं हुताशनवतीं परितः प्रकीर्णाः ।
छायाश्चरन्ति बहुधा भयमादधानाः
सन्ध्याभ्रकूटकपिशाः पिशिताशनानाम् ॥ ४१ ॥

अन्वयः—सायन्तने सवनकर्मणि सम्प्रवृत्ते हुताशनवतीं वेदिं परितः प्रकीर्णाः सन्ध्याभ्रकूटकपिशाः भयम् आदधानाः पिशिताशनानां छायाः बहुधा चरन्ति ॥ ४१ ॥

शब्दार्थ—सायन्तने=सायंकालीन, सवनकर्मणि=यज्ञ-कर्म के, सम्प्रवृत्ते=प्रारम्भ होने पर, हुताशनवतीं=अग्नि से युक्त, वेदिं=यज्ञ-वेदी के, परितः=चारों ओर, प्रकीर्णाः=व्याप्त, फैली हुई, सन्ध्याभ्रकूटकपिशाः=सायंकालीन बादलों के समान कपिश, भयम्=भय को, आदधानाः=उत्पन्न करने वाली, पिशिताशनानां=कच्चे मांस का आहार करने वाले (राक्षसों) की, छायाः=छाया, बहुधाः=विविध रूपों में, चरन्ति=विचरण कर रही हैं ॥ ४१ ॥

संस्कृत टीका—सायन्तने=सायंकालीने, सवनकर्मणि=यज्ञकर्मणि, अग्निहोत्रे इत्यर्थः, सम्प्रवृत्ते=प्रारब्धे सति, हुताशनवतीम्=अग्नियुक्ताम्, वेदिं=यज्ञवेदिम्, परितः=अभितः, प्रकीर्णाः=व्याप्ताः, सन्ध्याभ्रकूटकपिशाः=सायंकालीनमेघवत् कृष्णरक्ताः, भयं=भीतिम्, आदधानाः=कुर्वाणाः, पिशिताशनानां=राक्षसानाम्, छायाः=प्रतिबिम्बानि; बहुधाः=अनेकशः, चरन्ति=इतस्ततः भ्रमन्ति ॥ ४१ ॥

भावार्थ—सन्ध्यासमये यज्ञकार्ये प्रारब्धे सति हुताशनवतीं वेदीं परितः विकीर्णाः सायन्तनजलदस्तोमवत् कृष्णरक्ताः भीतिमादधानाः राक्षसानां प्रतिबिम्बानि इतस्ततो भ्रमन्ति तथा च मायाकृतादृश्यशरीरा अपि राक्षसा अग्निहोत्राग्निसन्निकर्षाद् पतन्तीभिश्छायाभिरनुमीयन्ते । अत एव तेषां विनाशनायाशु प्रयत्नः करणीयः—इति तपस्विनामाग्रहः ॥ ४१ ॥

टिप्पणी—सायन्तने—सायं भवं सायन्तनम्; सायं+ट्यु, तुट् का आगम ('सायंचिरं' सूत्र से), यु का अन आदेश । सवनकर्मणि—सवनस्य कर्मणि (त०) । सवन—सु+ल्युट्—अन=सवनम्, तस्य कर्म (ष० त०) तस्मिन् । 'सवनं त्वध्वरे स्नाने सोमनिर्दलनेऽपि च' इति मेदिनी । सम्प्रवृत्ते—सम्+प्र+√वृत्+क्त (कर्तरि) । हुताशनवतीं—हुताशन+मतुप्+ङीप्, म को व । हुत–हु

सायंकालीन यज्ञ कर्म के प्रारम्भ होने पर अग्नि से युक्त वेदी के चारों ओर व्याप्त, सायंकालीन बादलों के समान कपिश (काले-पीले) रंग वाली एवं भयोत्पादक राक्षसों की परछाइयाँ अनेक रूप में इधर-उधर विचरण कर रही हैं ।

राजा—[आकर्ण्य सावष्टम्भम्] **भो भोस्तपस्विनः ! मा भैष्ट मा भैष्ट, अयमहमागत एव ।**

[इति निष्क्रान्तः]

॥ इति तृतीयोऽङ्कः ॥ ३ ॥

———

+क्त, अशनः—√अश्+ल्यु (नन्द्यादित्वात्); हुतस्य अशनः हुताशनः (ष०त०); हुतं अश्नातीति हुताशनः । 'अभितः परितः समया०' आदि वार्तिक से परितः के योग में द्वितीया है । प्रकीर्णाः—प्र+√कॄ+क्त । सन्ध्याभ्रकूटकपिशाः—सन्ध्यायाम् अभ्राणि तेषां कूटमिव कपिशाः । वेदिं—वेदिः या वेदी दोनों ही रूप शुद्ध हैं, जैसे—रात्रिः या रात्री । आदधाना—आ+धा+लट्—शानच् । पिशिताशनानाम्—पिशितं मांसम् एव अशनं भोजनं येषां ते पिशिताशनाः (बहु०); तेषाम् । छायाः—'छाया सूर्यप्रिया कान्तिः प्रतिबिम्बमनातपः' इत्यमरः । (क) १. भय का कारण राक्षसों की छाया है अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है । २. 'सन्ध्याभ्रकूटकपिशाः' में लुप्तोपमा अलङ्कार है । ३. यहाँ भयानक रस है । (ख) वसन्ततिलका छन्द है ॥ ४१ ॥

संस्कृत टीका—आकर्ण्य=श्रुत्वा नेपथ्योत्थं वाक्यमिति शेषः; सावष्टम्भं=सधैर्यम्, मा भैष्ट=(राक्षसेभ्यो) भयं न कार्यम्, सम्भ्रमे द्विरुक्तिः । अयमहं=साहाय्यकारी राजा दुष्यन्तः, आगत एव=आगच्छाम्येव, राक्षसवधायेति शेषः । इति=इत्युक्त्वा, निष्क्रान्तः=निर्गतः ।

टिप्पणी—सावष्टम्भम्—अवष्टम्भेन सहितम् इति सावष्टम्भम् ('तेन सह' सूत्र से) (बहु०) । (क) 'अयमहमागत एव' इस राजा की उक्ति से उसकी धीरोदात्तता प्रकट हो रही है । राजा का इससे युद्धवीरत्व भी प्रकट हो रहा है । धैर्य, गर्व, उत्साह और तेजस्विता का होना ही अवष्टम्भ है । [ख] यहाँ त्रोटक नामक गर्भसन्धि का अङ्ग है—'त्रोटकं पुनः संरब्धवाक्' [सा० द०] ।

॥ इति महाकवि पं० रामकुबेरमालवीयात्मजसुधाकरमालवीयकृतायामभिज्ञानशाकुन्तलव्याख्यायां ज्योत्स्नायां श्रृङ्गारभोगो नाम तृतीयोऽङ्कः ॥ ३ ॥

———

(सुनकर बड़ी तेजी के साथ) हे हे तपस्वियों ! आप लोग भयभीत न हों; यह मैं आ ही गया—

(यह कहकर चला जाता है)

॥ इस प्रकार श्रृङ्गारभोग नामक तृतीय अङ्क समाप्त ॥ ३ ॥

———

अथ चतुर्थोऽङ्कः

[ततः प्रविशतः कुसुमावचयमभिनयन्त्यौ सख्यौ]

*** ज्योत्स्ना ***

विलिख्य सत्याकुचकुम्भसीम्नि पत्रावलिन्यासमिषेण राधाम् ।
लीलारविन्देन तया सरोषं पायाद् विटः कोऽप्यभिहन्यमानः ॥

इह खलु कविकुलशिरोमणेः तत्र भवतः महाकवेः कालिदासस्य सकलकाव्यजातेषु विशेषतः रूपकनिचयेषु अभिज्ञानशाकुन्तलमेव सकलनाटकलक्षणलक्षिततया रसभाव-समुज्ज्वलतया प्रतिपात्रचरित्रप्रदर्शनतया च प्रकृष्टं प्रतिभाति । तद्यथा—

काव्येषु नाटकं श्रेष्ठं तत्रापि च शकुन्तलम् ।
तत्र रम्यश्चतुर्थोऽङ्कस्तत्र श्लोकचतुष्टयम् ॥

अथवा केचिदेवं पठन्ति—

काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला ।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कः यत्र याति शकुन्तला ॥

एवं तत्रापि चतुर्थोऽङ्कः प्रकृष्टतरः, तत्र च श्लोकचतुष्टयं प्रकृष्टतममिति सर्वजनप्रवादः सर्वत्र प्रचरति । तथा च किंवदन्ती—

"कालिदासस्य सर्वस्वमभिज्ञानशकुन्तला ।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कस्तत्र श्लोकचतुष्टयम् ॥
'यास्यत्यद्ये' ति तत्रापि श्लोकः सर्वमनोहरः ।" इति ॥

अत्राङ्के महर्षेः कण्वस्याश्रमललामभूता-शकुन्तलायाः पतिगृहप्रस्थानस्य वर्णित-तया स एव भागः प्रधानतरः । शेषभागस्तु तदङ्गत्वेन गौण एव । तस्मादत्र प्रायेण करुणो रसः ।

अथास्मिन् चतुर्थेऽङ्के प्रतिषिद्धत्वादकृताभिनयनस्य वृत्तकथांशस्य 'यद्यपि गान्धर्वेण विवाहविधिना' इत्यादिभिः प्रदर्शनात् तथा 'आभरणाभिज्ञानदर्शनेन अस्याः शापो निवर्तिष्यति' इत्यादिना वर्त्तिष्यमाणकथांशस्य निदर्शनाय पूर्ववर्णितयोः शकुन्तलायाः सख्योः प्रियंवदानसूययोः प्रवेशद्वारा विष्कम्भकं योजयति—तत इत्यादिना ।

ततः=तदनन्तरं, कुसुमावचयम्=पुष्पचयनम्, अभिनयन्त्यौ=नाटयन्त्यौ,

(इसके बाद फूल चुनने का अभिनय करती हुई दो सखियों का प्रवेश)

अनसूया—हला प्रियंवदे ! यद्यपि गान्धर्वेण विवाहविधिना निर्वृत्तकल्याणा प्रियसखी शकुन्तला अनुरूपभर्तृभागिनी संवृत्ता, तथापि मे न निर्वृतं हृदयम् । (हला पिअम्बदे ! जइ वि गन्धव्वेण विवाहविहिणा णिव्वुत्तकल्लाणा पिअसही सउन्तला अणुरूवभत्तिभाइणी संवुत्ता, तहवि मे ण णिव्वुदं हिअअं ।)

पुष्पत्रोटनं कुर्वन्त्यौ, सख्यौ = अनसूयाप्रियंवदे, प्रविशतः = रङ्गभूमौ दृश्येते ।

टिप्पणी—'अभिज्ञानशाकुन्तल के सातो अङ्कों में से यह चतुर्थ अङ्क सर्वश्रेष्ठ है'—ऐसी विद्वानों की सम्मति है । इस सम्बन्ध में एक किंवदन्ती प्रसिद्ध है—

'कालिदासस्य सर्वस्वम् अभिज्ञानशकुन्तलम् ।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कः तत्रश्लोकचतुष्टयम् ।।''
'यास्यत्यद्ये'ति तत्रापि श्लोकः सर्बमनोहरः ।' इति ।।

इस अङ्क में महर्षि कण्व की आश्रमललामभूता शकुन्तला अपने पति-गृह को जा रही है । इस अङ्क का यही भाग प्रधान है; शेष कथावस्तु गौण है । यहीं पर 'यास्यत्यद्य' आदि श्लोक अत्यन्त मनोहर हैं । इस अङ्क में प्रायः करुण रस विद्यमान है ।

कुसुमावचयम् — 'हस्तादाने चेरस्तेये' सूत्र से अवपूर्वक चि धातु से घञ् होकर वृद्धि हो जाएगी । तब रूप होगा 'अवचायः' । अतः 'अवचयम्' यह अपाणिनीय प्रयोग है । राघवभट्ट के अनुसार वृक्ष पर चढ़कर फूल तोड़ने के कारण दूरी होने से हस्तादान न होने के कारण घञ् नहीं होगा । अतः अच् प्रत्यय होने पर 'अवचयः' रूप बनेगा । किन्तु यहाँ पर वृक्ष पर चढ़कर फूल तोड़ने का भाव ही नहीं है । अतः यह उत्तर ठीक नहीं है । वामन के मत में 'अवतर' और 'अवचय' मूर्खों का प्रयोग है—'अवतारावचायशब्दयोर्दीर्घव्यत्यासो बालानाम् ?

संस्कृत टीका—**गान्धर्वेण** = वधूवरयोः परस्पराङ्गीकारपूर्वकेण, **विवाहविधिना** = परिणयानुष्ठानेन, **निर्वृत्तकल्याणा** = निर्वृत्तं निष्पन्नं कल्याणं मङ्गलं मनोरथसिद्धिर्यस्याः सा, जातविवाहमङ्गला, प्रियसखी, शकुन्तलेत्यनेन स्नेहप्रकर्षादिकं सूच्यते । **अनुरूपभर्तृभागिनी** = अनुरूपं-योग्यं भर्त्तारं-पतिं भजत इत्यनुरूभर्तृभागिनी-योग्यपतिसङ्गता, **संवृत्ता** = जाता; **तथाऽपि** = तादृशभर्तृभागिनीत्वेऽ-

---

अनसूया—सखि प्रियंवदा ! यद्यपि प्रियसखी शकुन्तला ने गन्धर्व-विवाह की विधि से कल्याण (=विवाह) को प्राप्त कर वह अपने अनुरूप पति के हाथ पड़ी है, फिर भी मेरा मन निश्चिन्त नहीं हैं ।

प्रियंवदा—कथमिव ? (कहं विअ ?)

अनसूया—अद्य स राजर्षिः इष्टिपरिसमाप्त्या ऋषिभिर्विसर्जितः आत्मनो नगरं प्रविश्य अन्तःपुरसमागमादिमं जनं स्मरति न वेति । (अज्ज सो राएसी इट्ठिपरिसमत्तीए इसिहिं विसज्जिदो अत्तणो णअरं पविसिअ अन्तेउरसमागमादो इमं जणं सुमरेदि ण वेत्ति ।)

प्रियंवदा—अत्र तावत् विश्वस्ता भव । नहि तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरहिणो भवन्ति । एतावत् पुनश्चिन्तनीयम्; तातस्तीर्थयात्रातः प्रतिनिवृत्तः

प्रीत्यर्थः, निर्वृतं=सुखितं, सुस्थीभूतमिति यावत्, कथमिव=न निर्वृतं ते हृदयमिति शेषः । राजर्षि=दुष्यन्तः, इष्टिपरिसमाप्त्या=यागसमापनेन हेतुना, ऋषिभिः=मुनिभिः, विसर्जितः=राजधानीगमनाय अनुज्ञातः, आत्मनः=स्वस्य, नगरं प्रविश्य=राजधानीं गत्वा, अन्तःपुरसमागमात्=अन्तःपुरस्थस्त्रीसम्भोगात्, इमं जनं=शकुन्तलाम्, स्मरति न वा=परिग्रहबहुत्वेऽपि इत्यादि समये न स्मरति वा ।

टिप्पणी—निर्वृतकल्याणा—निर्वृत्तं कल्याणं यस्याः सा (बहु०); निर्वृत्त—निर् + √वृत् + क्त; कल्याण—कल्य + अण् + घञ्; कल्ये प्रभाते अण्यते शब्द्यते इति कल्याणम्, 'श्वःश्रेयसं शिवं भद्रं कल्याणं मङ्गलं शुभम्' इत्यमरः । अनुरूपभर्तृभागिनी—अनुरूपं भर्तारं भजते इति; अनुरूप + भर्तृ + भज् + णिनि + ङीप् । संवृत्ता—सम् + वृत् + क्त + टाप् । इष्टिपरिसमाप्त्या—√यज् + क्तिन्=इष्टिः, परि + सम् + आप् + क्त्वा + ल्यप् ।

संस्कृत टीका—अत्र=अस्मिन् (राज्ञः शकुन्तलास्मृतौ) विषये, विश्वस्ता=विस्रब्धा, भव । हि=यतः, तादृशाः=दुष्यन्तसदृशाः, आकृतिविशेषाः=सामुद्रिकोक्तगुणविशिष्टा आकृतयः, गुणविरहिणः=सौजन्यादिगुणरहिताः, निर्गुणा इत्यर्थः, न भवन्ति । पुनः=किन्तु, एतावत्=एतत्, चिन्तनीयं=विचारणीयम्, तातः=पिता कण्वः, तीर्थयात्रातः=सोमतीर्थात् इत्यर्थः, प्रतिनिवृत्तः=प्रत्यागतः

प्रियंवदा—क्यों ?

अनसूया—आज वह राजर्षि यज्ञ की परिसमाप्ति के बाद ऋषियों से विदाई पाकर, अपने नगर में प्रविष्ट होकर, अपने अन्तःपुर की रमणियों से मिलने के बाद इस बेचारी शकुन्तला का स्मरण करेंगे या नहीं ? (यही मुझे चिन्ता है)।

प्रियंवदा—तो इस विषय में विश्वस्त रहो । क्योंकि इस प्रकार की विशिष्ट आकृति वाले लोग गुणों से रहित नहीं होते । फिर भी यह चिन्ता का विषय है कि

इमं वृत्तान्तं श्रुत्वा न जाने किं प्रतिपत्स्यत इति। (एत्थ दाव वीसत्था होहि। णहि तादिसा आकिदिविसेसा गुणविरहिणो होन्ति। एत्तिअं उण चिन्तणीअं तादो तीत्थजात्तादो पडिणिउत्तो इमं वुत्तन्तं सुणिअ ण जाणे किं पडिवज्जिस्सदित्ति।)

अनसूया—यथा मां पृच्छसि, तथा अभिमतं तातस्य। (जधा मं पुच्छसि, तधा अभिमदं तादस्स।)

प्रियंवदा—कथमिव ? (कधं विअ ?)

अनसूया—अनुरूपस्य वरस्य कन्यका प्रतिपादनीयेति; अयं तावत् प्रथमः कल्पः। तं यदि दैवं सम्पादयति, ननु कृतार्थो गुरुजनः। (अणुरूवस्स

तत्, इमं वृत्तान्तं=शकुन्तला परिणयरूपम्। किं प्रतिपत्स्यते=ज्ञास्यति, इति न जाने।

टिप्पणी—आकृतिविशेषाः—आकृतीनां विशेषाः। गुणविरहिणः—'राजा सुन्दर हैं अत गुणसम्पन्न होंगे ही' इस भाव के अन्य वचन भी हैं—१. यदुच्यते पार्वति पापवृत्तये न रूपमित्यव्यभिचारि तद्वचः' (कुमार०) २. प्रायो विरूपासु भवन्ति दोषा यत्राकृतिस्तत्र गुणा वसन्ति (बृहत्संहिता)। ३. 'आकारसदृशप्रज्ञः' (रघु०-१५)। ४. 'यत्राकारस्ततोगुणाः' (अग्नि पुराण)। ५. सेयमाकृतिर्न व्यभिचरति शीलम् (दश०) ६. नह्याकृतिः सुसदृशं विजहाति वृत्तम् (मृच्छ० ९-१६), ७. स्वप्नेऽपि अविसंवादिन्य आकृतयः (कादम्बरी)।

संस्कृत टीका—यथा=यादृशं, मां पृच्छसि=मां जिज्ञाससे, तथा=तादृशं वृत्तमेव, तातस्य=पितुः कण्वस्य, अभिमतं=सम्मतम्। अनुरूपस्य=योग्यस्य, वरस्य=जामातुः, हस्ते, कन्यका=न तु युवतीः, प्रतिपादनीया=समर्पणीया, अयं प्रथमः=मुख्यः, कल्पः=विधिः, तं=प्रथमं कल्पं, यदि दैवं=भागधेयं कर्तृ, सम्पादयति=पुरुषकारं विना घटयति, ननु=इति निश्चये, गुरुजनः=पित्रादिः, अर्थात् कण्वः, कृतार्थः=कृतकृत्यः।

तीर्थयात्रा से लौटे हुए पिता (कण्व) इस समाचार को सुनकर पता नहीं क्या सोचेंगे ?

अनसूया—यदि हमसे पूँछती हो तो सामान्यता पिता कण्व को यह अभिमत ही होगा।

प्रियंवदा—कैसे ?

अनसूया—'कन्या को योग्य वर को देना चाहिए'—यह पहला पक्ष होता है। और फिर यदि भाग्य स्वयं इस कार्य को बना दे तो उसके गुरुजन तो यों ही कृतार्थ हो जाते हैं।

वरस्स हत्थं कण्णआ पडिवादणीअत्ति अअं दाव पढमो कप्पो। तं जइ देव्वं सम्पादेदि, णं कअत्थो गुरुअणो।)

प्रियंवदा—एवमेतत् [पुष्पभाजनं विलोक्य] **सखि ! अवचितानि खलु बलिकर्मपर्याप्तानि कुसुमानि।** (एवण्णेदं। सहि ! अवचिदाइं क्खु बलिकम्मपज्जत्ताइं कुसुमाइं।)

अनसूया—ननु शकुन्तलाया अपि सौभाग्यदेवता अर्चितव्याः तदपराण्यपि अवचिनुवः। (णं सउन्तलाए वि सोहग्गदेवदाओ अच्चिदव्वाओ, ता अवराइं वि अवचिणुह्म।)

प्रियंवदा—युज्यते। (जुज्जदि।) [इति तदेव कर्माभिनयतः]

टिप्पणी—अभिमतम्—अभि + √मन् + क्त (कर्तरि), 'क्तस्य च वर्तमाने' सूत्र से तातस्य में षष्ठी इस शब्द के योग में हुई है। प्रथमः कल्पः = कल्पः शास्त्रे विधौ न्याये संवर्ते ब्रह्मणो दिने' इति मेदिनी। 'मुख्यः स्यात् प्रथमः कल्पोऽनुकल्पस्तु ततोऽधमः'—इत्यमरः।

संस्कृत टीका—पुष्पभाजनम् = अवचितपुष्पनिधानम्, बलिकर्मपर्याप्तानि = नित्यपूजोपहारकर्मोपयुक्तानि, अवचितानि = लूनानि। सौभाग्यदेवता = भर्तृसुभगत्वसम्पादिका मङ्गलचण्डिकादयो देवताः, अपराण्यपि = कुसुमानि, अवचिनुवः = लुनीवः। केचित्तु सौभाग्यदेवतापदेन कामदेवादिरूपमर्थं कुर्वन्ति। युज्यते = त्वद् वचनमिति शेषः, तदेव = पुष्पावचयरूपमेव, अभिनयतः = आङ्गिकव्यापारेण दर्शयतः।

टिप्पणी—बलिकर्मपर्याप्तानि—बलेः कर्म = बलिकर्म; बलिकर्मणे पर्याप्तानि (त०)। बलि—बलते, वल्यते वा; बल प्राणने धातु से 'सर्वधातुभ्यः इन्' सूत्र से इन् प्रत्यय है। यहाँ 'बलि' का अर्थ उपहार = पूजा है—'बलि दैत्यप्रभेदे च 'करचामरदण्डयोः। उपहारे पुमान् स्त्री तु जरया श्लथचर्मणि। गृहदारुप्रभेदे च जठरावयवेऽपि च'—इति मेदिनी। अवचितानि—अव + चि + क्त। सौभाग्यदेवता—सौभाग्यस्य देवता (ष० त०); भर्तुः सौभाग्यलाभार्थं विवाहानन्तरकर्त्तव्यमङ्गलचण्डिकादिदेवता इत्यर्थः, सार्वत्रिकप्रसिद्धोऽयं नारीसमयः। १. कुछ टीकाकार इसका अर्थ 'पति' करते हैं, २. कुछ सौभाग्यवर्धक देवता गौरी एवं गणेश करते हैं।

प्रियंवदा—यह बात तो है। (पुष्पपात्र को देखकर) सखि ! पूजा के लिए पर्याप्त फूल हम लोगों ने चुन लिए हैं।

अनसूया—शकुन्तला के सौभाग्य देवता (गौरी-गणेश) की भी तो पूजा करनी है; अतः और भी फूल तोड़ लें।

प्रियंवदा—ठीक है। (यह कहकर दोनों इसी का अभिनय करती हैं)

[नेपथ्ये]

अयमहं भोः !

अनसूया—[कर्णं दत्त्वा] **सखि ! अतिथिना इव निवेदितम्।** (सहि ! अदिधिणा विअ णिवेदिदं ।)

प्रियंवदा—ननु उटजे सन्निहिता शकुन्तला। (णं उडए सण्णिहिदा सउन्तला ।)

अनसूया—आम्, अद्य पुनरसन्निहिता हृदयेन। तेन हि भवतु; एतावद्भिः कुसुमैः, प्रयोजनम्। (आं अज्ज उण असण्णिहिदा हिअएण। तेन हि भोदु, एत्तिकेहिं कुसुमेहिं पओअणं।) [इति प्रस्थिते]

[पुनर्नेपथ्ये]

संस्कृत टीका—अयमहं भोः=आगत इति शेषः; अतिथिना=आगन्तुना, इव=इति प्रतीतौ, निवेदितं=विज्ञापितम्, उटजे=पर्णकुटीरे, सन्निहिता=उपस्थिता, अस्तीत्यर्थः। आम्=इति स्मरणे, हृदयेन असन्निहिता=हृदयशून्य इत्यर्थः, तेन हि=उटजस्य जनशून्यत्वेनैव हेतुना; भवतु=अस्तु, एतावद्भिः=इयद्भिरेव, कुसुमैः=पुष्पैः, प्रयोजनं=बलिकर्म सौभाग्यदेवताभ्यर्चनरूपमुद्देश्यम्, आः=इति कोपसूचकमव्ययम्, अतिथिम्=आगन्तुकम्, मां=दुर्वाससञ्च, परिभवसि=उपेक्षितवचनत्वान्नाद्रियसे।

टिप्पणी—निवेदितम्–नि+√विद्+णिच्+क्त। आम्–'आं जाने निश्चय-स्मृत्योः' इति मेदिनी। सन्निहिता—सम+नि+धा+क्त+टाप्। आः—'आस्तु स्यात् कोपपीडयोः' इत्यरः; प्रस्थिते—प्र+√स्था(ष्ठा)+क्त। मां परिभवसि—यहाँ 'आः, अतिथिपरिभाविनि' —यह पाठभेद है अर्थात् 'ओह, अतिथि का तिरस्कार करने वाली।'

(नेपथ्य में)

अरे, यह मैं (=अतिथि दुर्वासा) हूँ।

अनसूया—(कान लगाकर) सखि ! जान पड़ता है कि कोई अतिथि आए हैं।

प्रियंवदा—तो वहाँ कुटिया में शाकुन्तला तो है ही।

अनसूया—हाँ, है तो, पर वह आज मन से वहाँ नहीं है। इसलिए अब रहने दो, इतने ही फूलों से कार्य हो जायगा।

(पुन नेपथ्य में)

आः, कथमतिथिं, मां परिभवसि ?

विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा
तपोनिधिं वेत्सि न मामुपस्थितम् ।
स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्
कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव ॥ १ ॥

अन्वयः—अनन्यमानसा यं विचिन्तयन्ती उपस्थितं मां तपोनिधिं न वेत्सि, सः प्रमत्तः प्रथमं कृतां कथाम् इव बोधितः सन् अपि त्वां न स्मरिष्यति ॥ १ ॥

शब्दार्थ—अनन्यमानसा=एकाग्र चित्त से, यं=जिसको, विचिन्तयन्ती=सोंचती हुई, उपस्थितं=आये हुए, मां=मुझ, तपोनिधिं=तापसश्रेष्ठ को, न=नहीं, वेत्सि=जान रही हो, देख रही हो, सः=वह, प्रमत्तः=उन्मत्त, (पागल, शराबी) की, प्रथमं=पहले, कृतां=की गयी, कही गयी, कथाम् इव=बात की भाँति, बोधितः सन्=याद दिलाने पर, अपि=भी, त्वां=तुमको, न=नहीं, स्मरिष्यति=स्मरण (याद) करेगा ॥ १ ॥

संस्कृत टीका—अनन्यमानसा=एकाग्रचित्ता, यं=जनम्, विचिन्तयन्ती=ध्यायन्ती, उपस्थितम्=आगतम्, मां=दुर्वाससम्, तपोनिधिं=तापसवर्यम्, न=नहि, वेत्सि=जानासि, सः=जनः, प्रमत्तः=उन्मत्तः, प्रथमं=पूर्वम्, कृताम्=अभिहिताम्, कथाम् इव=वार्ताम् इव, बोधितः सन् अपि=स्मारितः सन् अपि, त्वां=मां तिरस्कारिणी त्वाम्, न=नहि, स्मरिष्यति=अभिज्ञास्यति ॥१॥

भावार्थ—अनन्यमानसा यं दुष्यन्तं जनं विचिन्तयन्ती समक्षमागतं तापसवर्यं मां नहि जानसि, सः दुष्यन्तः प्रमत्तः पूर्वविहितां वार्तामिव स्मारितोऽपि सन् त्वां नहि स्मरिष्यसि ॥ १ ॥

टिप्पणी—विचिन्तयन्ती—वि+चिन्त्+णिच् (स्वार्थे)+शतृ+ङीप्। **अनन्यमानसा**—न अस्ति अन्यत् अवलम्बनं यस्य तत् अनन्यम्, अनन्यं मानसं यस्याः सा (बहु०)। तपोनिधिम्—तपांसि ब्रह्मचर्यादीनि धर्मा वा निधीयन्ते धार्यन्ते अस्मिन् इति तपोनिधिः; तपस्—नि+√धा+कि (अधिकरणे)। 'अतिथिः किल पूजार्हः प्राकृतोऽपि विजानता' अर्थात् साधारण अतिथि भी पूज्य है असाधारण की तो बात ही क्या है। फिर भी शकुन्तला ने ऐसे महान् तपस्वी की ओर देखा

ओह ! तुम मुझ अतिथि का निरादर कर रही हो !

एकाग्रमन से जिसका चिन्तन करती हुई तू [आश्रम से] उपस्थित हुए मुझ तपोनिधि को नहीं देख रही हो, वह स्मरण दिलाने पर भी तुम्हें उसी प्रकार भुला देगा, जिस प्रकार उन्मत्त व्यक्ति पहले कही हुई बातों को स्मरण नहीं करता है) ॥ १ ॥

प्रियंवदा—हा धिक् हा धिक् ! तदेव संवृत्तम्, यन्मया चिन्तितम्। कस्मिन्नपि पूजार्हे अपराद्धा शून्यहृदया शकुन्तला। (हद्धी हद्धी ! तंज्जेव संवुत्तं, जं मए चिन्तिदं। कस्सिपि पूआरिहे अवरुद्धा सुण्णहिअआ सउन्तला।)

अनसूया—[पुरोऽवलोक्य] न खलु यस्मिन् कस्मिन्नपि, एष दुर्वासाः सुलभकोपो महर्षिः, तथा शप्त्वा अविरलपादत्वरया गत्या प्रतिनिवृत्तः।

तक नहीं। इसी प्रमाद के लिए दुर्वासा ने शाप दिया। प्रमत्तः—प्र + मद् + क्त। प्रकृष्टः मत्तः, क्षिप्तः इत्यर्थः अन्यत्र अनवहितः—'प्रमादोऽनवधानता' इत्यमरः। प्रथमं कृतामिव—दुष्यन्त पक्ष और उन्मत्तपक्ष में इसके दो अर्थ हो सकते हैं–दुष्यन्त से जो बातें तुम्हारे साथ इस आश्रम में हुई हैं वह उन्हें भूल जाएँगे और २. उन्मत्त व्यक्ति उन्मत्तावस्था से पूर्व की बातें पूर्णतया भूल जाता है। स्मरण कराने पर भी उसे स्मरण नहीं आता। (क) १. इस श्लोक में पूर्वार्ध विस्मरण रूपी शाप का हेतु है अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। २. 'तपोनिधि' में परिकरालङ्कार है। ३. उत्तरार्ध में उपमालङ्कार है। (ख) यहाँ वंशस्थ छन्द है॥ १॥

संस्कृत टीका — हा धिग् = इति निर्वेदविषादयोः, वीप्सया तयोरतिशयो द्योत्यते, यन्मया चिन्तितं = विभावितम्, तदेव = वितर्कितमेव, संवृत्तं = सञ्जातम्, पूजार्हे = पूजनीये, अपराद्धा = पूजोल्लंघनेन कृतापराधा, शून्यहृदया = हृदयस्य पतिगतत्वात्तद्विरहिता, नृपगतचित्ता इत्यर्थः। पुरः = अग्रतः, अवलोक्य = (शप्तारं दुर्वाससम्) दृष्ट्वा, यस्मिन् कस्मिन्नपि = सामान्यजने, तुच्छजने इत्यर्थः। एषः = पुरो गतः, सुलभकोपः = दुर्वासाः, सुलभः–स्वाभाविकः कोपो यस्य सः कोपनस्वभाव इत्यर्थः। महर्षिः = महामुनिः, दुर्वासाः = स्वनामप्रसिद्धः इत्यर्थः। शप्त्वा = अभिसम्पातं तथा = पूर्वोक्तप्रकारेण, 'विचिन्तयन्ती' इत्यादिरूपेणेत्यर्थः। शप्त्वा = अभिसम्पातं कृत्वा, अविरलपादत्वरया = अविरलाः— घनाः पादाः—पादन्यासाः यस्यां सा तथाभूता त्वरा यस्यां सा तया, घनत्वरितपदसञ्चारया, गत्या = गमनेन, प्रतिनिवृत्तः = आश्रमात् पराङ्मुखो भूत्वा प्रस्थितः।

प्रियंवदा—हाय धिक्कार, हाय धिक्कार है, जिसकी मुझे शङ्का थी वही हुआ। किसी पूजा के योग्य व्यक्ति के प्रति शून्य हृदय वाली, शकुन्तला ने अपराध कर ही दिया।

अनसूया—(सामने देखकर) फिर किसी ऐसे-वैसे व्यक्ति के प्रति नहीं (बल्कि) ये तो सहज ही क्रुद्ध हो जाने वाले महर्षि दुर्वासा हैं। इस प्रकार शाप देकर जल्दी-जल्दी पैर बढ़ाते हुए लौटे जा रहे हैं।

(ण क्खु जस्सिं कस्सिं पि. एसो दुव्वासा सुलहकोवो महेसी। तधा सविअ अविरलपादतुवराए गदाए पडिणिउत्तो ।)

प्रियंवदा—कोऽन्यो हुतवहात् प्रभवति दग्धुम् । तद् गच्छ, पादयो पतित्वा निवर्त्तय । यावदस्या अहमपि अर्घ्योदकमुपकल्पयामि । (को अण्णो हुदवहादो पहवदि दहिदुं । ता गच्छ वाएसु पडिअ णिउत्तावेहि । जाव से अहं पि अग्घोदअं उपकंपेमि ।)

अनसूया—तथा । (तह ।) [इति निष्क्रान्ता]

प्रियंवदा— [पदान्तरे स्खलितं रूपयन्ती] **अहो ! आवेगस्खलितया गतया परिभ्रष्टं मे अग्रहस्तात् पुष्पभाजनम् ।** (अम्मो ! आवेअक्खलिदाए

टिप्पणी—पूजार्हे— पूजामर्हतीति, पूजा + √अर्ह् + अच् (कर्तरि) पूजार्हः, तस्मिन् । 'पूजा नमस्याऽपचितिः' इत्यमरः । अपराद्धा—अप + √राध् + क्त (कर्तरि) स्त्रियाम् + टाप । शून्यहृदया— शून्यं हृदयं यस्याः सा (बहु०); अन्यमनस्का । दुर्वासा—ये अत्रि और अनसूया के पुत्र थे । रुद्र के अंशावतार होने से महान् क्रोधी मुनि हुए । पुराणों में इनके क्रोध के और भी उदाहरण प्राप्त होते हैं । शप्त्वा = शप् + क्त्वा । सुलभकोपः—सुलभः कोपो यस्य सः (बहु०)। अविरलपादत्वरया—अविरलाः पादाः यस्यां सा (बहु०), तादृशी त्वरा यस्यां सा (बहु०) ।

संस्कृत टीका—हुतवहात् = हुतं—हव्यम्, घृतादिकं द्रव्यमिति यावत्, तस्य वहः इति हुतवह वह्निः, तस्मात्, अन्यः = अपरः कः पदार्थः, दग्धुं प्रभवति= प्रभुर्भवति, न कोऽपीत्यर्थः । तद् गच्छ = दुर्वाससः समीपमिति शेषः । अर्घ्योदकम् = तस्य दुर्वाससः सम्बन्धे, पूजार्थं पाद्यम् । उपकल्पयामि = आहरामि । तथा = त्वत्कथनरूपमेव करोमीत्यर्थः । पदान्तरे = अर्घ्योदकाहरणार्थमुटजगमनाय अन्यस्मिन् पादप्रक्षेपे, स्खलितं = गतिभङ्गम्, रूपयन्ती = आङ्गिकाभिनयेन प्रदर्शयन्ती । आवेगस्खलितया = आवेगेन-त्वरया स्खलितया—विपर्यस्तया, गतया = गमनेन, अग्रहस्तात् = हस्ताग्रात्, परिभ्रष्टम् = च्युतम्, पुष्प-

प्रियंवदा—अग्नि के सिवा और कौन जला सकता है ? इसलिए जाओ, उनके चरणों में गिरकर उन्हें लौटा लाओ । तब तक मैं भी अर्घ्य एवं जल तैयार करती हूँ ।

अनसूया—अच्छा ! (यह कहकर चली जाती है)

प्रियंवदा—(ठोकर खाकर गिरने का अभिनय करती है) ओह, घबड़ाहट में लड़खड़ा जाने से मेरे हाथ के अग्रभाग से फूल की डालिया गिर पड़ी (यह

नदीए परिब्भट्ठं मे अग्गहत्थादो पुप्फभाअणं।) [इति पुष्पावचयं रूपयति।]

अनसूया—[प्रविश्य] सखि ! शरीरीव कोप कस्य अनुनयं स गृह्णाति। किञ्च पुनः स अनुकम्पितो मया। (सहि सरीरी विअ कोवो कस्स अणुणअं सो गेह्लदि। किञ्च उण सो अणुकंपिदो मए।)

प्रियंवदा—एतदेव तस्मिन् बहुतरम्। तत कथय कथं त्वया प्रसादितः ? (एदं ज्जेव तस्सिं बहुदरं। ता कधेहि कधं तए पसादिदो ?)

अनसूया—यदा निर्वर्त्तितुं न इच्छति, तदा पादयोः पतित्वा विज्ञापितो

भाजनम्=पुष्पपात्रम्।

टिप्पणी— अर्घ्योदकम् — अर्घ्यञ्च उदकञ्च तयोः समाहारः (द्व०)। 'आपः क्षीरं कुशाग्रश्च दधि सर्पिः सतण्डुलम्। यवः सिद्धार्थकश्चैवाष्टाङ्गोऽर्घः प्रकीर्तितः।'—अर्घ आठ वस्तुओं से युक्त होता है। अर्घ्य—अर्घ+यत्, अर्घाय हितम् अर्घ्यम्। पदान्तरे--अन्यत् पदं पदान्तरम् (मयूर०)। आवेग-स्खलितया—आवेगेन स्खलितया (त०) अग्रहस्तात्—अग्रश्चासौ हस्तश्चेति कर्मधारये सति अवयवे लक्षणा, उक्तञ्च काशिकायां—'हस्ताग्राग्रहस्तादयः गुणगुणिनोः भेदाभेदाभ्याम्' इति। १. अन्ये तु — अग्रहस्त इत्यखण्ड एवायं शब्दो हस्ताग्रवाचक इत्याहुः। २. अपरे तु—हस्तस्याग्रमिति विगृह्य आहिताग्न्यादित्वात् अग्रशब्दस्य पूर्वनिपातः इत्याहुः ३. केचित्तु—प्राकृते पूर्वनिपातनियमाभावात् हस्ताग्र-शब्दमेवाहुः। (क) इस प्रकार यहाँ काशिका में वामन ने अवयव तथा अवयवी में अभेद की विवक्षा से समास माना है। (ख) पुष्प की डोलची का गिरना अपशकुन है। दुर्वासा के न लौटने का यह संकेत कवि ने प्रस्तुत किया है।

संस्कृत टीका—शरीरी=मूर्त्तिमान्, कोपः=क्रोध इव, सः=दुर्वासाः, कस्यानुनयं=प्रार्थनावाक्यं गृह्णाति; न कस्यापीत्यर्थः, अनुकम्पितः=अनुकम्पां कृपां कारितः। एतदेव=अनुकम्पनमेव, तस्मिन्=प्रकृतिवक्रे दुर्वाससि, बहुतरं=समधिकं, ज्ञेयमिति शेषः, प्रसादितः=प्रसन्नतामानीतः।

निर्वर्त्तितुम्=आश्रमं प्रत्यावर्तितुम्, विज्ञापितः=निवेदितः, भगवन्=

कहकर फूलों के बटोरने का अभिनय करती है)।

अनसूया—(प्रवेश करके) सखि ! मूर्तिमान् क्रोध की तरह वे भला किसकी विनती सुनेंगे ? फिर भी मैंने उन्हें दयार्द्र कर ही दिया है।

प्रियंवदा—उनसे इतना ही बहुत है। तो बताओ, कैसे तुमने उन्हें प्रसन्न किया।

अनसूया—जब उन्होंने लौटने की इच्छा नहीं की, तब मैंने पैरों पर गिरकर

मया, भगवन् ! प्रथममिति प्रेक्ष्य अविज्ञाततपःप्रभावस्य दुहितृजनस्य अयमपराधो भवता मर्षयितव्य इति । (जदो णिउत्तिदुं ण इच्छदि, तदो पाएसुं पडिअ विण्णविदो मए, भअवं पढमं त्ति पेक्खिअ अविण्णादतवप्पहावस्स दुहिदिजणस्स अअं अवराहो भअदा मरिसिदव्वो त्ति ।)

प्रियंवदा—ततस्ततः ? (तदो तदो ?)

अनसूया—ततस्तेन भणितम्, न मे वचनमन्यथा भवितुमर्हति । किन्तु आभरणाभिज्ञानदर्शनेन अस्याः शापो निवर्तिष्यतीति मन्त्रयन्नेवान्तरितः । (तदो तेण भणिदं, ण मे वअणं अण्णधा भविदुं अरिहदि । किन्तु आहरणाहिण्णाणदंसणेण से सावो णिउत्तिस्सदि त्ति मन्तअन्तज्जेव अन्तरिदो ।)

माहात्म्यवन्, **प्रथममिति प्रेक्ष्य**=आद्यमपराधमिति विविच्य, **अविज्ञाततपःप्रभावस्य**=न विज्ञातस्तपःप्रभावो येन तस्य, अविदिततपोमहिम्नः, **दुहितृजनस्य**=आत्मजातुल्यया:, शकुन्तलायाः, **अयमपराधः**=अवैधाचरणजनितो दोषः, **मर्षयितव्यः**=क्षन्तव्यः, **तेन**=दुर्वाससा, **अन्यथा**=मिथ्या, **आभरणाभिज्ञानदर्शनेन**=अभिज्ञायते अनेनेति अभिज्ञानं—स्मारकम् आभरणरूपं यदभिज्ञानं तस्य दर्शनेन, परिणेतुस्तदवलोकनेन, **अस्याः**=शकुन्तलायाः **मन्त्रयन्नेव**=आलपन्नेव, **अन्तरितः**=अन्तर्हितः, न तु गतः ।

टिप्पणी—अनुनयम्—अनु=√नी+अच् (भावे) । अनुकम्पितः—अनु+√कम्प+णिच्+क्त । अविज्ञाततपःप्रभावस्य—तपसः प्रभावः (ष० त०); न विज्ञातः तपःप्रभावो येन सः (बहु०), तस्य । दुहितृजनस्य—दुहितृणां जनः (ष० त०) । मर्षयितव्यः—√मृष्+णिच् +तव्य । (क) यहाँ परिहार नामक नाट्यालङ्कार है—'परिहार इति प्रोक्तः कृतानुचितमार्जनम् ।' (ख) न मे वचनमन्यथाभवितुमर्हति — इसी प्रकार भवभूति ने भी कहा है — 'ऋषीणां पुनराद्यानां वचमर्थोऽनुधावति ।' आभरणाभिज्ञानदर्शनेन—आभरणरूपं यद् अभिज्ञानं तस्य दर्शनेन (ष० त०), अभिज्ञानम्—अभिज्ञायते अनेनेति; अभि+ज्ञा+

उन्हें बताया कि—भगवन् ! (आपके) तप के प्रभाव को न जानने वाली पुत्री का यह पहला (अपराध) जानकर इस अपराध को क्षमा कर देना चाहिए ।

प्रियंवदा—तब क्या हुआ ?

अनसूया—इस पर उन्होंने कहा—मेरा वचन मिथ्या नहीं हो सकता । किन्तु आभूषण रूप पहचान (=अभिज्ञान) के चिन्ह को दिखाने से इसका शाप समाप्त हो जायेगा और यह कहते हुए ही वे अन्तर्धान हो गये ।

४.१]

प्रियंवदा—शक्यमिदानीं समाश्वसितुम्। अस्ति तेन राजर्षिणा संप्रस्थितेन आत्मनो नामाङ्कितमंगुलीयकं स्मरणीयमिति शकुन्तलाया हस्ते स्वयमेव परिधापितम्। एष एव तस्मिन् स्वाधीन उपायो भविष्यति। (सक्कं दाणिं समास्ससिदुं। अत्थि तेण राएसिणा संपत्थिदेण अत्तणो णामाङ्किदं अंगुलीअअं सुमरणीअं त्ति सउन्तलाए हत्थे सअं ज्जेव परिधाविदं। एसो ज्जेव तस्सिं साहीणो उवाओ भविस्सदि।)

अनसूया—सखि! एहि देवकार्यं तावदस्या निवर्त्तयावः। (सहि! एहि देवकज्ज दाव से णिव्वत्तेह्म।) [इति परिक्रामतः]

प्रियंवदा—[अवलोक्य] **अनसूये! प्रेक्षस्व तावत्, वामहस्तविनिहित-**

ल्युट्। मन्त्रयन्नेव—√मन्त्र्+णिच्+लट्—शतृ। अन्तरितः—अन्तर्धान होना योग प्राप्त सिद्धि है—'अन्तर्धानं स्मृतिः कान्तिः दृष्टिः श्रोतज्ञता तथा। निजं शरीरमुत्सृज्य परकायप्रवेशनम्। अर्थानां छन्दतः सृष्टिर्योगसिद्धेर्हि लक्षणम्॥'

संस्कृत टीका—शक्यम्=अस्माभिरिति=शेषः। इदानीं=शापान्तश्रवणे ऽतीत्यर्थः। समाश्वसितुम्=आश्वासं—सम्यगवाप्तुम्। राजर्षिणा=दुष्यन्तेन, सम्प्रस्थितेन=प्रस्थातुमारब्धवता, स्मरणीयमिति=स्मरणाय हितमिति कृत्वा, परिधापितम्=अङ्गुलौ निवेशितम्, तस्मिन्=शापविमोचने, स्वाधीनः=आत्मयत्नः, अनन्यापेक्ष इत्यर्थः। उपायः=कौशलम्। अस्याः=शकुन्तलायाः, देवकार्यं=दैवानुकूलाय करणीयम्, मङ्गलचण्डिकादिसौभाग्यदेवतापूजादिकमित्यर्थः, निवर्त्तयावः=समापयावः। परिक्रामतः=पर्णशालागमनाय पादक्षेपं कुरुतः।

टिप्पणी—संप्रस्थितेन—सम्+प्र+√स्था+क्त (आदिकर्मणि कर्तरि)। स्मरणीयम्—√स्मृ+अनीयर् (करणे बाहुलकात्); अनेन इति। परिधापितम्—परि+√धा+णिच्, पुक का आगम+क्त। स्वाधीनः—'अधीनो निघ्न आयत्त' इत्यमरः। स्वस्मिन् अधीनः स्वाधीनः (स० त०) उपायः—उपायते अनेन इति, उप+√अय्+घञ् (करणे)।

संस्कृत टीका—अवलोक्य=शकुन्तलामिति शेषः। वामहस्तविनिहित-

प्रियंवदा—अतः अब धैर्य धारण किया जा सकता है। वे राजर्षि (दुष्यन्त) जाते समय जो अपने नाम से अङ्कित एक अँगूठी स्वयं शकुन्तला को 'यह स्मरणार्थ है'—ऐसा कहकर पहना गये थे, वह विद्यमान है। अतः यही उस शाप की निवृत्ति का स्वाधीन उपाय होगा।

अनसूया—सखि! चलो, तबतक इस (शकुन्तला) का देवकार्य सम्पन्न करें। (यह कहकर दोनों घूमती हैं)

प्रियंवदा—(देखकर), अनसूये! देखो तो, बायें हाथ पर गाल रखे हुए

वदना आलिखितेव प्रियसखी तद्‌गतया चिन्तया आत्मानमपि न विभावयति, किं पुनरागन्तुकम् । (अणसूए ! पेक्ख दाव, वामहत्थविणिहिदवअणा आलिहिदा पिअसही तग्गदाए चिन्ताए अत्ताणं पि ण विभावेदि, किं उण आगन्तुअं ।)

अनसूया—**हला ! द्वयोरेवावयोर्हृदये एष वृत्तान्तस्तिष्ठतु । रक्षणीया खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी ।** (हला ! दोण्ण ज्जेव णो हिअए एसो वुत्तन्तो चिट्टदु । रक्खणीआ क्खु पइदिपेलवा पिअसही ।)

प्रियंवदा—**कस्तावदुष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति ?** (को दाव उण्णोदएण णोमालिअं सिञ्चदि ?) [इत्युभे निष्क्रान्ते]

वदना=सव्यपाणौ विनिहितं—विन्यस्तं वदनं यया सा, वामकरार्पितवामकपोला इत्यर्थः, स्त्रीस्वभावोऽयम् । आलिखितेव=चित्रिता इव; निश्चलत्वादिति भावः । तद्‌गतया=भर्तृगतया दुष्यन्तविषयकेति यावत्, आत्मानमपि=स्वमपि, न विभावयति=नावगच्छति, किं पुनरागन्तुकम्=अतिथिम्, विभावयतीत्यनुषज्यते। एषः=दुर्वाससः शापरूपः, वृत्तान्तः=उदन्तः, हृदये तिष्ठतु=एष वृत्तान्तो नान्यस्य कस्यचिद् वक्तव्य इत्यर्थः । प्रकृतिपेलवा=प्रकृत्या स्वभावेनैव पेलवा-कोमला स्वभावमृद्वी; प्रियसखी=शकुन्तला, रक्षणीया खलु=अवश्यमेव रक्षणीया । उष्णोदकेन=तप्तवारिणा, नवमालिकां=तदाख्यां प्रकृतिपेलवां लताम्, सिञ्चति=न कोपीत्यर्थः । उभे=अनसूयाप्रियंवदे, निष्क्रान्ते=प्रस्थिते । विष्कम्भकः=विष्कम्भको नाम तदाख्यांऽशविशेषः ।

टिप्पणी—वामहस्तविनिहितवदना— वामहस्ते विनिहितं वदनं यया सा (बहु०) । यह स्त्रीस्वभाव है—'हस्ते कपोल-आलोलं पथि चक्षुर्मनस्त्वयि', द्वारि चक्षुरधिपाणि कपोलम् ।' प्रकृतिपेलवा—प्रकृत्या पेलवा (त०); पेलव—'पेलवं कोमलम्' इति त्रिकाण्डशेषः । यह शब्द अश्लील है, अतः 'प्रकृतिकोमला' पाठ ठीक

टिप्पणी—अधिकारखेदम्=अधिकार के प्रति खिन्नता को प्रकट करता हुआ । निरूप्य—नि+रूप्+क्त्वा+ल्यप् । अधिगम्य—अधि+गम्+क्त्वा+ल्यप् । चरितार्थता—चरितः कृतः प्राप्त इत्यर्थः, अर्थः प्रयोजनं येन सः, चरितार्थः (बहु०), तस्य भावः चरितार्थता । चरितार्थ+तल्+टाप् । राजाओं की सफलता मुख्यतया दुःख के लिए ही होती है । दुःखोत्तरा—दुःखम् उत्तरं (प्रधानं) यस्मिन् सा (बहु०) । जिसमें दुःख की प्रधानता है ।

अन्वयः—प्रतिष्ठा औत्सुक्यमात्रम् अवसादयति (किन्तु) लब्धपरिपालनवृत्तिः क्लिश्नाति एव । राज्यं स्वहस्तधृतदण्डम् आतपत्रम् इव अतिश्रमापनयनाय न यथा श्रमाय । ५ ॥

(यह कहकर घूमता है)

(तदनन्तर राजा, विदूषक और विभवानुसार परिजनों का प्रवेश)

राजा—[(शासन के) अधिकार से प्राप्त खिन्नता के भाव का प्रदर्शन करते हुए] सभी प्राणी अपनी अभीष्ट वस्तु पाकर सुखी हो जाते हैं; परन्तु राजाओं की सफलता भी बाद में कष्टप्रद ही होती है ।

प्रतिष्ठा (उच्चपद) की प्राप्ति उत्सुकता मात्र को ही समाप्त करती है, परन्तु

शब्दार्थः—प्रतिष्ठा = उच्च पद की प्राप्ति, औत्सुक्यमात्रम् = केवल उत्सुकता को, अवसादयति = समाप्त करती है। लब्धपरिपालनवृत्तिः = प्राप्त हुए (राज्यादि) की रक्षा का कार्य, क्लिश्नाति एव = कष्ट ही देता है। राज्यम् = राज्य, स्वहस्तधृतदण्डम् = अपने हाथ में धारण किये हुए दण्ड वाले, (राज्य पक्ष में–दण्डविधान या न्यायव्यवस्था) आतपत्रम् इव = छाते की भाँति; अतिश्रमापनयनाय न = अधिक थकान को दूर करने के लिए नहीं होता, यथा = जितना, श्रमाय = (स्वयं और अधिक) थकान के लिए होता है ॥ ५ ॥

संस्कृतटीका—प्रतिष्ठा = उच्चपदप्राप्तिः, औत्सुक्यमात्रम् = उत्सुकतामात्रम्, अवसादयति = समापयति, लब्धपरिपालनवृत्तिः = प्राप्तपरिरक्षणव्यापारः, राजानम्, क्लिश्नाति एव = पीडयति एव। राज्यम् = राजत्वम्, स्वहस्तधृतदण्डम् = स्वकरे गृहीतः दण्डः यस्य तत्, आतपत्रम् इव = छत्रम् इव, (राजपक्षे) स्वहस्ते स्वकरे धृतः गृहीतः दण्डः न्यायव्यवस्था यस्मिन् तत्, (छत्रपक्षे) स्वकरेण गृहीतः दण्डः छत्रदण्डः यस्मिन् तत्, अतिश्रमापनयनाय न = अत्यधिकस्य क्लेशस्य दूरीकरणाय न भवति; यथा = येन प्रकारेण, श्रमाय = क्लेशाय भवति ॥ ५ ॥

भावार्थः—उच्चपदप्राप्तिः उत्सुकतामात्रं समापयति। किन्तु प्राप्तस्य अभिरक्षणव्यापारः पीडयत्येव। सर्वदैव नानाकर्मसु व्याप्ततया कादाचित्क्लेशान्तरसम्भवादिति भावः। अतएव राज्यं स्वकरगृहीतदण्डं छत्रमिव अतिपरिश्रमविनाशाय तथा न प्रभवति यथा खलु परिश्रमाय भवति ॥ ५ ॥

टिप्पणी—औत्सुक्यमात्रम्—उत्सुकस्य भावः औत्सुक्यम्, उत्सुक + ष्यञ्; औत्सुक्यम् एव औत्सुक्यमात्रम्, (मयूर०) उत्सुकता या उत्कण्ठा मात्र को। **अवसादयति**—'अवसाययति' पाठ भी है—नष्ट करता है। **प्रतिष्ठा**—प्रति + √स्था + अङ् + टाप्। इसके दो अर्थ हैं—१. राज्य की प्राप्ति २. गौरव एवं यश की प्राप्ति। **लब्धपरिपालनवृत्तिः**—लब्धस्य परिपालने वृत्तिः (त०)। लब्ध— लभ् + क्त। परिपालनाय—परि + √पाल् + ल्युट्। वृत्तिः—वृत् + क्तिन्। **आतपत्रम्** = आतपात् त्रायते इति आतपत्रम्, आतप + √त्रा + क। **अतिश्रमापनयनाय**—अतिशयेन श्रमापनयनम्, तस्मै। भाव यह है कि जैसे हाथ में पकड़ा हुआ छाता जितना आराम देता है उससे अधिक उसे थामने से कष्ट भी होता है

प्राप्त हुए (राज्यादि) की रक्षा का कार्य उसको क्लेश ही देता है। राजा अपने हाथ में पकड़े हुए दण्ड (राज्य पक्ष मे दण्डविधान या न्यायव्यवस्था) वाले छत्र के समान है जो कि थकान को उतना अधिक नहीं दूर करता जितना श्रम उत्पन्न करने के लिए ही होता है ॥ ५ ॥

[नेपथ्ये]

वैतालिकौ—जयति जयति देवः ।

एकः—

स्वसुखनिरभिलाषः खिद्यसे लोकहेतोः
प्रतिदिनमथवा ते सृष्टिरेवंविधैव ।
अनुभवति हि मूर्ध्ना पादपस्तीव्रमुष्णं
शमयति परितापं छायया संश्रितानाम् ॥ ६ ॥

इसी प्रकार राज्य राजाओं को जितना सुख देता है, उससे कहीं अधिक पालन करने का कष्ट भी देता है। (क) १. 'आतपत्रम् इव' में उपमा है। २. प्राप्त की रक्षा क्लेश का हेतु होने से काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। ३. प्रतिष्ठा, दण्ड आदि शब्द श्लिष्ट हैं अतः श्लेषालङ्कार है। ४. काव्यलिङ्ग और उपमा परस्पर निरपेक्ष्य हैं अतः संसृष्टि है। (ख) वसन्ततिलका छन्द है ॥ ५ ॥

अन्वयः—स्वसुखनिरभिलाषः लोकहेतोः प्रतिदिनं खिद्यसे, अथवा ते सृष्टिः एवंविधा एव। हि पादपः मूर्ध्ना तीव्रम् उष्णम् अनुभवति, छायया संश्रितानां परितापं शमयति ॥ ६ ॥

शब्दार्थः—स्वसुखनिरभिलाषः=अपने सुख की अभिलाषा न करते हुए, लोकहेतोः=प्रजा के लिए, प्रतिदिनम्=प्रतिदिन, खिद्यसे=कष्ट उठाते हो, अथवा=अथवा, ते=तुम्हारी, सृष्टिः=सृष्टि, एवंविधा=ऐसी, एव=ही है, हि=क्योंकि, पादपः=वृक्ष, मूर्ध्ना=शिर पर, तीव्रम्=तीक्ष्ण, प्रचण्ड, उष्णम्=गर्मी को, अनुभवति=सहन करता है, और, छायया=छाया से संश्रितानाम्=आश्रित लोगों के, परितापम्=सन्ताप को, शमयति=दूर करता है ॥ ५ ॥

संस्कृतटीका—स्वसुखनिरभिलाषः=निजस्य आनन्दानुभूतौ अभिलाषरहितः, लोकहेतोः=प्रजायाः सुखार्थम्, प्रतिदिनम्=प्रतिदिवसम्, निरन्तरमित्यर्थः, खिद्यसे=कष्टमनुभवसि; अथवा=वा, ते=तव, नृपस्य, सृष्टिः=विधातृ-

---

(नेपथ्य में)

वैतालिक-द्वय—महाराज की जय हो, जय हो।

एक—आप अपने सुख की अभिलाषा न करके प्रतिदिन लोक के लिए कष्ट उठाते हैं अथवा आपकी सृष्टि ही इस प्रकार की है (अर्थात् इसीलिए विधाता ने आपकी सृष्टि की है) क्योंकि वृक्ष अपने शिर पर तीक्ष्ण धूप को सहन करता है और अपनी छाया से अपने आश्रितों के सन्ताप (दुःख या गर्मी) को दूर ही करता है ॥ ६ ॥

निर्माणम्, एवंविधैव = ईदृशी एव, भवति इति शेषः, हि = यतः, पादपः = वृक्षः, मूर्ध्ना = शिरसा, तीव्रम् = तीक्ष्णम्, उष्णम् = निदाधम् आतपम्, अनुभवति = सहते, छायया = स्वच्छायाप्रदानेन, संश्रितानाम् = आश्रितानाम्, परितापम् = सन्तापम्, शमयति = निवारयति, दूरीकुरुते ॥ ६ ॥

भावार्थः—स्वकीयस्य मुखे निरभिलाषः, प्राजायाः हितार्थं प्रतिदिनं दुःखमनुभवसि, अथवा तव विधातृनिर्माणमेव तादृत् वर्त्तते। यतो हि वृक्षः शिरसा तीव्रं सूर्यातपं सहते, छायया आश्रितानां सन्तापं निवारयति। एवं यथा पादपः स्वशिरसा दुःसहमातपमुत्तोलयन् छायादानद्वारा तलाश्रितानां सन्तापं दूरीकरोति, तथा त्वमपि खिद्यमानात्मा सन् सामादिप्रयोगद्वारा परखेदम् अपनयसीति भावः ॥ ६ ॥

टिप्पणी—**वैतालिकौ**—समय की सूचना देने वाले भाट या चारण। विविधः तालः वितालः, वितालः प्रयोजनमस्य, विताल + ठञ्। 'वैतालिका बोधकराः' इत्यमरः। भविष्य पुराण में इसका लक्षण इस प्रकार है—'तत्तत् प्रहरकर्योग्यै रागैस्तत्कालवाचिभिः श्लोकैः। सरभसमेव वितालं गायन् वैतालिको भवति॥' वितालः लक्षणया वितालगानम्, तत् शिल्पम् अस्य इति विताल + ठक् 'शिल्पम्' इत्यनेन, ठस्य एकादेशः।

स्वसुखनिरभिलाषः—स्वस्य सुखे निरभिलाषः (त०)। सुख–अनुकूलवेदनीयं सुखम्। अपने सुखों के प्रति उदास। **खिद्यसे**—खिद् धातु दिवादिगणीय आत्मनेपद है। माधवमुग्धबोध एवं भट्टोजिदीक्षित प्रभृति विद्वान् भी इसे दिवादिगण की ही धातु मानते हैं। किन्तु काव्यालङ्कार सूत्रवृत्ति में खिद् धातु को दिवादिगणी न मानकर 'खिद्यते' को कर्मकर्तृवाच्य का रूप माना है—"खिद्यते' इति च प्रयोगो दृश्यते। सोऽपि कर्मकर्तर्येव द्रष्टव्यः, न कर्तरि; अदैवादिकत्वात् खिदेः।" **पादपः**—पादेन मूलेन पिबति इति पादपः; पाद + $\sqrt{}$पा + क (कर्तरि)। अन्य व्युत्पत्ति के अनुसार राजा अर्थ भी है—पादान् चरणभूतान् प्रजाजनान् पाति रक्षतीति पादपः। **परितापम्**—परि + $\sqrt{}$तप् + घञ्। राजपक्ष में–प्रजा के सन्ताप को, वृक्षपक्ष में—वृक्ष के नीचे बैठे हुए लोगों की गर्मी को। (क) १. श्लोक के उत्तरार्द्ध में बिम्ब-प्रतिबिम्बभाव के होने से समासोक्ति अलङ्कार है। २. वृक्ष पर सत्पुरुष का आरोप होने से समासोक्ति अलङ्कार है। ३. छाया ताप-निवारण का हेतु होने से काव्यलिङ्ग है। ४. पूर्वार्द्ध में अपनी ही बात का 'अथवा' के द्वारा निषेध-सा होने से आक्षेप अलङ्कार है। (ख) दशरूपक में धीरोदात्त नायक की निरभिलाषिता नामक गुण के उदाहरण के रूप में इस श्लोक को उदाहरित किया गया है। (ग) मालिनी छन्द है ॥ ६ ॥

द्वितीयः—

निग्रमयसि विमार्गप्रस्थितानात्तदण्डः
प्रशमयसि विवादं कल्पसे रक्षणाय।
अतनुषु विभवेषु ज्ञातयः संविभक्ता-
स्त्वयि तु परिसमाप्तं बन्धुकृत्यं जनानाम् ॥ ७ ॥

अन्वयः—आत्तदण्डः विमार्गप्रस्थितान् नियमयसि, विवादं प्रशमयसि, रक्षणाय कल्पसे, अतनुषु विभवेषु ज्ञातयः संविभक्ता, प्रजानां बन्धुकृत्यं तु त्वयि परिसमाप्तम् ॥ ७ ॥

शब्दार्थः—आत्तदण्डः=राजदण्ड को धारण किये हुए आप, विमार्गप्रस्थितान्=कुमार्ग पर जाने वालों को, नियमयसि=नियन्त्रित करते हैं। विवादम्=विवादों को, प्रशमयसि=शान्त करते हैं। रक्षणाय=प्रजा की रक्षा के लिए, कल्पसे=समर्थ होते हैं। अतनुषु=विपुल, विभवेषु=वैभव (सम्पत्ति; ऐश्वर्य) के होने पर, ज्ञातयः=बन्धु-बान्धवों में, संविभक्ताः=बँटवा देते हैं। जनानाम्=लोगों का, बन्धुकृत्यम्=बन्धुकार्य, (बन्धु-बान्धव के द्वारा सम्पन्न होने वाला कार्य) त्वयि=आप में, परिसमाप्तम्=समाप्त होता है। अर्थात् आप में ही पूर्ण होता है ॥ ७ ॥

संस्कृतटीका—आत्तदण्डः=गृहीतराजदण्डः भवान्, विमार्गप्रस्थितान्=कुमार्गगामिनः, नियमयसि=नियन्त्रयसि; विवादम्=कलहम्, प्रशमयसि=निवारयसि, रक्षणाय=प्रजानां परिपालनाय, कल्पसे=समर्थो भवसि; अतनुषु=विपुलेषु, विभवेषु=धनादिषु सत्सु, ज्ञातयः=बान्धवाः, संविभक्ताः=सम्यक् विभज्य त्वया विवादान्निवर्तिताः, जनानाम्=प्रजानाम्, बन्धुकृत्यं तु=किन्तु बान्धवसम्पादनीयं कार्यम्, त्वयि=राजनि, परिसमाप्तम्=पूर्णतया सम्पन्नं भवति ॥ ७ ॥

भावार्थः—गृहीतराजदण्डः कुमार्गगामिनः नियमयसि, विवादं निवारयसि, रक्षणाय समर्थो भवसि, विपुलेषु धनधान्यादिषु बान्धवाः सम्यग् विभज्य, त्वया विवादान्निवर्तिताः। परन्तु प्रजानां बान्धवकार्यं त्वयि राजनि पूर्णतया सम्पन्नं भवति ॥ ७ ॥

द्वितीय—राज दण्ड को धारण किये हुए आप कुमार्गगामियों को नियन्त्रित करते हैं; (प्रजा के) विवादों को शान्त करते हैं और उनकी रक्षा के लिए सन्नद्ध रहते हैं। प्रचुर सम्पत्ति होने पर बन्धु-बान्धवों में ठीक से बँटवा देते हैं। इस प्रकार (प्रजा) जनों का बन्धु कार्य (अर्थात् बन्धु जनों द्वारा किया जाने वाला कार्य) तो आप में हीं पूर्ण होता है ॥ ७ ॥

राजा—[आकर्ण्य साश्चर्यम्] एतेन कार्यानुशासनपरिश्रान्ताः पुनर्नवीकृताः स्मः ।

विदूषकः—[विहस्य] भोः ! गोवृन्दारकेति भणितस्य वृषभस्य किं

टिप्पणी—आत्तदण्डः—आत्तः दण्डः येन सः (बहु०) । राजदण्ड को हाथ में लिए हुए । आत्त—आ + √दा + क्त, 'अच उपसर्गात्तः' सूत्र से दा का त् आदेश । दण्ड देने का अधिकार राजा को है जैसा कि मनु ने कहा है—'स्वराष्ट्रे न्यायवृत्तिः स्यादुग्रदण्डश्च शत्रुषु । सुहृत्सु तिलस्निग्धेषु ब्राह्मणेषु क्षमान्वितः ॥' मनुसंहिता में भी कहा है—'तदर्थं सर्वभूतानां गोप्तारं धर्ममात्मजम् । ब्रह्मतेजोमयं दण्डमसृजत् परमेश्वरः ॥' विमार्गप्रस्थितान्—विपरीतो मार्गः विमार्गः (प्रादि०), विमार्गे प्रस्थिताः (सुप्सुपा०), तान् । मार्ग—√मृज + घञ् । नियमयसि—नि + √यम् + णिच् + लट्, वृद्धि, 'मितां ह्रस्वः' सूत्र से ह्रस्व हुआ है । प्रशमयसि—प्र + √शम् + णिच् + लट्, वृद्धि, ह्रस्व । पूर्ण रूप से शान्त करते हो । रक्षणाय कल्पसे = 'क्लृपि सम्पद्यमाने च' सूत्र से कल्पसे (समर्थ होते हो) के योग में रक्षणाय में चतुर्थी हुई । अतनुषु—बहुत सम्पत्ति होने पर भाई-बन्धुओं के बीच झगड़ा होने पर आप उसका विभाग करके झगड़ा समाप्त करते हो । 'ज्ञातयः सन्तु नाम' भी पाठ है:—बहुत धन सम्पत्ति होने पर तो अनेक सम्बन्धी होते हैं किन्तु आप तो जिनके पास सम्पत्ति नहीं होती उन सभी के सम्बन्धी एवं दुःख सुख के साथी हैं । परिसमाप्तम्—परि + सम् + आप् + क्त । परि साकल्येन समाप्तमिति । बन्धुकृत्यम्—बन्धुनां कृत्यम् (त०) । बन्धु का लक्षण है—'उत्सवे व्यसने चैव दुर्भिक्षे राष्ट्रविप्लवे । राजद्वारे श्मशाने च यस्तिष्ठति स बान्धवः ॥' (क) १. इस श्लोक में बन्धुकृत्य के सम्पन्न होने में श्लोक का पूर्वार्द्ध भाग कारण है अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है । २. बन्धुजनों की अपेक्षा राजा का कथन आधिक्य से वर्णित है अतः व्यतिरेक अलङ्कार है । ३. नियमयसि, प्रशमयसि तथा कल्पसे तीनों ही क्रिया का कर्त्ता 'त्वम्' है अतः दीपक अलङ्कार है । (ख) मालिनी छन्द है ॥ ७ ॥

संस्कृतटीका—साश्चर्यम् = सविस्मयम् । एतेन = वैतालिकवाक्येन, कार्यानुशासनेन = राजकर्मचारिषु कर्त्तव्योपदेशेन, परिश्रान्ताः = क्लान्ताः, परिश्रमेणोद्यमकातरा अपि वयमित्यर्थः, पुनर्नवीकृताः = पुनर्नवोद्यमीकृताः, पुनरुत्साहिता इत्यर्थः । गोवृन्दारकेति = वृषभश्रेष्ठेति, भणितस्य = कथितस्य

राजा—(सुनकर आश्चर्य के साथ) शासन के कार्य (करते रहने) से थके हुए हम इस (स्तुति श्रवण) से पुनः (स्फूर्ति सम्पन्न) कर दिये गये हैं ।

विदूषक—(हँसकर) क्यों भाई ! बैल को यदि वृषभ श्रेष्ठ कह दिया

परिश्रमो नश्यति ? (भो ! गोविन्दारअत्ति भणिदस्स विसभस्स किं परिस्समो णस्सदि ?)

राजा—[सस्मितम्] **ननु क्रियतामासनपरिग्रहः ।**

[उभावुपविष्टौ, परिजनश्च यथास्थानं स्थितः]

[नेपथ्ये वीणाशब्दः]

विदूषकः—[कर्णं दत्वा] **भो वयस्य ! सङ्गीतशालाभ्यन्तरे कर्णं देहि, तालल्शुद्धाया वीणायाः स्वरसंयोगः श्रूयते । जाने तत्रभवती हंसवती वर्णपरिचयं करोतीति ।** (भो वअस्स ! सङ्गीदसालब्भन्तरे कण्णं देहि,

---

वृषभस्य=वृषस्य, परिश्रमः=श्रान्तिः, किं नश्यति=शाम्यति ? कथमपि नेत्यर्थः । आसनपरिग्रहः=आसनोपवेशनम्, ननु=अनुज्ञायां ननु शब्दः ।

टिप्पणी—गोवृन्दारकेति—गवां वृन्दारकः यूथपतिः श्रेष्ठो वेति गोवृन्दारकः (ष०त०), 'वृन्दारके सुरे श्रेष्ठे मनोज्ञे यूथपातरि' इति व्याडिः । तात्पर्य यह है कि दिन भर के थके माँदे बैल को यदि सायंकाल को कहे कि तुम श्रेष्ठ बैल हो तो क्या उसकी थकावट दूर हो जायगी ? यहाँ परिहासप्रिय विदूषक ने राजा को बड़ी निपुणता से बैल कह कर कौतुक उपस्थित किया है ।

संस्कृतटीका—यथास्थानम्=उपयुक्तस्थाने । नेपथ्ये=यवनिकाभ्यन्तरम् इत्यर्थः । वीणाशब्दः=वीणास्वनः । सङ्गीतशालाभ्यन्तरे=सङ्गीतभवनाभ्यन्तरं प्रति, कर्णं देहि=सावधानतया शृणु । ताललयशुद्धायाः=तालः—गीतस्य कालक्रियामानम्, लयः—गीतवाद्ययोः साम्यम्, ताभ्यां शुद्धायाः—निर्दोषायाः वीणायाः, स्वरसंयोगः=स्वरैः—षड्जादिभिः निषादादिभिः, सप्तभिर्वा संयोगः—सम्यक् योजना अभ्यासो वा, जाने=मन्ये, अस्येति सहान्वयः, तत्रभवती=मान्या राजपत्नीत्वात्, हंसवती=तदभिधाना अन्तःपुरिका काचित् राज्ञी, वर्णपरिचयम=वर्णो गीतिक्रमः, तस्य परिचयम्—अभ्यासं 'सा रे ग म प ध नि सा' इत्यादिभिः शिक्षामित्यर्थः ।

जाय तो क्या बैल की थकावट दूर हो जायेगी ?

राजा—(मुस्कुराकर) तुम बैठ तो जाओ ।

(दोनों बैठते हैं और सेवक भी यथास्थान बैठ जाते हैं)

(नेपथ्य में वीणा की ध्वनि सुनाई पड़ती है)

विदूषक—(कान लगाकर) हे मित्र ! संगीतशाला की ओर का दीजिए । ताल और लय से शुद्ध वीणा का स्वर सुनाई पड़ रहा है । सम्भवतः माननीया हंसवती वर्णों या संगीत का अभ्यास कर रही हैं ।

ताललअसुद्धाए वीणाए सलसज्जोओ सुणीअदि । जाणे तत्थभोदी हंसवदी वण्णपरिचअं करेदित्ति ।)

राजा—तूष्णीं भव, यावदाकर्णयामि ।

कञ्चुकी—[विलोक्य] अन्यासक्तो देवः, तदवसरं प्रतिपालयामि ।

टिप्पणी—सङ्गीतशालाभ्यन्तरे—सङ्गीतार्था शाला सङ्गीतशाला (मध्य०), तस्याः अभ्यन्तरम् (ष० त०), तस्मिन् । सङ्गीत—नृत्य, गीत तथा वाद्य 'सङ्गीत' कहलाता है—'नृत्यं गीतं च वाद्यं च त्रयं सङ्गीतमुच्यते ।' काललयशुद्धायाः—'तालः कालक्रियामानं लयः साम्यम्' इत्यमरः । ताल—नृत्य, गीत एवं वाद्य—इन तीनों के अवान्तर काल और क्रिया के परिमाण हेतु ताली बजाने को 'ताल' कहते हैं । लय—उन तीनों के अवान्तर काल और क्रिया के साम्य (मिलान) को 'लय' कहते हैं । (क) यहाँ 'कलविशुद्धायाः' भी पाठ है—कला—मधुरास्फुट-ध्वनियुक्ता, इदं स्त्रीनादविवक्षया वचनम्, विशुद्धा-तदभिधाना गीतिः, ग्राम—रागजनिकेत्यर्थः । अस्पष्ट मधुरध्वनि को 'कल' कहते हैं । शुद्ध गीति के पाँच प्रकार हैं—'गीतयः पञ्चशुद्धाख्या भिन्ना गौडा निवेसरा । साधारणी विशुद्धा स्यादवक्रैर्ललितैः स्वरैः' ॥ (सङ्गीत रत्नाकर) । (ख) गाने वाले के दोष ये हैं—'लज्जितं भीतमुक्तेषु अव्यक्तमनुनासिकम् । काकुस्वरः शिरो कम्पः लयस्थान-विवर्जितम् ॥ विवरं विषमञ्चैव विश्लिष्टं विषमाहतम् । व्याकुलं तालहीनञ्च-गातुर्दोषाश्चतुर्दश ॥' (सङ्गीतदामोदर) । स्वरसंयोगः—स्वरों का आलाप, सुरीली तान । स्वराणां संयोगः (त०) । संयोग—सम् + √युज् + घञ् । स्वर सात हैं—षडज्, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत एवं निषाद । इन्हीं के आद्य अक्षरों को लेकर 'सा रे ग म प ध नि' बना है । वर्णपरिचयम्—वर्णः गीतिक्रमः, तस्य परिचयम् (त०) । 'वर्णो गीतिक्रमः' इति वैजयन्ती । निषाद आदि स्वरों के आरोह एवं अवरोह आदि के क्रम को 'वर्ण' कहते हैं । ये 'वर्ण' सङ्गीतशास्त्र में चार प्रकार के माने गये हैं—आरोह, अवरोह, स्थायी एवं सञ्चारी । कहा भी है—स्थायी तत्रैव सञ्चारी तथारोहावरोहणी । वर्णाश्चत्वार एवैते कथिताः सर्वगीतिषु ॥ (ना० शा०) ।

संस्कृतटीका—तूष्णीं भव = मौनी भव, यावत् = यत्कालमभिव्याप्य, आकर्णयामि = शृणोमि । विलोक्य = अवलोक्य, राजानमिति शेषः । अन्या-

---

राजा—तुम चुप होओ ता मैं सुनूँ ।

कञ्चुकी—(देखकर) अभी महाराज अन्य कार्य में संलग्न हैं । अतः अवसर की प्रतीक्षा करूँ ।

[इत्येकान्ते स्थितः]

(नेपथ्ये गीयते)

अभिनवमधुलोभभावितस्तथा परिचुम्ब्य चूतमञ्जरीम् ।
कमलवसतिमात्रनिर्वृतो मधुकर ! विस्मृतोऽस्येनां कथम् ॥ ८ ॥
(अहिणव-महु-लोह-भविदो तह परिचुम्बिअ चूअमञ्जरिं ।
कमलवसदिमेत्तणिव्वुदो महुअर विह्मारिदोसिणं कहं ॥ ८ ॥)

सक्तः = अन्यस्मिन् विषये कृतमनोयोगः, गानश्रवणप्रवण इति तात्पर्यम् । तत् = तस्मात्, अवसरम् = निवेदनावकाशम्, प्रतिपालयामि = प्रतीक्षिष्ये । एकान्ते = एकस्मिन् भागे, निर्जने वा । गीयते = कण्ठोत्थितस्वरैरिति शेषः ।

अन्वयः—मधुकर ! अभिनवमधुलोलुपः भवान् चूतमञ्जरीं तथा परिचुम्ब्य कमलवसतिमात्रनिर्वृतः (सन्) एनां कथं विस्मृतः असि ? ॥ ८ ॥

शब्दार्थः—मधुकर = हे भ्रमर !, अभिनवमधुलोलुपः = नवीन मधु (पुष्प रस) के लालची, भवान् = तुम, चूतमञ्जरीम् = आम की मञ्जरी (बौर) को, तथा = उस प्रकार, परिचुम्ब्य = चुम्बन करके, कमलवसतिमात्रनिर्वृतः = कमल में निवासमात्र से सन्तुष्ट (सन् = होकर), एनां = इसको, कथम् = कैसे, या क्यों, विस्मृतः असि = भूल गये हो ॥ ८ ॥

संस्कृतटीका—मधुकर = हे भ्रमर !, अभिनवमधुलोलुपः = नूतनस्य पुष्परसस्य अभिलाषी, भवान् = त्वम्, चूतमञ्जरीं = आम्रवल्लरीम्, तथा = तेन प्रकारेण प्रीत्या सह, परिचुम्ब्य = रसम् आस्वाद्य, कमलवसतिमात्रनिर्वृतः = पद्मनिवासमात्रसन्तुष्टः, एनाम् = आम्रमञ्जरीम्, कथम् = केन प्रकारेण, विस्मृतः असि = न स्मरसि ॥ ८ ॥

भावार्थः—भ्रमर नवीनपुष्परसाभिलाषी त्वं रसालमञ्जरीं तथा आस्वाद्य नलिननिवासमात्रसन्तुष्टः सन् एनां सम्प्रति कथं विस्मृतोऽसि ? अभिनवसुखकरवस्तुनः सर्वथैव स्मरणीयत्वात् तवायं विस्मरणप्रकारेऽत्यन्तविगर्हित इति भावः ॥ ८ ॥

टिप्पणी—मधुकर—भ्रमर तथा दूसरे पक्ष में राजा दुष्यन्त । 'मधुव्रते मधुकरः कामुकेऽपि प्रकीर्तितः'—इति विश्वः । **अभिनवमधुलोलुपः**— अभिनवे

(यह कहकर एकान्त में खड़ा हो जाता है)

(नेपथ्य में गायन होता है)

हे भ्रमर ! नूतन पुष्परस के लोभी तुम आम्रमञ्जरी (बौर) का उस प्रकार रसास्वादन (चुम्बन) करके (अब) कमल पर निवास करने मात्र से सन्तुष्ट होकर इस (आम्रमञ्जरी) को कैसे भूल गये हो ? ॥ ८ ॥

राजा—अहो ! रागपरिवाहिणी गीतिः ।

मधुनि लोलुपः (त०)। लोलुपः—गर्हितं लुभ्यति इति √लुप् + यङ् + अच् (कर्तरि)। अभिनवं मधु (कर्म०), तस्मिन् लोलुपः (सुप्सुपा०)। चूतमञ्जरीम्—चूतस्य मञ्जरीम् (त०) ताम्। चूत—आम, 'आम्रश्चूतो रसालोऽसौ' इत्यमरः। परिचुम्ब्य– परि + √चुम्ब + क्त्वा—ल्यप्। कमलवसतिमात्रनिर्वृतः—कमले वसतिः (स० त०), सा एव कमलवसतिमात्रम् (मयूर०), तेन निर्वृतः (तृ० त०)। कमल में निवासमात्र से सन्तुष्ट। वसति—√वस् + अति। विस्मृतः—वि + √स्मृ + क्त (कर्तरि)। इस श्लोक का व्यङ्ग्य अर्थ यह है कि हे-राजन् तुम अब रानी वसुमती के प्रेम में निमग्न होकर मुझ हंसवती को भूल गये हो। (ख) इस श्लोक से शकुन्तला का प्रणय वृत्तान्त भी ध्वनित होता है। राजा दुष्यन्त रूप भ्रमर शकुन्तलारूपी आम्रमञ्जरी का रसास्वादन (सम्भोग) कर सम्प्रति अन्तःपुर की स्त्रियों से ही सन्तुष्ट हो रहे हैं। राजा के प्रति यह भी आक्षेप है कि वे अब उस शकुन्तला को क्यों भूल रहे हैं ? इससे यह भी परिलक्षित होता है कि दुर्वासा के शाप के प्रभाव से राजा शकुन्तला को भूल गये हैं। (ग) १. यहाँ क्षिप्ति' नामक गर्भसन्धि का अङ्ग है; लक्षण है—'रहस्यार्थस्य तूद्भेदः क्षिप्तिः स्यात्' (सा० द० ६.८९)। २. किन्तु दशरूपककार यहाँ 'आक्षेप' नामक गर्भसन्धि का अङ्ग मानते हैं—'गर्भबीजसमुद्भेदादाक्षेपः परिकीर्तितः' (दश० १.४२)। ३. यहाँ पर तृतीय 'पताकास्थानक' है। लक्षण हैः—अर्थोपक्षेपकं यत्तु लीनं सविनयं भवेत्। श्लिष्टप्रत्युत्तरोपेतं तृतीयमिदमुच्यते॥' (सा० द० ६.४८)। ४. 'प्रच्छेदक' नामक लास्य का अङ्ग है। लक्षण है—'अन्यासक्तं पतिं मत्वा प्रेमविच्छेदमन्युना। वीणापुरःसरं गानं स्त्रियाः प्रच्छेदको मतः॥' (सा० द० ६.२१८)। (घ) १. यहाँ मधुकर पर नायक दुष्यन्त, आम्रमञ्जरी पर नायिका शकुन्तला तथा कमलवसति पर अन्तःपुर वास का आरोप होने से समासोक्ति अलङ्कार है। २. विशेषणों के साभिप्राय होने से परिकर अलङ्कार है। (ङ) अपरवक्त्र छन्द है। लक्षण है—'अयुजि ननरला गुरुः समे तदपरवक्त्रमिदं नजौ जरौ'॥ ८॥

संस्कृतटीका—अहो = इत्याश्चर्ये। रागपरिवाहिणी = रागस्य अनुरागस्य परिवाहः—निस्यन्दः तद्वती, अति हृद्येत्यर्थः; यद्वा रागम्—गान्धारादिस्वरं परिसर्वतोभावेन विना स्खलितमिति यावत्, वहति प्रापयतीति, रागपरिवाहिणी। गीतिः = गानम्।

राजा—अहा ! क्या ही अनुराग को बरसाने वाला सङ्गीत है।

विदूषकः—भो वयस्य ! किं तावदस्या गीतिकाया अपि गृहीतो भवता अक्षरार्थः ? (भो वअस्स ! किं दाव से गीदिआए अवि गहीदो भअदा अक्खरत्थो ?)

राजा—[सस्मितम्] **सकृत्कृतप्रणयोऽयं जन इत्यक्षरार्थः। तदहं देवीं हंसवतीमन्तरेण उपालम्भनमागतोऽस्मि। सखे ! माधव्य ! मद्वचनादुच्यतां देवी हंसवती, सम्यगुपालब्धोऽस्मीति।**

तावत्=साकल्येन, गीतिकायाः=गानस्य, अक्षरार्थः=अक्षराणाम्–स्वरावष्टम्भभूतानां वर्णानाम्ः, अर्थः व्यङ्ग्यार्थ इत्यर्थः, गृहीतः=अवगतः।

सस्मितम्=समन्दहासम्। सकृत्कृतप्रणयः=सकृत् एकवारं कृतः विहितः प्रणयः रतिकेलिपरिचयो यस्मिन्, तथाभूतः, अयम्=हंसवतीलक्षणो जनः, यद्वा कृतः प्रणयो येनास्यामित्यर्थात् 'अयं जनः'-अहमिति। इति=इत्थम्, अक्षरार्थः=अक्षरप्रतिपाद्यो गूढार्थः। तत्=तस्मात्, अहम्, देवीम्, हंसवतीमन्तरेण=हंसवतीं विना, तत्सहयोगाभावेनेति यावत्; उपालम्भनम्=यथोक्तं तिरस्कारम्, आगतः=प्राप्तोऽस्मि। मद्वचनात्=मद्वचनं श्रुत्वा, उच्यताम्=कथ्यताम्, देवी, सम्यक्=सम्पूर्णं यथा स्यात् तथा, उपालब्धः=तिरस्कृतः।

टिप्पणी—रागपरिवाहिणी—रागं परिवहतीति, राग+परि+√वह्+णिनि। इसके दो अर्थ हो सकते हैं—१. अनुराग की वृष्टि करने वाला संगीत और २ राग-रागिनियों के प्रवाह से युक्त सङ्गीत। 'रागस्तु मात्सर्ये लोहितादिषु। क्लेशादावनुरागे च गान्धारादौ' इति मेदिनि। अक्षरार्थः—अक्षराणाम् अर्थः (त०)। भाव यह है कि इस पद्य का क्या आपने व्यङ्ग्यार्थ समझा ? सकृत्कृतप्रणयः—सकृत् कृतः प्रणयः यस्मिन् सः (बहु०); मैंने इससे केवल एक ही बार प्रेम किया है, अथवा मेरे द्वारा हंसवती केवल एक बार प्रेम की गई है। हंसवतीमन्तरेण—यहाँ 'अन्तरान्तरेण युक्ते'-सूत्र से द्वितीया हुई। हंसवती के अभाव में। अर्थात् राजा कहता है कि अब मैं देवी वसुमती से प्रेम करता हूँ अतः इसने मुझे ताना दिया है। (क) नाटकों में देवी शब्द का प्रयोग महारानी के लिए होता है—'देवी कृताभिषेकायामितरासु तु भट्टिनी' (सा० द०) उपालम्भनम्—उप+

विदूषक—मित्र ! क्या आपने इस गीत का तात्पर्य भी समझा ?

राजा—(कुछ मुस्कुराकर) **इस व्यक्ति (हंसवती) से मैंने एक बार प्रेम किया था यही तात्पर्य है, और इसी से मैं देवी हंसवती द्वारा इस प्रकार उपालम्भ का पात्र हुआ हूँ। मित्र माधव्य ! मेरी ओर से रानी हंसवती से कहो कि मुझे भलीभाँति उलाहना मिल चुका है।**

विदूषकः—[उत्थाय] यद्भवानाज्ञापयति । भो वयस्य ! गृहीतस्त्वया परकीयाभ्यां हस्ताभ्यां शिखण्डके अच्छभल्लः । तद्वीतरागस्य अशरणस्य नास्ति मे मोक्षः । (जं भवं आणवेदि भो वअस्स ! गहीदो तुए परकीएहिं हत्थेहिं सिहण्डए अच्छभल्लो, ता वीदराअस्स असरणस्स णत्थि मे मोक्खो ।)

राजा—सखे ! गच्छ, नागरिकवृत्त्या सान्त्वयैनाम् ।

विदूषकः—का गतिः ? (का गई) [इति निष्क्रान्तः]

राजा—[स्वगतम्] किन्नु खलु गीतमेवंविधमाकर्ण्य इष्टजनविरहादृतेऽपि बलवदुत्कण्ठितोऽस्मि । अथवा—

आ + √लभ् + ल्युट्, नुम् का आगम, उलाहना । इससे नायक का दक्षिणत्व सूचित होता है । लक्षण है—'एषु त्वनेकमहिलासु समरागो दक्षिणः कथितः' (सा० द०) । सम्यक् उपालब्धः—बड़ी चतुराई से व्यङ्ग्य कसा है ।।

संस्कृतटीका—उत्थाय = गमनारम्भोक्तिः, परकीयाभ्याम् = अन्यदीयाभ्याम्, हस्ताभ्याम् = कराभ्याम्, शिखण्डके = शिखायाम्, शिखावच्छेदेनेत्यर्थः । अच्छभल्लः = भालूकः, गृहीतः = धृतः । तत् = तस्मात्, वीतरागस्य = विगतक्लेशादिकस्य, क्लेशाद्यनुभवशून्यस्येति यावत्, यद्वा वीतरागस्य ईदृक्कार्यप्रसक्त्या त्यक्तजीवनानुरागस्य, अशरणस्य = निराश्रयस्य, मे = मम, मोक्षः = हंसवतीसकाशाद्विमुक्तिर्नास्ति ।

नागरिकवृत्त्या = विदग्धव्यवहारेण, चातुर्येणेति यावत् । एनाम् = हंसवतीम्, सान्त्वय = प्रसादय, कोपान्निवर्तयेत्यर्थः । का गतिः = गमनं विना क उपायः ? यद्वा, त्वदादेशाकरणे को ममावलम्बः स्यात् ? अतो गमिष्याम्येवेत्यर्थः ।

किन्नु = इति वितर्के, खलु = इति निश्चितम्, एवंविधं गीतम्, आकर्ण्य = श्रुत्वा, इष्टजनविरहात् = इष्टजनस्य प्रणयिजनस्य विरहात् विप्रयोगात्, ऋतेऽपि = विनाऽपि, बलवत् = अत्यर्थम्, उत्कण्ठितः = व्याकुलितः ।

विदूषक—आपकी जो आज्ञा ! आपने दूसरे के हाथों से भालू की चोटी पकड़ी है । इसलिए जीवन से निराश मुझ असहाय का छुटकारा नहीं है ।

राजा—मित्र ! जाओ, नागरिक [चतुराई के] व्यवहार से उसे सान्त्वना दे दो ।

विदूषक—और उपाय ही क्या है ? [यह कहकर चला जाता है]

राजा—(मन ही मन) क्या कारण है कि मैं इस प्रकार के गीत को सुनकर प्रियजन के विरह के बिना भी अत्यन्त उद्विग्न हो रहा हूं । अथवा—

रम्याणि वीक्ष्य मधुरांश्च निशम्य शब्दान्
पर्युत्सुको भवति यत् सुखितोऽपि जन्तुः ।
तच्चेतसा स्मरति नूनमबोधपूर्वं
भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि ॥ ९ ॥

टिप्पणी—शिखण्डके—अवच्छेदे सप्तमी। चोटी पकड़कर। अच्छभल्लः—भालू। 'ऋक्षाच्छभल्लभालूकाः' इत्यमरः। गृहीतस्त्वया···मोक्षः—जब राजा ने विदूषक से हंसवती को समझाने के लिए कहा तब विदूषक कहता है—वाह, आपने दूसरे के हाथों से भालू की चोटी पकड़ी है। भालू तो यह नहीं देखेगा कि किसकी आज्ञा से चोटी पकड़ी गयी है। वह तो उसी पर झपटेगा जो उसकी चोटी पकड़ेगा। अतः जीवन से निराश मुझ असहाय का छुटकारा कैसे सम्भव है? (क) यहाँ विदूषक हंसवती को भालू के समान कहता है और अपने को चोटी पकड़ने वाला समझता है। राजा पर हंसवती क्रुद्ध है अतः वह विदूषक पर ही झपट पड़ेगी। यह सोचकर वह निराश और असहाय है। वीतरागस्य—वीतः रागः यस्य तस्य (बहु०)। क्लेश आदि के अनुभव से शून्य:, अथवा जीवन के प्रति अनुराग से रहित। 'रागः क्लेशादिके रक्ते' इति शाश्वतः। का गतिः—क्या करूँ? क्या चारा है? (क) यहाँ कथा में मोड़ देने के लिए विदूषक को हटाया जा रहा है। जिससे शकुन्तला के उपस्थित होने पर कहीं विदूषक ही गान्धर्व विवाह की याद न कराने लग जावे। उसके रहने से 'शकुन्तला के अस्वीकार' की घटना ही न होने पाती। अतः कथा अवरुद्ध नहीं होने पाती है। इष्टजनविरहात्—इष्टजनस्य विरहात् (ष० त०)। प्रियजन के वियोग के बिना। यहाँ ऋते के योग में पञ्चमी विभक्ति हुई है।

अन्वयः—रम्याणि वीक्ष्य, मधुरान् शब्दान् च निशम्य, सुखितः अपि जन्तुः यत् पर्युत्सुकः भवति, तत् नूनं भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि अबोधपूर्वं चेतसा स्मरति ॥ ९ ॥

शब्दार्थः—रम्याणि=रमणीय वस्तुओं को, वीक्ष्य=देखकर, च=और, मधुरान्=मधुर, शब्दान्=शब्दों को, निशम्य=सुनकर, सुखितः=सुखी, प्रसन्नचित्त, अपि=भी, जन्तु=प्राणी, यत्=जो, पर्युत्सुकः=उत्कण्ठित, भवति=हो जाता है, तत्=वह, नूनम्=निश्चय ही, भावस्थिराणि=संस्कार

रमणीय वस्तुओं को देखकर या मधुर शब्दों को सुनकर सुखी प्राणी भी जो उत्कण्ठित (क्षुब्ध) हो जाता है तो निश्चय ही वह (अपने मन में) भाव (संस्कार या वासना) के रूप में बद्धमूल जन्मान्तरीय प्रणयादि संबन्धों को बिना जाने ही मन से स्मरण करता है ॥ ९ ॥

(भाव या वासना) के रूप में स्थित, **जननान्तरसौहृदानि**=पूर्वजन्म के प्रेम व्यवहारों को, **अबोधपूर्वम्**=अज्ञानपूर्वक, **चेतसा**=मन से, **स्मरति**=स्मरण करता है ॥ ९ ॥

संस्कृतटीका—**रम्याणि**=चन्द्रोद्यानप्रमदादीनि सुन्दराणि वस्तूनि, **वीक्ष्य**=दृष्ट्वा; **मधुरान्**=कर्णप्रियान्, **शब्दान्**=सङ्गीतादीन्, **निशम्य च**=आकर्ण्य च; **सुखितः अपि**=प्रियविरहाभावात् प्रसन्नचित्तोऽपि, **जन्तुनम्**=प्राणी, **यत् पर्युत्सुकः भवति**=यद् उत्कण्ठितो जायते, **तत् नूनम्**=तन्निश्चितम्, **भावस्थिराणि**=संस्काररूपेण दृढमवस्थितानि **जननान्तरसौहृदानि**=पूर्वजन्मनां प्रणयव्यवहारम्; **अबोधपूर्वम्**=अज्ञानपूर्वम्, **चेतसा**=मनसा, **स्मरति**=स्मरणं करोति ॥ ९ ॥

भावार्थः—अत्र राज्ञा हंसवत्या गीयमानं सोपालम्भं गीतमाकर्ण्य तदर्थभावनया समुत्कण्ठितो राजा दुष्यन्तः स्वमनसि विचारयति—रम्याणि विलोक्य, मधुरान् शब्दान् च श्रुत्वा सुखेन निवसन्नपि प्राणी यदुत्कण्ठितो जायते, तदवश्यमेव संस्काररूपेण दृढमवस्थितानि जननान्तरसौहृदानि अबोधपूर्वं मनसा स्मरति खलु ॥ ९ ॥

टिप्पणी—रम्याणि—रम्य-√रम्+यत् । 'विशेषणेनैव विशेष्यावगतेः' नात्र विशेष्यपदोपादानम् । 'विशेषण के प्रयोग से ही विशेष्य को जान लेना चाहिए'-इस न्यास से यहाँ 'रम्य' का अर्थ 'रमणीय वस्तु' है । **वीक्ष्य**—वि+√ईक्ष्+क्त्वा+ल्यप् । **निशम्य**—नि+√शम्+क्त्वा-ल्यप् । **सुखितः**-सुख+इतच् । पर्युत्सुकः—उत्कण्ठित होना । औत्सुक्य का लक्षण है—'कालाक्षमत्वमौत्सुक्यमिष्टवस्तुवियोगतः । तद्दर्शनादरम्यवस्तुदिदृक्षादेश्च' (इति सुधाकरः) । यहाँ 'पर्युत्सुकीभवति' भी पाठ है—अपर्युत्सुकः पर्युत्सुकः सम्पद्यते इति पर्युत्सुकी भवति; पर्युत्सुक+च्वि, ईत्व √भू+लट्—ति । **भावस्थिराणि**—भावैः स्थिराणि (तृ० त०), भावेन-संस्कारेण, वासनया इत्यर्थः, स्थिराणि-अपरिहार्याणि, यद्वा भावे—हृदये, स्थिराणि—बद्धमूलानि । वासना रूप से दृढ अवस्थित अथवा हृदय में बद्धमूल । **जननान्तरसौहृदानि**—अन्यत् जननं जननान्तरम्, (मयूर०), जननान्तरस्य सौहृदानि (ष०त०) सुहृदयस्य भावाः सौहृदानि, सुहृदय+अण्, हृदय को हृद् आदेश आदि स्वर वृद्धि । (क) कालिदास ने इसी प्रकार के और भी प्रयोग किये हैं—'मनो हि जन्मान्तरसङ्गतिज्ञम्' (रघु० ७.१५) । (ख) राजा दुष्यन्त के 'रम्याणि' आदि कथन से स्पष्ट है कि वह दुर्वासा के शाप से ग्रस्त होने के कारण शकुन्तला को स्मरण नहीं कर पा रहा है किन्तु उसके हृदय में उसके प्रणय के संस्कार विद्यमान हैं । (ग) १. यहाँ उत्तरार्ध में विद्यमान सामान्य अर्थ का पूर्वार्ध में स्थित विशेष के द्वारा समर्थन होने से अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार है । २. पूर्वार्ध के प्रति उत्तरार्ध के कारण होने से काव्यलिङ्ग है । ३. बोध रूपी कारण के होने पर

[इत्यस्मृतिनिमित्तमुन्मनस्कत्वं रूपयति]

कञ्चुकी—[उपसृत्य] जयति जयति देवः। एते खलु हिमगिरेरुपत्यकारण्यवासिनः कण्वसन्देशमादाय सस्त्रीकास्तपस्विनः सम्प्राप्ताः। श्रुत्वा देवः प्रमाणम्।

राजा—[सविस्मयम्] किं कण्वसन्देशहारिणः सस्त्रीकास्तपस्विनः ?

भी स्मरण रूपी कार्य के होने से यहाँ विभावना अलङ्कार है। (घ) वसन्ततिलका छन्द है ॥ ९ ॥

संस्कृतटीका—अस्मृतिः=उत्कण्ठाहेतोरस्मरणम्, निमित्तम्=हेतुर्यस्य तद् तथोक्तम्। उन्मनस्कत्वम्=उत्कण्ठाम्, रूपयति=अभिनयति।

हिमगिरेः=हिमालयस्य, उपत्यकारण्यवासिनः=उपत्यकायाम् आसन्नभूमौ यदरण्यं तत्र वसन्तीति तथाभूताः, सस्त्रीकाः=स्त्रीभ्यां सहिताः, तपस्विनः=तापसाः, कण्वसन्देशम्=कण्वस्य महर्षेः सन्देशं वाचिकम्, सम्प्राप्ताः=उपस्थिताः। श्रुत्वा=श्रुत्वेत्यादि जयत्वित्यादिवदाचारः। देवः=राजा; भवान्; प्रमाणम्=कर्तव्यनिश्चयकृतप्रमाता, भवत्विति शेषः।

टिप्पणी—उन्मनस्कत्वम्—उत्क्रान्तं मनो यस्य स उन्मनस्कः (बहु०) कप्, तस्य भावः उन्मनस्कत्वम्, उन्मनस्क+त्व। उत्कण्ठा को। उपत्यकारण्यवासिनः—उप+त्यकन्, 'उपाधिभ्यां त्यकन्नासन्नारूढयोः' सूत्र से टाप्। 'उपत्यकाद्रेरासन्ना भूमिरूर्ध्वमधित्यका' इत्यमरः। पहाड़ के पास की भूमि को उपत्यका कहते हैं और पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि को अधित्यका (पठार) कहते हैं। देवः प्रमाणम्=कर्त्तरि ल्युट्; यत्कर्त्तव्यं मन्यते तत्कर्तुमर्हतीति भावः। 'प्रमाणं हेतुमर्यादाशास्त्रेयत्ताप्रमातृषु' इत्यमरः। महाराज ही प्रमाण हैं अर्थात् जैसी महाराज की आज्ञा।

संस्कृतटीका—सविस्मयम्=सस्त्रीकतापसागमनश्रवणात् विस्मयः। कण्वसन्देशहारिणः=कण्ववाचिकप्रापकाः, कण्वस्य महर्षेः वाचिकमानीय समागताः; सस्त्रीकाः=स्त्रीजनसहिताः।

[यह कहकर विस्मरणजन्य उन्मनस्कता का अभिनय करता है]

कञ्चुकी—(प्रवेश कर) महाराज की जय हो, जय हो। ये हिमालय की तराई के अरण्य प्रदेश में रहने वाले तपस्वी कण्व मुनि का सन्देश लेकर स्त्रियों के साथ आये हैं। यह सुनकर महाराज जो कहें वैसा हो।

राजा—(विस्मय के साथ) क्या (महर्षि) कण्व का सन्देश लाने वाले तपस्वी जन स्त्रियों के साथ आये हैं ?

कञ्चुकी—अथ किम् ?

राजा—तेन हि विज्ञाप्यतां मद्वचनादुपाध्यायः सोमरातः, अमूनाश्रमवासिनः श्रौतेन विधिना सत्कृत्य स्वयमेव प्रवेशयितुमर्हतीति । अहमप्येतांस्तपस्विदर्शनोचितप्रदेशे प्रतिपालयामि ।

कञ्चुकी—यथाज्ञापयति देवः । [इति निष्क्रान्तः]

राजा—[उत्थाय] वेत्रवति ! अग्निशरणमार्गमादेशय ।

प्रतिहारी—इत इत एतु देवः । [परिक्रम्य] एषः अभिनवसम्मार्ज्जन-

विज्ञाप्यताम् = सूच्यताम्, उपाध्यायः = शिक्षागुरुः, सोमरातः = तदाख्यः पुरोहितः, श्रौतेन = वेदोक्तेन, विधिना = विधानेन, आश्रमवासिनः = तपस्विनः, सत्कृत्य = पूजयित्वा, स्वयमेव = आत्मनैव, तपस्विदर्शनोचितप्रदेशे = पवित्रभूमौ, मुनिदर्शनयोग्ये स्थाने अग्न्यागारे इति यावत्, एतान् = तपस्विनः, प्रतिपालयामि = प्रतीक्षे ।

टिप्पणी—उपाध्यायः—उपेत्य अस्मादधीयते इति उपाध्यायः, उप + अधि √इ + घञ् । शिक्षक या अध्यापक । लक्षण है—'एकदेशं तु वेदस्य वेदाङ्गान्यपि वा पुनः। योऽध्यापयति वृत्त्यर्थमुपाध्यायः स उच्यते'॥ (मनु० २.१४५) । श्रौतेन—श्रुतौ विहितः इति श्रुति + अण् । सत्कृत्य— सत् √कृ + क्त्वा-ल्यप् । यहाँ पर 'आदरानादरयोः' सूत्र से 'सत्' की गति संज्ञा होने से समास एवं क्त्वा का ल्यप् हुआ है । तपस्विदर्शनोचितप्रदेशे—हवन गृह, अग्न्यागार तपस्वियों के दर्शन के योग्य स्थान है । जैसा कि कहा है—'अग्न्यागतः कार्यं पश्येद् वैद्यतपस्विनाम् । पुरोहिताचार्यसखः प्रत्युद्गम्याभिवाद्य च ॥'

संस्कृतटीका—वेत्रवति = प्रतीहार्याः नाम्ना सम्बोधनम् । अग्निशरणमार्गम् = होमगृहस्य पन्थानम्, आदेशय = वचनेन प्रदर्शय ।

इत इतः = अमुनाऽनेन मार्गेण, एतु = आगच्छतु । परिक्रम्य = अग्न्यागाराभिमुखं किञ्चित् पादक्षेपं कृत्वा, अभिनवसम्मार्जनरमणीयः = अभिनवेन अचिर-

---

कञ्चुकी—हाँ महाराज !

राजा—तो फिर मेरी ओर से अध्यापक सोमरात से कहो कि वे उन आश्रमवासियों का वैदिक विधान से सत्कार करके स्वयं ही भीतर ले आवें । मैं भी तपस्वियों से मिलने योग्य स्थान में बैठकर प्रतीक्षा करता हूँ ।

कञ्चुकी—महाराज की जो आज्ञा । (यह कहकर चला जाता है)

राजा—(उठकर) वेत्रवति ! मुझे होमगृह का मार्ग बताओ ।

प्रतिहारी—महाराज इधर से आयें, इधर से । (घूमकर) अभी-अभी सफाई

रमणीयः सन्निहितहोमधेनुः अग्निशरणालिन्दः, तदारोहतु देवः । (इदो इदो एदु देवो । एसो अहिणवसम्मज्जणरमणीओ सण्णिहिदहोमधेणु अग्गि सरणालिन्दो, ता आरोहदु देवो !)

राजा—[आरुह्य परिजनांसावलम्बी तिष्ठन्] **वेत्रवति ! किमुद्दिश्य तत्रभवता कण्वेन मत्सकाशमृषयः प्रेषिताः ।**

किन्तावद् व्रतिनामुपोढतपसां विघ्नैस्तपो दूषितं ?
धर्मारण्यचरेषु केनचिदुत प्राणिष्वसच्चेष्टितम् ?

वृत्तेन सम्मार्जनेन मार्जनव्यापारेण, सद्यः कृतपरिष्कृतिना, रमणीयः मनोज्ञः, सन्निहितहोमधेनुः=सन्निहिता समीपवर्तिनी, होमधेनुः होमार्थघृतसम्पादिका धेनुर्यत्र स तथोक्तः, अग्निशरणालिन्दः=अग्निशरणस्य अग्निशालायाः अलिन्दः बहिर्द्वारप्रकोष्ठम्, आरोहतु= निःश्रोणिमधिरोहतु ।

परिजनांसावलम्बी=परिजनस्य कस्यचिद् अनुचरस्य अंसं स्कन्धम् अवलम्बते तच्छीलः; परिजनस्य स्कन्धे आहितहस्तः सन्नित्यर्थः । तिष्ठन्=मुनिगौरवता न तूपविशन् । किमुद्दिश्य=किमभिसन्धाय, मत्सकाशम्=मत्समीपम्, प्रेषिताः ।

टिप्पणी—वेत्रवति—बेंत की छड़ी धारण करने के कारण प्रतिहारी के लिए वेत्रवति सम्बोधन है । मातृगुप्त के अनुसार प्रतिहारी का लक्षण है—"सन्धिविग्रहसम्बन्धं नानाकार्यसमुत्थितम् । निवेदयन्ति या कार्यं प्रतिहार्यस्तु ताः स्मृताः ॥" इस प्रकार सन्धिविग्रह आदि कार्यजात का निवेदन करने वाली किसी रमणी को प्रतिहारी नाम से अभिहित किया जाता है । **अग्निशरणमार्गम्—**अग्नेः शरणं गृहम् इति अग्निशरणम् । 'शरणं गृहरक्षित्रोः' इत्यमरः । हवनगृह का मार्ग । **सन्निहितहोमधेनुः—**सन्निहिता होमधेनुः यत्र स तथोक्तः (बहु०) । **होमधेनुः—**होमार्था धेनुः । यज्ञ के उपयोग में आने वाली गाय । **अग्निशरणालिन्दः—**अग्निशरणस्य आलिन्दः (ष०त०) । **अलिन्द—**चबूतर या दालान ।

अन्वयः—किं तावत् उपोढतपसां व्रतिनां तपः विघ्नैः दूषितम् ? उत धर्मारण्य-

---

करने के कारण सुन्दर लगने वाला तथा समीपवर्ती होमधेनु से युक्त यह होमशाला का चबूतरा है । इसलिए महाराज ऊपर चलें ।

राजा—(चढ़कर परिजनों के कन्धे का सहारा लेकर खड़े होते हुए) वेत्रवति ! महर्षि कण्व ने किसलिए मेरे पास ऋषियों को भेजा है ?

क्या तपस्या का व्रत धारण करने वाले तपस्वियों की तपस्या विघ्नों के कारण दूषित हो गयी है ? अथवा तपोवन में विचरण करने वाले प्राणियों पर किसी ने

आहोस्वित् प्रसवो ममापरिचितैर्विष्टम्भितो वीरुधा-
मित्यारूढबहुप्रतर्कमपरिच्छेदाकुलं मे मनः ॥ १० ॥

चरेषु प्राणिषु केनचित् असत् चेष्टितम् ? अहोस्वित् मम अपरिचितैः वीरुधां प्रसवः विष्टम्भितः, ? इति आरूढबहुप्रतर्कं मे मनः अपरिच्छेदाकुलम् ॥ १० ॥

शब्दार्थः—किं तावत्=क्या, उपोढतपसाम्=बढ़ी हुई तपस्या वाले; व्रतिनाम्=तपस्वियों की, तपः=तपस्या, विघ्नैः=विघ्नों के द्वारा, दूषितम्=दूषित कर दी गयी है, उत=अथवा, धर्मारण्यचरेषु=तपोवन में विचरण करने वाले, प्राणिषु=प्राणियों (जीवों) पर, केनचित्=किसी के द्वारा, असत्=अनुचित, चेष्टितम्=व्यवहार (चेष्टा) किया गया है, अहोस्वित्=अथवा; मम=मेरे, अपरिचितैः=अपरिचितों ने, विरुधाम्=लताओं में, प्रसवः=फलना फल आदि का आना, विष्टम्भितः=रोक दिया है। इति=इस प्रकार, आरूढ-बहुप्रतर्कम्=अनेक शङ्काओं से व्याप्त, मे=मेरा, मनः=मन, अपरिच्छेदा-कुलम्=निर्णय न कर सकने के कारण व्याकुल हो रहा है ॥ १० ॥

संस्कृतटीका—किं तावत्=किमिति, उपोढतपसाम्=उपोढं विवृद्धं तपः येषां तेषाम्, व्रतिनाम्=तपस्विनाम्, तपः=तपश्चरणम्, विघ्नैः=राक्षसादिभिः अन्तरायैः, दूषितम्=विघ्नितम् अस्ति ?; उत=अथवा, धर्मारण्यचरेषु=तपोवन-विहारिषु, प्राणिषु=जन्तुषु, केनचित्=दुष्टेन, असत्=अनुचितम्, चेष्टितम्=आचरितम् ? अहोस्वित्=अथवा, मम=दुष्यन्तस्य, अपरिचितैः=अज्ञात-मत्परिचयैः जनैः कर्तृभिः, वीरुधाम्=वल्लरीनाम्, प्रसवः=फल-पुष्पाद्युद्गमः, विष्टम्भितः=निरुद्धः; इति=एवं प्रकारेण, आरूढबहुप्रतर्कम्=उद्भूताः नानाविधाः संशयाः यस्मिन् तत्, मे मनः=मम मानसम्, अपरिच्छेदाकुलम्=अनिर्णयेन व्याकुलम्, जायते इति शेषः ॥ १० ॥

भावार्थः—किं तावत् प्रवृद्धतपसां तपस्विनां तपः विघ्नकारिभिः दूषितम् ? अथवा तपोवनचरेषु जीवेषु केनचित् पुरुषेण अनुचितं चेष्टितम्, ? किं वा मम अपरिचितैः जनैः लतादीनां प्रसवः पत्रपुष्पफलादिसमुत्पत्तिश्च अवरुद्धः ? इत्थं नानातर्काकूलितं मे मनः वर्त्तते। अर्थात् पूर्वोक्तैर्बहुभिर्विकल्पैः व्याकुलो राजा दुष्यन्तः चिन्तयति यत्—न जाने किन्निमित्तमेतेषां मुनीनामागमनं ममान्ते जातमिति विवेकः ॥ १० ॥

अनुचित आचरण किया है ? अथवा मेरे किन्हीं अपरिचितों ने लताओं का फलना, फूलना रोक दिया है ? इस प्रकार बहुत-सी शङ्काओं में व्याप्त मेरा मन कुछ भी निर्णय न कर सकने के कारण व्याकुल हो रहा है ॥ १० ॥

प्रतिहारी—देवस्य भुजदण्डनिर्वृते आश्रमपदे कुत एवम्; किन्तु सुचरिताभिनन्दिन ऋषयः देवं सभाजयितुमागता इति तर्कयामि। (देवस्स भुअदण्डणिव्वुदे अस्समपदे कुदो एवं, किन्तु सुचरिताहिणन्दिणो इसीओ देवं सभाजइदुं आअदेत्ति तक्केमि।)

टिप्पणी—व्रतिनाम्—'आदेष्टा त्वध्वरे व्रती, यष्टा च यजमानश्च' इत्यमरः। व्रत+इनि=व्रती, तेषाम्, आरब्धयागानाम्। **उपोढतपसाम्**—उपोढं धृतं विवृद्धं वा तपः यैः, येषाम् वा, ते (बहु०) तेषाम्, उप√वह्+क्त, सम्प्रसारण। जिन्होंने तप धारण किया है, या बढ़ी हुई तपस्या वाले। **ममापरिचितैः**—मुझे न जानने वालों के द्वारा। यहाँ 'ममापचरितैः' भी पाठ है—'मेरे दुराचरणों के द्वारा।' वस्तुतः राजा के दुष्कर्मों का फल प्रजा को भी भोगना पड़ता है। कहा भी है—"राजदोषैर्विपद्यन्ते प्रजा ह्यविधिपालिताः। असद्वृत्तौ हि नृपतौ अकाले म्रियते जनः॥" (रामा० ७.७३) 'न राजापचारमन्तरेण प्रजासु अकालमृत्युः संचरति' (उत्तर०२) 'राज्ञोपचारात् पृथिवी स्वल्पसस्या भवेत् किल। अल्पायुषः प्रजाः सर्वा दरिद्रा व्याधिपीडिताः।' 'राजन् प्रजासु ते कश्चिदपचारः प्रवर्तते' (रघु० १५.४७)। **वीरुधां प्रसवः**—'लता प्रतानिनी वीरुत्' इत्यमरः। 'प्रसवो जननानुज्ञा-पुत्रेषु फलपुष्पयोः' इति यादवः। लताओं से उत्पन्न होने वाले फल-पुष्प। 'प्रसवस्तु फले पुष्पे वृक्षाणां गर्भमोचने।' इति विश्वः। **विष्टम्भितः**—'विष्टम्भः प्रतिबन्धे स्यात् प्रभेदे चामयस्य च' इति मेदिनी। प्रतिबन्धं प्रापितः, कोरकभङ्गादिनेति यावत्। **आरूढबहुप्रतर्कम्**—आरूढाः बहवः प्रतर्काः यस्मिन् तत् (बहु०) बहुत प्रकार से तर्क करने वाला। आरूढ–आ√रुह+क्त। **अपरिच्छेदाकुलम्**—अपरिच्छेदेन आकुलम् (तृ० त०), निश्चय न होने से व्याकुल। (क) १. यहाँ 'आरूढबहुप्रतर्कम्' व्याकुलता का हेतु है अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। (ख) शार्दूलविक्रीडित छन्द है॥ १०॥

संस्कृतटीका—देवस्य=राज्ञो भवतः, **भुजदण्डनिर्वृते**=भुजदण्डेन बाहुदण्डेन, निर्वृते-सुस्थीकृते, निर्विघ्नतां गते इति यावत्। **आश्रमपदे**=तपोवनक्षेत्रे, **एवं**=भवद्वितर्कितरूपम् असदाद्याचरणम्, **कुतः**=कस्मात्, भवितुमर्हति? **सुचरिताभिनन्दिनः**=सुचरितेन भवतः सत्कार्येण, अभिनन्दन्ति सन्तुष्यन्ति इति ये ते तथोक्ताः, **ऋषयः**=तापसाः, **देवम्**=भवन्तम्, **सभाजयितुम्**=सम्मानयितुम्, आगताः।

प्रतिहारी—महाराज के भुजदण्ड से सुरक्षित इस तपोवन में इस प्रकार की बाधाएं कैसे हो सकती हैं? किन्तु मैं समझती हूँ, कि वे ऋषि श्रीमान् के सद्व्यवहार से सन्तुष्ट होकर आपका अभिनन्दन करने आये हैं।

[ततः प्रविशन्तौ गौतमीसहितौ शकुन्तलामादाय कण्वशिष्यौ पुरतश्चैषां पुरोहितकञ्चुकिनौ]

कञ्चुकी—इतो इतो भवन्तः ।

शार्ङ्गरवः—सखे ! शारद्वत !

महाभागः कामं नरपतिरभिन्नस्थितिरसौ
न कश्चिद्वर्णानामपथमपकृष्टोऽपि भजते ।
तथापीदं शश्वत्परिचितविविक्तेन मनसा
जनाकीर्णं मन्ये हुतवहपरीतं गृहमिव ।। ११ ।।

एषाम्=गौतमी शकुन्तलाकण्वशिष्याणामित्यर्थः । पुरतः=अग्रतः, पुरोहितकञ्चुकिनौ=पुरोहितः सोमरातोपाध्यायः, कञ्चुकीसौविदल्लः ।

टिप्पणी—भुजदण्डनिर्वृते—बाहुदण्ड से सुरक्षित । सुचरिताभिनन्दिनः—शोभनं चरितं सुचरितम्, सुचरितेन अभिनन्दन्तीति, सुचरित+अभि+$\sqrt{}$नन्द्+णिनि । समाजयितुम्—समाज्+णिच्+तुमुन् । अभिनन्दन करने के लिए। भवतः सुचरितमृषीणां तदभिनन्दनं च स्वभाव एवेति भावार्थः । एषाम्—यहाँ स्त्री और पुरुष दोनों का प्रवेश है तो फिर 'एषाम्' में पुंल्लिंग ही क्यों है । वस्तुतः यहाँ स्त्री और पुंस्त्व में पुंल्लिंग की ही प्रधानता होने से पुंस्त्व प्रयोग है ।

अन्वयः—कामम् अभिन्नस्थितिः असौ नरपतिः महाभागः, वर्णानाम् अपकृष्टः अपि कश्चिद् अपथं न भजते । तथापि शश्वत्परिचितविविक्तेन मनसा जनाकीर्णम् इदं हुतवहपरीतं गृहम् इव मन्ये ।। ११ ।।

शब्दार्थः—कामम्=मैं मानता हूँ कि, अभिन्नस्थितिः=मर्यादा का त्याग न करने वाले, असौ=ये, नरपतिः=राजा, महाभागः=अत्यन्त भाग्यशाली हैं, वर्णानाम् अपकृष्टोऽपि=निकृष्ट [शूद्र] वर्ण का भी, कश्चित्=कोई व्यक्ति, अपथं न भजते=कुमार्गगामी नहीं है । तथापि=फिर भी, शश्वत्परिचित-

---

[इसके बाद शकुन्तला को लेकर गौतमी के सहित कण्व के दोनों शिष्य और उनके आगे पुरोहित एवं कञ्चुकी का प्रवेश]

कञ्चुकी—आप लोग इधर से आयें, इधर से ।

शार्ङ्गरव—मित्र शारद्वत !

मैं मानता हूँ कि मर्यादा का त्याग न करने वाले ये राजा अत्यन्त भाग्यशाली हैं, और इनकी प्रजा के चारों वर्णों वाले मनुष्यों में से कोई तुच्छ व्यक्ति भी कुमार्गगामी नहीं है । फिर भी सर्वदा एकान्त के अभ्यस्त मन से मैं लोगों की भीड़ से संकुल इस राजगृह को अग्नि से घिरे हुए घर के समान समझ रहा हूँ ।। ११ ।।

विविक्तेन = सर्वदा एकान्तवास के अभ्यस्त, मनसा = मन से, जनाकीर्णम् = मनुष्यों से व्याप्त, इदम् = इस (राजगृह) को, हुतवहपरीतम् = अग्नि से घिरे हुए; गृहमिव = घर के समान, मन्ये = समझ रहा हूँ ॥ ११ ॥

संस्कृतटीका—कामम् = प्रकामम्, सत्यमिति यावत्, यद्यपि, अभिन्नस्थितिः = न भिन्ना परित्यक्ता स्थितिः मर्यादा येन तादृशः, अनुल्लङ्घितमर्यादः, असौ = अयम्, नरपतिः = राजा दुष्यन्तः, महाभागः = महान् विपुलो भागः भागधेयं यस्य तादृशः, प्रशस्तभाग्यशाली वर्त्तते इति शेषः । वर्णानाम् = ब्राह्मणादीनां वर्णानाम्, अपकृष्टः अपि = निकृष्टोऽपि, कश्चित् = कोऽपि जनः, अपथम् = कुमार्गम्, न भजते = न सेवते, तथापि = एवमपि, शश्वत्परिचितविविक्तेन = शश्वत् सर्वदा परिचितम् अभ्यस्तं विविक्तं निर्जनं स्थानं येन तादृशेन, सर्वदाभ्यस्तनिर्जनस्थानेन, मनसा = चेतसा, जनाकीर्णम् = जनैः मानवैः आकीर्णं व्याप्तम्, जनसङ्कुलम्, इदम् = दृश्यमानमेतन्नगरम् राजगृहं वा, हुतवहपरीतम् = हुतवहेन अग्निना परीतं व्याप्तम्, पावकव्याप्तम् । गृहमिव = भवनमिव, मन्ये = सम्भावयामि ॥ ११ ॥

भावार्थः—यद्यपि अनुल्लङ्घितमर्यादः असौ नरपतिः महाभागोऽस्ति, वर्णानां हीनोऽपि कोऽपि जनः कुमार्गं न सेवते । तथापि सर्वदाभ्यस्तनिर्जनस्थानेन चेतसा जनाकीर्णमिदं पावकव्याप्तं गेहमिव मन्ये अर्थात् एतद्राजसदनप्रवेशमग्निप्रवेशमिव सम्भावयामीत्यर्थः ॥ ११ ॥

टिप्पणी—महाभागः—महान् भागः (भाग्यम्) यस्य सः (बहु०) । भाग्यवान का लक्षण है—'आरभ्यात्पत्तिमामृत्योः कलङ्को यस्य नो भवेत् । स्याच्चैवानुपमा कीर्तिर्महाभागः स उच्यते ॥' अभिन्नस्थितिः—अभिन्ना स्थितिः येन सः (बहु०) । लोकमर्यादा का उल्लंघन न करने वाला, अर्थात् मर्यादापालक । वर्णानाम्—'वर्णो द्विजादौ'—इत्यमरः । निर्धारणे षष्ठी है । अपकृष्टः—अप + $\sqrt{}$कृष् + क्त । राजा दुष्यन्त के शासन में सभी वर्ण के लोग सन्मार्ग पर चलने वाले थे । शूद्र भी कुमार्गगामी नहीं थे । अपथं न भजते—न पन्थाः इत्यपथम् (नञ् त०) समासान्त अच् । 'नञ्स्तत्पुरुषात्' इति निषेधे 'पथो विभाषा' इति अप्रत्ययः, समासान्तो वा । 'परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः' इति पुंस्त्वे प्राप्ते 'अपथं नपुंसकम्' इति नपुंसकलिंगम् । कुमार्ग पर नहीं जाता । शश्वत्परिचितविविक्तेन—शश्वत् परिचितं विविक्तं यस्य तेन (बहु०) । सर्वदा एकान्त में रहने के अभ्यस्त । हुतवहपरीतम्—हुतवहेन परीतमिति (तृ० त०) अग्नि से व्याप्त । इदम्—इति हस्ताभिनयेन दर्शनम् । (क) शार्ङ्गरव शान्त तपोवन में रहने का अभ्यस्त है । अतः उसे जनसङ्कुलराजगृह में घबड़ाहट हो रही है । उसे राज-भवन ऐसा

शारद्वतः—शाङ्गरव ! स्थाने खलु पुरप्रवेशात्तवेदृशः संवेगः । अहं तु—

अभ्यक्तमिव स्नातः शुचिरशुचिमिव प्रबुद्ध इव सुप्तम् ।
बद्धमिव स्वैरगतिर्जनमिह सुखसङ्गिनमवैमि ॥ १२ ॥

प्रतीत होता है जैसे आग की लपट में जलता हुआ कोई घर हो। (ख) १. इस श्लोक में अशान्ति का कोई कारण नहीं है फिर भी घबड़ाहट रूपी कार्य है इसलिए विभावना अलङ्कार है। २. शान्ति के कारण राजा का महानुभाव होना तथा प्रजा की पवित्रता के होते हुए भी शान्ति की अनुभूति न हो सकने के कारण यहाँ विशेषोक्ति अलङ्कार है। ३. 'हुतवहपरीतं गृहमिव' में इव के होने से उपमालङ्कार है। (यहाँ 'मन्ये' के कारण उत्प्रेक्षा नहीं समझनी चाहिए। यह उत्प्रेक्षासूचक नहीं हैं)। (ग) शिखरिणी छन्द है ॥ ११ ॥

संस्कृतटीका—स्थाने=युक्तम्, पुरप्रवेशात्=नगरप्रवेशात्, संवेगः=उद्वेगः। अहं तु=अहं पुनः अस्य अवैमीति श्लोकेनान्वयः।

टिप्पणी—'युक्ते द्वे साम्प्रतं स्थाने' इत्यमरः।

अन्वयः—इह सुखसङ्गिनं जनं स्नातः अभ्यक्तम् इव शुचिः अशुचिम् इव, प्रबुद्धः सुप्तम् इव, स्वैरगतिः बद्धम् इव अवैमि ॥ १२ ॥

शब्दार्थः—इह=यहाँ, सुखसङ्गिनम्=सुखों में आसक्त, जनम्=लोगों को, स्नातः=नहाया हुआ व्यक्ति, अभ्यक्तम् इव=तेल लगाये हुए के समान, शुचिः=पवित्र, अशुचिम् इव=अपवित्र के समान, प्रबुद्धः=जगा हुआ, सुप्तम् इव=सोये हुए के समान, स्वैरगतिः=स्वच्छन्द विचरण करने वाला, बद्धम् इव=बँधे हुए के समान, अवैमि=समझ रहा हूँ ॥ १२ ॥

संस्कृतटीका—इह=राजगृहे, सुखसङ्गिनम्=सांसारिकभोगविलासासक्तम्, जनम्=लोकम्, स्नातः=कृतस्नानो जनः, अभ्यक्तम्=कृततैलमर्दनमिव, शुचिः=पवित्रः, अशुचिमिव=अपवित्रमिव, प्रबुद्धः=जागरितः, सुप्तमिव=शयानमिव, स्वैरगतिः=स्वाधीनः, बद्धमिव=निगडितमिव, अवैमि=जानामि ॥ १२ ॥

भावार्थः—अस्मिन् राजगृहे सुखासक्तं जनं कृतस्नानः कृततैलमर्दनमिव,

---

शारद्वत—शाङ्गरव ! राजभवन में प्रविष्ट होकर तुम्हे इस तरह उद्विग्न होना उचित ही है। मैं तो—

यहाँ के सुखों में आसक्त लोगों को ऐसा ही समझ रहा हूँ जैसे नहाया हुआ व्यक्ति तेल लगाये हुए को तथा पवित्र व्यक्ति अपवित्र को एवं जागा हुआ व्यक्ति सोये हुए को और स्वच्छन्द विचरने वाला व्यक्ति बँधे हुए को समझता है ॥ १२ ॥

पुरोधाः—अत एव भवद्विधा महान्तः ।

शकुन्तला—[दुर्निमित्तमभिनीय] अहो किं मे वामेतरत् नयनं विस्फुरति ? (अम्भो ! किं मे वामेदर णअणं विप्फुरदि ?)

पवित्र अपवित्रमिव, जागरितः शयानमिव, स्वच्छन्दगतिः बद्धमिव; जानामि ॥ १२ ॥

टिप्पणी—**अभ्यक्तमिव**—अभि√अञ्ज्+क्त । तेल लगाये हुए को । तेल लगाने के बाद मनुष्य जब तक स्नान न कर ले वह अपवित्र ही रहता है । कहा भी है—"तैलाभ्यङ्गे चिताधूमे मैथुने क्षौरकर्मणि । तावद्भवति चाण्डालो यावत् स्नानं समाचरेत् ॥" **प्रबुद्ध**—प्र√बुध्+क्त (कर्तरि) । जागा हुआ । तत्त्वज्ञानी व्यक्ति जागता रहता है । कहा भी है—'यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः (गीता) **स्वैरगतिः**—स्वैरा गतिः यस्य सः (बहु०) । स्व+√ईर=स्वैर; 'स्वादीरेरिणोः' वार्तिक से वृद्धि हुई है । **सुखसङ्गिनम्**—सुखे सङ्गः (सुप्सुपा०), सः अस्ति अस्य इति सुखसङ्गी, सुखसङ्ग+इनि, तम् । सुख में आसक्त । (क) इस श्लोक का आध्यात्म पक्ष में भी अर्थ हो सकता है—अभ्यक्तमिव स्नातः=देहशुद्धि वाला व्यक्ति जिस प्रकार अशुद्ध देह वाले को देखता है, शुचिर-शुचिमिव=शुद्ध मन वाला व्यक्ति जिस प्रकार अपवित्र मन वाले को, बद्धमिव स्वैरगतिः=माया के बन्धनों से मुक्त व्यक्ति जिस प्रकार माया से आबद्ध सांसारिक को, प्रबुद्धः सुप्तमिव=तत्त्वज्ञानी व्यक्ति जिस प्रकार विषयासक्त व्यक्ति को सुप्त समझता है । इस प्रकार मुमुक्षु व्यक्ति की चार अवस्था यहाँ संकेतित हैं—१. शरीर शुद्धि, २, मनः शुद्धि, ३. माया से मुक्त हो मोक्ष की प्राप्ति, ४. तत्त्वज्ञान से वैराग्य । (ख) यहाँ 'सुखसङ्गिनं जनम्' इस एक उपमेय के अनेक उपमान होने से मालोपमा अलङ्कार है । (ग) आर्या छन्द है ॥ १२ ॥

संस्कृतटीका—अत एव=तुच्छीकृतसांसारिकसुखत्वादेव, भवद्विधाः=भवादृशाः मुनयः, महान्तः=लोकोत्तराः ।

दुर्निमित्तम्=दक्षिणाक्षिस्पन्दनरूपं दुर्लक्षणम्, अभिनीय=रूपयित्वा, किम्=कथम्, वामेतरत्=दक्षिणम्, नयनम्=नेत्रम्, विस्फुरति=विशेषेण स्पन्दते । (विकरोतीति पाठे स एवार्थः) ।

टिप्पणी—**दुर्निमित्तम्**—अपशकुन । निमित्त अर्थात् लक्षण । **वामेतरत्**—वामम् इतरत् यस्मात् (बहु०) अथवा वामात् इतरत् (प० त०) । **नयनं स्फुरति**—

पुरोहित—इसी लिए तो आप जैसे लोग महान् होते हैं ।

शकुन्तला—[अपशकुन का अभिनय करके] ओह मेरी दायीं आँख क्यों फड़क रही है ?

गौतमी—जाते ! प्रतिहतममङ्गलम्, सुखानि ते भवन्तु । (जादे ! पडिहदं, अमङ्गलं, सुहाइं दे होंतु ।)

[इति परिक्रामन्ति]

पुरोधाः—[राजानं निर्दिश्य] **भो भोस्तपस्विनः ! असावत्रभवान् वर्णाश्रमाणां रक्षिता प्रागेव मुक्तासनः प्रतिपालयति वः, पश्यतैनम् ।**

शार्ङ्गरवः—भो महात्मन् ! काममेतदभिनन्दनीयम् ; तथापि वयमत्र मध्यस्थाः ।

स्त्री का दाहिना अङ्ग फड़कना अशुभ का सूचक होता है । जैसा कि कहा भी है— 'बामभागस्तु नारीणां पुंसां श्रेष्ठस्तु दक्षिणः ।' गर्ग ने भी कहा है—'दक्षिणचक्षुःस्पन्दनं बन्धुदर्शनमर्थलाभं वा । वामचक्षुःस्पन्दनं बन्धुविच्छेदं धनहानिं वा ।' प्रकृत में दक्षिण आँख का स्फुरण शकुन्तला के बन्धुओं के साथ भावि विच्छेद का सूचक है ।

संस्कृतटीका—जाते=हे वत्से, अमङ्गलम्=अशुभम्, प्रतिहतम्=विध्वस्तम्, भवत्विति शेषः । सुखानि=मङ्गलानि, ते=तव, भवन्तु=इत्याशीर्वचनम् । परिक्रामन्ति=राजनिकटं गन्तुं पादक्रमं कुर्वन्ति । असौ=पुरोऽधिष्ठितः, वर्णाश्रमाणाम्=वर्णाः ब्राह्मणादयः आश्रमाः ब्रह्मचर्यादयः तेषाम्, रक्षिता=पालयिता, प्रागेव=भवदुपगमात् पूर्वमेव, मुक्तासनः=मुक्तासनं येन सः, आसनं परित्यजन्, वः=युष्मान्, प्रतिपालयति एवम्=राजानम्, पश्य=अवलोकय; विभावयेति यावत् ।

महात्मन्=महानुभाव, कामम्=अतिशयेन, एतत्=विनयश्रद्धाद्यतिशयत्वादिकम्, अभिनन्दनीयम्=प्रशंसाविषयीभूतम्, स्तुत्यमित्यर्थः । तथापि=पर्याप्तप्रशंसार्हत्वेऽपि, अत्र=एतस्मिन् अभिनन्दनविषये, मध्यस्थाः=तटस्थाः, निस्पृहाः ।

टिप्पणी—प्रागेव मुक्तासनः=जिसने पहले ही आसन छोड़ दिया था अर्थात् ऋषियों के स्वागत में पहले से ही खड़े होकर राजा प्रतीक्षा कर रहे थे । वर्णा-

---

गौतमी—पुत्रि ! अशुभ का नाश हो, तुम्हें सुख प्राप्त हो ।

[इसके बाद सभी घूमते हैं]

पुरोहित—[राजा की ओर संकेत करके] हे ! हे तपस्वियों ! ये वर्ण एवं आश्रमों के रक्षक माननीय महाराज पहले से ही आसन छोड़कर आप लोगों की प्रतीक्षा कर रहे हैं । इन्हें देखें ।

शार्ङ्गरव—हे महात्मन् ! महाराज का यह [शिष्टाचरण] यद्यपि अभिनन्दनीय है तथापि हम लोग इस विषय में तटस्थ हैं । क्योंकि—

भवन्ति नम्रास्तरवः फलोद्गमैर्नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घनाः ।
अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः स्वभाव एवैष परोपकारिणाम् ॥ १३ ॥

श्रमाणां रक्षिता—यहाँ 'शेषे षष्ठी' प्रयुक्त है, तृन्योगे षष्ठीप्रतिषेधात् । राजा को वर्णाश्रम का रक्षक माना जाता है । मध्यस्थाः—उदासीन रहना, यह राजा का शिष्टाचार प्रशंसा के योग्य है लेकिन मुझे इससे क्या ? महात्मन्=यहाँ पर 'महाब्राह्मण' पाठ भी है– हे श्रेष्ठ ब्राह्मण । किन्तु यह पाठ ठीक नही है, क्योंकि 'महा' शब्द का प्रयोग निन्दा में होता है—'शङ्खे तैले तथा मांसे वैद्ये ज्योतिषके द्विजे । यात्रायां पथि निद्रायां महच्छब्दो न दीयते ॥' हो सकता है कि कालीदास के समय में 'महाब्राह्मण' शब्द का प्रयोग श्रेष्ठ ब्राह्मण के अर्थ में ही होता रहा हो ।

अन्वयः—तरवः फलोद्गमैः नम्राः भवन्ति, घनाः नवाम्बुभिः दूरविलम्बिनः (भवन्ति), सत्पुरुषाः समृद्धिभिः अनुद्धताः (भवन्ति), एषः परोपकारिणां स्वभावः एव ॥ १३ ॥

शब्दार्थः—तरवः=वृक्ष, फलोद्गमैः=फलों के आ जाने पर, नम्राः=नम्र; भवन्ति=हो जाते हैं । घनाः=बादल, नवाम्बुभिः=नवीन जल से, दूरविलम्बिनः=बहुत नीचे लटक आते हैं । सत्पुरुषाः=सज्जन पुरुष, समृद्धिभि =समृद्धियों को पाकर, अनुद्धताः=उद्धत नहीं होते अपितु विनम्र (हो जाते हैं), एषः=यह, परोपकारिणाम्=परोपकारियों का, स्वभावः=स्वभाव, एव=ही है ॥ १३ ॥

संस्कृतटीका—तरवः=वृक्षाः, फलोद्गमैः=फलोत्पत्तिभिः, नम्राः=विनताः, भवन्ति=जायन्ते, घनाः=मेघाः, नवाम्बुभिः=नवीनसलिलैः, दूरविलम्बिनः=धरणीतलसमीपम्, सत्पुरुषाः=सज्जनाः, समृद्धिभिः=धनसम्पत्तिभि, अनुद्धताः=गर्वशून्याः, विनीताः इत्यर्थः, भवन्तीति शेषः, एषः=असौ, परोपकारिणाम्=परानुपकर्तुं शीलं येषां जनानां तेषाम्, स्वभावः एव=प्रकृतिः एव ॥ १३ ॥

भावार्थः—वृक्षाः फलोद्गमैः आनताः भवन्ति, येन पथिकाः फलानि सुखेन गृहीत्वा तृप्ता भवेयुः । मेघाः प्रथमजलागमैः दूरविलम्बिनः भवन्ति । साधवः ऐश्वर्योत्कर्षैः विनीताः भवन्ति, येन अर्थिन आगत्य प्रार्थितं लब्ध्वा तृप्ता भवेयुः । इयं परोपकारिणां प्रकृतिरेव ॥ १३ ॥

फल आ जाने पर वृक्ष झुक जाते हैं, और नवीन जल भर लेने पर मेघ लटक जाते हैं । इसी प्रकार सज्जन लोग भी ऐश्वर्यों से समृद्ध होकर विनम्र ही हो जाते हैं । वस्तुतः यह तो परोपकारियों का स्वाभाव ही है ॥ १३ ॥

प्रतिहारी—देव ! प्रसन्नमुखा ऋषयो दृश्यन्ते। (देव ! पसण्णमुहा इसीओ दीसन्ति !)

राजा—[शकुन्तलां निर्वर्ण्य] अये ! अत्र

केयमवगुण्ठनवती नातिपरिस्फुटशरीरलावण्या।
मध्ये तपोधनानां किसलयमिव पाण्डुपत्राणाम् ॥ १४ ॥

टिप्पणी—नम्राः—√नम्+र, विनीत। फलोद्गमैः—फलानां उद्गमैः (ष० त०)। 'फलागमैः' भी पाठ है—फलानां आगमैः (ष० त०)। अत्र आ-समन्तात् गमैः प्राप्तिभिरित्यर्थः। दूरविलम्बिनः—दूरं साधु विलम्बन्ते इति, दूर+वि√लम्ब+णिनि (साधुकारिणि कर्तरि) .परोपकारिणाम्—परेषाम् उप-कुर्वन्तीति, पर+उप+कृ+णिनि। (क) यह श्लोक भर्तृहरि के नीतिशतक में भी प्राप्त है। (ख) १. इस श्लोक में 'स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्' इस सामान्य के द्वारा तीन चरणों में वर्णित विशेष का समर्थन होने से अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है। २. विशेष राजा दुष्यन्त के स्थान पर सामान्य सज्जन के वर्णन से अप्रस्तुत-प्रशंसा अलङ्कार है। ३. विनय गुण का ही प्रकारान्तर से तीन पदों में वर्णन होने से मालाप्रतिवस्तूपमा है। ४. अचेतन वृक्ष और मेघ में चेतनता में रहने वाले नम्रत्व और दूरविलम्बितत्व के अभेद रूप से वर्णन होने से अतिशयोक्ति अलङ्कार है। (ग) वंशस्थ छन्द है ॥ १३ ॥

संस्कृतटीका—प्रसन्नमुखाः=प्रसन्नानि उद्वेगेनाकलुषितानि मुखानि येषां ते। निर्वर्ण्य=विशेषेणावलोक्य।

टिप्पणी—क्वचित् पुस्तके आणामि विस्सद्ध कज्जा इसीओ (जानामि विस्रब्ध-कार्या ऋषयः]' अधिकोऽयं पाठः। विस्रब्धम्—शान्तमक्रूरं कार्यं येषां ते तादृशा ऋषयः। 'विस्रब्धस्तूद्भटे व्यर्थे शान्तविश्वस्तयोरपि' इति विश्वः। क्वचित् पुस्तके 'ता विस्सत्थकज्जा एदे [तस्माद् विश्वस्तकार्या एते।]' इति वा पाठः। विश्वस्त-कार्याः–विश्वस्तकार्यसिद्धयः, कार्यं सिद्ध्यति वा न वेति संशयरहिता इत्यर्थः। क्वचित् 'अथात्र भवतीति' पाठः। अथ इति प्रश्ने, अत्र भवतीति प्रशंसागर्भम्।

अन्वयः—पाण्डुपत्राणां मध्ये किसलयम् इव, तपोधनानां मध्ये अवगुण्ठनवती नातिपरिस्फुटशरीरलावण्या इयं का ? ॥ १४ ॥

प्रतिहारी—महाराज ! ये ऋषि गण प्रसन्नमुख दिखाई देते हैं।

राजा—[शकुन्तला को देखकर] अहो !

यहाँ यह घूँघट वाली कौन है ? इसकी शारीरिक सुन्दरता अभी अधिक परिस्फुटित नहीं हुई है। यह तो इन तपस्वियों के मध्य पतझड़ के पीले पत्तों के ढेर में विद्यमान नवीन किसलय के समान दिखाई दे रही है ॥ १४ ॥

शब्दार्थः—पाण्डुपत्राणाम्=पीले पत्तों के; मध्ये=मध्य में, किसलयमिव=किसलय के समान, तपोधनानाम्=तपस्वियों के, मध्ये=मध्य में, अवगुण्ठनवती=घूँघट वाली तथा, नातिपरिस्फुटशरीरलावण्या=जिसके शरीर का सौन्दर्य अधिक प्रकट नहीं हो रहा है, इयं का=ऐसी यह कौन है ॥ १४ ॥

संस्कृतटीका—पाण्डुपत्राणाम्=पाण्डूनां परिणततया पाण्डुरवर्णानां पत्राणां पर्णानाम्, (मध्ये) किसलयम् इव=पल्लवमिव, तपोधनानाम्=तपस्विनाम्; मध्ये=अन्तरे, अवगुण्ठनवती=शिरःप्रच्छादनवती, नातिपरिस्फुटशरीरलावण्या=नातिपरिस्फुटम् अनतिव्यक्तशरीरलावण्यं देहकान्तिः यस्याः तादृशी, नातिप्रकटदेहसौन्दर्या, इयम्=पुरो दृश्यमाना ललना, का=का त्वेषा रमणी ? ॥ १४ ॥

राजा—(सुनकर जल्दी जल्दी चलने का अभिनय करते हुये) मित्र ! मत डरो, मत डरो—

नेपथ्य में—डरूं क्यों नहीं ? यह कोई व्यक्ति मेरी गर्दन मरोड़ कर हड्डियों को ऊख की तरह चूर चूर कर देना चाहता है।

राजा—(देखकर) धनुष (लाओ) धनुष !

प्रतीहारी—(हाथ में धनुष लिए आती है) महाराज की जय हो, जय हो। यह धनुष बाण और हस्तावरण (दस्ताना) प्रस्तुत है।

[राजा सशरं धनुरादत्ते]

[नेपथ्ये]

एष त्वामभिनवकण्ठशोणितार्थी
शार्दूलः पशुमिव हन्मि चेष्टमानम् ।
आर्त्तानां भयमपनेतुमात्तधन्वा
दुष्यन्तस्तव शरणं भवत्विदानीम् ॥ ३२ ॥

आदत्ते=प्रतीहारीहस्ताद् गृह्णाति ।

टिप्पणी—अभिधाव—मेरी ओर दौड़ो । 'अविह्वा अविह्वा' भी पाठ है—बचाओ, बचाओ । यह खेदसूचक अव्यय है जिसका प्रयोग अपनी रक्षा के लिए किया जाता है । **गतिभेदम्**—बदली हुई चाल अर्थात् तेज गति । **प्रत्यामोड्य**—पीछे की ओर मोड़कर । **शिरोधराम्**—'ग्रीवायां शिरोधिः कन्धरेत्यपि' इत्यमरः । गर्दन । **भग्नास्थिम्**—भग्नानि अस्थीनि यस्य सः भग्नास्थिः (बहु०) तम् । यह माम् का विशेषण है । जिसकी हड्डियाँ टूट गई हों । यहाँ 'त्रिभङ्गम्' भी पाठ है—तीन टुकड़े । यहाँ उपमा है । **हस्तावारकः**—चमड़े या लोहे का बना लम्बा दस्ताना जो धनुष की प्रत्यञ्चा के आघात से हाथ की रक्षा करता है । यहाँ 'हस्तावाप' भी पाठ है । हाथ का दस्ताना । हस्त—आ√वृ+ण्वुल् (कर्त्तरि)=हस्तावारक । हस्त—आ+वप्+अण् (कर्तरि)=हस्तावाप । **शरासनम्**—शराः अस्यन्ते क्षिप्यन्ते अनेन इति शरासनम् शर√अस्+ल्युट् ।

अन्वयः—अभिनवकण्ठशोणितार्थी एषः शार्दूलः पशुम् इव चेष्टमानं त्वां हन्मि; आर्त्तानां भयम् अपनेतुम् आत्तधन्वा दुष्यन्तः इदानीं तव शरणं भवतु ॥ ३२ ॥

शब्दार्थ—अभिनवकण्ठशोणितार्थी=गर्दन के ताजे रक्त की इच्छा करने वाला, एषः=यह, शार्दूलः=व्याघ्र, पशुम्=पशु को, इव=जैसे (मारता है वैसे मैं) चेष्टमानम्=छटपटाते हुए, त्वाम्=तुमको, हन्मि=मारता हूँ । आर्त्तानाम्=पीड़ितों के, भयम्=भय को, अपनेतुम्=दूर करने के लिए, आत्तधन्वा=धनुष को धारण कर लेने वाले, दुष्यन्तः=दुष्यन्त, इदानीम्=अब, तव=तुम्हारे, शरणम्=रक्षक, भवतु=होवें ॥ ३२ ॥

[राजा धनुष-बाण लेता है ।]

(नेपथ्य में)—गर्दन के नूतन रुधिर पीने की इच्छा रखने वाला व्याघ्र (जैसे मारता है वैसे ही) छटपटाते हुए पशु की तरह तुझे मैं अभी मार डालता हूँ; पीड़ितों का भय दूर करने के लिए धनुष धारण करने वाले दुष्यन्त में यदि सामर्थ्य हो तो आकर तेरी सहायता करें ॥ ३२ ॥

राजा—[सरोषम्] **कथं मामेवोद्दिशति । आः तिष्ठ, तिष्ठ, कौण-पापसद ! त्वमिदानीं न भवसि** [चापमारोप्य] **पार्वतायन ! सोपान-मार्गमादेशय ।**

कञ्चुकी—**इत इतो देवः ।**

[सर्वे सत्वरमुपसर्पन्ति]

संस्कृतटीका—अभिनवकण्ठशोणितार्थी=नूतनं यत् ग्रीवायाः रक्तं तस्य अभिलाषी, एषः=अहम्, शार्दूलः=व्याघ्रः, पशुम् इव=मृगादिकमिव; चेष्टमानम्=रक्षणाय यतमानम्, त्वाम्=विदूषकम्, हन्मि=व्यापादयामि, आर्त्तानाम्=पीडितानाम्, भय=भीतिम्, अपनेतुम्=दूरीकर्त्तुम्, आत्तधन्वा=धृतकार्मुकः, दुष्यन्तः, इदानीम्=सम्प्रति, तव=विदूषकस्य, शरणं भवतु=रक्षकः भवतु ॥ ३२ ॥

भावार्थ—नूतनगलरुधिराभिलाषी एषः मातलिरहं व्याघ्र पशुमिव चेष्टमानं त्वां विदूषकं व्यापादयामि । पीडितानां भयमपनेतुं गृहीतकार्मुकः दुष्यन्तः सम्प्रति तव रक्षकः भवतु ॥ ३२ ॥

टिप्पणी—अभिनवकण्ठशोणितार्थी—अभिनवस्य कण्ठशोणितस्य अर्थी (त०) । चेष्टमानम्=चेष्ट्+शानच् । छटपटाते हुए । अपनेतुम्—अप+नी+तुमुन् । आत्तधन्वा=आत्तं धनुः येन सः (बहु०) । 'धनुषश्च' सूत्र से आनङ् आदेश । 'धनुषश्चापो धन्वशरासनकोदण्डकार्मुकम्' इत्यमरः । धनुष धारण करने वाला । (क) यहाँ पर बीभत्स रस ध्वनित हो रहा है । (ख) 'शार्दूलः पशुमिव' में उपमा अलङ्कार है । (ग) प्रहर्षिणी छन्द है ॥ ३२ ॥

संस्कृतटीका—उद्दिशति=लक्षीकृत्य वदति । आ=इति कोपसूचकम-व्ययम् । तिष्ठ तिष्ठेति=वीप्सा रोषावेगं सूचयति । कौणपापसद !=कुणपं शवमदन्तीति कौणपाः क्रव्यादादयस्तेष्वपसीदति-पश्चाद् वर्त्तते इति सः तत्सम्बोधने रूपम्, हे राक्षसाधम ! इत्यर्थः, न भवसि=लक्ष्यमिति शेषः ।

इत इतः=पुरोवर्त्तिनानेनानेन मार्गेण, देव एत्विति शेषः ।

उपसर्पन्ति=मेघच्छन्नप्रासादागारमिति शेषः ।

राजा—(क्रोध के साथ), ऐं, क्यामुझे ही लक्ष्य करके कह रहा है । आह, राक्षसाधम ! ठहर, ठहर ! तू अब नही बचेगा । (धनुष चढ़ाकर) पार्वतायन ! सीढ़ी का रास्ता दिखाओ ।

कंचुकी—महाराज ! इधर आइए, इधर से ।

[सब शीघ्रता के साथ चले जाते हैं ।]

राजा—[समन्तादवलोक्य] **अये ! शून्यं खल्विदम् !**

[नेपथ्ये] **भोः ! परित्रायस्व परित्रायस्व ! अहं त्वां प्रेक्षे, त्वं मां न प्रेक्षसे। मार्जारगृहीत उन्दुरुरिव निराशोऽस्मि जीविते।** (भो परित्ताआहि परित्ताआहि अज्ज तुमं पेक्खामि, तुमं मं ण पेक्खसि। मज्जारगहिदो उन्दुरू विअ णिरासोह्मि जीविदे)।

राजा—भोस्तिरस्करिणीगर्वित ! मदीयास्त्रमपि त्वां न पश्यति ? स्थिरो भव मा च ते वयस्यसम्पर्काद्विश्वासोऽभूत्। एष तमिषुं सन्दधे।

समन्तात्=इतस्ततः, शून्यम्=केनाप्यनधिष्ठितम्। अये=इत्याश्चर्ये। इदम् स्थानम्, शून्यम्=सत्त्वरहितम्।

टिप्पणी—कौणपापसद—कुणपं शवम् अदन्ति इति कौणपाः, कुणप+अण्, तेषु अपसीदति पश्चाद् वर्तते इति कौणपापसदः। कौणप—अप√सद्+अच्, तत्सम्बोधने कौणपापसद इति। 'कुणपः शवमस्त्रियाम्' इत्यमरः। 'राक्षसः कौणपः क्रव्याद्' इत्यमरः। राक्षसाधम। विवर्णः पामरो नीचः प्राकृतश्च पृथग्जनः। विहीनोऽपसदो जाल्म' इत्यमरः। 'कुणपासन' भी पाठ है—कुणपमश्नातीति—कुणप+अश् युच्। शव को खाने वाला।

संस्कृतटीका—मार्जारगृहीतः=विडालाक्रान्तः; उन्दुरुरिव=मूषिक इव, जीविते=जीवने, निराशोऽस्मि निष्प्रत्याशोऽस्मि।

तिरस्करिणीगर्वित !=तिरस्करिण्या वपुषोऽदृश्यताकरणविद्यया गर्वितः-साहङ्कारः, न पश्यति=कात्रा पश्यत्येवेत्यर्थः। वयस्यसम्पर्कात्=माधव्येन संयोगात्, विश्वासः=प्रत्ययः, माभूत्=न भवतु। एषः=अहम्, तम्=तथाविधम्, इषुम्=बाणम्, सन्दधे=योजयामि।

टिप्पणी—तिरस्करिणीगर्वित—तिरस्करिण्या गर्वितः (तृ० त०) तत्सम्बोधने। अन्तर्धान होने की विद्या के कारण घमण्ड वाले, अन्तर्हित होने की विद्या को तिरस्कारिणी कहते हैं। इषुम्—मैं उस बाण को चढ़ाता हूँ जो तुम्हारा ही वध करेगा और विदूषक को छोड़ देगा। सन्दधे—चढ़ाता हूँ।

राजा—(चारों ओर देखकर) ऐं ! यहाँ तो कोई नहीं है।

(नेपथ्य में)—मित्र ! मुझे बचाओ—मेरी रक्षा करो। मैं तो तुम्हें देख रहा हूँ और तुम मुझे नहीं देखते ? बिल्ली के पंजे में पड़े चूहे की तरह मैं तो जीवन से निराश हो गया हूँ।

राजा—ओ तिरोहित अत एव गर्वीले व्यक्ति ! क्या मेरा अस्त्र भी तुझे नहीं देख सकेगा ? ठहरो, मित्र के शरीर का संस्पर्श पा लेने के कारण क्या तुम बच जाओगे, तुम्हें यह विश्वास न हो जाय, इसीलिए मैं ऐसा बाण चढ़ाता हूँ कि—

यो हनिष्यति वध्यं त्वां रक्ष्यं रक्षिष्यति द्विजम् ।
हंसो हि क्षीरमादत्ते तन्मिश्रा वर्जयत्यपः ॥ ३३ ॥

[इति शस्त्रं संधत्ते]

अन्वयः—यः वध्यं त्वां हनिष्यति, रक्ष्यं द्विजं रक्षिष्यति हि हंसः क्षीरम् आदत्ते, तन्मिश्राः अपः वर्जयति ॥ ३३ ॥

शब्दार्थः—यः=जो, वध्यम्=मारने के योग्य, त्वाम्=तुमको; हनिष्यति=मार डालेगा, रक्ष्यम्=रक्षा करने के योग्य, द्विजम्=ब्राह्मण को; रक्षिष्यति=बचा लेगा, हि=क्योंकि, हंसः=हंस, क्षीरम्=दूध को; आदत्ते=ले लेता है, तन्मिश्राः=उसमें मिले हुए, अपः=जल को, वर्जयति=छोड़ देता है ॥ ३३ ॥

संस्कृतटीका—यः=शरः, वध्यम्=वधयोग्यम्, त्वाम्=राक्षसम्, हनिष्यति=मारयिष्यति, रक्ष्यम्=रक्षायोग्यम्, द्विजम्=ब्राह्मणम्, रक्षिष्यति=त्रास्यते, हि=यतः, हंसः=मरालः, क्षीरम्=दुग्धम्, आदत्ते=गृह्णाति; तन्मिश्राः=दुग्धमिश्रिताः, अपः=जलानि, वर्जयति=परित्यजति ॥ ३३ ॥

भावार्थ—यः बाणः वधयोग्यं त्वां प्रहरिष्यति, रक्षायोग्यं द्विजं रक्षिष्यति । यतो हि मरालः दुग्धं गृह्णाति, दुग्धमिश्रिताः अपां परित्यजति ॥ ३३ ॥

टिप्पणी—वध्यम्—वधमर्हति इति, वध+यत् । यहाँ 'हनो वा यद् वधश्च वक्तव्यः' से यत् प्रत्यय और हन् का वध आदेश हो जाता है । तन्मिश्राः—तेन मिश्राः (तृ० त०) । ऐसी प्रसिद्धि है कि हंस जलमिश्रित दुग्ध को अलग कर देता है । इसलिए हंस को 'नीरक्षीर-विवेकी' कहा जाता है । नीरक्षीरविवेके हंसालस्यं त्वमेव कुरुषे चेत्' आदि । अन्यत्र भी कहा है—हंसैर्यथा क्षीरमिवाम्बुमध्यात् ।' वस्तुतः हंस जल में विद्यमान कमलनाल का दूध पीता है और साथ के जल को छोड़ देता है । इसी प्रकार मेरा बाण भी तुझे तो मारेगा और मेरे मित्र को छोड़ देगा । रक्षिष्यति—रक्षति भी पाठ है । (क) इस श्लोक में 'दृष्टान्ताऽलङ्कार' है । कुछ लोग श्रौती उपमा मानते है । (ख) 'राजा—भोः' से लेकर यहाँ तक 'व्यवसाय' नामक गर्भसन्धि का अङ्ग है । लक्षण है–'व्यवसायः स्वशक्तयुक्तिः ।' (ग) पथ्यावक्त्र छन्द है ।

संस्कृतटीका—शस्त्रम्=बाणम् ।

जो (बाण) तुझ आततायी को मार डालेगा, और वह रक्षणीय ब्राह्मण बचा रहेगा जैसे दूध और पानी मिले हुए पात्र से हंस दूध ले लेता है और पानी त्याग देता है ॥ ३३ ॥

(ऐसा कह कर बाण चढ़ाता है ।)

[ततः प्रविशति मातलिर्विदूषकश्च]

मातलिः—आयुष्मन् !

कृताः शरव्यं हरिणा तवासुराः
शरासनं तेषु विकृष्यतामिदम् ।
प्रसादसौम्यानि सतां सुहृज्जने
पतन्ति चक्षूंषि न दारुणा शराः ॥ ३४ ॥

मातलिः = इन्द्रसारथिः ।

आयुष्मन् = आयुः प्रशस्तिमन् ।

अन्वयः—हरिणा असुराः तव शरव्यं कृताः, तेषु इदं शरासनं विकृष्यताम्; सतां सुहृज्जने प्रसादसौम्यानि चक्षूंषि पतन्ति दारुणाः शराः न ॥ ३४ ॥

शब्दार्थः—हरिणा = इन्द्र के द्वारा, असुराः = राक्षस; तव = तुम्हारे; शरव्यम् = लक्ष्य, कृताः = बनाये गये हैं । तेषु = उन पर; इदम् = इस, शरासनम् = धनुष को; विकृष्यताम् = खींचिए, सताम् = सज्जनों की, सुहृज्जने = मित्रजनों पर, प्रसादसौम्यानि = दया से सौम्य, चक्षूंषि = दृष्टि, पतन्ति = पड़ती है, दारुणाः = कठोर, शराः = बाण, न = नहीं ॥ ३४ ॥

संस्कृतटीका—हरिणा = इन्द्रेण, असुराः = राक्षसाः, तव = ते दुष्यन्तस्य, शरव्यम् = लक्ष्यम्, कृताः = विहिताः, तेषु = राक्षसेषु, इदम् = एतत्, शरासनम् = धनुः, विकृष्यताम् = आकृष्यताम्; सताम् = सज्जनानाम्, सुहृज्जने = मित्रजने, प्रसादसौम्यानि = प्रेम्णा अनुग्रहेण वा मनोरमाणि; चक्षूंषि = नयनानि; पतन्ति = निपतन्ति, दारुणाः = भीषणाः, शराः = इषवः, न = नहि ॥ ३४ ॥

भावार्थः—इन्द्रेण राक्षसाः तव लक्ष्यं कृताः, तेषु इदं धनुः आकृष्यताम् । सज्जनानां मित्रजने प्रसन्नतया सुन्दराणि नयनानि पतन्ति । भीषणाः बाणाः नहि पतन्ति । अतः संहितमपि शरमुपसंहृत्य सप्रसादं चक्षुरेव पातयेत्याशयः ॥ ३४ ॥

टिप्पणी—शरव्यम्—शृणातीति शरुः तस्मै हितम्—शरु + यत् 'लक्ष्यं लक्षं शरव्यञ्च' इत्यमरः । लक्ष्य, निशाना । यह शब्द नित्य नपुंसकलिङ्ग होने के कारण

(इसके अनन्तर मातलि और विदूषक का प्रवेश)

मातलि—आयुष्मान् !

देवराज इन्द्र ने दैत्यों को आपके बाण का लक्ष्य निर्दिष्ट कर दिया है । इसलिये आप उन असुरों के ऊपर ही यह धनुष चढ़ावें । सज्जन उन अपने बन्धुओं पर प्रसन्नता के कारण दृष्टिपात ही करते हैं, भयावक बाणों का प्रयोग नहीं करते ॥ ३४ ॥

राजा—[ससम्भ्रममस्त्रमुपसंहरन्] अये मातलिः ! स्वागतं देवराजसारथेः ।

विदूषकः—भो मनस्विन् ! अनेनाहं पशुमारणं मारयितुं प्राप्तः, भवान् पुनरिमं स्वागतेनाभिनन्दति । (भो मणस्सि ! इमिणा अहं पशुमारणं मारिदुं पाविदो, भवं उण इमं साअदेण अहिणन्ददि ।)

मातलिः—[सस्मितम्] आयुष्मन् ! श्रूयतां यदर्थमस्मि हरिणा भवत्सकाशं प्रेषितः ।

नपुंसकलिङ्ग में और 'एक ही बाण से दुष्यन्त सभी असुरों का विनाश कर सकते हैं'—यह दिखाने के लिए एक वचन में रखा गया है । फिर, 'एको वृक्षः पञ्च नौका भवति' की भाँति 'कृताः' में बहुवचन हुआ है । कहा भी है—'प्रकृतेर्विकृतेर्वापि यत्रोक्तत्वं द्वयोरपि । वाचकः प्रकृतेः संख्यां गृह्णाति विकृतेर्न तु ।' हरिणा—'हरिर्यमानिलेन्द्रार्कविष्णुसिंहांशुवाजिषु । शुकाहिकपिभेकेषु हरिर्ना कपिले त्रिषु' इत्यमरः प्रसादसौम्यानि—प्रसादेन सौम्यानि (तृ० त०) । प्रसाद-प्रेम, कृपा । सौम्य-सुन्दर,सोम + ष्यञ्, अथवा सोमो देवताऽस्येति । 'सौम्यं तु सुन्दरे सोमदैवत' इत्यमरः । (क) १. उत्तरार्द्ध सामान्य के द्वारा पूर्वार्ध विशेष का समर्थन होने से 'अर्थान्तरन्यास' अलङ्कार है । २. श्लोक का प्रथम चरण द्वितीय चरण के प्रति कारण होने से 'काव्यलिङ्ग' अलङ्कार है । ३. 'तव' और 'मयि' प्रस्तुत विशेष के स्थान पर 'सताम्' और 'सुहृज्जने' इस सामान्य का कथन होने से 'अप्रस्तुत प्रशंसा' है । ४. व्यतिरेक अलङ्कार भी है । (ख) वंशस्थ छन्द है ॥ ३४ ॥

संस्कृतटीका—ससम्भ्रमम्=सोद्वेगम् । अस्त्रम्=बाणम्, उपसंहरन्=अयोजनम् । अये=इति विस्मये ।

मनस्विन् !=प्रशस्तमनः !, अनेन=मातलिना, पशुमारणम्=पशोर्मारणमिव मारणं यस्मिन् कर्मणि तद्यथा स्यात्तथा, मारयितुम्=हन्तुम्, प्राप्तः=गृहीतः । स्वागतेन=स्वागतप्रश्नेन, अभिनन्दति=आद्रियते ।

'इष्टिपशुमारम्' इति वा पाठः । यथा—यागे पशुर्मार्यते तथेत्यर्थः ।

सस्मितम्=इति विदूषकवचनेन कौतुकोदयात् स्मितम् । यत्=यस्मात्

राजा—(घबराहट के साथ बाण धनुष से उतारता हुआ) अहो मातलि ! देवराज इन्द्र के सारथि ! मैं आपका स्वागत करता हूँ ।

विदूषक—ओ यशस्वी ! यह मुझे पशु की मौत मारना चाहता था, मगर तुम स्वागत करके इसका अभिनन्दन कर रहे हो ?

मातलि—मुस्कुराते हुए आयुष्मन् ! जिस कार्य से इन्द्र ने मुझे आपके पास

राजा—अवहितोऽस्मि ।

मातलिः—अस्ति कालनेमिप्रसूतिर्दुर्ज्जयो नाम दानवगणः ।

राजा—अस्ति, श्रुतपूर्वो मया नारदात् !

मातलिः—

सख्यस्तु स किल शतक्रतोरवध्य-
स्तस्य त्वं रणशिरसि स्मृतो निहन्ता ।
उच्छेत्तुं प्रभवति यन्न सप्तसप्ति-
स्तन्नैशं तिमिरमपाकरोति चन्द्रः ॥ ३५ ॥

हरिणा = इन्द्रेण । अस्मि = अहम् ।

अवहितोऽस्मि = कृतावधानोऽस्मि, श्रोतुमिति शेषः ।

कालनेमिप्रसूतिः = कालनेमिः तदाख्यासुरः तस्य प्रसूतिः-सन्ततिः, दुर्जयः = दुःखेन जीयत इति दुर्जयः, जेतुमशक्य इत्यर्थः । नाम = इति सम्भावनायाम् ।

श्रुतपूर्वः = अस्मीति मया पूर्वं श्रुत इत्यर्थः, स दानवगण इत्यनुषज्यते ।

टिप्पणी—उपसंहरन्—उप+सम्+हृ+शतृ । रोकते हुए । पशुमारणम्—यह 'मारयितुम्' क्रिया का विशेषण है । पशु के समान मारने के लिए । 'इष्टिपशुमारम्' भी पाठ है—यज्ञिय पशु के समान मारा है । √यज्+क्तिन्—इष्टि । इष्टि—पशु√मृ+णिच्+णमुल्—इष्टिपशुमारम् । कालनेमिप्रसूतिः—कालनेमि नामक दैत्य की सन्तान । यह दैत्य हिरण्यकशिपु का पुत्र था । इसके सौ सिर और सौ हाथ थे । विष्णु ने इसे मारा था । प्रसूतिः—प्र+सू+क्तिन् । दानव—दनु के पुत्र, राक्षस । कश्यप की पत्नी दनु दक्ष की पुत्री थी । नारद = ब्रह्मा के दस मानस पुत्रों में से एक हैं । ये देवर्षि हैं ।

अन्वयः—सः किल ते सख्युः शतक्रतोः अवध्यः, त्वं रणशिरसि तस्य निहन्ता स्मृतः, सप्तसप्तिः यत् नैशं तिमिरम् उच्छेत्तुं न प्रभवति तत् चन्द्रः अपाकरोति ॥ ३५ ॥

भेजा है, वह सुनिये ।

राजा—मैं सावधान हूँ ।

मातलि—कालनेमि के वंशज कुछ दुर्जय राक्षसों का समुदाय है ।

राजा—हाँ, मैंने नारद द्वारा सुना था ।

मातलि—

ये सब दानव तुम्हारे मित्र इन्द्र द्वारा नहीं मारे जा सकते । संग्राम में आप ही उसका वध कर सकेंगे ऐसा उन्होंने विचार किया है । क्योंकि सूर्य जिस अन्धकार को नष्ट करने में समर्थ नहीं होता, उस रात्रिकालीन अन्धकार को चन्द्रमा नष्ट कर दिया करता है ॥ ३५ ॥

स भवानात्तशस्त्र एवेदानीं देवरथमारुह्य विजयाय प्रतिष्ठताम् ।

शब्दार्थः—सः=वह, किल=निश्चय ही, ते=आप के, सख्युः=मित्र, शतक्रतोः=इन्द्र के द्वारा, अवध्यः=अवध्य है; त्वम्=आप, रणशिरसि=युद्धभूमि में, तस्य=उसके, निहन्ता=मारने वाले, स्मृतः=माने गये हो (क्योंकि) सप्तसप्तिः=सूर्य, यत्=जिस, नैशम्=रात्रि के, तिमिरम्=अन्धकार को, उच्छेत्तुम्=नष्ट करने में, न=नहीं, प्रभवति=समर्थ होता है; तत्=उसको, चन्द्रः=चन्द्रमा, अपाकरोति=दूर करता है ॥ ३५ ॥

संस्कृतटीका—सः=दानवगणः किल=वस्तुतः, ते=तव दुष्यन्तस्य, सख्युः=मित्रस्य, शतक्रतोः=इन्द्रस्य, अवध्यः=हन्तुमशक्यः, त्वम्=राजा दुष्यन्तः, रणशिरसि=युद्धाग्रे, तस्य=दानवगणस्य, निहन्ता=घातकः, स्मृतः=कथितः; सप्तसप्तिः=सूर्यः, यत् नैशम्=यत् रात्रिभवम्, तिमिरम्=अन्धकारम्, उच्छेत्तुम्=विनाशयितुम्, न=नहि प्रभवति=समर्थो भवति; तत्=तमः, चन्द्रः=हिमांशुः, अपाकरोति=दूरीकरोति ॥ ३५ ॥

भावार्थः—सः दानवगणः किल ते मित्रस्य इन्द्रस्य हन्तुमशक्यः, त्वं प्रधान-सङ्ग्रामे तस्य घातकः सूर्यः यत् रात्रिभवं तमः विनाशयितुं नहि शक्नोति तत् चन्द्रः विनाशयति ॥ ३५ ॥

टिप्पणी—शतक्रतोः—शतं क्रतवो यस्य स शतक्रतुः (बहु०) तस्य। सौ अश्वमेध यज्ञ करने पर इन्द्र पद की प्राप्ति होती है। अवध्यः—'अजय्यः' भी पाठ है—न जय्यः अजय्यः। 'क्षय्यजय्यौ शक्यार्थे' से 'जय्य' शब्द निपातन से बनता है रणशिरसि—प्रधान सङ्ग्राम में। सप्तसप्तिः—सप्त सप्तयः अश्वाः यस्य स सप्तसप्तिः (बहु०)। सूर्य। सूर्य की सात रंग की किरणें उनके सात घोड़े माने जाते हैं। कुछ विद्वान् सूर्य के रथ में जोते जाने वाले सात घोड़ों को ही मानते हैं; किरणों को घोड़ों के रूप में नहीं मानते। नैशं तिमिरम्—निशा अर्थात् रात्रि से सम्बन्धित अन्धकार को। (क) यहाँ इन्द्र को सूर्य तथा दुष्यन्त को चन्द्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। भाव यह है कि जैसे सूर्य जिस रात्रि के अन्धकार को दूर नहीं कर पाते हैं उस रात्रि के अन्धकार को चन्द्रमा दूर कर देता है। उसी प्रकार इन्द्र जिन राक्षसों को नहीं मार पाते हैं उन पर राजा दुष्यन्त ही विजय प्राप्त कर सकते हैं। (ख) यहाँ दृष्टान्तालङ्कार है। (ग) प्रहर्षिणी छन्द है ॥ ३५ ॥

संस्कृतटीका—आत्तशस्त्रः=गृहीतायुधः, देवरथम्=व्योमयानमिदम्।

अतएव आप अभी अपने सब शस्त्रों को लेकर और देवरथ पर बैठ कर उन

राजा—अनुगृहीतोऽस्मि अनया मघवतः सम्भावनया। अथ माधव्यं प्रति भवता किमेवं प्रयुक्तम् ?

मातलिः—[सस्मितम्] तदपि कथ्यते। किञ्चिन्निमित्तादपि मनःसन्तापादायुष्मान् मया विक्लवो दृष्टः पश्चात् कोपयितुमायुष्मन्तं तथा कृतवानस्मि। कुतः—

ज्वलति चलितेन्धनोऽग्निर्विप्रकृतः पन्नगः फणां कुरुते।
तेजस्वी संक्षोभात् प्रायः प्रतिपद्यते तेजः ॥ ३६ ॥

विजयाय=विजेतुम्, प्रतिष्ठताम्=गच्छतु।

मघवतः=इन्द्रस्य, सम्भावनया=बहुमत्या। किम्=कथम्, प्रयुक्तम्=अनुष्ठितम्।

कथ्यते=मयेति शेषः। किञ्चिन्निमित्तात्=किञ्चित् अस्माभिरज्ञातं किमपि निमित्तं कारणं यस्य स तस्मात्, मनःसन्तापात्=मनस्तापात्, आयुष्मान्=आयुःप्राशस्त्यवान्, भवान्, विक्लवः=अधीरः, अस्वभावस्थ इत्यर्थः, पश्चात्=अस्वभावस्थत्वदर्शनान्तरम्, आयुष्मन्तम्=भवन्तम्, कोपयितुम्=कोपाविष्टं कर्तुम्, तथा=माधव्यग्रीवापीडनम्।

टिप्पणी—विजयाय—'तुमर्थाच्चभाववचनात्' सूत्र से चतुर्थी है। प्रतिष्ठताम्—यहाँ 'समवप्रविभ्यः स्थः' सूत्र से आत्मनेपद है। मघवतः—मघवन् शब्द के षष्ठी के एकवचन का रूप है। 'मघवा बहुलम्' सूत्र से मघवन् को विकल्प से तृ अन्तादेश होने पर मघवत् हो जाता है। अतः 'मघवतः' और 'मघोनः' रूप बनते हैं। इन्द्र के। सम्भावनया—सम्+√भू+णिच्+युच्—अन्+टाप्। आदर या सम्मान से। अथ—यह शब्द प्रश्नार्थक है। 'मङ्गलानन्तरारम्भप्रश्नकार्त्स्न्येष्वथो अथ' इत्यमरः। विक्लवः—अधीर। 'विक्लवः' पाठ भी है—व्याकुल। कोपयितुम्—कुप्+णिच्+तुमुन्।

अन्वयः—अग्निः चलितेन्धनः ज्वलति, पन्नगः विप्रकृतः फणां कुरुते। तेजस्वी प्रायः संक्षोभात् प्रतिपद्यते ॥ ३६ ॥

असुरों को जीतने के लिए चलें।

राजा—देवराज के इस सम्मान से मैं अपने को अनुगृहीत मानता हूँ। लेकिन आपने माधव्य के प्रति ऐसा व्यवहार क्यों किया ?

मातलि—(थोड़ा मुस्कुराकर) वह भी बताता हूँ। किसी कारण वश मैंने आपको शोकाकुल देखा था अतः आपको क्रुद्ध करने के लिये ही मैंने ऐसा किया है। क्योंकि—

काष्ठ को इधर-उधर खिसकाने से आग धधकती है और छेड़ने से साँप फन

राजा—युक्तमनुष्ठितं भवद्भिः। [विदूषकं प्रति] वयस्य! अनतिक्रमणीया दिवस्पतेराज्ञा, तद्गच्छ परिगतार्थं कृत्वा मद्वचनादमात्यपिशुनं ब्रूहि।

शब्दार्थः—अग्निः = अग्नि, चलितेन्धनः = इन्धन के हिलाने-डुलाने से, ज्वलति = प्रज्वलित हो जाती है। पन्नगः = सर्प, विप्रकृतः = छेड़ने पर, फणाम् = फन को, कुरुते = फैलता है। (इसी प्रकार) तेजस्वी = तेजस्वी लोग, प्रायः = बहुधा, संक्षोभात् = उत्तेजना पाने पर, तेजः = तेज, प्रतिपद्यते = प्रकट करते हैं॥ ३६॥

संस्कृतटीका—अग्निः = वह्निः, चलितेन्धनः = विपर्यस्तकाष्ठः, ज्वलति = दीप्यते; पन्नगः = सर्पः, विप्रकृतः = उद्वेजितः सन्; फणाम् = फटाम्, कुरुते = विस्तारयति; तेजस्वी = तेजोविशिष्टः प्रायः = बाहुल्येन, संक्षोभात् = सम्यक् क्षोभम्, उत्तेजनां प्राप्येत्यर्थः,। तेजः = पराक्रमम्, प्रतिपद्यते = प्रकटयति॥ ३६॥

भावार्थः—अनलः चलितेन्धनः प्रदीप्तो भवति, सर्पः विप्रकृतः फटां विस्तारयति। तेजस्वी पुरुषः संक्षोभात् बाहुल्येन पराक्रमम् आसादयति॥ ३६॥

टिप्पणी—चलितेन्धनः—चलितानि इन्धनानि यस्य सः (बहु०)। 'काष्ठं दार्विन्धनं त्वेधः' इत्यमरः। जिस अग्नि के इन्धन काष्ठ को हिला डुला दिया गया है। पन्नगः—'उरगः पन्नगो भोगी जिह्मगः पवनाशनः' इत्यमरः। साँप। विप्रकृतः—वि+प्र+कृ+क्त। छेड़ने पर। प्रायः='प्रायश्चानशने मृत्यौ प्रायः बाहुल्यतुल्ययो' इत्यमरः। अधिकांश। (क) १. यहाँ 'भवान्' के स्थान पर 'तेजस्वी' इस सामान्य कथन से अप्रस्तुतप्रशंसा' अलङ्कार है। २. उत्तरार्द्ध सामान्य के द्वारा पूर्वार्द्ध विशेष का समर्थन होने से 'अर्थान्तरन्यास' अलङ्कार है। ३. कुछ विद्वान् यहाँ दृष्टान्त एवं प्रतिवस्तूपमा भी मानते हैं। (ख) आर्या छन्द है॥ ३६॥

संस्कृतटीका—युक्तम् = उचितम्, अनुष्ठितम् = आचरितम्। दिवस्पतेः = स्वर्गाधीश्वरस्य महेन्द्रस्य, आज्ञा, अनतिक्रमणीया = अनवहेलनीया, परि-

---

फैलाता है। इसी तरह तेजस्वी मनुष्य उत्तेजना पाने पर प्रायः अपना तेज प्रगट करते हैं॥ ३६॥

राजा—आपने ठीक ही किया। (विदूषक के प्रति) मित्र! देवराज की आज्ञा टाली नहीं जा सकती, इसलिये जाओ और महाराज इन्द्र का यह समाचार हमारे ही शब्दों में सुना कर मंत्री पिशुन से कह दो—

त्वन्मतिः केवला तावत् प्रतिपालयतु प्रजाः ।
अधिज्यमिदमन्यस्मिन् कर्म्मणि व्यापृतं धनुः ॥ ३७ ॥

गतार्थम्=परिगतः परिज्ञातः अर्थः अयं वृत्तान्तो येन तं तथाभूतम्, कृत्वा= एतद्वृत्तान्ताभिज्ञं कृत्वेत्यर्थः, मद्वचनात्=मद्वचनमवलम्ब्य, अमात्य-पिशुनम्=पिशुननामानं प्रधानं मन्त्रिणम्, ब्रूहि ।

टिप्पणी—अनतिक्रमणीया—न अतिक्रमणीया अनतिक्रमणीया । अवहेलना के योग्य नहीं है । दिवस्पतेः—दिवः पतिः दिवस्पतिः (ष० ष०) । यहाँ 'तत्पुरुषे कृति बहुलम्' से षष्ठी का अलुक् और 'कस्कादिषु च' से विसर्ग का सत्व । यदि 'दिवस्पति' को वैदिक प्रयोग मानें तो 'दिवः पतिः' में 'षष्ठ्या पतिपुत्र०' इत्यादि सूत्र से षष्ठी का अलुक् तथा विसर्ग को 'स' होकर 'दिवस्पति' शब्द बना है। परिगतार्थम्—परिगतः अर्थः येन सः (बहु०); तम् । समाचार से अवगत ।

अन्वयः—केवला त्वन्मतिः तावत् प्रजा परिपालयतु, (यावत्) इदम् अधिज्यं धनुः अन्यस्मिन् कर्मणि व्यापृतम् ॥ ३७ ॥

शब्दार्थः—केवला=अकेली, त्वन्मतिः=तुम्हारी बुद्धि, तावत्=तब तक, प्रजाः=प्रजा का, परिपालयतु=पूर्णरूप से पालन करे । (जब तक) इदम्=यह, अधिज्यम्=चढ़ी हुई डोरी वाला, धनुः=धनुष, अन्यस्मिन्=दूसरे, कर्मणि=कार्य में, व्यापृतम्=संलग्न है ॥ ३७ ॥

संस्कृतटीका—केवला=एकाकिनी, त्वन्मतिः=तव अमात्यस्य बुद्धिः, तावत् प्रजाः=राज्यजनान्, परिपालयतु=रक्षतु, इदम्=एतत्, अधिज्यम्=मौर्वीयुक्तम्, धनुः=शरासनः, अन्यस्मिन् कर्मणि=देवेन्द्रसाहाय्यरूपे दानववध-कर्मणि, व्यापृतम्=संलग्नम्, अस्तीति शेषः ॥ ३७ ॥

भावार्थः—एकाकिनी तव बुद्धिः तावत् प्रकृतीः परिपालयतु एतत् मौर्वीयुक्तं धनुरन्यस्मिन् कार्ये वियुक्तमस्ति ।

टिप्पणी—केवला—एकमात्र तुम्हारी बुद्धि ही प्रजा की रक्षा करे । अर्थात् अब तक तुम्हारी बुद्धि और मेरा धनुष प्रजा की रक्षा करते थे । किन्तु अब धनुष तो दानव वध के लिए जा रहा है । अधिज्यम्—अध्यारूढा ज्या यत्र तत् (बहु०) ज्या-मौर्वी, 'मौर्वी ज्या शिञ्जिनी गुणः' इत्यमरः । (क) यहाँ राजा के उत्साह की अधिकता से वीर रस का परिपोष हो रहा है । (ख) काव्यलिङ्ग अलङ्कार है । (ग) पथ्यावक्त्र छन्द है ॥ ३७ ॥

अब कुछ रोज एकमात्र आपकी बुद्धि ही समस्त प्रजा का पालन करे । (क्योंकि) गुणयुक्त मेरा यह धनुष दूसरे काम में लग रहा है ॥ ३७ ॥

विदूषकः—यद्भवानाज्ञापयति । (जं भवं आणवेदि) [इति निष्क्रान्तः]

मातलिः—आयुष्मान् ! रथमारोहतु ।

[राजा तथा करोति]

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे]

॥ इति षष्ठोऽङ्कः ॥ ६ ॥

——०——

संस्कृतटीका—निष्क्रान्तः=विदूषक इति शेषः ।

रथम्=देवरथम् ।

तथा करोति=रथमारोहतीत्यर्थः ।

इति=एवं वृत्ते सती इत्यर्थः । सर्वे=दुष्यन्तादयः ।

टिप्पणी—राजा यहाँ राज्य रक्षा का कार्य मन्त्री को सौंपता है । महाकवि भारवि ने भी कहा है—'सदानुकूलेषु हि कुर्वते रतिं नृपेष्वमात्येषु च सर्वसम्पदः ।'

॥ इति महाकवि पं० रामकुबेर मालवीयात्मज डा० सुधाकरमालवीय० कृतायाम् अभिज्ञानशाकुन्तलव्याख्यायां 'ज्योत्स्नायां' शकुन्तलाविरहो नाम षष्ठोऽङ्कः ॥ ६ ॥

——०——

विदूषक—श्रीमान् की जो आज्ञा । (चला जाता है)

मातलि—आप रथ पर, बैठें ।

राजा—(रथ पर बैठता है)

(सब जाते हैं)

॥ इस प्रकार शकुन्तला-विरहा नामक षष्ठ अंक समाप्त ॥ ६ ॥

——०——

अथ सप्तमोऽङ्कः

[ततः प्रविशत्यकाशवर्त्मना रथारूढो राजा मातलिश्च]

---

* ज्योत्स्ना *

ज्ञानेनाकाशकल्पेन धर्मान् यो गगनोपमान् ।
ज्ञेयाभिन्नेन सम्बद्धस्तं वन्दे देवकीसुतम् ।। १ ।।
रूपके कालिदासस्य शाकुन्तलप्रकाशिका ।
रस-भावयुक्ता चेयं व्याख्या नव्या विरच्यते ।। २ ।।

अथास्मिन् सप्तमेऽङ्के युद्धस्य नाटके साक्षाद् आदर्शनीयतया कृतकार्यस्य स्वर्गाद् प्रतिनिवर्तमानस्य राज्ञो दुष्यन्तस्य वाक्यैरेवासुरयुद्धसूचनमत्र बोध्यम् । अथ राज्ञो दुष्यन्तस्य इन्द्रसारथिना मातलिना सह प्रवेशमाह—तत = इत्यादिना ।

संस्कृतटीका—ततः = तत्पश्चात्; प्रविशति = रङ्गमञ्चे इति शेषः; आकाशवर्त्मना = आकाशमार्गेण, रथाधिरूढः = इन्द्रस्यन्दनोपविष्टः, राजा = दुष्यन्तः, मातलिश्च = इन्द्रसारथिश्च ।

टिप्पणी—अस्मिन् सप्तमेऽङ्केऽङ्कसमाप्तिपर्यन्तं निर्बहणसन्धिः बोद्धव्यः । विश्वनाथपादस्तु—शकुन्तलाभिज्ञानात् परमासमाप्ति निर्वहणसन्धिरित्याहुः । तल्लक्षणं यथा साहित्यदर्पणे—

'बीजवन्तो मुखाद्यर्था विप्रकीर्णा यथायथम् ।
एकार्थमुपनीयन्ते यत्र निर्बहणं हि तत् ।।'

केचित्तु अत्राभिज्ञानात् परं निर्वहणसन्धिः, ततः परं पूर्वं तु सप्तमेऽङ्के विमर्शसन्धिरेव कथयन्ति । किञ्चात्र शकुन्तलाप्राप्तिरूपं कार्यं नामार्थप्रकृतिर्दर्शिता, कार्यस्य च दुष्यन्तस्य पुत्रेण सह स्त्रिया लाभात् फलागमो नामावस्था निबद्धा । यथा च दर्पणे—

---

* सरला *

(आकाशपथ से जाते हुये रथारूढ मातलि और राजा का प्रवेश)

राजा—मातले ! अनुष्ठितनिदेशोऽपि मघवतः सत्क्रियाविशेषादनुपयुक्तमिवात्मानं समर्थये ।

अपेक्षितं तु यत्साध्यमारम्भो यन्निबन्धनः ।
समापनं तु यत्सिद्धयै तत्कार्यमिति सम्मतम् ॥
अवस्थाः पञ्च कार्यस्य प्रारब्धस्य फलार्थिभिः ।
प्रारम्भयत्नप्राप्त्याशा नियताप्तिफलागमाः ॥''

फलागम लक्षणमुक्तं तत्रैव—

'सावस्था फलयोगः स्याद् यः समग्रफलोदयाः ।'

अत्राङ्के रसस्तु वीरोऽद्भुतश्च रतिर्देवादिविषयेति लक्षितो भावश्च, तथा शकुन्तलायाः प्रवेशात् परतो रसः श्रृङ्गारः, स चाङ्गी ।

संस्कृतटीका—मातले !=हे देवेन्द्रसारथे ! **अनुष्ठितनिदेशोऽपि**=दुर्जयदानवगणवधद्वारा प्रतिपालितेन्द्रशासनः, विजितदानव इति यावत्, **मघवतः**=इन्द्रस्य, **सत्क्रियाविशेषात्**=सम्मानातिशयात्, सत्क्रियाः विशेषात्-सत्कारातिशयसम्मानाधिक्यात्, सत्कारातिशय सम्पादनं विलोक्येत्यर्थः । **आत्मानम्**=स्वम्; **अनुपयुक्तमिव**=अयोग्यमिव, इन्द्रं प्रति अकृतोपकारमिवेति यावत्, **समर्थये**=सम्भावयामि । इन्द्रं प्रति यन्मया कार्यं कृतं तदिन्द्रसत्कारस्य सहस्रांशेनापि तुलयितुं न क्षममिति भावः ।

टिप्पणी—(क) यहाँ राक्षसों के साथ युद्ध का वृत्तान्त नाटक में नहीं दिखाया गया है । वस्तुतः 'दूराह्वानं वधो युद्धम्' इत्यादि दृश्य निषिद्ध माने गए हैं । यहाँ पर जब दुष्यन्त ने दुर्जय दैत्य पर विजय पाई तब प्रसन्न होकर इन्द्र ने स्वर्ग में दुष्यन्त का अत्यधिक स्वागत सत्कार किया । इसके पश्चात् इन्द्र से अवकाश लेकर राजा दुष्यन्त मातलि के साथ मर्त्यलोक को वापस लौटे । (ख) इस अङ्क में समाप्तिपर्यन्त निर्बहणसन्धि है । किन्तु कुछ विद्वानों के अनुसार अभिज्ञान के बाद से लेकर निर्बहणसन्धि है और उससे पूर्व सप्तम अङ्क में भी विमर्श सन्धि ही है । निर्वहण का लक्षण रसार्णवसुधाकर में इस प्रकार है—

'मुखसन्ध्यादयो यत्र विकीर्णा बीजसंयुताः ।
महाप्रयोजनं यान्ति तन्निर्वहणमुच्यते ॥'

आकाशवर्त्मना—आकाशमार्ग से । अनुष्ठितनिदेशः—अनुष्ठितः निदेशः येन सः (बहु०) । निदेशः—नि + दिश् + घञ् । 'प्रैष्यादेशाज्ञानियोगः शासनं

राजा—मातलि ! यद्यपि मैंने देवराज की आज्ञा का पालन किया है, फिर भी यही सोचता हूँ कि उन्होंने जो मेरा इतना सम्मान किया है, मैं उसके योग्य नहीं हूँ ।

मातलिः—[सस्मितम्] आयुष्मन् ! उभयत्राप्यसन्तोषमवगच्छ !
कुतः—

उपकृत्य हरेस्तथा भवान् लघु सत्कारमवेक्ष्य मन्यते ।
गणयत्यवदानसम्मितां भवतः सोऽपि न सत्क्रियामिमाम् ॥ १ ॥

तथा'-इति धनञ्जयः। मघवतः– इन्द्र का। इसका सम्बन्ध निदेश एवं सत्क्रिया' दोनों से है। **अनुपयुक्तम्**—न उपयुक्तमिति अनुपयुक्तम्। अयोग्य।

संस्कृतटीका– सस्मितम्=सेषद्धासम्। उभयत्रापि=भवति मघवती च, असन्तोषम्=अपरितोषम्, अवगच्छ=जानीहि।

टिप्पणी—असन्तोषम्—न सन्तोषमिति, असन्तोषम् (नञ्०)। नञ् + सम् + तुष + घञ। 'अपरितोषम्' भी पाठ है।

अन्वयः—भवान् हरेः तथा उपकृत्य सत्कारम् अवेक्ष्य लघु मन्यते। सोऽपि इमां सत्क्रियां भवतः अवदानसम्मितां न गणयति ॥ १ ॥

शब्दार्थः—भवान्=आप, हरेः=इन्द्र का, तथा=वैसा, उपकृत्य सत्कारम्=उपकार करके (उनके द्वारा किए गए) सत्कार को, अवेक्ष्य=देखकर, लघु मन्यते=(स्वकृत उपकार को) तुच्छ समझते हैं। सोऽपि=वे (इन्द्र) भी, इमां सत्क्रियाम्=इस सत्कार को, भवतः=आप के, अवदान-सम्मिताम्=पराक्रम; या आपके द्वारा किए गए उपकार, के अनुरूप; न गणयति=नहीं समझते हैं ॥ १ ॥

संस्कृतटीका—भवान्=त्वम्; हरेः=इन्द्रस्य, तथा=दुर्जयदानवहननात्मकव्यापारसाधनद्वारा; उपकृत्य=अभीष्टं पूरयित्वा, सत्कारम्=परमसन्तुष्टेनेन्द्रेण कृतं सम्मानम्, अवेक्ष्य=अवलोक्य, लघु=स्वल्पम्, मन्यते=सम्भावयाति, तथा, सः=हरिरपि, इमाम्=स्वकृताम्, सत्क्रियाम्=सत्कारम्, भवतः=तव, अवदानसम्मिताम्=अवदानेन दुर्जयदानवगणहननरूपं व्यापारेण सम्मितां परिमिताम्; तदुपयुक्तामिति यावत्, न गणयति=न मन्यते ॥ १ ॥

भावार्थः—यथा इन्द्रकृतां सत्क्रियामवेक्ष्य भवान् स्वस्य श्रमं लघु मन्यते; तथैव भवत्पराक्रमादिकमवेक्ष्य महेन्द्रोऽपीमां स्वकृतां सत्क्रियामल्पीयसीमेव चिन्तय-

---

मातलि—(मुस्कुराते हुए) आयुष्मान्। असन्तोष दोनों तरफ है, क्योंकि—
आप इस प्रकार इन्द्र का उपकार करके भी उनके द्वारा किये गये सत्कार को देखकर इस सेवा को तुच्छ समझते हैं और उधर देवराज भी इस सम्मान को आपके (द्वारा किए गए) उपकार (पराक्रम) की अपेक्षा स्तुत्य नहीं मानते ॥ १ ॥

राजा—मातले ! मा मैवम्। खलु मनोरथानामपि दूरवर्त्ती, यो

तीत्युभयोरपि तुल्यैवाकृतार्थता। तस्माद् युवामन्योन्यस्य कृतज्ञो स्थः—इति भावः।। १ ।।

टिप्पणी—अवदानसम्मिताम्—पराक्रम के अनुरूप 'पराक्रमोऽवदानं स्यात्' इति भागुरिः। द्र० रघु० ११.२१ पर मल्लिनाथ। (क) १. यहाँ सत्काररूपी कारण के रहते हुए भी गणनारूपी कार्य के न होने से 'विशेषोक्ति अलङ्कार है। २. गुणों के गणना के अभाव रूप कार्य के होने पर भी इसके कारण का अभाव है अतः 'विभावना' अलङ्कार है। (ख) सुन्दरी छन्द है।। १ ।।

इस श्लोक का पाठभेद इस प्रकार प्राप्त होता है—

प्रथमोपकृतं मरुत्वतः प्रतिपत्त्या लघु मन्यते भवान्।
गणयत्यवदानविस्मितो भवतः सोऽपि न सत्क्रियागुणान्।। १ ।।

अन्वयः—भवान् मरुत्वतः प्रतिपत्त्या प्रथमोपकृतं लघु मन्यते, सः अपि भवतः अवदानविस्मितः सत्क्रियागुणान् न गणयति।

शब्दार्थः—भवान्=आप, मरुत्वतः=इन्द्र के, प्रतिपत्त्या=गौरव से, किये सत्कार से, प्रथमोपकृतम्=पहले किये गये उपकार को, लघु=छोटा, तुच्छ, मन्यते=समझते हैं, सः=वह, अपि=भी, भवतः=आप के, अवदानविस्मितः=पराक्रम (अवदान) से आश्चर्ययुक्त, सत्क्रियागुणान्=सत्कार के महत्त्व को, न=नहीं, गणयति=गिनते हैं।।

अनुवाद—आप इन्द्र के किये गये सत्कार से (इन्द्र के प्रति अपने द्वारा) पहले किये गये उपकार को छोटा (तुच्छ) मानते (समझते) हैं। वह (इन्द्र) भी आप के पराक्रम (विशिष्ट वीरता) से आश्चर्यचकित होकर (आप के प्रति अपने द्वारा किये गये) सत्कार के महत्त्व को (कुछ भी) नही गिनते (समझते) हैं।

संस्कृतटीका—भवान्=दुष्यन्तः, मरुत्वतः=इन्द्रस्य, प्रतिपत्त्या=गौरवेण, इन्द्रकृतया पूजया इत्यर्थः, प्रथमोपकृतम्=पूर्वकृतम्, उपकारम्, लघु=स्वल्पम्, मन्यते=विचारयति; सः अपि=इन्द्र अपि, भवतः=दुष्यन्तस्य, अवदानविस्मितः=भवतः पराक्रमेण आश्चर्यान्वितः, सत्क्रियागुणान्=सत्कारस्य महत्त्वम्, न गणयति=न बहुमन्यते।

टिप्पणी—प्रतिपत्त्या—प्रति+पद्+क्तिन्, तृ०, एक०। प्रथमोपकृतम्—प्रथमं च यत् उपकृतं च (कर्म०)। अवदानविस्मितः—अवदानेन विस्मितः (तत्पु०)। सत्क्रियागुणान्—सत्क्रियायाः गुणान् (तत्पु०)।। १ ।।

संस्कृतटीका—मातले मा मैवम्=ब्रूहीति शेषः। विसर्जनावसरे=मम

राजा—मातलि ! नहीं, ऐसा न कहिये। मुझे विदा करते समय उन्होंने मेरा

विसर्जनावसरे सत्कारः । मम हि दिवौकसां समक्षमर्द्धासनोपवेशितस्य ।

अन्तर्गतप्रार्थनमन्तिकस्थं
जयन्तमुद्वीक्ष्य कृतस्मितेन ।
आमृष्टवक्षोहरिचन्दनाङ्का
मन्दारमाला हरिणा पिनद्धा ॥ २ ॥

प्रस्थापन काले, यः सत्कारः=सम्माननम्, वासवेन कृत इति शेषः, स खलु सत्कारः, मनोरथानाम्=अभिलाषाणामपि, दूरवर्त्ती=अगोचरः, हि=यस्मात्, दिवौकसाम्=द्यौः-स्वर्गः ओकः—वासस्थानं येषां तादृशानामन्येषां देवानाम्, समक्षम्=प्रत्यक्षमास्थानमण्डपे, अर्द्धासने=स्वासनार्द्धभागे, उपवेशितस्य=इन्द्रेण स्वयं गृहीत्वा निवेशितस्य मम्=इत्यस्य 'हरिणा मन्दारमाला पिनद्धा' इति श्लोकस्थवाक्येनान्वयः ।

टिप्पणी—विसर्जनावसरे—विदाई के समय । मनोरथानामपि दूरवर्ती—मनोरथातीत या आशातीत अर्थात् जहाँ मनोरथों की भी पहुँच नहीं है । दूरवर्ती के स्थान पर 'भूमिः' भी पाठभेद है । अर्थ वही होगा । दिवौकसाम्—द्यौः स्वर्गः ओकः वासस्थानं येषां ते दिवौकस पृषोदरादित्वात् अकार के आगम पर ओकस, ओकार का औकार, प्रत्ययान्त दिव् धातु से निष्पन्न या अकारान्त दिव शब्द से ओक की सन्धि हुई है । देवताओं के । समक्षम्—अक्ष्णो समीपे इति समक्षम् (अव्य० स०) । 'प्रतिपरसमनुभ्योऽक्ष्णः' इस गण सूत्र से समासान्त टच् प्रत्यय है ।

अन्वयः—अन्तिकस्थम् अन्तर्गतप्रार्थनं जयन्तम् उद्वीक्ष्य कृतस्मितेन हरिणा आमृष्टवक्षोहरिचन्दनाङ्का मन्दारमाला पिनद्धा ॥ २ ॥

शब्दार्थः—अन्तिकस्थम्=समीप में स्थित, अन्तर्गतप्रार्थनम्=भीतर ही भीतर इच्छुक, जयन्तम्=जयन्त को; उद्वीक्ष्य=देखकर, कृतस्मितेन=मुस्कुराते हुए, हरिणा=इन्द्र के द्वारा; आमृष्टवक्षोहरिचन्दनाङ्का=वक्षःस्थल पर लगे हुए हरिचन्दन से चिह्नित; मन्दारमाला=मन्दारपुष्पों की माला, पिनद्धा=पहना दी गयी ॥ २ ॥

संस्कृतटीका—अन्तिकस्थं=समीपस्थम्, अन्तर्गतप्रार्थनम्=हृदयस्थिताभिलाषम्, जयन्तम्=एतदाख्यं स्वपुत्रम्, उद्वीक्ष्य=विलोक्य, कृतस्मितेन=

सम्मान किया, वह आशातीत सम्मान था । क्योंकि उन्होंने देवताओं के सामने मुझे अपने आधे आसन पर बैठाया था ।

(देवराज के समीप) में ही खड़े और मन ही मन मन्दारमाला के लिये प्रार्थी जयन्त को देखकर और कुछ मुस्कराते हुए इन्द्र ने वक्षःस्थल में लिप्त हरिचन्दन से अंकित मन्दार पुष्पों की माला (मुझे) पहना दी ॥ २ ॥

मातलिः—किमिव नायुष्मानमरेश्वरादर्हति ? पश्य—

सुखपरस्य हरेरुभयैः कृतं त्रिदिवमुद्धृतदानवकण्टकम् ।
तव शरैरधुना नतपर्वभिः पुरुषकेशरिणश्च पुरा नखैः ॥ ३ ॥

विहितमन्दहासेन, हरिणा=इन्द्रेण, आमृष्टवक्षोहरिचन्दनाङ्का=पृष्ट यत् वक्षःस्थं हरिचन्दनं तस्य चिह्नं यस्याः सा, मन्दारमाला=मन्दारप्रसूनानां माला, पिनद्धा=मम कण्ठे परिधापिता ॥ २ ॥

भावार्थः—समीपस्थं हृदयस्थिताभिलाषं जयन्तं विलोक्य विहितमन्दस्मितेन महेन्द्रेण आलिप्तवक्षोहरिचन्दनचिह्ना मन्दारपुष्पमाला स्वयमेव मम कण्ठे परिधापिता ॥ २ ॥

टिप्पणी—अन्तर्गतप्रार्थनम्—अन्तर्गता प्रार्थना यस्य तम् (बहु०)। **जयन्तम्**—'जयन्तः पाकशासनिः' इत्यमरः। इन्द्र का। **उद्वीक्ष्य**—उत्+वि+ईक्ष+क्त्वा—ल्यप्। ऊपर की ओर देखकर। **आमृष्टवक्षोहरिचन्दनाङ्का**—आमृष्टं यद् वक्षसः हरिचन्दनम्, तस्य अङ्कः यस्याः सा, हरिचन्दन—पद्मपुराण के अनुसार हरिचन्दन एक विशेष प्रकार का लेप है जो इन वस्तुओं से मिलाकर बनाया जाता है-'घृष्टं च तुलसीकाष्ठं कर्पूरागुरुयोगतः। अथवा केसरैर्योज्यं हरिचन्दनमुच्यते ।' **मन्दारमाला**—मन्दारपुष्पों की माला। स्वर्ग के प्रसिद्ध पाँच वृक्षों में से एक मन्दार है—'पञ्चैते देवतरवो मन्दारः पारिजातकः। सन्तानः कल्पवृक्षश्च पुंसि वा हरिचन्दनम् ॥' इत्यमरः। **पिनद्धा**—अपि+नह्+क्त+टाप्, वष्टि भागुरिरल्लोपम्०' आदि सूत्र से अपि के अ का लोप हो जाता है। (क) १. यहाँ विशेषणों के साभिप्राय होने से 'परिकर' अलङ्कार है। २. लोकोत्तर गौरव के वर्णन के कारण 'उदात्त' अलङ्कार है। (ख) उपजाति छन्द है ॥ २ ॥

संस्कृतटीका—आयुष्मान्=प्रशस्तायुःशाली भवान्, **अमरेश्वरात्**=देवाधिपतेः, आदातुमिति शेषः, **किमिव नार्हति ?**=सर्वमेव वस्तु आदातुं योग्यो भवतीत्यर्थः।

टिप्पणी—अमरेश्वरात्—अमराणाम् ईश्वरः-अमरेश्वरः, तस्मात्। देवराज इन्द्र से।

अन्वयः—अधुना नतपर्वभिः तव शरैः पुरा च (नतपर्वभिः) पुरुषकेसरिणः नखैः उभयैः सुखपरस्य हरेः त्रिदिवम् उद्धृतदानवकण्टकं कृतम् ॥ ३ ॥

मातलि—आप देवराज के पास से क्या नहीं पा सकते ? देखिये—

इस समय झुके हुए ग्रन्थि भाग वाले आपके बाणों ने और पूर्व समय में नृसिंह-रूपधारी नारायण के नख, इन दोनों ही ने भोग और विलास में आसक्त देवराज के स्वर्ग को दानवरूपी कण्टकों से रहित किया है ॥ ३ ॥

राजा—तत्र खलु शतक्रतोरेव महिमा। पश्य—

शब्दार्थः—अधुना=अब, नतपर्वभिः=झुकी हुई गाठों वाले, तव=आप के, शरैः=बाणों के द्वारा, पुरा च=और प्राचीन काल में, (नतपर्वभिः=अङ्गुलियों के जोड़ पर मुड़े हुए।) पुरुषकेसरिणः=नरसिंह भगवान् के, नखैः=नाखूनों के द्वारा, उभयैः=इन दोनों के द्वारा, सुखपरस्य=भोगों में लगे हुए, हरेः=इन्द्र के, त्रिदिवम्=स्वर्ग को, उद्धृतदानवकण्टकम्=दानवरूपी काटों से रहित, कृतम्=कर दिया गया है ॥ ३ ॥

संस्कृतटीका—अधुना=सम्प्रति, नतपर्वभिः=आकुञ्चितानि ग्रन्थयः येषां तैः, तव=दुष्यन्तस्य, शरैः=बाणैः, पुरा च=कृतयुगे च, (नतपर्वभिः=नत, ग्रन्थिभिः,) पुरुषकेसरिणः=नृसिंहस्य, नखैः=नखरैः; उभयैः=शरैः नखैश्च; सुखपरस्य=सुखोपभोगनिरतस्य, हरेः=इन्द्रस्य, त्रिदिवम्=स्वर्गः, उद्धृतदानवकण्टकम्=विनाशिताः दानवरूपाः कण्टकाः यस्मात् तादृशम्, कृतम्=विहितम् ॥ ३ ॥

भावार्थः—पुरा कृत युगे भगवतो नृसिंहस्य नखैः, सम्प्रति तु त्वदीयशरैः स्वर्गस्य कण्टकरूपा इन्द्रशत्रवो दूरीकृताः। अत एव महेन्द्रो निरन्तरं सुखमनुभवति। अत एवामरेन्द्रो भवतः साहाय्येनैव निष्कण्टकं राज्यमुपभुङ्क्ते इति भावार्थः ॥ ३ ॥

टिप्पणी—**सुखपरस्य**—सुखे परः, तस्य (स० त०)। 'अनुकूलवेदनीयं सुखम्' तर्कसंग्रह। सुखपरायण या भोग-विलास में आसक्त। **त्रिदिवम्**—त्रयः ब्रह्मविष्णुमहेशाः दीव्यन्ति यत्र तत् (बहु०)। 'त्रिदिवं सुखे स्वर्गे च त्रिदिवा नद्याम्' इति हैमः। स्वर्ग। यह शब्द पुल्लिङ्ग एवं नपुंसकलिङ्ग दोनों ही है: या तो घञर्थे आधारे कः, यद्वा त्रिदिवं सुखं विद्यते यत्र तत् अर्शआदित्वात् अच् प्रत्यय होगा। **उभय**—उभ्+अयच्। दोनों। 'उभय' शब्द के रूप एकवचन एवं बहुबचन में ही चलते हैं। द्विवचन में आचार्यों में मतैक्य नहीं है—१. 'उभयशब्दस्य द्विवचनं नास्ति' इति कैयटः। 'अस्ति' इति हरदत्तः (सिद्धान्तकौमुदी)। नतपर्वभिः—नतानि पर्वाणि येषां तैः (बहु०) जिनकी नोक कुछ दबी हुई है ऐसे बाण और (नख पक्ष में) कुछ झुके हुए नोक वाले नखों से। **उद्धृतदानवकण्टकम्**—उद्धृतं अपसारितं दानवरूपं कण्टकं यस्मात्, तत् तथाभूतम् (क) १. यहाँ उद्धृतदानवकण्टकम्' में लुप्तोपमालङ्कार है। २. श्लोक में प्रस्तुत दुष्यन्त के बाण और अप्रस्तुत नृसिंह के नख का 'कृतम्' इस एक ही क्रिया के साथ सम्बन्ध होने से 'दीपक' अलङ्कार है। ३. कुछ लोग 'तुल्ययोगिता' भी मानते हैं। (ख) द्रुतविलम्बित छन्द है ॥ ३ ॥

राजा—उस विषय में भी देवराज की महिमा ही कारण है। देखिए—

सिद्ध्यन्ति कर्मसु महत्स्वपि यन्नियोज्याः
सम्भावनागुणमवेहि तमीश्वराणाम् ।
किं प्राभविष्यदरुणस्तमसां वधाय
तञ्चेत् सहस्रकिरणो धुरि नाकरिष्यत् ॥ ४ ॥

संस्कृतटीका—तत्र = मत्कर्तृकदानवाद्धरणे, शतक्रतोः = इन्द्रस्य, महिमा = माहात्म्यम्, न समेति भावः ।

अन्वयः—महत्सु अपि कर्मसु नियोज्याः यत् सिध्यन्ति तम् ईश्वराणां सम्भावनागुणम् अवेहि, किं अरुणः तमसां वधाय प्राभविष्यत् चेत् सहस्रकिरणः तं धुरि न अकरिष्यत् ॥ ४ ॥

शब्दार्थः—महत्सु = महान्, अपि = भी, कर्मसु = कार्यों में, नियोज्याः = नियुक्त किये गये, सेवक, यत् = जो कि, सिध्यन्ति = सफल हो जाते हैं । तम् = उसको, ईश्वराणाम् = स्वामियों के, सम्भावनागुणम् = गौरव का गुण, अवेहि = समझो । किम् = क्या, अरुणः = (सूर्य का सारथि) अरुण, तमसाम् = अन्धकार का, वधाय = नष्ट करने वाला, प्राभविष्यत् = हो पाता, चेत् = यदि, सहस्रकिरणः = असङ्ख्य किरणों वाले सूर्य, तम् = उसको, धुरि = आगे, न = नहीं, अकरिष्यत् = किये होते ॥ ४ ॥

संस्कृतटीका—यत् महत्सु अपि = गुरुतरेषु अपि, कर्मसु = कार्येषु, नियोज्याः = अधीनस्थाः सेवकाः, सिध्यन्ति = सफलाः जायन्ते, तम् ईश्वराणाम् = प्रभूणाम्, सम्भावनागुणम् = गौरवविशेषम्, अवेहि = अवगच्छ; किम् = किमिति, अरुणः = सूर्यसारथिः, तमसाम् = अन्धकाराणाम्, वधाय = नाशयिता, प्रभविष्यत् = स्यात्, नैवाभविष्यदित्यर्थः । चेत् = यदि, सहस्रकिरणः = सूर्यः, तम् = अरुणम्, धुरि = अग्रे, न = नहि, अकरिष्यत् = अस्थापयिष्यत् ॥ ४ ॥

भावार्थः—गुरुतरेषु अपि कार्येषु सेवकाः जनाः सफलाः जायन्ते तं प्रभूणां गौरवगुणं जानीहि । किं वा अरुणः तमसां विनाशकः यदि तं सहस्रकिरणः सूर्यः अग्रे न अकरिष्यत् ॥ ४ ॥

टिप्पणी—नियोज्याः—नि + युज् + ण्यत् (कर्मणि) । सेवक, अधीनस्थ पुरुष । 'नियोज्यकिङ्करप्रेष्यभुजिष्यपरिचारिकाः'—इत्यमरः । सम्भावनागुणम्—सम्भावनायाः गुणम् (ष० त०) । गौरव की महिमा । अरुणः—सूर्य का सारथी;

महान कार्यों में भी सेवक जो सफल हो जाते हैं, उसे स्वामियों के गौरव का माहात्म्य ही जानिए । सूर्य अपने आगे धुरा में यदि न बिठाते तो क्या अरुण अन्धकार को नष्ट करने में समर्थ होते ॥ ४ ॥

मातलिः—सदृशं तवैतत् । [स्तोकमन्तरमतीत्य] आयुष्मन् ! इतः पश्य नाकपृष्ठप्रतिष्ठितस्य सौभाग्यमात्मयशसः ।

विच्छित्तिशेषैः सुरसुन्दरीणां
वर्णैरमी कल्पलतांशुकेषु ।
सञ्चिन्त्य गीतिक्षममर्थबन्धं
दिवौकसस्त्वच्चरितं लिखन्ति ॥ ५ ॥

'सूरसूतोऽरुणोऽनूरुः काश्यपी गरुडाग्रजः'—इत्यमरः । सहस्रकिरणः—सहस्रं किरणाः यस्य सः (बहु०) । सूर्य । धुरि—धुरा में । 'धूः स्त्री क्लीबे यानमुखम्' इत्यमरः । भाव यह है कि सेवक महान् कार्य में जो सफल होता है उसका कारण स्वामी का प्रभाव ही है । (क) १. यहाँ इन्द्र एवं राजा दुष्यन्तरूप विशेष के प्रस्तुत होने पर भी अप्रस्तुत स्वामी तथा सेवक का कथन होने के कारण 'अप्रस्तुतप्रशंसा' अलङ्कार है । २. उत्तरार्ध विशेष का पूर्वार्द्ध सामान्य से समर्थन होने से 'अर्थान्तरन्यास' अलङ्कार है । ३. कुछ विद्वान् उत्तरार्ध में 'दृष्टान्तालङ्कार' मानते हैं । (ख) वसन्ततिलका छन्द है ॥ ४ ॥

संस्कृतटीका—एतत्=कथनम्, तव=महापुरुषस्य, सदृशम्=उपयुक्तम्; स्तोकम्=अल्पम्, अन्तरम्=अवकाशम्, किञ्चिद्दूरमित्यर्थः, अतीत्य=प्रतिक्रम्य । आयुष्मन्=प्रशस्तायुःशालिन् ! इतः=निर्दिश्यमानायां दिशि; नाकपृष्ठप्रतिष्ठितस्य=नाकपृष्ठे स्वर्गतले प्रतिष्ठितस्य कृताधिपत्यस्य, आत्मयशसः=आत्मनः स्वस्य यशसः दानवजयजातायाः कीर्तेः, सौभाग्यम्=समधिकभाग्यवत्त्वम्, पश्य ।

टिप्पणी—नाकपृष्ठप्रतिष्ठितस्य—'स्वरव्ययं स्वर्गनाकत्रिदिवत्रिदशालयाः' इत्यमरः । नाक—स्वर्ग । स्वर्गलोक में प्रतिष्ठित ।

अन्वयः—अमी दिवौकसः गीतिक्षमम् अर्थबन्धं सञ्चिन्त्य सुरसुन्दरीणां विच्छित्तिशेषैः वर्णैः कल्पलतांशुकेषु त्वच्चरितं लिखन्ति ॥ ५ ॥

शब्दार्थः—अमी=ये, दिवौकसः=देवता लोग, गीतिक्षम्=गाये जाने योग्य, अर्थबन्धम्=अर्थ समूह को, भावों को, संचिन्त्य=सोचकर, सुरसुन्दरीणाम्=देवाङ्गनाओं के, विच्छित्तिशेषैः=अङ्गराग (प्रसाधन) से अवशिष्ट,

---

मातलि—आपके मुख से ऐसा ही उत्तर मिलना चाहिए । (थोड़ी दूर आगे चलकर) आयुष्मन् ! इधर देखिए स्वर्ग पर प्रतिष्ठित आपका यश कितना सुन्दर दिखता है ।

ये देवता गाने योग्य पद बनाकर देवांगनाओं के काम आने से बचे अंगराग द्वारा कल्पलता निर्मित वस्त्रों पर आपका चरित्र लिख रहे हैं ॥ ५ ॥

राजा—मातले ! असुरसम्प्रहारोत्सुकेन पूर्वेद्युर्दिवमधिरोहता न लक्षितोऽयं प्रदेशो मया; तत् कतमस्मिन् पथि वर्त्तामहे मरुताम् ?

वर्णैः=रङ्गों से, कल्पलतांशुकेषु=कल्पलता के रेशमी वस्त्रों पर; त्वच्चरितम्=आप के चरित को, लिखन्ति=लिख रहे हैं ॥ ५ ॥

संस्कृतटीका—अमी=एते, दिवौकसः=देवाः, गीतिक्षमम्=संगीतयोग्यम्; अर्थबन्धम्=पदावलिम्, संचिन्त्य=विचार्य, सुरसुन्दरीणाम्=देवाङ्गनानाम्; विच्छित्तिशेषैः=अङ्गरागावशिष्टैः, वर्णैः=रञ्जनसाधनैः, कल्पलतांशुकेषु=कल्पवृक्षसमुद्भूतवसनेषु, त्वच्चरितम्=तव दुष्यन्तस्य चरितम्, लिखन्ति=लिपिबद्धं कुर्वन्ति ॥ ५ ॥

भावार्थः—एते देवाः गानयोग्यं भावसमूहं विचार्य देवाङ्गनानाम् अङ्गराग-विशिष्टैः कल्पतरुसमुद्भूतवसनेषु परोपकारादिरूपं तव चरितं लिखन्ति ॥ ५ ॥

टिप्पणी—विच्छित्तिशेषैः—विच्छित्याः शेषैः (तृ० त०), विच्छित्ति—वि+छिद्+क्तिन् । अलङ्कार से बचे हुए । सुरसुन्दरीणाम्—सुराणां सुन्दर्यः, तासाम् (ष० त०) । देवाङ्गनाओं के । कल्पलतांशुकेषु—कल्पलतानाम् अंशुकेषु (ष० त०) । कल्पतरु से समुद्भूत वस्त्रों पर । सञ्चिन्त्य—सम+√चिन्त्+क्त्वा-ल्यप् । गीतिक्षमम्—संगीत के योग्य । अर्थबन्धम्—अर्थ की योजना वाले पदसमूह को । भाव यह है कि आपने जो दुर्जयदानवगण को मारा है, उस पराक्रम को ये देवगण पद्यरूप में सुरसुन्दरियों के अलङ्कार से बचे हुए रंगों से कल्पलता-प्रसूत वस्त्रों पर लिपिबद्ध कर रहे हैं । (क) १. विशिष्ट पदार्थों के वर्णन के कारण 'उदात्त' अलङ्कार है । २. विच्छित्ति से अवशिष्ट अङ्गराग का लिखने में उपयोग होने से 'परिणामालङ्कार' है । 'कल्पलतांशुकेषु' में रूपक' अलङ्कार है । (ख) उपजाति छन्द है ॥ ५ ॥

संस्कृतटीका—असुरसम्प्रहारोत्सुकेन=असुराणां-दैत्यानां सम्प्रहारे-युद्धे विषये उत्सुके-उत्कण्ठितेन; दिवम्=स्वर्गम्, अधिरोहता=आरोहता, मया अयं प्रदेशः=अयं मार्गभागः, पूर्वेद्युः=पूर्वस्मिन्नहनि, न लक्षितः=न निरीक्षितः, तत्=तस्मात्, मरुताम्=वायूनाम्, कतमस्मिन् पथि=कस्मिन् मार्गे, वर्त्तामहे=वर्त्तमानाः स्मः ।

टिप्पणी—असुरसंप्रहारोत्सुकेन—असुराणां सम्प्रहारे उत्सुकेन (त०) । असुरेषु सम्प्रहारः वा असुरैः सम्प्रहारः (सुप्सुपा०) तस्मिन् तेन वा उत्सुकः ।

राजा—मातलि ! गत दिवस राक्षसों के साथ युद्ध करने की उत्कण्ठा के कारण स्वर्ग को आते हुए मैंने इन स्थानों की तरफ ध्यान ही नहीं दिया । तो इस समय हम वायु के किस पथ पर हैं ?

मातलिः—

त्रिस्रोतसं वहति यो गगनप्रतिष्ठां
ज्योतींषि वर्त्तयति चक्रविभक्तरश्मिः ।
तस्य व्यपेतरजसः प्रवहस्य वायो-
र्मार्गो द्वितीयहरिविक्रमपूत एषः ॥ ६ ॥

(सुपसुपा०)। सम्प्रहरन्ते अस्मिन् इति सम्प्रहारः—संग्रामः सम्—प्र√हृ+घञ्
(अधिकरणे)। पूर्वेद्युः—पूर्वस्मिन् अहनि इति पूर्वेद्युः, 'सद्यः मरुत्' आदि सूत्र से
निपातन से सिद्ध है। मरुतां पथि—पवनों के मार्ग में। भारतीय ज्योतिर्विदों के
अनुसार आकाश सात भागों में विभक्त है। उनमें सात पवनों की स्थिति है—
१. पृथ्वी से बादलों तक 'आवह' वायु है। २. 'प्रवह' वायु में सूर्य है।
३. 'संवह' वायु में चन्द्र है। ४. 'उद्वह' वायु में नक्षत्र हैं। ५. 'विवह' में ग्रह,
६. 'परिवह' में सप्तर्षि तथा ७. 'परावह' वायु में ध्रुव हैं। ब्रह्माण्ड पुराण के
अनुसार इनके सात नाम इस प्रकार हैं—

'आवह प्रवहश्चैव संवहश्चोद्वहस्तथा। विवाहाख्यः परिवहः परावह इति
क्रमात्। सप्तैते मारुतस्कन्धा महर्षिभिरुदाहृताः॥' सिद्धान्तशिरोमणि के
अनुसार—'भूवायुरावह इह प्रवहस्तदूर्ध्वं स्यादुद्वहस्तदनु संवहसंज्ञकश्च। अन्यस-
ततोऽपि सुवहः परिपूर्वकोऽस्माद् बाह्यः परावह इमे पवनाः प्रसिद्धाः॥'

अन्वयः—यः गगनप्रतिष्ठां त्रिस्रोतसं वहति चक्रविभक्तरश्मिः ज्योतींषि वर्तयति
तस्य व्यपेतरजसः प्रवहस्य वायोः एषः द्वितीयहरिविक्रमपूतः मार्गः॥ ६ ॥

शब्दार्थः—यः=जो, गगनप्रतिष्ठाम्=आकाश में प्रतिष्ठित, त्रिस्रोतसम्=
आकाश गंगा को, वहति=धारण करता है। चक्रविभक्तरश्मिः=ग्रह मण्डल,
के द्वारा अपनी किरणों को विभक्त करके जो, ज्योतींषि=नक्षत्रों को, वर्तयति=
चलाता है। तस्य=उस, व्यपेतरजसः=धूलिशून्य, प्रवहस्य वायोः='प्रवह'
नामक वायु का, एषः=यह (वामनरूपधारी) द्वितीयहरिविक्रमपूतः=विष्णु
के द्वितीयपाद प्रक्षेप से पवित्र (किया गया), मार्गः=मार्ग है॥ ३६ ॥

संस्कृतटीका—यः=वायुः, गगनप्रतिष्ठाम्=आकाशस्थिताम्, त्रिस्रोत-

---

मातलि—जो वायु गगन में अवस्थित आकाश गङ्गा को सम्हाले हुए है और
जो अपने वायुरूप किरणों को चारो तरफ प्रसारित करके नक्षत्रों का संचालन
करता है उस धूलिशून्य 'प्रवह' नाम के वायु का वामनरूपधारी नारायण के द्वितीय
पादक्षेप से यह पुनीत मार्ग है॥ ६ ॥

सम्=आकाशगङ्गाम्, वहति=धारयति, चक्रविभक्तरश्मिः=चक्रेण स्वस्थित-ज्योतिषां मण्डलेन विभक्ता विभज्य विन्यस्ता रश्मयः किरणाः यत्र स तथोक्तः (सन्), ज्योतींषि=ग्रहनक्षत्रादीनि, वर्तयति=चालयति। तस्य=तादृशगुणोपेतस्य, व्यपेतरजसः=व्यपेतानि दूरीभूतानि रजांसि धूलयः यस्मात्, तादृशस्य, प्रवहस्य=तन्नामकस्य, वायोः=पवनस्य, एषः=दृश्यमानः, द्वितीयहरिविक्रमपूतः=द्वितीयेन हरेः वामनस्य विक्रमेण पादक्षेपेण पूतः पवित्रीकृतः, मार्गः=पन्था (वर्तते)॥ ६॥

भावार्थः—यः गगनस्थिताम् आकाशगङ्गां धारयति, चक्रविभक्तरश्मिः नक्षत्राणि चालयति, तस्य व्यपेतरजसः प्रवहनामकस्य पवनस्य द्वितीयविष्णुचरण-विन्यास पवित्रीकृतः एषः मार्गः वर्तते॥ ६॥

टिप्पणी—**त्रिस्रोतसाम्**—त्रीणि स्रोतांसि यस्याः सा त्रिस्रोताः, ताम्। गङ्गा की तीन धाराएँ मानी गई हैं--१. आकाशगङ्गा को 'मन्दाकिनी' कहते हैं। २ पृथ्वी की गङ्गा को 'भागीरथी' और ३. पातालगङ्गा को 'भोगवती' नाम से अभिहित किया गया है। इनमें से 'आकाशगङ्गा' 'परिवह' नामक वायु में स्थित है-'श्रेष्ठः परिवहो नाम तेषां वायुरपाश्रयः। योऽसौ विभर्तिभगवान् गङ्गामाकाशगोचराम्॥' **चक्रविभक्तरश्मिः**-चक्रेण विभक्ताः रश्मयः येन सः (बहु०)। वायु रूप किरणों को चारो ओर फैलाकर। **ज्योतींषि वर्तयति**—जैसे कोई सारथि लगाम पकड़कर अपने रथ का संचालन करता है वैसे ही ग्रहनक्षत्रादि की समष्टि को वह चक्र चलाता है। 'रश्मि' अर्थात् वायु रूप लगाम है। प्रवह वायु में आकाश गङ्गा की सत्ता के बारे में वायु पुराण में इस प्रकार कहा गया है—'विभज्यमानसलिला तैजसेनानिलेन सा। मेरोरन्तरकूटेषु निपपात चतुर्ष्वपि।' विष्णुपुराण में उसी प्रवह वायु के द्वारा ज्योतिर्गण के धारण की बात कही गयी है:—सूर्याचन्द्रमसौ तारा नक्षत्राणि ग्रहैः सह। वातानीकमयैर्बन्धैः ध्रुवैर्बद्धानि तानि च॥' सूर्यसिद्धान्त में भी कहा है—भचक्रं ध्रुवयोर्बद्धमाक्षिप्तप्रवहानिलैः। पर्येत्यजस्रं तन्नद्धः ग्रहकक्षा यथाक्रमम्॥' वातरश्मि के द्वारा ग्रहों के बन्धन की बात सूर्यसिद्धान्त में इस प्रकार है—'अदृश्य रूपाः कालस्य मूर्तयो भगणाश्रिताः। शीघ्रमन्द्रोच्चपाताख्या ग्रहाणां गतिहेतवः॥ तद्वातरश्मिभिर्बद्धास्तैः सव्येतरपाणिभिः। प्राक् पश्चादपकृष्यन्ते यथासन्नं स्वदिङ्मुखम्॥ **द्वितीयहरिविक्रमपूत**—वामनरूपधारी विष्णु के दूसरे पैर के रखने से पवित्र। भाव यह है कि वामनावतार में विष्णु ने विराट् रूप धारण करके एक पग से पृथ्वी नाप ली, दूसरे से आकाश और तीसरे पग में बलि को पाताल पहुँचा दिया। (क) वैदिक मान्यता के अनुसार विष्णु सूर्य हैं

राजा—अतः खलु मे सबाह्यान्तःकरणोऽन्तरात्मा प्रसीदति [रथाङ्ग-मवलोक्य] शङ्के मेघपदवीमवतीर्णाः स्मः ।

मातलिः—आयुष्मन् ! कथमवगम्यते ?

जो उदय मध्याह्न और अस्त रूपी अपने तीन चरणों के द्वारा तीन लोकों को नाप लेते हैं । (ख) श्लोक के उत्तरार्द्ध का पाठभेद इस प्रकार है—

'तस्य द्वितीयहरिविक्रमनिस्तमस्कं, वायोरिमं परिवहस्य वदन्ति मार्गम् । अर्थात् 'उस परिवहनामक वायु का यह मार्ग विष्णु के पादक्षेप से निर्मल हुआ कहा जाता है ।' इस पाठ के अनुसार 'ज्योतींषि' का अर्थ 'सप्तर्षि' है । पुराणों में परिवह वायु में 'आकाशगङ्गा' और सप्तर्षियों की सत्ता मानी गई है । (ग) महापुरुषों के चरित्र वर्णन के कारण यहाँ 'उदात्त' अलङ्कार है । (घ) वसन्ततिलका छन्द है ।। ६ ।।

संस्कृतटीका–अतः = उक्तगुणविशिष्टवायुमार्गवर्त्तनात्, सबाह्यान्तःकरणैः = बाह्यैश्चक्षुरादिभिः अन्तःकरणैः मनःप्रभृतिभिश्च सह वर्त्तत इति स तादृशः, मे अन्तरात्मा = जीवात्मा; प्रसीदति = प्रसन्नो भवति । रथाङ्गम् = रथचक्रम् । शङ्के = मन्ये, मेघपदवीम् = मेघानां पदवीं गमनागमनपथम् । अवतीर्णाः = उपस्थिताः ।

अवगम्यते = ज्ञायते, मेघपदवीमवतीर्णाः स्म इतीति शेषः ।

टिप्पणी – सबाह्यान्तःकरण—बाह्यानि अन्तःकरणानि बाह्यान्तःकरणानि, तैः सह (बहु०) । यहाँ कारण का अर्थ है इन्द्रिय—'करणं साधकतमं क्षेत्रगात्रेन्द्रियेष्वपि' इत्यमरः । इन्द्रियाँ दस हैं—इनमें श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा और घ्राण—ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं तथा वाक्, पाणि, पद, पायु और उपस्थ ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं अन्तःकरण में रहने वाले चार तत्त्व हैं–मन, बुद्धि; चित्त और अहंकार । 'मनो बुद्धिरहङ्कारश्चित्तं करणमान्तरम्'–वेदान्तवचन । अन्तरात्मा—जीवात्मा । मेघपदवीम्—मेघों के आने जाने के मार्ग पर । पृथ्वी से मेघों तक आवह वायु है । भास्कराचार्य का कथन है कि–भूमेर्बहिर्द्वादशयोजनानि भूवायुरत्राम्बुदविद्युदाद्यम् । तदूर्ध्वगो यः प्रवहः स नित्यं प्रत्यग्गतिस्तस्य तु मध्यसंस्था ।।' अवतीर्णा—अव + तृ + क्त ।

राजा—इसीलिए भीतर और बाहर दोनों तरह से मेरी अन्तरात्मा प्रसन्न हुई है । (रथ के पहियों को देखकर) मैं सोचता हूँ कि अब हमलोग मेघ पथ पर उतर रहे हैं ।

मातलि—आयुष्मन् ! आपने यह कैसे जाना ?

राजा—

अयमगविवरेभ्यश्चातकैर्निष्पतद्भि-
हंरिभिरचिरभासां तेजसा चानुलिप्तैः ।
गतमुपरि घनानां वारिगर्भोदराणां
पिशुनयति रथस्ते शीकरक्लिन्ननेमिः ।। ७ ।।

अन्वयः—शीकरक्लिन्ननेमिः अयं ते रथः अगविवरेभ्यः निष्पतद्भिः चातकैः अचिरभासां तेजसा अनुलिप्तैः हरिभिः च वारिगर्भोदराणां घनानां उपरि गतं पिशुनयति ।। ७ ।।

शब्दार्थः—शीकरक्लिन्ननेमिः=जल कणों से गीले प्रान्तभाग (परिधि) वाला, अयम्=यह, ते=आपका, रथः=रथ, अगविवरेभ्यः=पर्वत के नीड़ों से, निष्पतद्भिः=निकलते हुए, चातकैः=चातकों द्वारा, च=और, अचिरभासाम्=बिजली के, तेजसा=तेज से, अनुलिप्तैः=अनुरञ्जित, हरिभिः=घोड़ों के द्वारा, वारिगर्भोदराणाम्=जल से परिपूर्ण, घनानाम्=बादलों के उपरि=ऊपर, गतम्=चलने को, पिशुनयति=सूचित कर रहा है ।। ७ ।।

संस्कृतटीका—शीकरक्लिन्ननेमिः=शीकरैः जलकणैः क्लिन्ना आर्द्रा कृता नेमयः-चक्रप्रान्तभागाः यस्य तादृशः, अयम्=एषः, ते=तव मातलेः, रथः=स्यन्दनम्, अगविवरेभ्य=शैलरन्ध्रेभ्यः, निष्पतद्भिः=निर्गच्छद्भिः, चातकैः=चातकपक्षिभिः, अचिरभासाम्=क्षणिका दीप्तिः यासां तासाम् विद्युतामित्यर्थः, तेजसा=दीप्त्या, अनुलिप्तैः=अनुरञ्जितैः, हरिभिः च=अश्वैः च, वारिगर्भोदराणाम्=जलपरिपूर्णाभ्यन्तराणाम्, घनानाम्=मेघानाम्, उपरि=ऊर्ध्वम्, गतम्=गमनम्, पिशुनयति=सूचयति ।। ७ ।।

भावार्थः—सलिलकणार्द्रनेमिः अयं तव रथः शैलरन्ध्रेभ्यः निष्पतद्भिः चातकपक्षिभिः विद्युतां दीप्त्या रञ्जितैः अश्वैश्च जलपरिपूर्णाभ्यन्तराणां मेघानाम् ऊर्ध्वभागे स्थितं सूचयति । तथा च नेमेः क्लिन्नत्वात्, हरीणां विद्युत्तेजसाऽनुलिप्तत्वात् चातकानां जलपानायागमनाच्चेयं मेघपदवी इत्यवगम्यत इति भावः ।। ७ ।।

टिप्पणी—शीकरक्लिन्ननेमिः—शीकरैः क्लिन्नाः नेमयः यस्य सः (बहु०) । 'शीकरोऽम्बुकणः स्मृतः' इत्यमरः । नेमिः—चक्रप्रान्तभाग, 'चक्रं रथाङ्गं, तस्यान्ते

राजा—

आपके रथचक्र का प्रान्तभाग जलबिन्दु से कुछ-कुछ गीला हो गया है । ऐसी अवस्था में रथ और पर्वतस्थ नीड़ों से निकलते चातकों तथा विद्युत् के तेज से रंजित घोड़ों के द्वारा जल से पूर्ण मेघ के ऊपर चलने को सूचित कर रहा है ।। ७ ।।

७.८]

मातलिः—अथ किम् क्षणाच्चायुष्मान् स्वाधिकारभूमौ वर्तिष्यते ?

राजा—[अधोऽवलोक्य] मातले ! वेगादवतरणादाश्चर्यदर्शनः संलक्ष्यते मनुष्यलोकः । तथाहि—

शैलानामवरोहतीव शिखरादुन्मज्जतां मेदिनी
पर्णाभ्यन्तरलीनतां विजहति स्कन्धोदयात् पादपाः ।

नेमिः स्त्री स्यात् प्रधिः पुमान्—इत्यमरः । आर्द्रं सार्द्रं क्लिन्नं स्तिमितम्' इत्यमरः । जल की बूँदों से गीली हाल वाले । अगविवरेभ्यः—शैल के रन्ध्रों से । 'अरविवरेभ्यः' भी पाठ है—अराणां विवरेभ्यः (त०) । अरों के छिन्द्रों से । पहिए में तिरछे लगे डण्डों को 'अर' कहते हैं । चातकैः-चातक पक्षी । ऐसी प्रसिद्धि है कि चातक पृथ्वी पर गिरे हुए जल को नहीं पीता है । वह ऊपर जाकर मात्र मेघों से ही जल पीता है । अचिरभासाम्=न चिरा अचिरा (नञ्) । तादृशी भाः यासां ताः (बहु०), तासाम् । बिजली के । अनुलिप्तैः-अनु+लिप्+क्त । वारिगर्भोदराणाम्—वारि गर्भे येषां तानि वारिगर्भाणि, तादृशानि उदराणि येषां ते (बहु०), तेषाम् । अथवा वारीणि गर्भे येषां तानि तथोक्तानि च उदराणि येषां तेषाम् । पिशुनयति—सूचित कर रहा है । पिशुन+णिच्+लट् तिप् । (क) १. श्लोक के पूर्वार्द्ध में मेघों के मार्ग पर जाने के दो कारणों के होने से यहाँ 'समुच्चय' नामक अलङ्कार है । २. 'शीकरक्लिन्ननेमिः' मेघमार्ग पर जाने का हेतु है, अतः 'काव्यलिङ्ग' है । ३. विभिन्न हेतुओं से मेघमार्गगमन का अनुमान होने से 'अनुमान' अलङ्कार है । (ख) यह श्लोक मालिनी छन्द में निबद्ध है ।। ७ ।।

संस्कृतटीका—अथ किम्=इत्येकमव्ययमङ्गीकारार्थकम्, स्वाधिकारभूमौ=स्वराज्यभूतमर्त्यलोके, वर्तिष्यते=वत्स्यंते, उपस्थास्यतीत्यर्थः । अवतरणात्=अधोऽवनमनात्, आश्चर्यदर्शनः=आश्चर्यं दर्शनं यस्य सः आश्चर्यदर्शनः—विस्मयकररूपः, मनुष्यलोकः=मर्त्यलोकः, संलक्ष्यते=सदृश्यते; अनुभूयते इति यावत् ।

टिप्पणी—अथ किम्—'अङ्गीकारेऽपि चाथकिम्' इति हारावली । आश्चर्यदर्शनः—आश्चर्यं दर्शनं यस्य सः (बहु०) । आश्चर्यजनक ।

अन्वयः—मेदिनी उन्मज्जतां शैलानां शिखरात् अवरोहति इव, पादपाः

